❀ श्रीनिकुञ्जविहारिणे नमः ❀

❀ श्रीभगवन्निम्बार्काचार्य महामुनीन्द्राय नमः ❀

निखिलशास्त्रपारावारीणेन--

श्री१०८पुरुषोत्तमाचार्येण प्रणीतः

वेदान्त-रत्नमञ्जूषाख्यो ग्रन्थः

श्री पं० अमोलकरामशास्त्रिसम्पादित

कुञ्चिकारूपटीकासमलंकृतः

भाषानुवादसहितश्च

स च

व्यावर नगर वास्तव्य जोशीलुपाह्वविद्यानिधि--

भूतपूर्व प्रोफेसर श्रीरामप्रतापशास्त्रिविद्याभूषण

महोदयैः श्रीवृन्दावनस्थाप्रवालमुद्रणालये मुद्रापयित्वा प्रकाशितः

प्रथमावृत्तिः ५०० | विक्रम सं० १९९८ रसिक-शिरोमणि श्री१०८श्रीस्वामी हरिदासाचार्य सं० ४६१ | मूल्यं भगवद्भक्तिः

॥ श्रीसर्वेश्वरो विजयतेतराम् ॥

प्राक्कथन

मञ्जुलवञ्जुलपुञ्जे , कुञ्जे घनाङ्ग - संलीना ।
तिरयतु सततं बाधां तडिदम्बरशोभिता राधा ॥

श्रीपुरुषोत्तमाचार्य प्रणीत वेदान्त रत्न-मञ्जूषा अपने ढङ्ग का अनुपम ग्रन्थ है। इसके भिन्न-भिन्न चार कोष्ठों में उपास्य, उपासक उपासना और प्रेमलक्षणा (भक्ति) विरोधीस्वरूप नामक पांचअर्थोंका विशद निरूपण कियागया है। वेदान्त जैसेदुरूह तत्त्वों का सरल एवं संक्षिप्त रूप से जैसा इसमें निरूपण किया गया है वैसा अन्यत्र नहीं मिलता। इसी कारण यह ग्रन्थ वाराणसेय राजकीय संस्कृत परीक्षा के निम्बार्क-वेदान्त की शास्त्री परीक्षा में पाठ्य रूपसे निर्द्धारित किया गया है। इसपर किसी प्राचीन टीका के उपलब्ध न होने के कारण पाठकों को, प्रायः उनस्थलों पर जहाँ कि साम्प्रदायिक रहस्य एवं सिद्धान्त का विवेचन किया गया है, बड़ी असुविधा होती थी। अतःनिम्बार्क दर्शनके प्रकाण्डविद्वान् वाग्देवतावतार उपनिषद्भाष्यकार गुरुवर श्री १०८ अमोलकरामजी शास्त्री तर्कतीर्थ, वेदान्त रत्न ने इस ग्रन्थरत्न पर "कुञ्जिका" नाम की एक विस्तृत टीका लिखकर इसको सर्व साधारणोपयोगी बनाने का श्लाघ्य यत्न किया। श्री शास्त्री जी ने निम्बार्क सम्प्रदाय की सेवा में जो अमर कृतियाँ प्रस्तुत की हैं, उनमें "अध्यात्मगिरि-वज्र" "वेदान्त कौस्तुभप्रभा" "वेदान्त तत्त्वबोध" "एकादशोपनिषद्" "वेदान्त रत्नमाला" "वेदान्त रत्न मञ्जूषा" आदि ग्रन्थों पर विद्वत्तापरिपूर्ण विस्तृत टीकाएँ तथा "आत्म-परमात्म-तत्त्वादर्श" नामक स्वतन्त्र रूपसे वेदान्त विषयक तत्त्वों का विशदगवेषणात्मक ग्रन्थ निम्बार्क सम्प्रदाय के लिये आपकी अनुपम देन हैं। इन के अतिरिक्त श्रीस्वामी हरिदासजी के अष्टादश पदोंकी टीका एवं आचार्य स्तवमाला आदि ग्रन्थभी आपके प्रणीतहैं। श्रीशास्त्रीजीकाध्यान प्रस्तुतमञ्जूषापरअपने अन्यान्यग्रन्थोंको पूर्ण करनेपर हुआ और उन्होंने उपनिषदों के साथ 'मंजूषापर भी 'कुञ्जिका' लिखनी प्रारम्भ की। ग्रन्थ की उपादेयता को लक्ष्य करते हुए कतिपय महात्माओं के आग्रह पर मञ्जूषा के विषय को सर्व साधारणोपयोगी बनाने के लिये श्री शास्त्री जी ने इसकी एक हिन्दी टीका लिखना निश्चित किया उसका कुछ भाग पं० राधिकादासजीने शेष (प्र० कोष्ठ) का शास्त्री जी ने प्रणयन किया। तथा अवशिष्टांशका भार श्रीयुत विद्याभूषण

सांख्यतीर्थ श्री व्रजवल्लभ शरण जी वेदान्ताचार्य को सौंपा और उन्होंने बड़ी योग्यता के साथ भाषा टीका का प्रणयन किया। परम खेद का विषय है कि श्री शास्त्री जी मञ्जूषापर अपनी कुञ्जिका को अपूर्ण ही छोड़कर (चतुर्थ कोष्ठ के प्रारम्भतक ही टीका लिखकर) श्री प्रियाप्रीतम जू के नित्य निकुञ्ज लीला धाम में प्रवेश कर गये। श्री शास्त्री जी का दृश्य जगत् से सम्बन्धविच्छेद होने पर निम्बार्क सम्प्रदाय की जो क्षति हुई उसकी पूर्ति होना कठिन ही नहीं वरन् असम्भव है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रकाशन का भार श्री शास्त्री जी के समक्ष में ही पं० श्री विहारी दास जी त्यागी ने लेलिया था और प्रकाशन भी प्रारम्भ कर दिया था। श्री शास्त्री जी के बीच में ही तिरोहित हो जानेके उपरान्त इसके सम्पादन का भार श्रीत्यागी जी ने मुझे सौंपा तथा अवशिष्टांश पर "कुञ्जिका" को पूर्ण करने के लिये प्रोत्साहित किया। उनके आग्रह से विवश होकर मैंने आगे की टीका लिखनी प्रारम्भ की। अभी मेरी बनाई टीका के ५-६ पृष्ठ मुद्रित हुए होंगे कि मैं अस्वस्थ हो गया और उस अवस्था में मुझे टीका का कार्य स्थगित करना पड़ा। मञ्जूषा श्री विद्याभूषण जी की देख रेख में बिना कुञ्जिका के ही छपती रही और अब वह श्री विहारी दास त्यागी जी के पुरुषार्थ के फलस्वरूप मुद्रित होकर आप लोगों के समक्ष प्रस्तुत है।

श्री त्यागी जी वर्त्तमान काल में जिन उदात्त भावनाओं से निम्बार्क सम्प्रदाय की सेवा कर रहे हैं वह सर्वथा प्रशंसनीय ही नहीं अपितु अनुकरणीय हैं। आपका जीवन एक आदर्श जीवन है। निरन्तर श्रीमत् भगवत्, भागवत सेवा में रहते हुए आप वास्तव में अपने 'त्यागी" नाम को चरितार्थ कर रहे हैं। आपने सम्प्रदाय की समुन्नति एवं प्रचार के लिये श्री वृन्दावन, गोवर्द्धन, बरसाने आदि विविध स्थलों में अनेक स्थान बनाये हैं। उन स्थानों में अनेक उच्चकोटिके महात्मा श्री प्रिया प्रीतम जू का ध्यान करते हुए अपने जीवन को सफलकर रहे हैं। श्री वृन्दावनधाम में श्रीनिम्बार्क महाविद्यालय तथा अ० भा० नि० महासभा के कार्यालय के लिये आवश्यकता समझ कर महासभा के प्र० मन्त्री ब्र० नन्दकुमार शरण जी को मैनेजिङ्ग ट्रस्टी के साथ साम्प्रदायिक ६ महानुभावों का ट्रस्ट बनाकर महासभा के लिये श्रीराधा व्रजचन्द्र विहारी जी का मन्दिर प्रदान कर दिया—जिसकी व्यवस्था ब्रह्मचारी जी के उद्योग से सुव्यस्थित रूप से संचालित हो रही है। आपकी यह उदारता महासभा के इतिहास में सर्वदा स्वर्णाक्षरों में अङ्कित रहेगी।

भगवान् श्री सर्वेश्वर जी से प्रार्थना है कि वे आपको अधिकाधिक उन्नति एवं गौरव प्रदान करें तथा आपको इस यशोविभूति को सर्वदा 'मञ्जूषा' में अक्षुण्ण बनाये रक्खें। एवं विज्ञपाठकों के अन्तः करण को समुल्लसित करती हुई यह मञ्जूषा उनके हृदयप्रांगण में प्रेमलक्षणाभक्ति का संचार करे यही मेरी एक मात्र कामना है।

श्रीनिम्बार्क महाविद्यालय वृन्दावन,
विजया दशमी सं० २००४।

चरणदत्त मिश्र, शास्त्री,
(व्याकरणाचार्य), काव्यतीर्थ।

× श्रीसर्वेश्वरो जयति ×

॥ श्रीनिम्बार्क महामुनीन्द्राय नमः ॥

❀ भूमिका ❀

श्रीसर्वेश्वर प्रभु की पूर्ण कृपा के बिना प्राणियों को उनकी अलौकिक महिमा एवं स्वरूप, गुण, शक्ति आदि का ज्ञान होना अशक्य है और ज्ञान हुए बिना सांसारिक दुःखों से छुटकारा नहीं हो सकता, अतः मुमुक्षु जनों के कल्याणार्थ स्वयं प्रभु ही अंश आवेश आदि द्वारा आचार्य रूप से अवतीर्ण होकर अपने अनन्य भक्तों को ज्ञान प्रदानकर स्व साक्षात कार द्वारा संसार सिन्धु से पार करते हैं, ऐसे आचार्य "आचार्यं मां विजानीयात्" भाग० ।" इत्यादि भगवद्वचनों के अनुसार भगवत्स्वरूप ही होते हैं। उन भगवदवतार आचार्यों में श्रीनिम्बार्क भगवान् एक परम प्राचीन एवं विश्ववंद्य आचार्य माने जाते हैं।

"संभवामि युगे युगे" इस भगवत प्रतिज्ञा के अनुसार जैसे प्रतियुग में भगवान् का मर्यादा रक्षक अवतार होता है वैसेही उन्हीं प्रभु का सत्पथ प्रदर्शक आचार्य रूप अवतार भी प्रत्येक युग में होता है।

यद्यपि कृत त्रेता, द्वापर आदि प्रत्येक युग में श्रीनिम्बार्क आचार्य के प्रादुर्भाव होने के कई एक वैदिक एवं पौराणिक प्रमाण मिल रहे हैं। तथापि कई एक आधुनिक इतिहास लेखकों ने साम्प्रदायिक रहस्य से अनभिज्ञ होने के कारण आपके प्रादुर्भाव का समय-अनिश्चित और किसी ने ११ वीं शताब्दी किसी ने १२ वीं एवं किसी-किसी ने तो ई० १५ वीं १६ वींशताब्दी तक भी श्रीनिम्बार्क का प्रादुर्भाव समय लिखडाला है, इन लेखकों की कल्पनाओं के आलोचक विद्वानों का मन्तव्य प्राचीनता की ओर जा रहा है कि आचार्य श्रीनिम्बार्क श्रीशंकराचार्य से प्राचीन है।

यद्यपि श्री शंकराचार्य का समय ई० ८ वीं शताब्दी निश्चितसा हो चुका है, तथापि कुछ अन्वेषी लेखक विक्रम सम्वत् से भी ३००-४०० वर्ष पूर्व श्रीशंकराचार्य का समय सिद्ध कर रहे हैं।*

---

*गीता प्रेस गोरखपुरसे प्रकाशित ११ वां वर्ष के ८ वां अंक पृ० ११८८ कल्याण (मासिक पत्र) वि० सं० १९९३ में पं० इन्द्र नारायण द्विवेदी का लेख देखना चाहिये।

अस्तु, हमें तो यहाँ इतना ही लिखना है कि श्रीनिम्बार्काचार्य का समय साम्प्रदायिक इतिहास के अनुसार द्वापर का अन्त व कलि युग का आरम्भ काल है. इस विषय की विस्तृत आलोचना पाठक जन हमारी लिखी हुई 'समय समीक्षा' में पढ़ें!

ग्रन्थकार परिचय

उन्हीं श्रीनिम्बार्काचार्य की परम्परा में चतुर्थ आचार्य वेदान्त-रत्नमंजूषाकार श्रीपुरुषोत्तमाचार्य हैं, आपकी जीवनी एवं समय के सम्बन्ध में किसी भी ऐतिहासिक विद्वान ने लेखनी नहीं बढ़ाई है—केवल साम्प्रदायिक विद्वानों ने ही जो कुछ लिखा है, वही उपलब्ध हो रहा है।

यह सभी विद्वान् स्वीकार कर रहे हैं कि भारत का प्राचीन इतिहास विशद रूप से शृंखला बद्ध नहीं मिलता-जो कि दृष्ट प्रमाणों के साथ मेल रख सकें. एतदर्थ प्रामाणिक सामग्री की विशेष आवश्यकता है। प्राचीन इतिहासोपयोगी-प्रामाणिक सामग्री चार विभागों में विभक्त की जाती है, १ प्राचीन परम्परा। २ मेगस्थनीज फाहियान आदि विदेशी यात्रियों द्वारा उनकी भाषा में लिखे हुए प्रवास वर्णन। ३ प्राचीन शिलालेख, ताम्रपत्र, सिक्के आदि। ४ इतिहास के ढंग पर लिखे हुए राजतरंगिणी आदिक संस्कृत ग्रन्थ। इन सामग्रियों में से किसी एक भी सामग्री की सहायता से लिखा हुआ इतिहास प्रमाणिक माना जा सकता है—जैसे कि ऐतिहासिक विद्वानों द्वारा भारत सम्राट मौर्यवंश चन्द्र गुप्त का इतिहास पुराण—मुद्राराक्षस, एवं मेग स्थनीज के लेखों से स्थिर किया गया है। और चन्द्रगुप्त के पौत्र अशोक वर्द्धन का इतिहास शिला लेखों द्वारा निश्चित किया गया है. प्राचीन परम्परा और राज तरंगिणी आदि ग्रन्थों से भी ऐसे अनेकों संदिग्ध विषयों का निर्णय हुआ है।

पुराण आदि संस्कृत भाषा के प्राचीन धार्मिक ग्रन्थ भी प्राचीन इतिहास के लिये विशेष साधन हैं किन्तु जब तक शिलालेख नहीं मिले थे तब तक आधुनिक इतिहास लेखक विद्वान पुराणों पर विश्वास कम करते थे, जब पुराणोंमें वर्णन किये हुए अशोक वर्द्धन कालीन इति वृत्त का शिला लेखों से मिलान हो गया या तब सभी विद्वानों को पुराणोक्त इतिवृत्त पर पूर्ण विश्वास जमगया, फिर तो उन्हीं पुराणों के आधार पर शैशुनाग, मौर्य्य, शुंग, काण्व, आन्ध्र, एवं गुप्त वंशों का इतिहास सुलझाता से लिखा गया।

श्रद्धालु साम्प्रदायिक विद्वान् परम्परा, पुराण, और साम्प्रदायिक ग्रन्थों तथा

पीठिका पर ही आरूढ़ रहे' श्रीनिम्बार्काचार्य तथा उनके परवर्ति आचार्यों के सम्बन्ध वाले शिला लेख तथा ताम्र पत्रों की किसी ने खोज नहीं की, यदि खोज की जाती तो अवश्य मिलते।

इस लिये यहाँ हम परम्परा एवं साम्प्रदायिक ग्रन्थों द्वारा जो श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी का जीवन वृत्त मिल रहा है, उसी को प्रथम उद्धृत कर देना उचित समझते हैं। श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय की आचार्य परम्परा संस्कृत हिन्दी आदि भाषाओं के अनेकों ग्रन्थों में मिलती है—जो कि श्रीदेवाचार्य जी तक एक रूप से मिलती है और उनके पश्चात् कई एक शाखाओं में जा रही है, उन परम्पराओं के आजकल मुख्य और विशेष रूप से दो प्रभेद हो रहे हैं, एक आचार्य पीठ की परम्परा और दूसरी अन्यान्य महान्त मठाधीशों तथा-गोस्वामी वर्ग की परम्परा उक्त दोनों ही प्रकार की परम्पराओं के सम्बन्ध में कित ने ही स्तोत्र बने हुए हैं जिनका कि श्रद्धालु भक्त नियम पूर्वक पाठ करते हैं। उन स्तोत्रों में से किसी किसी स्तोत्र में तो आचार्यों के सांकेतिक नामों का निर्देश मिलता है और किसी किसी में स्पष्ट नामों का उल्लेख मिलता है, एवं किसी किसी में आचार्यों के गद्दी विराजने के मास और तिथियों का भी निर्देश मिलता है, उन्हीं के अनुसार वर्तमान में साम्प्रदायिक सज्जन अपने पूर्वाचार्यों के जन्मोत्सव मना रहे हैं।

ऐसे ग्रन्थों में "आचार्य चरित्र•" नामक ग्रन्थ विशेष प्रामाणिक माना जाता है, यह ग्रन्थ विक्रम की १७ वीं शताब्दी में जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्य पीठ परशुरामपुरी (सलेमाबाद) पीठासीन श्रीनारायणदेवाचार्य जी द्वारा संकलित हुआ है।

भाषा ग्रन्थों में १ निजमत सिद्धान्त (आचार्यखण्ड) जोकि वृन्दावनस्थ प्रसिद्ध रसिकशेखर स्वामी श्रीहरिदासजी महाराज की परम्परान्तर्गत महान्त श्रीकिशोर दास जी ने वि० सं० १८५० के लगभग रचा है। यह ग्रन्थ ऐंग्लो ओरियेण्टल प्रेस से वि० सं० १९८८ में मुद्रित भी हो चुका है।

दूसरा ग्रन्थ कृष्णगढ़ नरेश श्रीसांवत सिंह जी (नागरीदास जी) की बहिन श्री सुन्दर कुमरी कृत "मित्र शिक्षा" है जो कि अभी तक अमुद्रित ही है, यह ग्रन्थ

•यह एक पूर्ण प्रति वृन्दावन में वि० सं० १९१२ की लिखी हुई—कामदार पं० रामलाल जैनारायण द्वारा हमें सलेमाबाद में मिली है।

वि० सं० १८६२ में रचा गया था। उक्त दोनों ग्रन्थ बड़े विस्तृत हैं, इनके कुछ पर्व-कालीन जगद्गुरु श्री गोविन्ददेवाचार्य तथा श्री गोविन्दशरण देवाचार्य जी आदि के रचे हुए कई परम्परा सूचक भाषापद और स्तोत्र भी मिल रहे हैं। उपरोक्त ग्रन्थों में से प्रत्येक आचार्य के द्योतक सन् सम्वत केवल निजमत सिद्धान्त में ही मिलते हैं, अन्य ग्रन्थों में नहीं मिलते, परन्तु श्री निम्बार्काचार्य का समय सभी ग्रवन्थों में एक ही समान द्वापरान्त काल का लिखा हुआ मिलता है।

इन ग्रन्थों के अतिरिक्त ब्रज विदेही चतुस्सम्प्रदायी श्री महान्त गोलोक वासी श्री सन्तदास जी महाराज (काठिया बाबा) एवं साम्प्रदायिक ग्रन्थों के प्रकाशन द्वारा उद्धार करने वाले प० श्रीकिशोरदास जी महाराज वन्शीवट तथा हिन्दी के अनेक ग्रन्थ लेखक गोस्वामी श्री किशोरीलाल जी और हिन्दी भाषा को विशेषज्ञ-भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आदि महानुभावों ने भी निम्बार्काचार्य का वही द्वापरान्त समय माना है।

संस्कृत ग्रन्थों में अभी तक हमें—भारत विख्यात नैय्यायिक विद्या वागीश तर्क तीर्थ गुरुवर पं० श्री अमोलकराम जी महाराज (वृन्दावन) रचित "आचार्यस्तव माला" में ही प्रत्येक आचार्य के सन् सम्वतों का विवरण मिलता है जोकि निजमत सिद्धान्त के अनुसार गवेषणायुक्त लिखा हुआ है। निजमत सिद्धान्त भाषाग्रन्थ और आचार्य स्तव माला संस्कृत ग्रन्थ के—

वेद वस्वष्टसम्मानादब्दाद्रेजे वने मुदा।
विश्वाचार्यो महानब्दान् वेदरसाङ्कसम्मितान्॥
चैत्रशुक्ले षष्ठ्यां, विवर्णकारं नमामि वेदविदम्।
अवतीर्णं पुरुषोत्तम-मति सरसं सर्वजनसुखदम्॥
निरुक्तहायनाद्रेजे आचार्यपुरुषोत्तमः
युगरसनभश्चद्रैर्मिताः समाः क्षितौ गुरुः।

(आचार्य स्तवमाला श्लोक १०३ से १०५)

अर्थात् श्री श्री निवासाचार्य जी के पश्चात् श्री विश्वाचार्यजी ने युधिष्ठिर सम्वत् ८८४ से लगा कर ९६४ तक भूतल में निवास किया था; फिर युधिष्ठिर सम्वत ९६४ चैत्र शुक्ला ६ को श्रीपुरुषोत्तमाचार्य उनके सिंहासन पर विराजे और सम्वत् १०६४

में लीला संवरण की। इसी प्रकार के अनुसार श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी का उत्सव चैत्र शुक्ला ६ को प्रतिवर्ष भारत वर्ष में सम्प्रदायिक भक्त मनाते चले आ रहे हैं, जैसे तिथि और मासको सभी प्रमाणिक मान रहे हैं वैसे ही सम्वतों कोभी प्रमाणिक मानना चाहिये।

श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी का जन्म कुल, आदि का परिचय भी. अभी तक उसी निजमत सिद्धान्त आचार्य खण्ड पृष्ट २७ से २६ तक में मिलता है, अन्यत्र कहीं नहीं मिलता, उसीका संक्षिप्त आशय हम यहाँ उद्धृत कर देते हैं—

ग्रन्थकार कुल परिचय—

श्रीनारदजी के शिष्य श्रीवेदव्यास जी की परम्परा वाले वैशम्पायन ऋषि ने एक समय अपनी नैष्ठिक गद्दी के आचार्य श्री श्रीविश्वाचार्य जी के पास आकर उनके उत्तराधिकारी को देखने की अभिलाषा प्रकट की, तब श्रीविश्वाचार्य जी ने उन्हें शान्त्वना देकर कहा कि—हे वैशम्पायन! तुम चिन्ता मत करो, आप सभी ऋषिश्वरों की इस पूज्य गादी के उत्तराधिकारी, अभी भगवान के एक विशिष्ट अंश प्रकट होने वाले हैं, आप जाइये—कान्यकुब्ज देश में एक निर्वाण भट्ट बड़े अच्छे विद्वान हैं, उनकी धर्म पत्नी आनन्दिनी के गर्भ से एक पुत्र उत्पन्न होगा, किन्तु माता का स्तन पान नहीं करेगा, फिर जब एक मास के पश्चात हम से वैष्णवी दीक्षा प्राप्त कर लेगा तब स्तन पानादि करेगा, उसे हम अपने समान बना कर इस शरीर से अन्तर्धान होंग।

श्री आचार्य के कथनानुसार वैशम्पायन ऋषि निर्वाण भट्ट के घर गये और तत्कलोत्पन्न शिशु की आचार्योक्त गति देख कर विस्मित हुए, फिर निर्वाण भट्ट जी ने सपरिवार अपने नवजात शिशु को लेजाकर श्रीविश्वाचार्य पाद के चरणों में डालदिया। आचार्य पाद के कर स्पर्शमात्र से वह बालक सचेत हो गया, तब उसी अवस्था में उन्हें पञ्चसंस्कार कर वैष्णवी दीक्षा दी, तदनन्तर बालक ने अवस्थानुसार स्तन पानादि किये, फिर कालान्तर में वही श्री पुरुषत्तमाचार्य के नाम से प्रख्यात आचार्य हुए, और युधिष्ठिर सम्वत् १०६४ तक इस धरा धाम को अलङ्कृत करते हुए वेदान्त रत्न मंजूषा अदि अनुपम ग्रन्थों का सम्पादन कर मुमुक्षुजनों का परम हित किया।

उपरोक्त उद्धरण साम्प्रदायिक ऐतिह्य मूलक है—आलोचना मूलक नहीं, कारण हमने संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत के उद्भट विद्वानों के इतिहास विषयक सैकड़ों

ग्रन्थ देखे परन्तु किसी भी ग्रन्थ में श्री पुरुषोत्तमाचार्य के समय का आलोचना पूर्ण उल्लेख नहीं मिला, यद्यपि मई सन् १६०७ ई० में चौखम्बा संस्कृत सीरीज बनारस से छपी हुई मूल वेदान्तरत्न मंजषा की भूमिका में हमारे साम्प्रदायिक मान्य वर पं० श्री किशोरदास जी महाराज वंशीवट ने किसी अंग्रेजी विद्वान् द्वारा गुजराती भाषा में लिखे हुए कवि चरित के आधार पर एवं मंजषा में माया वाद का खण्डन मिलने के कारण श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी का समय गौड़पादाचार्य के समकालीन एवं श्री देवाचार्य जी का समय किसी आनुमानिक लेख के आधार से वि० सं० ११११ मान कर उन से ५० पीढ़ियों के पूर्व कालीन श्रीपुरुषोत्तमाचार्य का समय विक्रम की ५ वीं शताब्दी अनुमानत माना है तथापि वह उनकी निजी आलोचना एवं सम्मति प्रतीत नहीं होती केवल सम्भावना के रूप में लिखा गया है क्योंकि श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी के जन्म देश कुल आदि के विषय में उनने स्वयं अपनी अपरिचितता प्रकट की है।

जर्मनी विद्वान डाक्टर औफ्रेक्ट ने भी स्वरचित "कैटलोगस कैटलोगरम" विशाल ग्रन्थ में श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी का नाम मात्र ही लिखा है समय आदि के सम्बन्धमें कुछभी नहीं लिखा। जबतक समालोचक विद्वानों का कोई परिश्रमपूर्ण महत्व-शाली लेख उपलब्ध नहीं होता एवं शिला लेख ताम्रपत्रादिक प्रबल प्रमाणों की उपलब्धि नहीं होती तब तक परम्परा और साम्प्रदायिक ऐतिह्य मूलक उपरोक्त मत विचलित नहीं हो सकता, क्यों कि आधुनिक पाश्चात्य भाषा के शिक्षित पाश्चात्य एवं भारतीय विद्वानों ने जो कुछ आलोचनायें की हैं वे अधिकतर भ्रमपूर्ण हैं, कारण जैसी चित्त में तरंग उठी वैसी ही उनने आलोचना करडाली विशेष कुछ भी विचार नहीं किया। उदाहरणार्थ हम यहाँ डा० भाण्डार कर - राजेन्द्रलाल मित्रा—व टांड साहब आदि बहुत से विद्वानों का उल्लेख न कर के केवल १ रमा बोस का ही दृष्टान्त यहाँ उद्धृत करते हैं जिनने कि ई० सन १६४२ में श्री निम्बार्क भाष्य का अंग्रेजी अनुवाद कर के कलकत्ता रायल ऐशियाटिक सोसाइटी से अच्छा सम्मान प्राप्त किया है। रमादेवी जी ने श्री निम्बार्काचार्य का समय १ 'सविशेष निर्विशेष स्तवराज" और २ 'वेदान्त कारिकावली एवं ३ मध्वमुख मर्दन, इन तीन ग्रन्थों के भ्रम पूर्ण मन्तव्य से ही अर्वाचीन सिद्ध किया है।* उक्त ग्रन्थों में प्रथम और तृतीय ग्रन्थ श्री निम्बार्क कृत

*रायल ऐशियाटिक सोसायटी कलकत्ते से सन् १६४७ में प्रकाशित एवं रमाबोस लिखित निम्बार्क भाष्य का अंग्रेजी अनुवाद तृतीय भाग पृष्ट १४ से Date of nimbarka शीर्षक निबन्ध देखना चाहिये।

माने हैं और द्वितीय ग्रन्थ श्री निवासाचार्य कृत माना है, परन्तु यह उनका पूर्णभ्रम है, प्रथम और तृतीय ग्रन्थ श्री आद्याचार्य निम्बार्क विरचित नहीं हैं और द्वितीय ग्रन्थ श्री निवासाचार्य रचित भी नहीं।

जर्मन विद्वान डाक्टर औफ् रेख्टने अपने कैटलोगस 'कैटलोगरम' प्रथम भाग पृष्ट ४२८ में श्रीनिम्बरा दित्यके नामका उल्लेखकर जो उनको बनारस की किसी लायब्रेरी की सूची मिली है। उसीके अनुसार निम्बादित्य नाम के नीचे तत्सम्प्रदायी ८ ग्रन्थों के नाम लिख दिये हैं। (१) कृष्णस्तवरास, (२) गुरुपरम्परा, (३) दशश्लोकी और सिद्धान्तरत्न, (४) मध्वमुख मर्दन, (५) वेदान्त तत्वबोध, (६) वेदान्त परिजात सौरभ, (७ वेदान्त सिद्धान्त प्रदीप, (८) स्वधर्माध्वबोध। इन ग्रन्थों में नं० २ और नं० ६ वाले ग्रन्थ निर्विवाद श्री निम्बार्क रचित हैं, किन्तु इन दोनों के संग होने के कारण अन्य सभी ग्रन्थों को भी देवी जी श्री निम्बार्क रचित ही मान बैठी यद्यपि 'मध्वमुख मर्दन' ग्रन्थ के आगे सन्देह वाची चिह्न भी है और रमा देवी जी को भी कुछ सन्देह हुआ है कि यह निम्बार्क रचित है, या नहीं ? इनके अतिरिक्त अन्य ५ पाँच ग्रन्थों पर तो देवी जी ने कुछ विचार ही नहीं किया कि वे—'वेदान्त तत्व बोध' आदि किसके रचे हुए ? और 'वेदान्त सिद्धान्त प्रदीप' निम्बार्क सम्प्रदाय का ग्रन्थ है या नहीं है ! रमा देवीजी ने विशेष परिश्रम पूर्वक यद्यपि श्री निम्बार्क भाष्य का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कर एक विशेष प्रशंशनीय कार्य किया है तथापि केवल डा० भाण्डार कर और डा० राजेन्द्रलाल मित्रा के आनुमानिक कल्पित लेखों के अनुसार ही श्री निम्बार्काचार्य का समय लिख देने का बड़ी भारी भूल की है, क्यों कि इस भूल ने उनके इस श्रम पर एवं फिलालफी डाक्टरी पर ऐसा पानी फेरा है कि उसका अब उनसे परिमार्जन ही होना अशक्य ही है यदि समय की भांति कदाचित् सिद्धान्त प्रकट करने में भी ऐसी भूल करदी होगी तब तो उनका समस्त परिश्रम ही लाभ के बदले क्षति कर कहा जायेगा।

मंजूषा का रचना काल—

अस्तु—अब हम यहाँ प्रसंगवश दूसरे विद्वानों की भी कुछ कल्पनायें उद्धृत कर देना उचित समझते हैं। कई एक समीक्षकों का कहना है कि—भाषा और शैली को देखने से वेदान्त रत्न मंजूषा ग्रन्थ वास्तव में बहुत प्राचीन ज्ञात होता है, इसमें

तार्किक और मीमांसकों की संक्षिप्त आलोचना अवश्य की गई, परन्तु वात्स्यायन—उदयनाचार्य शवर स्वामी आदि किसी का नामोल्लेख नहीं मिलता, इसी प्रकार अद्वैत वाद का भी खण्डन अवश्य मिलता है परन्तु गौड पादाचार्य शंकराचार्य आदि किसीव्यक्तिविशेषका नामोल्लेख नहीं दीखता एवं नकहींइनकेग्रन्थोंनाम तथाकोई पंक्तियाँ ही मिलती हैं जैसे कि १२ वीं शताब्दी वाले कौस्तुभ प्रभा आदि ग्रन्थों में मिल रही हैं।

सम्भव है कि विक्रम की ६ वीं या दशवीं शताब्दी में मंजूषा अध्ययन करने वाले सज्जनों ने तत्कालीन विशेष प्रचार वाले इन निर्गुण, विवर्त, प्रतिबिम्ब-अवच्छेद आदि वादों का खण्डन अध्यापकों के मुख से सुन सुनकर-पुरानी मंजूषा की पुस्तकों में अथवा स्वलिखित पुस्तकों में टिप्पणी के बतौर कुछ नोट कर लिये हों और कालान्तर में प्राचीन पुस्तकों के नष्ट हो जाने पर वेही पुस्तकें रह गई हों और प्रतिलिपि करने वालों ने उन्हीं त्रुटि संकेत वाले स्थलों में उन टिप्पणी रूप सन्दर्भों को भी मिलाकर लिख लिया हो, बीच-बीच में श्री निम्बार्क सम्प्रदाय का कई बार प्रचार शैथिल्य एवं ग्रन्थों और विद्वानों की भी न्यूनाधिकता होती रही हैं, अतः पुस्तकों का कलेवर बदलना कोई आश्चर्य नहीं। आजकल नव्यन्याय के दीधिति जागदीशी आदि कई एक टीका ग्रन्थोंमें भी ऐसी पश्चात् मिली हुई कितनी हीपंक्तियाँ मिलती हैं जिनका कि मुद्रित पुस्तकों में ( ) कोष्टकों में पाठ देकर पृथक्करण किया जा रहा है।

कुछ विद्वानों की धारणा है कि—मंजूषा के द्वितीय तृतीय और चतुर्थ कोष्ठकों में लगभग ७०-७२ ग्रन्थों का नामोल्लेख है जिनमें से कि उद्धरण लिये गये हैं, किन्तु श्री मद्भागवत का कहीं भी नामोल्लेख नहीं मिलता और न कहीं भागवत का कोई श्लोक ही मिलता।* श्रीमद्भागवत ग्रन्थों को आज सभी सनातन धर्मानुयायी सज्जन साक्षात श्री कृष्ण स्वरूप मानते हैं, ऐसी स्थिति में पुरुषोत्तमाचार्य जी ने अपने उपास्य स्वरूप श्री भागवत का उद्धरण क्यों नहीं दिया यह प्रत्येक विचार शील पुरुष प्रश्न उठा सकता है, इस प्रश्न का यही उत्तर ठीक हो सकता है कि मंजूषा के सम्पादन समय में श्रीमद्भागवत का ग्रन्थ रूप में संकलन नहीं हुआ था। यह तो श्री मद्भागवत से ही सिद्ध होता है कि व्यास जी ने १७ महापुराण, भारत और गीता आदि के

*यद्यपि 'चरिष्यामिमृगैः सद्भिः' इत्यादि ययाति के उक्ति वाले कुछ श्लोक मंजूषा के चतुर्थ कोष्ठक में मिलते हैं, जो श्री मद्भागवत से उद्धृत किये हुए से प्रतीत होते हैं तथापि भागवत का नामोल्लेख न मिलने से वे भारतादि अन्य ग्रन्थोंके उद्धरण कहे जासकते हैं।

पश्चात् ही शान्ति प्राप्ति के लिये श्रीमद्भागवत का प्रणयन किया था। अतएव यह कहना अनुचित नहीं कि मंजूषा की रचना श्रीमद्भागवत के ग्रन्थ रूप होने से पहिले की है।

क्योंकि भागवत में वर्णित भूगोल और मंजूषा के वर्णित भूगोल का मिलान करते हैं तो नरकों की गणना में कुछ अन्तर मिलता है, जैसे मंजूषा में केवल रौरव आदि २१ नरकों की गणना दी है और भागवत में तामिस्र आदि नरकों की गणना कर २१ नरकों की गणना को केचित् शब्द से अन्य का मत बतलाया है और फिर मुख्य २८ नरकों की गणना मानी है।

श्रीमद्भागवत का रचनाकाल (ग्रन्थरूप से सम्पादन) आधुनिक विद्वान भी महाभारत से पीछे का ही मानते हैं। महाभारत का रचनाकाल शंकर बालकृष्ण दीक्षित के मत से ईसा पूर्व १५०० वर्ष और चिन्तामणि राव वैद्य के मत से ईसा पूर्व ३०००वर्ष का है, और लोकमान्य तिलक का मन्तव्य है कि वर्त्तमान उपलब्ध महाभारत को ईसा पूर्व ५०० वर्षों से प्राचीन नहीं मानना चाहिये।

इस प्रकार आधुनिक विद्वानों के दिमाग के अनुसार यदि भागवत का ग्रन्थ रूप सम्पादन ईसा पूर्व ५०० भी मान लिया जाय तब भी मंजूषा का रचनाकाल आज से २४०० वर्ष प्राचीन सिद्ध होता है। सन १८६२ में बम्बई निर्णय सागर प्रेस से मुद्रित 'प्राचीन लेख माला' के श्रीकेशवाचार्य विषयक छुटे लेख आदि सामग्रियों के मिलने से यह विश्वास हो रहा है कि नैपाल, तिब्बत, मद्रास आदि विशाल संग्रहालयों तथा मोहेंजोदड़ो आदि के मुद्रा लेखों (जो अभी तक नहीं पढ़े जा रहे हैं उन) से श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय के प्राचीन आचार्यों के सम्बन्ध में कुछ न कुछ प्रामाणिक सामग्री अवश्य मिलेगी क्योंकि अभी तक साम्प्रदायिक विद्वानों ने शिलालेख, ताम्रपत्र, मुद्रा, प्राचीन प्रतिमा और ताड़पत्रों पर लिखे हुये ग्रन्थों से प्राप्त होने वाली ऐतिहासिक सामग्री के संग्रह का प्रयत्न नहीं किया। यदि किसी विद्वान् ने कुछ-खोज करने की चेष्टा की भी तो वह आर्थिक कष्टादि के कारण आगे नहीं बढ़ सका, कारण, साम्प्रदायिक धनी मानी महान्त मठाधीशों ने अन्वेषकों को आवश्यक सहयोग नहीं दिया। आजकल के महान्त मठाधीश भी ऐसे सम्प्रदाय हितैषी कार्यों में सहयोग नहीं देना चाहते।

जो कुछ साम्प्रदायिक साहित्य प्रकाशित हुआ है एवं सुरक्षित रहा है वह भी कुछ थोड़े महान्तों

के अतिरिक्त सब त्यागी विरक्त निरवलम्बी महात्मा विद्वानों तथा साधारण गृहस्थ भक्तों के परिश्रम का ही फल है। इन्हीं से वर्तमान समय में भी जो अन्वेषण चल रहा है वह भी निरवलम्बता के कारण शिथिल प्रगति से ही चल रहा है।

यद्यपि वेदान्तरत्नमंजूषा के समय सम्बन्धी जो उपरोक्त मन्तव्य प्रकट किये गए हैं, इसके विषय में जब तक हमारा अन्वेषण कार्य पूर्ण न हो और कोई अकाट्य प्रमाणनहीं मिल जाय तब तक हम अपना निश्चित मत प्रकट नहीं कर सकते तथापि साम्प्रदायिक ऐतिह्य को भी अनंगीकार नहीं कर सकते। अतएव जब तक कोई समर्थ हेतु नहीं उपलब्ध होता तब तक उपरोक्त समय पर ही आरूढ़ रहना उचित है।

श्रीनिकुञ्ज, रेतिया बाजार, श्रीवृन्दावन धाम। } विद्याभूषण श्रीव्रजवल्लभशरण वेदान्ताचार्य सांख्यतार्थ

अथ श्रीवेदान्तरत्नमञ्जूषायां प्रमाणार्थसमुद्धृत-ग्रन्थ-ग्रन्थकाराणाञ्च नामानि।

ग्रन्थाः— ग्रन्थकाराः

१ वेदान्त पारिजात सौरभ (ब्रह्मसूत्र-वृत्तिः) श्रीसुदर्शनावतार भगवान् श्रीनियमानन्दाचार्यः।
२ वेदान्त कौस्तुभ भाष्य (ब्र० सू० भाष्य) श्रीशंखावतार श्री श्री निवासाचार्यः।
३ पञ्चघाटी स्तोत्रम श्रीविश्वाचार्यः।
४ तार्किक पक्षः।

—::—

५ परिच्छिन्नवाद्यानां मायावादपक्षः। ६ गायत्र्यादिविविधश्रुतयः। ७ ब्रह्मसूत्राणि। ८ गीता। ९ वेद भाष्य (पाणिनी शिक्षा से)। १० कठ। ११ मुण्डक। १२ छान्दोग्य। १३ श्वेताश्वतर। १४ सुबाल आदि उपनिषत्। १५ ईशोपनिषत्। १६ मैत्र्योपनिषत्। १७ गोपालोपनिषत्। १८ लौकिकोपनिषत्। १९ विष्णुपुराण। २० कृष्णोपनिषत्। २१ महाभारत। २२ नृसिंहपुराण। २३ वाराहपुराण २४ नारायणोपनिषत्। २५ कूर्मपुराण। २६ ब्रह्मपुराण। २७ शिवपुराण। २८ लिंगपुराण। २९ मत्स्यपुराण। ३० पद्मपुराण। ३१ शतपथ ब्राह्मण। ३२ मनुस्मृत। ३३ ऐतरेयोपनिषत्। ३४ केनोपनिषत्। ३५ तैत्तिरीयोपनिषत्। ३६ यजुर्वेद (पुरुष सूक्त। ३७ लक्ष्मी सूक्त। ३८ श्री सूक्त। ३९ लक्ष्मी स्तोत्र। ४० नारद पञ्चरात्र। ४१ ऋक्परिशिष्ट। ४२ हरिवंशपुराण। ४३ विष्णु सहस्रनाम। ४४ पाणिन्यादिस्मृतिः। ४५ वाल्मीकि रामायण। ४६ सदाचार प्रकाश (भगवच्चरणाचार्यः)। ४७ प्रपत्ति चिन्तामणि (आचार्यः)। ४८ सनत्कुमार। ४९ उत्तर वाल्मीकीयः। ५० जयदाख्यान संहिता। ५१ शांडिल्यस्मृति। ५२ हयशीर्षपंचरात्रोक्त विष्णुसहस्रनाम स्तव। ५३ प्रजापतिस्मृतिः। ५४ बहवृचा समाम्नायः। ५५ काण्वायन संहिता। ५६ विष्णु रहस्य। ५७ पितृ गीत। ५८ गर्भोपनिषत्। ५९ सात्वततन्त्र। ६० वैष्णवागमः। ६१ पुण्डरीकाख्यान। ६२ औणादिकगण— पठितमनत्ययवतो "अञ्" शब्दव्युत्पत्तिः।

इत्यादि।

* श्रीनिकुञ्जविहारिणे नमः *

अथ प्रकाशकस्य गुरु-परम्परास्तोत्रम्

नतोऽस्मि हंसं परमादिदेवं जगन्निवासं जगदेकबन्धुम् ।
सनन्दनाद्यैर्मुनिभिः स्तुतं तं स्मृतार्तिनिघ्नं शरणं प्रपद्ये ॥ १ ॥

आत्मारामान्विहितमतयो निर्विकल्पे समाधौ, ज्ञानोद्रेकाद्विघटिततमोग्रन्थयः सत्वनिष्ठाः । संवीक्ष्यन्ते क्रमपितपसा ज्योतिषां ये पुरस्तात्, वन्देतानप्रतिहत गतीन् श्रीकुमारादि सिद्धान् ॥ २ ॥ वन्देतं जगदेकबन्धुमखिलं संसारपाश-च्छिदं, भक्तानां हृदिचिन्तितं सुखकरं वन्द्यं प्रपञ्चे प्रियम् । प्रह्लादस्य गुरुं महागुणनिधिं श्रीनारदं भक्तिदम् । दासा यस्य हि वैष्णवाः सुनिपुणाः श्रीकृष्ण भावे रताः ॥ ३ ॥ उद्दामदानवमदानवदानदुष्यद्भूभारहारणविहारकृतावतारः, निष्पक्षगक्षपरिरक्षणदक्षचक्रायुधोऽवतु चिरं मधुराधिपोऽस्मान् ॥ ४ ॥ श्रीनिम्बार्कसुवंशमौक्तिकमणिर्यः सूरिरत्नाग्रणीः, प्रोद्यत्स्वप्रभया सुदूमेततमः पुञ्जप्रणाशप्रणी । सत्सूत्रप्रवणः सतां हृदि मुदं नन्वन्ननर्घ्यश्रिया आचार्यः करुणानिधिर्विजयतां श्री श्रीनिवासः प्रभुः ॥ ५ ॥ तच्छिष्यप्रवरं वन्दे विश्वा-चार्यं सुबोधदम् । चतुर्थ्यां फाल्गुने शुक्लेऽवतीर्णं हरिचिन्तकम् । ६ ॥ विवर्णकारं निजदेशिकानां श्रीदेशिकं वेदविदां वरिष्ठम् । तं वाङ्मनोऽचिन्त्यम-नन्तशक्तिं ज्ञानैकवेद्यं पुरुषं भजामि ॥ ॥ विलासार्यो महातेजा विश्वे नि-स्पृहोबुधः । सर्वभूतहितो दान्तः कृष्णलीला परायणः ॥ ८ ॥ भवजलधि-गतानां द्वन्द्ववाताहतानां, निधिमुनिहरिचन्द्रैः सम्मिताब्दे सुरेजे । विषमविषय-तोये मज्जतामप्लवानां, भवतु शरणमेकः श्रीस्वरूपोनराणाम् ॥ ९ ॥ विद्वद्भिः समुपाश्रितो मुनिगणव्रातैरवोवत्सदा, तत्त्वं यः परमं रहस्यसकलं जिज्ञासुभिः श्रीहरेः । वेदान्तार्थविवेचको गुणनिधिर्भक्तिप्रदो माधवस्तं, वन्दे मनसागिरा-तिसरसः स प्रादुरासीत्क्षितौ ॥ १० ॥ श्रावणे धवले पक्षे तृतीयायां बभूव यः । बलेन व्यतनोद्भद्रं तं वन्दे बलभद्रकम् ॥ ११ ॥ भाद्रशुक्लस्यद्वादश्या माविरासीन्महाकविः । श्रीपद्माचार्य आर्यस्तं वन्दे पद्मायते गुणैः ॥ १२ ॥

निधिवसुगुणपृथ्वीसम्मिताब्दं दिदीपे जयतु सगुणारत्नस्याकरोधर्ममूर्तिः। जगदहितनिवृत्तो बद्धदीक्षो दयालुः, परमसरसश्यामाचार्यवर्य्यःसुदक्षः ॥१३॥

श्रीराधिकाधीशपदानुगानां स्वान्ते कृपाभक्तिसुदीप्तिरेचः। राकापतिर्लोकविलक्षणोऽसौ गोपाल आर्यस्तमहं भजेयम् ॥१४॥ रसतममतिज्ञेयो भावपूर्णो विरेजे भगवति कृतिचेता यः कृपाचार्यवर्यः। सरसिजदृशि देवे भावुको भक्तिरूपा, भवतु भवतु तस्मिन्सन्मतिर्मेदयालौ ॥ १५ ॥ आचार्यो जगतामभीष्टफलदः स्तोपासकानां सतां, प्रेमार्द्रः सुमनो मनो मधुरयन् पीयूष वपःकृती। अब्दं वाणधराङ्कचन्द्रगणितं देवार्यपादः कविः। वेदान्तार्थनिरूपकोऽतिशुशुभे कारुण्यवारांनिधिः ॥ १६ ॥ श्रीमद्वंशकुलाब्जभास्करनिभो गाम्भीर्यधैर्याकरः, श्रीगोविन्दपदारविन्दमधुपोनानागुणालङ्कृतः। वर्य्यन्तार्थनिरूपकः सुमनसां देवार्यपादाश्रयः, श्रेयः संपदमातनोतुसवतां श्रीसुन्दरो देशिकः ॥ १७ ॥ श्रीमत् पद्माभिधं भट्टं पद्मनाभगुणान्वितम् दयार्णवमहं वन्दे ज्ञानवैराग्यदं गुरुम्। पद्माभिपद्मादभवच्चतुर्मुखः, शास्त्रार्थरूपः परमार्थ गोचरः। तस्मादमुं भव्यजनाभिवंद्यं श्रीपद्मनाभेतिवदन्ति भट्टम् ॥ १८ ॥ त्रिविक्रमैर्ज्ञानविरागयोगैराक्रम्यलोकान् सह लोकपानाम्। मोक्षाख्यमैन्द्रं-प्रददौ स्वकेभ्यः उपेन्द्रभट्टं प्रणतोऽस्मि देवम् ॥ १९ ॥ रामचन्द्राभिध भट्टं रामचन्द्रगुणं गुरुम्। समाश्रये सदा बुद्धौ दयापीयूषतोयदम्। बद्धवा सेतुं भक्तियोगं च विष्णोः रुद्रं जीवं राक्षसैः क्लेशजालैः। कमोख्यं वै रावणं बोधबाणैर्हत्वाभक्तं मोचयामास देवः ॥ २० । यो वामयत्यखिलकर्म विषं च वैद्यः संसारसर्पप्रभवं स्वपदप्रपन्नैः। वैराग्यज्ञान मनुना निजशिक्षितेन तं वामनं गुरुमहं प्रणतोऽस्मि भट्टम् ॥ २१ ॥ यो वै मृत्युमुखात् प्रमादवपुषो ह्यात्मप्रपन्नान्प्रभुत्थानीय स्वदयावशेन हरये दास्यान् कृपासिञ्चनात। तं श्रीकृष्णसमं च कर्म विभवैः कृष्णाख्यभट्टं गुरुम् वन्देऽहं मनसागिरा च वपुषा कारुण्यसिन्धुं हरिम् ॥ २२ ॥ विद्यापरार्थेय उपायभूता, मुमुक्षुभिः सेव्यतया प्रसिद्धा। पद्माभिधायस्यकरे श्रिता वै, पद्माकरं भट्टमहं भजामि। २३ ॥ श्रुत्वात्मतत्वं ह्यनुभूय नित्यं, संश्रावयामास निजप्रपन्नान्। विमोचयामास तमोर्गलाद्यस्तमाश्रये श्रीश्रवणेशभट्टं ॥ २४ ॥

ॐ

भटस्यसौ भूरिमहानुभावः श्रुत्यन्ततत्त्वं विशदं निजेभ्यः । भजाम्यनन्तस्य पदस्य दाता यो भूरिभट्टं गुरुमीश्वरं तम् ॥ २५ ॥ श्रीमाधवं भटति सर्वं जगन्निदानं वेदान्तवेद्यचरणं शरणम् निजेभ्यः । यस्तं गुरुं परमतत्त्वप्रदं महान्तं श्रीमाधवं हि सततं प्रणतोऽस्मि भट्टम् ॥ २६ ॥ श्यामं हिरण्य-परिधिं सततं भटन्तं, गोविन्दमादिपुरुषं श्रुतिसारगम्यं श्यामं हि भट्टमनिशं गुरुमीशमी, डे गोवपदं स्वदयया चरणानुगानाम् । २७ ॥ गोप्ताश्रुतीनां परतत्त्ववक्ता त्रातार्श्रितानां च भवार्णवाद्यः । गोपाल भट्टं तमहं प्रपद्ये विज्ञानवैराग्यदयादिपूर्णम् ॥ २८ ॥ कर्मादिरूपोबलवान् प्रलम्बः पदाश्रितनां निहतश्चयेन तं देवमीडे बलभद्रभट्टं शमादयाज्ञानविरागयुक्तम् ॥ २९ ॥ गोपीनाथं भटतिसततं शास्त्रमानेन यो वै श्रीगोविन्दं परम पुरुषं दर्शयामास शिष्यान् । गोपीनाथं परम सुखदं भट्टमीडे गुरुं तं प्रेमानन्दं मृदुलहृदयं ब्रह्मविद्याममूर्तिम् ॥३०॥ श्रीकेशवं यतिपतिंद्रुहिणादिवंद्यं कृष्णं भटन्तमनिशं श्रुतिसारगम्यम् । भक्तस्यतापशमनायविबद्धकक्षं भट्टं च तं केशवमहं शरणं व्रजामि ॥ ३१ ॥ गङ्गास्पदं चरणपङ्कजमीश्वरस्य वज्राङ्कशध्वज सरोरुहलाञ्छनाढ्यम् । यो लाति स्वाश्रितजनाय कृपामियोगं तं गांगलं च प्रणतोऽस्मि गुरुं हि भट्टम् ॥ ३२ ॥ साक्रान्ता मथुरापुरी च यवनैर्बद्धं प्रचण्डं पुन—यन्त्रं नाशकरं गुरुः परिवृढो ह्यागत्य पुर्यां कृती । ध्वस्तो दण्डविपक्षमण्डलबुधः श्रीकेशवार्यो सुहृद्, दुर्दान्तान् यवनान् जिगाय जगतां यन्त्रस्य विध्वंसकः ॥ ३३ ॥ व्रजेशप्रेमाख्यक्रियाभिषिक्तं भट्टं तमीशं पुरुषं वरेण्यम् । श्रीभट्टदेवं परमं भजेऽहं विज्ञानवैराग्यदयासुधाब्धिम् ॥ ३४ ॥ श्रीराधापदपद्मगन्धनिरतो गाम्भीर्यधैर्य्याकरः सद्वृन्दावनकेलि कौतुकमना निस्सीमभावोदयः । दम्पत्योः रतिकेलिवर्णनरतः श्रीभट्टदेवः सुधीः रेजे नीलसरोजसुन्दरुचेः पीयूषवाग्वोनिधिः ॥ ३५ ॥ यो वेत्तारं नवजलधरसमः प्रेमपीयूषवर्षी , राधाविष्णोः पदनलिनमधुप्रापकः स्वाश्रि-तानाम् । आविर्भूतः स्फुरतु सुमनसि नो भक्तभूपादयालुर्वन्देऽहं तं भुवि गुणिमलयन् श्रीहरिव्यासमार्यम् ॥ ३६ ॥ मुनिश्रेणीरत्नं ह्यमितमहिमानं सुनिपुणम् , विमृग्याङ्घ्रिद्वन्द्वं विबुधजनपूज्यं भवभिदम् । मुकुन्दश्रीरा-

पापदनलिनशोभातु निरतं स्वभ्रामं वन्दे परमरमणीयं गुरुवरम् ॥ ३७ ॥ यो वै जहार निजपादसरोजभाजां कर्णं वचोभिरमृतैः परदेवतत्वं विधो-तयञ्जयति कर्णधरश्च देवस्तं श्रीगुरुं मुनिवरं शरणं व्रजामि ॥ ३८ ॥ गोपीकरवकाननप्रियकलानाथाङ्घ्रिपाथोरुह ध्यानं स्तच्चरणारविन्दनिरतो नाना गुणालङ्कृतः । लोकतमश्चकार परमानन्दो गुरुर्माधुकः , श्रीवृन्दावन कुञ्जमञ्जुभवने देदीप्यमानः सदा ॥ ३९ ॥ परानन्दे मग्नो भुवि करुणयाविष्कृततनुः , व्रजेस्थित्वा यों वै युगलगुणगाने कृतरुचिः । कृपां कुर्यात्सोऽस्मा स्विहचतुरचिन्तामणिविधुः , सदाऽऽस्तां चित्तोच्चरणमरुणं भूरिकरुणम् ॥ ४० ॥ सदाऽब्धो सानन्दं सदयहृदयं स्वाश्रितनुतं , कृपा पारावारं सततमपेमातं जनहृदि । तदीयं द्रव्ये किं परमरमणीयं सुचरणं , नतोऽस्म्याधिग्रामोपशमनकृतं मोहनमहम् ॥ ४१ ॥ प्राच्यां चन्द्र समं प्रभुं स्वपृथिमिर्भ्रान्तं तमोध्वंसकं , श्रीमद्वंसकुलाब्जभास्करनिभं गांभीर्यधैर्यो करम् , श्रीगोविन्दपदारविन्दमधुपं , नानागुणालङ्कृतम् , वन्दे श्रीहरिदेव मञ्जनयतं श्रेयोविभावप्रदम् ॥ ४२ ॥ आसीच्छास्त्रविशारदोगुणचयः स्वैकाश्रितानां प्रभुः , प्रेयांङ्घ्रीधृतरामको नवनवश्यामाभिरामाकृतिः । श्रीमद्वंसकुलाब्जभास्करनिभं नीलाब्जरोर्जिषं , भक्तानां सुखदृद्धये धृततनुं तं भावये सद्गुरुम् ॥ ४३ ॥ जनान् सर्वान् दृष्ट्वाभवजलनिधौदुस्तरतरे , निमग्नानुद्धर्तुं समुदितमतिं जातकरुणम् । सतां प्रेमस्थानं गतदुरितमानं गुणनिधिम् , हरेर्भक्तं वन्दे परमवृषभानुं गुरुवरम् ॥ ४४ ॥ मनः शिरामदे-वो थः , गुरुभक्तिरायणः । भक्तिशास्त्रस्य तत्वज्ञस्तमस्मिशरणम् गतः ॥ ४५ ॥ निखलभुवनवन्द्यः प्रेमदाता दयालुः , स्वपदनलिनयुग्म प्रापकः स्वाश्रिताना्म् । निखिल निगमज्ञाता श्रीगुरुर्वसदासः , स्फुरतुसममचित्ते पूजितो वस्तदीयैः ॥ ४६ ॥

सिद्धाश्रमे कर्दमाख्या वाडी येन स्थिरीकृता । वटोदराभूषपूज्यं हरि-दासं नमामिताम् ॥ ४७ ॥ मोहितं मधुरालापैर्मर्भक्तानां येनमानसम् । तं वै मोहनदासाख्यं वन्देहं योगिनं गुरुम् ॥ ४८ ॥ नेत्रानन्दकरी मूर्तिः यस्याऽस्ति योगिनो गुरोः । वन्दे तं नयनादासं मनसा कर्मणा गिरा ॥ ४९ ॥ दयालु-

रिन्दतिस्वस्मिन् , सततं हरिचिन्तकान् । इन्द्रदासाभिधं वन्दे गुरुदेवं तपोनिधिम् ॥ ५० ॥ घोघावन्दर संस्थाने श्रीनृसिंहो विराजितः । येन तं धर्मदासाख्यं गुरुं वन्दे निरन्तरम् ॥ ५१ ॥ भद्रं वितीर्य सर्वेषु जनेषु नियतः-शुचिः । स्वराजबलयुक्तस्मै बलभद्र गुरवे नमः । ५२ । अविद्यागिरि मुत्याट्य सत्पथं येन दर्शितम् । श्रीगिरिधारिदासं तं साक्षाद्गुरुं नमाम्यहम् ॥ ५३ ॥ श्रीमद्विहारिदासस्यग्रन्थप्रकाशकारिणः । वन्दितानामनिर्देशादेषागुरु परम्परा ॥५४

श्रीनिम्बार्कपदेनिष्ठा सर्वेषां मानसे भवेत् ।
तेन सन्तुष्यतां सद्यः श्रीव्रजवल्लभः प्रभुः ॥ ५५ ॥

पीतः श्रीव्रजचन्द्रपादप्रभुणा यात्राग्नि दावानलः ।
तत्कुण्डात्पुरतः किमारविपिने संस्थाप्य तन्मन्दिरम् ॥
विद्याभ्यासिकृते समर्प्य विचितं ग्रन्थप्रकाशे धनम् ।
दत्तं त्यागिविहारिदासविदुषा तस्यैव तत्तोषणे ॥ ५६ ॥

इति वेदान्तरत्न मंजूषा प्रकाशकस्य त्यागी पं० विहारीदासस्य गुरुपरम्परा सम्पूर्णा ।

श्रीवेदान्तरत्नमञ्जूषा द्वितीयखण्डस्य विषयसूचिः—

विषय—	पृष्ठ—
१ श्रीकृष्णस्यैव सर्वोपास्यत्वम्	१
२ नितरां सदा शब्दयोर्भिन्नार्थकत्वम्	३
३ श्रीनिम्बार्कसम्प्रदायस्यानादित्वम्	५
४ श्री नारदस्य शुन्युकशोकाश्रयत्व-सर्वज्ञत्वयोर्विरोधपरिहारः	६
५ भूमात्रह्मपरकश्रुत्यर्थकथनम्	१२
६ षष्ठश्लोकेन त्वमिदंतत्पदार्थानांवर्णनम् तत्पदार्थस्य च सर्वोपास्यत्वकथनम्	१८
७ "आत्मा वारे द्रष्टव्य" इत्यादि श्रुतिविधेयं वाक्यजन्यज्ञानस्यनिरूपणम् । तत्त्वमस्यादि वाक्यार्थकथनञ्च	१६
८ चेतनाचेतनादिसर्वपदार्थभिन्नाभिन्नता ब्रह्मणो जगदन्तर्यामिता, जगतश्चब्रह्मात्म-कत्वम्	२१
९ सत्ताया द्विविधत्वनिरूपणम्	५०
१० परतन्त्रसत्ताया द्विविधत्वम्	५२
११ अद्वैतपरकवचनानां स्वतन्त्रसत्ताभिप्रायि-कत्वम् , सोपपत्तिकंतत्त्वमस्यादिवाक्यार्थः	
अथ तृतीयकोष्ठः—	
१२ पूर्ववृत्तद्योतनपूर्वकं-कर्मज्ञान-भक्तिप्रपत्ति-गुर्वाज्ञानुवृत्तियोगादिविविधसाधनानां विभागलक्षणादिकथनम्	६४

विषय :—	पृष्ठ—
१३ प्रपत्तिगुर्वाज्ञानुवृत्तियोगस्वरूप लक्षणानि, सांगशरणागतिवर्णनञ्च	८२
१४ प्रतिपत्तव्यो भगवानेकः कृष्ण एव, अन्ये ब्रह्मादयस्तदंशा इत्यवशास्त्रप्रमाणम्	८६
१५ भगवतः कृष्णस्य शिवपूजनोपपत्तिः शिवादीनां कृष्णांशत्वे प्रमाणानि	१८
१६ भगवच्छब्दार्थकथनम्, अनिर्वचनीय शक्तिवादखण्डनञ्च	११५
१७ निरतिशयौदार्यादिगुणसिन्धुप्रभोरपि-सन्निधौ दीनातिदीनशरणागतानां प्रपन्नः, तस्य सर्वोत्कृष्टत्वे श्रुत्यादिप्रमाणानि	११८
१८ भगवतो भक्तिवश्यत्वं, प्रपत्तेर्माहात्म्य-वर्णनञ्च	१२६
१९ एकान्तिभक्तानां सर्वोत्कृष्टत्वम्	१२९
२० सर्वेजना एकान्तिनः कथन्नाम भवेयुरिति —	
२१ भक्तावतत्वेपि भगवतः सर्वेश्वरत्वम्	१३५
२२ गुरूत्तमगुरुलक्षणयोर्वर्णनम्	१३८
२३ प्रसंगोपात्तशिष्यलक्षणम्	१४०
२४ सविस्तरगुर्वाज्ञानुवृत्तिवर्णनम्	१४२
२५ भक्तियोगकथनम् (नवमस्कोदे)	१४७
२६ परापररूपेण भक्तेर्द्वैविध्यत्वम्	१५४
२७ अपराभक्तेर्वैदिक-पौराणिकभेदाद्द्विविधत्वम्	
२८ पौराणिकापराभक्तौ शूद्रस्याप्यधिकारः	
२९ पराभक्तेः फलसाध्यप्रेम लक्षणादिनाम निर्देशाः	
३० पराभक्तेर्लक्षणं प्रमाणोदाहरणानि	१५६
३१ प्रसंगोपात्तमुक्तिलक्षणम्, भगवद्भावापत्ति सायुज्ययोः पर्य्यायत्वञ्च	१६१
३२ सप्रमाणं सतांलक्षणं, सत्संगमाहात्म्यञ्च	१६४

विषय :—	पृष्ठ—
३३ संक्षेपेणोपास्यस्वरूपवर्णनम् (द्व० को० १७१	
३४ संक्षेपेणैवोपासकस्वरूपकथनम्	१७२
३५ ईशकृपाफलरूप मुक्तिस्वरूप कथनम्	
३६ फलरूपभक्तिस्वरूपस्य भगवत्साक्षात्कारानुभवरूपस्य वा भक्तिरसस्य-स्वरूपवर्णनम्,	
३७ भगवत्प्राप्तेः सामान्य-विशेषोभयविध-विरोधिस्वरूपवर्णनम्,	१७६
३८ तत्रविशेषविरोधिषु देहेन्द्रियाद्यनात्मस्वात्म बुद्ध्यादिरूपादिपुरुषार्थविंशतीनांसल्लक्षण-प्रमाणं नामनिर्देशः	१७७
३९ प्रसंगोपात्तविरागनिरूपणम्, तस्य च सहेतुक-निर्हेतुकभेदाद्द्वैविध्यम्,	१८८
४० निर्हेतुकविरागोत्पादनीभूतदुःखस्य अवस्था रूपतापात्मक भेदेनद्वैविध्यम्,	१९८
४१ तापात्मकदुःखस्यविविधत्ववर्णनम्	२००
४२ प्रकारान्तरेण च जिहासोद्भव-सञ्जात-भेदेन विरागस्य द्विविधत्ववर्णनम्	२०१
४३ कलौ वैराग्यादि-साधनानां दुष्करत्वे कथं कलिजीवानां श्रेय इति शंका	२०१
४४ वैराग्यादि व्याजेनापि श्रद्धादिमत्तया भगवज्जनानपि दीनानुकम्पित्वभावा-देवानुगृह्णाति भगवानितिसमाधानम्	२०१
४५ अपिचेत्सुदुराचार इति गीतावाक्यस्य विशदार्थः	२०३
४६ महापातकीनामप्यनन्यभक्तानां भक्त-वत्सलतया प्रभुःस्वयं समुद्धरतीति विस्तृत-वर्णनपूर्वकमुपसंहारः	२०८

इति विषयसूचिः

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

द्वितीयः कोष्ठः ।

श्री १०८ महर्षि सनकसम्प्रदाय प्रवर्तकाद्याचार्यभगवत्सुदर्शनचक्रावतारमहामुनीन्द्र
श्रीनिम्बार्कपादपद्माश्रिताश्रितभगवत्पुरुषोत्तमाचार्य्यप्रणीता ।

उक्तसिद्धान्ते विधिमाह —

उपासनीयं नितरां जनैः सदा ।
ब्रह्माणयेऽज्ञानतमोऽनुवृत्तेः ॥
सनन्दनाद्यैर्मुनिभिस्तथोक्तम् ।
श्रीनारदायाखिलतत्त्वदर्शिणे ॥६॥

उपासनीयमिति ॥ मुमुक्षुभिर्जनैरुक्तलक्षणं परं ब्रह्म सदोपासनीयम् । विध्यर्थकतव्यप्रत्ययस्थानेऽनीयर प्रत्ययः । "सोऽन्वेष्टव्यः", सविजिज्ञासितव्यः, श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः, भूमात्वेव विजिज्ञासितव्यः, आत्मानमेव लोकमुपासीत, तस्मात् कृष्ण एव परोदेवस्तंध्यायेत् तं रसयेत् तं यजेत् तं भजेदित्यादिविधिश्रवणात् । सदेति कालव्यवच्छेदं निराकरोति "आलोड्य सर्वं शास्त्राणि विचार्य च पुनः पुनः । इदमेकं सुनिष्पन्नं ध्येयो नारायणः सदा । स्मर्तव्यः सततं विष्णुर्विस्मर्तव्यो न जातुचित् । सर्वे विधि निषेधाः स्युरेतयोरेव किंकराः" इत्यादि स्मरणात् । दिवसे दिवसे सकृत्सकृत् कृतस्याऽवच्छेदकः कालः सदा शब्दवाच्यस्तद्वारणायाह—

कुञ्जिका

उक्त सिद्धान्त इति । अनन्ताचिन्त्य स्वाभाविक कल्याण गुण सागर अखिलाविद्यादिदोषगन्धस्पर्शानर्हः जगज्जन्मादि हेतुः सर्वशास्त्रवेद्यः मुक्तोपसृप्यः रुक्मिणी-सत्यभामाप्रभृतीविशिष्टः श्रीभगवान् पुरुषोत्तमो वासुदेव इति सिद्धान्त इत्यर्थः ।

उक्तलक्षणमिति जगज्जन्मादिकारणमित्यर्थः। उक्तार्थे मानमाह सोऽन्वेष्टव्य इति। विधि वाक्यं निर्दिशति। श्रोतव्य इति। अत्र दर्शनमुद्दिश्य निदिध्यासनं विधीयते। अप्राप्ते शास्त्रमर्थवदितिन्यायात्। निदिध्यासनस्यैव मोक्षान्तरङ्गोपायत्वात्। अत्र। श्रोतव्य इत्यनुवादः। अध्ययनविधिना साङ्गस्य स्वाध्यायस्य ग्रहणेऽधीतवेदस्य पुंसः प्रयोजनवत्त्वदर्शनात्तन्निर्णयाय स्वरसत एव श्रवणे प्रवर्त्तमानतया तस्य प्राप्तत्वात्। मन्तव्य इत्यनुवादः। श्रवणप्रतिष्ठार्थत्वेन मननस्यापि प्राप्तत्वादित्यर्थः भूमेति। भूमा-शब्दोब्रह्मपर्यायः।

गोपालतापिन्युपनिषद्वचसाप्युक्तार्थं प्रमाणयति। तस्मादिति। कृष्णः=सर्वा-कर्षकः परः=सर्वोत्कृष्टः। स एव यजनीयो ध्येयो रसनीयो भजनीयश्चेत्यर्थः। मूलोपात्त-सदेतिपदं व्याचष्टे। सदेति। उक्तार्थस्मृतिप्रमाणेनापि द्रढयति। आलोडयेति। श्रीनारद-पाञ्चरात्रवचनमुदाहरति। स्मर्तव्य इति। "अहरहः सन्ध्यामुपासीत"। ब्राह्मणो न हन्तव्य इत्यादिरूपा विधिनिषेधाः। एतयोः=स्मर्तव्यविस्मर्तव्यरूपयोर्विधिनिषेधयोरेव किङ्कराः= अधीनाः। चिच्छब्दः जात्यर्थद्योतकः! नितरामितिपदस्य प्रयोजनं निर्वक्तुमाह। दिवस इति।

भाषानुवाद

प्रथम कोष्ठ में शास्त्र सम्प्रदाय प्रमाण के द्वारा तत् त्वं पदार्थ का निरूपण किया अबद्वितीय कोष्ठ में सम्प्रदाय की परम्परा पूर्वक वाक्यार्थ निरूपण करते हैं। पूर्व उपदर्शित उपासना को विधि वाक्य के द्वारा प्रमाणित करते हैं, उपासनीय मिति पूर्व प्रदर्शित श्रीपुरुषोत्तम का स्वरूपादि तत्व निर्णय पूर्वक परब्रह्म श्रीकृष्ण की उपासना मुमुक्षु जनों को करनी चाहिये क्योंकि "श्रोतव्यो मन्तव्य" यह श्रुति उपासना को प्रति पादन करती है। इस श्लोक में उपासनीयं इस पद में विध्यर्थक तव्य प्रत्यय के स्थान में अनीयर प्रत्यय है। श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् का अन्वेषण करना चाहिये उन्हीं की जिज्ञासा भी कर्तव्य है और शास्त्र के द्वारा भगवान का स्मरण युक्तियों से मनन करना चाहिये। श्रीकृष्ण चन्द्र भगवान् का अनवरत स्मरण ध्यान रूप निदिध्यासन भी मुमुक्षु जनों को कर्तव्य है। परमात्मा की उपासना "आत्मानं लोकमुपासीत" इस श्रुति से सिद्ध है। गोपालतापनी के वचन द्वारा भी उक्तार्थ को प्रमाणिक करते हैं। कृष्ण एवेति। सर्वोत्कृष्ट परम देवता श्रीकृष्णचन्द्र का ध्यान और रसास्वादन यजन भजन करना आवश्यक हैं। यहाँ पर सदा पद से काल के अविछेद का निराकरण किया। अर्थात् श्रीकृष्ण की उपासना प्रति दिन करनी चाहिये। उपदर्शित अर्थ को स्मृति के वचनों से

प्रमाणित करते हैं। सर्व शास्त्रों को आलोडन कर बारम्बार विचार ने से यह निश्चय हुआ कि नारायण का सदा ध्यान करना चाहिये, विष्णु का स्मरण सदा करना चाहिये, कभी भी विष्णु का विस्मरण नहीं करना क्योंकि शास्त्र में जितने विधि निषेध है वे सब स्मर्तव्य विस्मर्तव्य के आधीन हैं। भाव यह है कि विष्णु के स्मरण में सब विधि वाक्यों का चरितार्थ हो चुका और विष्णु के विस्मरण में सबनिषेधों का अन्तर्भाव है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

नितरामिति। गङ्गादिप्रवाहवत् क्षणाद्यपरिच्छेदेन। "यन्मुहूर्तं क्षणं वापि वासुदेवो न चिन्त्यते। सा हानिस्तन्महच्छिद्रं सा भ्रान्तिःसा च विक्रिया" इत्यादि वचनात्। एतेन स्मृतिसन्तानस्याऽपरिच्छिन्नत्वं विधीयते। तथाच श्रुतिः—आहार शुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्त्व शुद्धौ ध्रुवास्मृति रिति। श्रीभगवदुपासनस्याऽधिकारिसाधारण्यसूचनाय सामान्यजनशब्दप्रयोगः, श्रीभगवतः सर्वाधिकार्य्यनुरूपोपासनविषयकत्वसाम्यात्, वैदिकोपासने तु त्रैवर्णिक एवाधिकारीति। पौराणिके चतुर्थोऽपीति विवेकः।

कुञ्चिका

उक्तार्थं स्मृतिप्रमाणेन द्रढयति। यन्मुहूर्त्तमिति। एतेन=नितरामितिपदोपादानेन। अनवरतस्मृतिसन्तानस्यहेतुं श्रुतिप्रमाणेन निर्वक्ति। तथाचेति। जनत्वावच्छिन्नजनशब्दप्रयोगात् सर्वत्र सर्वेषां जनानामधिकारः प्रसज्येत इत्यत आह—वैदिक इति। अज्ञानतमोऽनुवृत्तिपदं व्याचष्टे। अनादीति।

भाषानुवाद

यहाँ पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि प्रति दिन अल्प अल्प स्मरण करने से भी सदा पद की सङ्गति हो सकती है। इस शङ्का को निवारण करने के लिये श्री आचार्य पाद ने 'नितरां" इस पद का प्रयोग किया उससे यह अर्थ सम्पन्न होता है कि जैसे गङ्गा का प्रवाह अनवरत समुद्र में पड़ता है। तद्वत् मनुष्य का कर्तव्य है कि सर्वदा अपने मन को श्रीकृष्ण के चरणारविन्दों में लगाये रहे क्यों कि शास्त्र में कहा है कि "यन्मुहूर्तमिति जिस मुहूर्त जिस क्षण में वासुदेव भगवान् का चिन्तन नहीं किया वही हानि है, वही बड़ा भारी छिद्र है, वही भ्रान्ति है, वही विरुद्ध क्रिया है। अनवरत भगवान् का स्मरण हमें क्यों नहीं होता है। इस प्रश्न का उत्तर श्रुति के द्वारा प्रकाशित करते हैं। आहार शुद्ध होने पर अन्तःकरण शुद्ध होता है, अन्तःकरण शुद्ध होने से भगवान् की अनवरत स्मृति होती है। जब तक अन्तःकरण शुद्ध नहीं होता तब तक

भगवान का अनवरत स्मरण नहीं होता है। श्रीभगवान् की उपासना के अधिकारी सर्व जन हैं। यह अर्थ जन पद के प्रयोग से निश्चय होता है। यहाँ पर यह अवश्य जानना चाहिये कि 'त्रैवर्णिक' ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, इन तीनों का वैदिक उपासना में अधिकार है चतुर्थ वर्ण का पौराणिक उपासना में अधिकार है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

उपासन प्रयोजनमाह—प्रहाणयेऽज्ञानतमोऽनुवृत्तेरिति। अज्ञानतमोऽनुवृत्तेः प्रहाणये, इति योजना। अनादिकर्माख्याज्ञानमेव तमः, स्वरूपादि तिरोधानस्वभावकत्वात्। तस्यानुवृत्तिः सम्बन्धः श्रीपुरुषोत्तमप्राप्तिप्रतिबन्धकस्तस्य प्रहाणये ध्वंसायेति यावत्। स्मृति लम्भे सर्व ग्रन्थीनां विप्रमोक्ष इति श्रवणात्। "अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते। तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्। तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः। नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता" इति भगवद्वचनाच्च॥

कुञ्चिका

उक्तार्थं स्मृति प्रमाणेन द्रढयति—अनन्येति। न विद्यतेऽन्यो मद्व्यतिरिक्तः प्राप्य उपास्यो वा येषां तेऽनन्या मां परमप्राप्यदेवदेवं चिन्तयन्तो येजनाः पर्युपासते, परिसर्वतो देहेन्द्रियान्तः करणैः सेवते, तेषां नित्याभियुक्तानां नित्यमनवरतमादरेण मयि मनोऽभियुञ्जानानां योगं मत्प्राप्तिपर्यन्तस्य सर्वपुरुषार्थस्य प्रापणम् क्षेमं तत्संरक्षणं पुनस्तदपायशङ्कावर्जनमित्यर्थः। अहमेव वहामि प्रापयामीत्यर्थः।

तेषामिति॥ तेषां प्रीतिपूर्वकं भजतामेवानुकम्पार्थमनुग्रहार्थम्। आत्मभावस्थो बुद्धिवृत्तौ स्थितः सन्नज्ञानजं प्राचीनकर्मरूपाज्ञानजं तमः धर्म भूताज्ञानावरणं भास्वता प्रकाशमानेन मद्विषयकज्ञानाख्येन दीपेन नाशयामीत्यर्थं।

भाषानुवाद

अब हरि की उपासना का प्रयोजन कहते हैं। प्रहाणयेति। अनादि कर्म रूप अज्ञान रूप जो तम है वही श्रीपुरुषोत्तम की प्राप्ति का प्रति बन्धक है, उसकी निवृत्ति के लिये श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् की उपासना करनी चाहिये अर्थात् ध्रुवास्मृति होने पर सर्व ग्रन्थियों का स्खलन होता है। जो अनन्य जन होय के मेरा चिन्तन करते

हुये मेरी उपासना करते हैं, उन्हों के चतुर्विध पुरुषार्थ और मेरी प्राप्ति रूप योग तथा उन्हों की रक्षा रूप क्षेम को मैं स्वयं वहन करता हूँ। भक्तों के ऊपर अनुग्रह कर उनकी बुद्धि में स्थित होके पूर्व संचित कर्म स्वरूप अज्ञान जन्य जो तम = अन्धकार को प्रकाश मान महिपयक ज्ञान स्वरूप प्रदीप से नाश करता हूं। अतः अज्ञान की निवृत्ति के लिये भगवान् पुरुषोत्तम की उपासना करनी चाहिये।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

ननु "यद्वाचाऽनभ्युदितं येन वागभ्युद्यते। तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासत" इत्यादि श्रुतेरुपासना विषयस्य ब्रह्मत्वनिषेधात् कथमेषोपासना विधानं, कथन्तरां च परब्रह्मण उपास्यत्वमित्याशङ्कानिरासार्थं स्वसम्प्रदाय संततिं प्रमाणयन् सम्प्रदायस्यानादित्वं वैदिकत्वं चाह भगवानाचार्यः—सनन्दनाद्यैर्मुनिभिस्तथोक्तमिति।

कुञ्चिका

ध्येयस्य ब्रह्मण उपास्यत्वेन "नेदं ब्रह्म यदिदमुपासते" इत्यादि श्रुतिभिर ब्रह्मत्वप्रतिपादनात् कथमुपासनागम्यं ब्रह्मेति शङ्कते। नन्विति। स्वसम्प्रदायस्यानादित्व वैदिकत्वयोः प्रदर्शनेनोक्तां शङ्कां व्युदस्यति। स्वसम्प्रदायेति।

भाषानुवाद

यहाँ पर यह शङ्का होती है कि जो वाणी से न कहा जाय जिसकी सामर्थ्य से वाणी भी अर्थ को प्रकाश करती है, उसको ब्रह्म जानो जिसकी उपासना करते हो वह ब्रह्म नहीं है। इस श्रुति से उपासना का विषय जो वस्तु है उसको ब्रह्मत्व का निषेध हो चुका तब आपकी उपासना विधि निष्फल है। उक्त शङ्का का समाधान इस प्रकार है कि यह सम्प्रदाय अनादि और वैदिक है इस सम्प्रदाय के आचार्य भगवदवतार सनन्दनादि महर्षि हैं, उन्हों का वचन स्वतः प्रमाण हैं। क्योंकि उन्हों में भ्रम प्रमादादि दोष नहीं है अतएव श्रीसनन्दनादि मुनि आप्ततम है यह मुनिशब्दका भाव है। श्रीनारदायेति। भगवदवतार श्रीसनत्कुमारजी ने देवर्षि श्रीनारदजी से इस अर्थ को उपदेश किया उस ही तत्व को श्रीनारदजी ने मेरे को उपदेश किया उस ही अर्थ को मैंने कहा है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

सनन्दनादीनां भगवदवतारत्वात् तदुपदेशस्य प्रमाणान्तरनैरपेक्ष्यं सूचयति सनन्दनशब्दप्रयोगादेवेति भावः। मुनिभिरित्यनेन च तेषु अप्रमाण

कारणानां प्रमादादीनामयोगात् आप्ततमत्वमुक्तम् । उपदेशवैभवदानस्य सम्प्रदानोत्कर्षादपि अन्यप्रमाणनैरपेक्ष्यमित्याह—श्रीनारदायेति । अस्मद् गुरवे इत्यर्थः । तेनैव यद्यं यदुपदिष्टं तदेवात्रोक्तं मयापीति शेषः । श्रीगुरुं विशिनष्टि—अखिलतत्त्वसाक्षिणे इति । सर्वतत्त्वविषयकप्रत्यक्षानुभवाश्रय भूताय सर्वज्ञायेति ।

कुञ्चिका

तेषु = सनन्दनादिमुनिषु = प्रमादादिति । आदि ना भ्रमविप्रलिप्सा करणापाट वानां सङ्ग्रहः । अनवधानतान्यचित्ततालक्षणः प्रमादः । येनान्तिके गीयमानं न गृह्यते । यच्चनेच्छा विप्रलिप्सा । यया शिष्ये स्वज्ञातोऽर्थो न प्रकाश्यते । इन्द्रियमान्द्यं करणा-पाटवं येन दत्तमनसामपि यथावत् वस्तु न परिचीयते ।

मा ानुवाद

अखिलतत्त्वसाक्षिणे इति । सर्वतत्त्वके प्रत्यक्ष द्रष्टा चतुर्वेद समन्वित वेदार्थ रूपश्रीपञ्चरात्र के प्रवर्तक सर्वज्ञत्वादि गुण सम्पन्न श्रीनारदजी को श्रीसन-कादिकों ने जिस उपासना का उपदेश किया, श्रीनारदजी ने मेरे को उसी उपासना का उपदेश किया अतः यह उपासना अनादि सम्प्रदाय सिद्ध है ।

वेदान्त रत्नमञ्जषा

इदं महोपनिषदं चतुर्वेदसमन्वितमिति वचनात् स वेदार्थ रूप श्रीपञ्च-रात्रप्रवर्तकायेति भावः । ननु सोऽहं भगवः शोचामि तं मां शोकस्य पारं दर्शयत्वित्यादस्तस्यैव वचनेन नारदस्य शोकाश्रयत्वश्रवणात्कथं सर्वज्ञ त्वमितिचेन्न । उपदेशोत्तरकाली नादाचार्य्याणां वाक्यस्य । श्रीसनन्द-नादिचरणोपसत्तेः पूर्वं शोकवत्त्वऽपि श्रीभगवद् गुरूपदेशेन सकारणशोक निवृत्या सर्वज्ञतासिद्धेरित्यथाः । तस्म मृदितकषायाय तमसः पारं दर्शयति भगवान् सनत्कुमार इति वाक्यशेष श्रवणात् । यद्वा श्रीनारदस्य भगवतः सार्वज्ञ-योगेऽपि सर्वलोकोपकारार्थकावतारत्वाद् गुरूपसत्तिरूपाधिकारं ग्राहयितुं श्रीपुरुषोत्तमलीलाऽनुकरणवदज्ञत्वाऽनुकरणं बोध्यम् । तथाचोभयवाक्यस्य नैराकाङ्क्ष्यादविरोध इत्यर्थः ॥

कुञ्चिका

सोहं भगव इत्यादि वाक्येभ्यः श्रीनारदस्य शोकाकुलतया कथं तस्य सर्वज्ञत्व मिति शङ्कते । नन्विति ॥ आचार्यचरणोपदेशात् प्रागेव श्रीनारदस्य शोकाकुलत्वं नतु

तदुर्द्ध मपि तस्य तथात्वमित्याशयेन परिहरति नेति। प्रकारान्तरेणोक्तशंकां व्युदसितु माह यद्वेति।

भाषानुवाद

प्रश्न—सोऽहं भगवः शोचामि इत्यादि श्री नारदजी के वचनों से स्पष्ट जाना जाता है कि श्रीनारदजी शोक ग्रस्त हैं अतएव सर्वज्ञता सम्पन्न नहीं हो सकते हैं फिर उन्हीं का उपदेश कैसे प्रमाणित हो सकता है। उक्त प्रश्न का समाधान यह है कि श्रीनारदजी श्रीसनन्दन के चरण के शरणागति के पहिले शोक ग्रस्त होने पर भी शरणागति के पश्चात् श्रीसनन्दन भगवान के उपदेशानन्तर श्रीनारदजी सर्वज्ञता सम्पन्न हो सकते हैं। यह बातों "तस्मै मृदितकषायाय तमसः पारं दर्शयति" इस वचन से स्पष्ट है। अर्थात् भगवान् सनत्कुमार समस्त कषायों से रहित श्रीनारदजी को अविद्या का पार दिखलाते हैं। अथवा सर्वज्ञ होने पर भी श्रीनारदजी लोकों के कल्याणार्थ अवतार ग्रहण कर शरणागति की शिक्षा देने के लिये श्री पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण की लीला अनुकरण के समान अज्ञ का अनुकरण कर "सोहं भगवः शोचामि" इत्यादि प्रार्थनाकी।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

अयं भावः। नेदं यदिदमुपासत इत्यनेन ब्रह्मण उपास्यता निषिद्धेति सत्यं, तथापि परिच्छिन्नोपासनविषयक इति निश्चीयते। तथाचाग्नेवादौ नामाद्यनेकपरिच्छिन्नोपासनं विधायान्ते भूमविषयकोपासनस्यैवोपदेश विधानश्रवणात्। अन्यथा तदनुपपत्तेः। तथाह्यामनते छान्दोग्ये—

कुञ्चिका

उभयवाक्येति। सोऽहं भगवः शोचामीति वाक्यस्य तस्मै = मृदितकषायाय तमसः पारमिति वाक्यस्यचेत्यर्थः। उक्तश्रुतीनामध्यासादिरूपोपासनपरत्वेन तन्निषेधस्य युक्तत्वान्नोक्तलक्षणब्रह्मनिषेधपरत्वम् आरोप्यस्यैव निषेधविषयत्वं न प्रमाणसिद्धवस्तुन इति न्यायस्य सर्वसंमतत्वात् यथाऽन्यत्र नद्यादिजले गङ्गात्वमारोप्य पुनर्नेदं गङ्गात्व-मितिनिषेधसम्भवान्नसाक्षाद् विष्णुपादोदक्यां भागीरथ्यां तन्निषेधावकाशः। यथा वा पुरुषोवा वगौतमाग्नियोंषिद्वा वगौतमाग्निरित्यादिपञ्चाग्निविद्यायां योषित्पुरुष योरुपासनार्थं मग्नित्वमारोपितं रूपकरीत्या तन्निषेधश्चेदहल्येव नतु प्रसिद्धेऽग्नौ तन्नि-षेधस्पर्शः। प्रमाणसिद्धत्वात्तथा प्रकृतेऽपि अतद्वस्तुषु "मनो ब्रह्मेत्युपासीतेत्यादि श्रुत्यु-क्तेषु मनोवागादिष्वारोपितब्रह्मत्वनिषेधो न सर्वेश्वरे साक्षाद् ब्रह्मणि तत्स्पर्शः। एतच नेदं ब्रह्मेतीदङ्कारेणैवोच्यमानत्वान्नश्रुतार्थत्यागाश्रुतकल्पनाप्रसङ्गोऽवतारणीयः— ।

इदङ्कारास्पद प्रपञ्चविलक्षणं ब्रह्मेति श्रुत्यर्थः। अन्यथा प्रमितस्यैव निषेधे वेदस्यैवोन्मत्त तापत्तेः। तच्चानिष्टमेव बौद्धमतापत्तेरित्याशयेनाह, अयं भाव इति॥

भाषानुवाद

यहाँ पर यह भाव है कि "नेदं यदिदमुपासते" इस श्रुति के द्वारा विश्वात्मा वासुदेव परब्रह्म विषयक उपासना का निषेध नहीं किया किन्तु परिच्छिन्न उपासना का निषेध है। आरोप्य वस्तु का ही उत्तर काल में निषेध किया जाता है, प्रमाण सिद्ध वस्तु का निषेध नहीं होता। जैसे नदी, सरोवर कूपादि में गङ्गा का आरोप कर उत्तर काल में यह गङ्गा नहीं है किन्तु नदी है यह निषेध किया जाता है, साक्षात् विष्णु के पादोदक स्वरूप भागीरथी श्री गङ्गा में गङ्गा का निषेध नहीं होता। जैसे अग्नि विद्या में "पुरुषो वावगोतमाग्निः" इत्यादि श्रुतियों में पुरुष तथा स्त्री में उपासना के लिये अग्नि का आरोप कर उत्तर काल में उसका निषेध करते हैं, किन्तु प्रसिद्ध अग्नि में अग्नि का निषेध कोई नहीं करता वैसे ही ब्रह्म अतिरिक्त नाम वागादि में उपासनार्थ ब्रह्म का आरोप कर उत्तर काल में उसका ही निषेध "नेदमिदमुपासते" इत्यादि श्रुति करती है। यदि ऐसा न मानो तो छान्दोग्य उपनिषद में भूमा की उपासना विधान करने वाली श्रुतियों की उपपत्ति नहीं हो सकती है, अतः पूर्व उपदर्शित कथन ठीक है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

अधीहि भगव इति होपससाद सनत्कुमारं नारदस्तं होवाच यद् वेत्थ तेन मोपसीद ततस्तऊर्ध्वं वक्ष्यामीति, सहोवाच ऋग्वेदं भगवोऽध्येमि यजुर्वेदं सामवेदमथर्वाणं चतुर्थमितिहास पुराणं पञ्चमं वेदानां वेदं पित्र्यं राशिं दैवं निधिं वाकोवाक्यमेकायनं देव विद्यां ब्रह्मविद्यां भूतविद्यां क्षत्रविद्यां नक्षत्रविद्यां सर्पविद्यां देवजनविद्यामेतद्भगवोऽध्येमि सोऽहं भगवो मन्त्रविदेवास्मि नाऽऽत्मविच्छ्रुतं ह्येव भगवद्दृशेभ्यस्तरति शोकमात्मविदिति, सोऽहं भगवः शोचामि तं मां भगवाञ्छोकस्य पारं तारयत्विति, तं होवाच यद्वै किञ्चिदध्यगीष्ठा नामैवैतदित्युक्त्वा, नाम वा ऋग्वेद इत्यादिना नाम्न एव सर्वविद्यारूपतां विधाय, नामोपास्वेति नामोपासनमुपदिश्य, यो नाम ब्रह्मेत्युपासते यावन्नाम्नो गतं तत्रास्य यथा कामचारो भवतीति फलं-चोपदिष्टम्: एवमेव वाङ्मनः संकल्पादिविशेषकोपासनानामुत्तरोत्तरभूयस्त्वं तत्फलानामपि तथात्वं चोक्त्वा अवसाने भूमोपासनमुपदिष्टवान्, यो वै भूमा तदेव सुखं नाल्पे सुखमस्ति भूमैव सुखं भूमा त्वेव विजिज्ञासितव्य इति भूमानं भगवो विजिज्ञासे इति।

छान्दोग्य वचनान्युदाहरति । अधीहीमिति । एषां वाक्यानामार्थस्तु स्वयमेवोपरिष्टाद्वक्ष्यति । अस्यार्थ इत्यादिना ।

भाषानुवाद

जो पुरुष वेदाध्ययन रूप कर्म मेरा आराधन मान के कर्ता है और मत्परायण है और भक्तेतर संग से वर्जित और सब भूतों में वैर रहित जो मेरा भक्त है वह मेरे को प्राप्त होता है यह श्रीमुख का कथन है॥ २॥ शरणागति का तृतीय अंग दिखाते हैं। 'वात्सल्येति' वात्सल्य आदि गुणों का सागर और सब का आधार सबों का शरण्य श्रीहरि हैं उसके प्रपन्न अर्थात् शरणागत हम सब जन हैं अतएव श्रीहरि हमारी रक्षा अवश्य करेंगे यह निश्चय विश्वास कहलाता है। अनुकूल जन की रक्षा भगवान् करेंगे इस दृढ निश्चय को विश्वास कहते हैं। यह विश्वास सब दुखों का नाशक है। भक्तों के योगक्षेम को मैं करता हूँ। हे अर्जुन तुमको मैं सर्व पापों से निर्मुक्त कर दूंगा। यह भगवद्वचन उक्त अर्थ में प्रमाण है। अब शरणागति का चतुर्थ अंग दिखलाते हैं। सर्वज्ञइति। सबों की रक्षा करने में समर्थ और कारुण्य वात्सल्य गुणों का सागर सर्वज्ञ भगवान् हैं तो भी प्रार्थनाशून्य बहिर्मुख जनों की प्रार्थना के बिना रक्षा नहीं करते हैं। यदि जो यह वार्ता नहीं स्वीकार करेंगे तो सबों की मोक्ष हो जानी चाहिये और

शास्त्र की मर्यादा का भंग हो जायेगा। ऐसा निश्चय कर सदा प्रार्थना प्रावश्य को गोप्तृत्ववरण कहते हैं।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

निश्चित्य बुद्धेः सदैव प्रार्थनाप्रावश्यं गोप्तृत्ववरणभूतश्चतुर्थः। आत्मरक्षाविषयात्मकतद्रक्षितृत्वव्यवसायविशेष इतियावत्। अप्रार्थितो न गोपायेदिति या प्रार्थनामतिः। गोपायिता भवत्येव गोप्तृत्ववरणं स्मृतम्। प्रार्थनास्वरूपं तु श्रीकृष्णरुक्मिणीकान्त गोपीजनमनोहर। संसारसागरे मग्नं मामुद्धर जगद्गुरो। केशवक्लेशहरणनारायणजनार्दन। गोविन्दपरमानन्द मां समुद्धरमाधवेत्यादिमन्त्रैः स्पष्टं ज्ञायते। कमलनयन वासुदेव विष्णो धरणिधराऽच्युत शङ्खचक्रपाणे। भवशरणमुदीरयन्ति ये वै त्यज भट दूरतरेण तानपापानिति यमवचनाच्च। विष्णु पुराणे। अ० तृ० अ०। ९। श्लोक ३३।

कुञ्चिका

तन्नामकीर्त्तनं तदैकशरणतायैकान्तभक्तिचिह्नमित्याह। कमलनयनेति। ईरयन्तीतिवचनादर्थज्ञानमन्तरेणापि नामोच्चारणमात्रमेव पापहरमिति सूचितम्। ईरणं श्रवणादेरप्युपलक्षणम्। इत्यर्थः।

भाषानुवाद

प्रार्थना के बिना श्रीहरि हमारी रक्षा नहीं करेंगे इससे सदा प्रार्थना करते रहना इस निश्चय को गोप्तृत्ववरण कहते हैं। अब प्रार्थना का स्वरूप दिखलाते हैं कि हे श्रीकृष्ण हे रुक्मिणीकान्त हे गोपीजन मनोहर मैं संसार सागर में डूबा जाता हूँ मेरा उद्धार कीजिये। हे केशव हे परमानन्द हे क्लेश हरण हे नारायण हे जनार्दन हे गोविन्द मेरा उद्धार करो यह गोपाल तापनी में कहा है। अब श्रीविष्णु पुराण के वचनों के द्वारा उक्तार्थ प्रामाणित करते हैं। कमलनयनेति। यह उक्ति श्रीयमराज की दूतों के प्रति है। हे कमलनयन हे वासुदेव हे विष्णो हे धरणीधर हे अच्युत हे शंखचक्रपाणे आप मेरे रक्षक हैं इस प्रकार जो पुरुष प्रार्थना करते है उन पुरुषों के समीप तुम भूलकर भी नहीं जाना उन पुरुषों को दूर से परित्याग कर देना यह यमराज ने कहा है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

राजधर्मे भीष्मः त्वत्प्रपन्नाय भक्ताय गतिमिष्टां जिगीषवे। यच्छ्रेयः

पुण्डरीकाक्ष तदध्यायस्व सुरोत्तमेत्यादेश्च ॥४॥ प्रपत्तव्यस्य माधवस्यासाधारणप्रसादहेतुः प्रपत्तिरेवेति निश्चयेन तेन स्वपमाणस्यात्मनोऽहंममतास्वाम्यादीनां भारस्य श्रीभगवति अर्पणमात्मनिक्षेपः । आत्माऽऽत्मीयसन्न्यासो आत्मनिक्षेपउच्यते इतिलक्षणवचनात् , उपरिचरोपाख्याने च, आत्मा राज्यं धनं मित्रं कलत्रं वाहनानि च । एतद्भगवते सर्वमितितत्प्रोज्झितं सदेति, वाल्मीकीये भरतः । राज्यं चाहं च रामस्य धर्म वक्तुमिहार्हसीति । द्वयक्षरन्तु भवेन्मृत्युस्त्र्यक्षरं ब्रह्म शाश्वतम् । ममेति च भवेन्मृत्युर्नममेति चशाश्वतमिति भारतवचनात् ।

कुंचिका

आत्मनिक्षेपस्य स्वरूपमाह । प्रपत्तव्यस्येति ।

भाषानुवाद

शरण्य श्रीभगवान् के अनुग्रह का मुख्य कारण प्रपत्ति हैं इस निश्चय के द्वारा आत्मा की अहंता ममता और फल स्वामिता का भार श्रीहरि में अर्पण कर देना इसको आत्म निक्षेप कहते हैं। उक्त अर्थ को स्मृति प्रमाण से सिद्ध करते हैं। आत्मेति। अपने आत्मा और आत्मीय अर्थात् पुत्रकलत्रादिकों के भार को परमात्मा में त्याग कर देना इसको ही आत्म निक्षेप कहते हैं। यह वार्ता भारत में उपरिचर के आख्यान में कही है कि आत्मा राज्य धन और मित्र कलत्र वाहनादिक इन सबों को भगवान् के अर्पण किया राज्य और मैं श्रीरामचन्द्रजी का हूँ यह धर्म कहने के योग्य है यह वाल्मीकि रामायण में श्रीभरतजी का वचन है। दो अक्षर मृत्यु है और तीन अक्षर अमृत है। यह मेरा है यही मृत्यु है यह मेरा नहीं है यह अमृत के समान है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वां सर्वपापेभ्योमोक्षयिष्यामि माशुच इतिचरमोपदेशात् ॥५॥ उपायानामसिद्ध्या तद्विपरीतानामपायानां स्वतः प्राप्त्या च कर्तृत्वाद्यभिनिवेशरूपगर्वहानिः कार्पण्यम् । उपाया नैवसिद्ध्यन्तीत्यपायाविविधास्तथा इतियागर्वहानिस्तदैन्यं कार्पण्यमुच्यते, इति वचनात् । एतेषु षट्सु आत्मनिक्षेपएवाङ्गीत्वान्मुख्यः । अन्ये च तत्सहकारिणस्तदङ्गभूता इति विवेकः । किञ्च, अहमस्म्यपराधानामालयोऽकिञ्चनोऽगतिरिति लक्षणवचनेनैवाकिञ्चनोऽगतिरत्राधिक्रियते, इत्युक्तम् । तच्च मुमुक्षुत्वादीनामप्युपलक्षणम् । एवञ्चाऽकिंचनोऽनन्यगतिः सात्त्विक

भगवत्प्राप्तिकामो मुमुक्षुः सार्ववर्णिकोऽज्ञः सर्वज्ञो वा निर्विण्णोऽत्राधिकारीति वोध्यम्। तत्राकिंचनत्वं नाम सर्वसाधनानुष्ठान सामर्थ्यादिविषयककर्तृत्वादि-रूपाभिमानादिसर्वस्वशून्यत्वम्, अगतित्वं चानन्यगतित्वम्,तच्च भगवद्व्यतिरिक्तान्यसाधनफलसम्बन्धलक्षणगतिशून्यत्वम् , तदुक्तम् अकिंचनोऽगतिरिति ।

कुञ्चिका

शरणागतेः कोवाधिकारीतिजिज्ञासायामाह । किञ्चेति । अकिञ्चनत्वं निर्वक्ति । तत्रेति ।

भाषानुवाद

अब शरणागति के षष्ठ अंग कार्पण्य को दिखलाते हैं जो मैं साधन करता हूँ वह सिद्ध नहीं होता है और साधनों के नाशक प्रति बन्धकों की स्वतः प्राप्ति होती है ऐसा देखकर अपने कर्तृत्व गर्व के नाश को कार्पण्य कहते हैं। उक्त अर्थ को स्मृति के द्वारा प्रामाणित करते हैं। उपायानामिति। मेरे किये हुए उपाय सिद्ध नहीं होते हैं और नाना प्रकार के विघ्न उपस्थित होते हैं इस गर्व की हानि का नाम कार्पण्य है। इन छः अंगों में आत्मनिक्षेप मुख्य अंगी है पांच उसके अङ्ग हैं, अर्थात सहकारी कारण है। मैं सब अपराधों का आधार हूँ और मैं अकिञ्चिन हूँ मेरी और गति नहीं है इस लक्षण वचन से अकिंचन अगतिजन शरणागति का अधिकारी हैं। यहाँ पर गति शब्द मुमुक्षुत्वादिकों का उपलक्षण है कि अकिञ्चन अनन्य गति सात्त्विक मुमुक्षु भगवत्प्राप्ति काम विरागवान् सार्ववर्णिक ज्ञानी अज्ञानी ये सब हरि शरणागति के अधिकारी हैं। इनके मध्य में सर्व धर्म के अनुष्ठान करने में असमर्थ कर्तृत्वादि अभिमान शून्य को अनन्य गति कहते हैं, श्रीहरि के अतिरिक्त अन्य साधन फल और सम्बन्ध लक्षण गति शून्य जो हो वह अनन्य गति हैं। इसमें अकिंचन अनन्य गति यह वचन प्रमाण है।

वेदान्तरत्नमंजूषा

मुमुक्षुत्वंच संसृतिमोचेच्छात्वम् , मुमुक्षुर्वैशरणमहं प्रपद्ये, मुमुक्षुर्वै शरणं व्रजेदितिमन्त्रवर्णात्। सात्त्विकत्वं भगवता गीतं सात्त्विकधृतियुद्धयादिमत्त्वं तत्र द्रष्टव्यं, सर्ववर्णादिसाधारण्यंच वैष्णवे और्वेणोक्तम्। वर्णाश्रमाचारवता पुरुषेण परः पुमान्। विष्णुरारध्यते पन्थाः नान्यत्तत्तोषकारणमिति। अज्ञसर्वज्ञसाधारण्यंच शौनकेनोक्तं जितमन्त्राख्याने, अज्ञसर्वज्ञभक्तानां गतिर्गम्योभवेदिति । किञ्च यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वमित्यादिमन्त्राभ्यां

वेदमात्रार्थसंग्राहकाभ्यां ब्रह्मादिजनकत्वतदुपदेष्टृत्वसर्वबुद्ध्यादिप्रवर्त्तकत्वसर्वशरण्यत्वादिनिरूपणेन जगज्जन्मादिकारणं सर्ववेदान्तवेद्यश्चेतनाऽचेतनान्तरात्मा सर्वबुद्ध्यादिप्रवर्तकस्तत्प्रकाशको मुक्तप्राप्यो देवोऽस्याः प्रपत्तेः प्रतिपत्तव्यः ।

कुंचिका

मुमुक्षुत्वं निर्वक्ति । मुमुक्षुत्वञ्चेति । उक्तार्थं प्रमाणेन द्रढयति । मुमुक्षुरिति । सात्त्विकत्वं यदधिकारिणो विशेषणमुक्तं तं श्रीमुखवचनेन द्रढयति । सात्त्विकत्वमिति । सर्वव्यवहारासाधारणकारणभूतायाः बुद्धेः धृतेश्च गुणतस्त्रैविध्यमुक्तं तत्र सात्त्विकबुद्धिमाह । प्रवृत्तिञ्च निवृत्तिञ्च कार्याकार्येभयाभये बन्धं मोक्षञ्च यो वेत्ति बुद्धिः सा पार्थ सात्त्विकी । अ० १६ । श्लोक ३० । धृत्या यया धारयते मनः प्राणेन्द्रियक्रियाः । योगेनाव्यभिचारिण्या धृतिः सा पार्थ सात्त्विकी । अ० १८ । श्लोक ३३ । इत्यर्थः । यच्चोक्तं सार्ववर्णिकत्वं शरणागतिरधिकारिविशेषणं तं प्रमाणेन व्यवस्थापयति । सार्ववर्णादिरिति । श्लोकार्थस्तु प्राग्व्याख्यातः । अज्ञत्वं सर्वज्ञत्वमत्राधिकारिविशेषणमुपन्यस्तं तत्र मानमाह । अज्ञसर्वज्ञेति । कोवात्र त्रयाणां देवाना मध्ये प्रपत्तिविषय इतिजिज्ञासुमुपलभमानो ग्रन्थकारः सर्वकारणकारणं परात्परं पुरुषोत्तमं श्रीकृष्णं

भाषानुवाद

संसार से छूटने की इच्छावान् जन को मुमुक्षु कहते हैं। मुमुक्षु मेरी शरण होता है यह श्रुति उक्त अर्थ में प्रमाण है । सात्त्विक धृति बुद्धि सम्पन्न पुरुष को सात्त्विक कहते हैं। यह विषय गीता में निरूपण किया है वहाँ पर देख लेना चाहिये। शरणागति के अधिकारी सब वर्ण है इस विषय को श्रीविष्णुपुराण के वचन के द्वारा प्रामाणित करते हैं। वर्णाश्रमेति। वर्ण तथा आश्रम के धर्म को अनुष्ठान कर्ता पुरुष जो विष्णु भगवान का आराधन करता है और वह मार्ग भगवान् के सन्तोष का कारण है। अज्ञ पुरुष तथा सर्वज्ञ पुरुष शरणागति के अधिकारी हैं। इस बातों को श्रीशोनकजी के वचन द्वारा प्रामाणित करते हैं। अज्ञइति। अज्ञ सर्वज्ञ और भक्तों की गति भगवान् है। चतुर्मुख की उत्पत्ति का कर्ता और ब्रह्मा को उपदेश करने वाला सर्व की बुद्धि का नियन्ता सर्व शरण्य जगत्कारण वेदान्तवेद्य चेतन अचेतन विश्व का अन्तरात्मा मुक्त प्राप्य श्रीवासुदेव श्रीकृष्णचन्द्र ही शरणागति का विषय है। यह विषय गायत्री की व्याख्या में कथन कर चुके हैं।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

स च भगवान् कृष्णएवेति प्रतिपादितं तच्च पूर्वमेव गायत्रीव्याख्याने-

नोक्तम् । एवं श्रीकृष्णपदारविन्दादन्या साधनसाध्यसम्बन्धादिरूपा गतिर्जीवानां न संदृश्यते कुत्रापि श्रुत्यादिष्वितिसिद्धम् । तस्य सर्वसाधनादिरूपत्वात् । ननु हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे आदिकर्ता स भूतानां ब्रह्माग्रे समवर्त्तत, विरञ्चो वा वजगद्विरचयति विदधातीति ब्रह्मा वाव विरञ्चः । एको रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुर्यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च ।

कुंचिका

श्रुतिस्मृतिमानेन निर्णेतुमाह । विरञ्चत्यादिना, फलितार्थमाह । एवमिति हिरण्यगर्भ इति श्रुत्या सर्वप्रसिद्धया च एकत्वपूर्वकारणत्वप्रतिपादनाच्चतुर्मुख एकोः जगत्कारणमस्तित्यशङ्कते । नन्वेति । हिरण्यगर्भस्य चतुर्मुखस्य जगत्कारणत्वे श्रुतिमानमाह । हिरण्यगर्भइति । एकरुद्र इतिश्रुत्या शिवस्यैव जगत्कारणत्वं निश्चीयत इत्याशङ्कते । एको रुद्र इति ।

भाषानुवाद

इस पूर्वोपदर्शित कथन से यह सिद्ध हो चुका कि श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् के चरणारविन्द के बिना साध्य साधन सम्बन्ध फल स्वरूप गति जीवों की नहीं हैं । अब यहाँ पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि सर्व भूतों का आदि कर्ता हिरण्यगर्भ ब्रह्मा सर्व के पहिले है उसका नाम विरञ्चि भी है क्योंकि वह सर्व जगत् का उत्पत्ति कर्ता है सृष्टि के पूर्व में देवताओं की उत्पत्ति का कारण एक अद्वितीय श्रीमहादेव ही था और सत् असत् कुछ भी नहीं था एक केवल श्रीरुद्र ही रहा ।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

न सन्नचासच्छिव एव केवलः । ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानामित्यादिना ह्यन्येषामपि जगत्कारणत्वादैश्वर्य्ययोगश्रवणेन तेषामपि प्रपत्तव्यतारूपगतित्वसम्भवात् । किञ्च कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिताः जनकादयः नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ।

कुञ्चिका

तत्र प्रमाणशङ्कायां श्रुतिं पठति । न सदिति, नसन्नचासच्छिव एव केवल इत्यन्यनिषेधपुरस्कारेण शिवस्य पूर्ववर्त्तित्वं केवलत्वञ्चोच्यते । तथैवहिरण्यगर्भस्याप्यवरत्वमपि हिरण्यगर्भं पश्यति जायमानमिति । तस्यैव विश्वं प्रति कारणत्वं

भवत्वित्यर्थः। शिवस्य जगत्कारणत्वे मानमाह। ईशान इति। विधिशिवप्रतिपादकेषु पुराणेषु तयोरेवगतित्वमभिहितं जगत्कारणत्वञ्च कथं श्रीपुरुषोत्तमस्यैव गतित्वं निश्चिनुम इत्याह। ज्ञान्येषामपीति। कर्मज्ञानादीनामुपायानां स्मृतिपुराणादिषु बोधनात् कथमुक्तं श्रीकृष्णादृतेऽन्यगतिर्जीवात्मनां नास्तीतीत्याह किञ्चेति। कर्मणैवेति। कर्मणा सहैव नतु कर्मत्यागेन ज्ञानित्वेन विख्याता जनकादयः ज्ञानस्य संसिद्धिं मोक्षाख्यामास्थिताः प्राप्ता इत्यर्थः। अत्र कर्मण उपायत्वं विहितम्। ज्ञानस्याप्युपायत्वमाह। नहि ज्ञानेनेति।

भाषानुवाद

इस अर्थ में हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे इत्यादि श्रुति प्रमाण हैं। उपदर्शित श्रुतियों में चतुर्मुख और श्रीमहादेवजी को जगत्कारण और ऐश्वर्य्य सम्पन्न कथन किया है इससे वे भी प्रपत्ति के विषय हो सकते हैं आपने केवल श्रीकृष्णचन्द्र को ही प्रपत्ति का विषय कैसे कथन किया कर्म और ज्ञान उपायों को भी स्मृतियों में प्रतिपादन किया है तब कैसे आपने कहा कि श्रीकृष्णचन्द्र साधन रूप ही जीवों की गति है। उक्त अर्थ को श्रीगीताजी के वचन द्वारा प्रामाणित करते हैं कर्मणैवेति। श्रीजनकादिक कर्म के सहित ज्ञान के द्वारा मोक्ष को प्राप्त हुवे इस वचन में कर्म को उपाय दिखाया। नहि ज्ञानेन सदृश इस वचन में ज्ञान को मोक्ष का साधन दिखाया है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते तथा इत्यादिनोपायरूपगतेरपि दृश्यमानत्वात् कथमिव श्रीकृष्णादृतेरन्यगतेरभावत्वमिति चेत्तत्राह। ब्रह्मशिवादिवन्दितादिति। ब्रह्मशिवौ आदी येषां ते तथा तैर्वन्दितात् तेषां स्तुतिनमस्कारादिविषयभूतादिति यावत्।

कुंचिका

ज्ञानेन सदृशं पवित्रं पावनमिह जगति नहि विद्यत इत्यर्थः। ज्ञानरूपसाधनस्य फलं निर्वक्ति। ज्ञानाग्निरिति। ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि प्रारब्धभिन्नानि पापपुण्यरूपाणि भस्मसात् कुरुत इत्यर्थः। विधिरुद्रेन्द्रादिभ्यः भगवतः श्रीपुरुषोत्तमस्य परतमत्वं जगत्कारणत्वं श्रीकृष्णादृते रन्यगतेरभावत्वञ्च श्रुतिस्मृतिपुराणैः समर्थयति। तमेकमिति।

भाषानुवाद

इस प्रश्न का उत्तर आचार्य्यचरण ब्रह्मा शिवादि वन्दितात् इस विशेषण के

द्वारा प्रदर्शन करते हैं। चतुर्मुख श्रीमहादेव देवता और ऋषिगण श्रीकृष्ण चरणारविन्दको वंदन करते हैं।

वेदान्तरत्नमंजूषा

यं सर्वे देवा नमन्ति मुमुक्षवो ब्रह्मवादिनश्च तमेकं गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं वृन्दावनसुरभूरुहतलासीनं सततं समरुद्गणोहं परमया स्तुत्या तोषयामीत्यादिश्रुतेः। तथाच वैष्णवे एते वयं वृत्रिपुस्तथायं नासत्यदस्रौ वरुणस्तथैव इमेच रुद्रा वसवः ससूर्या समोरणाग्निप्रमुखास्तथान्ये सुरा समस्ताः सुरनाथकार्यमेभिर्मया यच्च तदीश सर्वं आज्ञापयाज्ञां प्रतिपालयन्तस्तथैव तिष्ठामः सदास्तदोषाः। अथसनत्सुजातः।

कुंचिका

उक्तार्थं श्रुतिप्रमाणेन द्रढयति। यं सर्वमिति स्पष्टम्। तमेकमिति। मुख्यं गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहम् श्रीवृन्दावने सुरभूरुहाः कल्पवृक्षास्तेषां तले आसीनम्। सततम्। अनवरतम्। मरुद्गणः सदेवगणोऽहं परमया स्तुत्या तोषयामीत्यर्थः। श्रीकृष्णचन्द्रो भगवान् देवतागणकर्तृकस्तुतिविषयः। अमुमर्थं विष्णुपुराणवचनेन द्रढयति। वैष्णवइति।

भाषानुवाद

सर्व देवगण मुमुक्षु और ब्रह्मवादि श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् को नमस्कार करते हैं। श्रीवृन्दावन के कल्पतरु के तले विराजमान सच्चित आनन्द विग्रह श्रीगोविन्द की मरुद्गण सहित मैं नित्य स्तुति करता हूँ यह श्रीगोपाल तापनी में कहा है। यह श्रुति उक्तार्थ में प्रमाण हैं। श्रीवृत्रासुर कहता है कि इन्द्र और ये अश्वनीकुमार वरुण रुद्र और वसु आदित्य अग्नि, वायु और समस्त देवता और मैं ब्रह्मा ये सब आपकी प्रार्थना करते हैं। जो कार्य हो उसकी आज्ञा दीजिये हम सब आपकी आज्ञा का पालन करते हुए सदा निरस्त दोष हम सब आपकी समीप में स्थित रहें।

वेदान्तरत्नमंजूषा

यदुक्तं महज्योतिर्दीप्यमानं महद्यशः तद्वै देवा उपास्यन्ते यस्मादर्को विराजते योगिनस्तं प्रपश्यन्ति भगवन्तं सनातनं वैष्णवे अदितिः ब्रह्माद्याः सकलादेवा मनुष्याः पशवस्तथा विष्णुमायावर्त्तमोहांधतमसावृताः आराध्य त्वाममीप्सन्ते कामानात्मविशुद्धये तत्रैव बलभद्रः सेन्द्रैः रुद्राश्विवसुभिरादित्यैर्मरुदग्निभिः चिन्त्यसे त्वमचिन्त्यात्मन् समस्तैश्चैव योगिभिः।

उक्तार्थं सनत्सुजातवचनेनापि द्रढयति। यदुक्तमिति।

श्रीभारत के उद्योग पर्व में श्रीसनत्सुजात कहते हैं कि अत्यन्त प्रकाशमान महान् ज्योतिस्वरूप श्रीभगवान् निज धाम में विराजमान है। जिसका यश जगत् में फैला हुआ है उसकी सब देवता उपासना करते हैं। वह एक जगत्कारण है, जिसके प्रकाश से सूर्य प्रकाश करता है उस सनातन भगवान् को योगिजन देखते हैं। विष्णुपुराण में,श्रीअदितिजी का वचन है कि ब्रह्मादिक देवता मनुष्य और पशु ये सब विष्णु की माया रूप महावर्त में पड़े हुए हैं। मोह रूप महा अन्ध से आवृत हैं। हम सब वांछित फल की इच्छा करते हुए अपनी आत्मा की शुद्धि के लिये आपकी आराधना करते हैं। विष्णुपुराण में श्रीबलभद्रजी की यह उक्ति है कि आपका स्वरूप अचिन्त्य है इन्द्र सहित सब देवगण और योगी आपका ध्यान करते हैं।

वेदान्तरत्नमंजूषा

तत्रैव नागपत्न्यः ज्ञातोऽसि देवदेवेश सर्वज्ञस्त्वमनुत्तमः। नसमर्थाः सुराः स्तोतुं यमनन्यभवं विभुम्। तत्रैव कालियः ब्रह्माद्यैरर्च्यते दिव्यैर्यश्चपुष्पानुलेपनैः नन्दनादिसमुद्भूतैः सोऽर्च्यते वा कथं मया। तत्रैव यमः अहममरगणार्चितेन धात्रा यम इत्यादि सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः। कस्माच्चतेन नमेरन् महात्मन् गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे। स्वस्तित्युक्त्वा महर्षिसिद्धसंघाः स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः पुष्कलाभिरिति श्रीमगवद्गीतायाम् अर्जुनः! राजधर्मे वैशम्पायनः—ततस्ते व्यास सहिताः सर्व एव महर्षयः। ऋग्यजुः सामसंयुक्तैर्वचोभिः कृष्णमर्चयन्। नारायणीये श्रीकृष्णः। ऋषिभिर्ब्रह्मणाचैव विबुधैश्च

तत्रैवेति विष्णु पुराणे पं० अं० अ०७ श्लोक ४२।

कुञ्चिका

ज्ञातोऽसीति। न विद्यते उत्तमो यस्मादनुत्तमः। देवदेवेश इति। देवानामिन्द्रादीनां देवा उत्कृष्टाः चतुर्मुखरुद्रास्तेषामीशः नियन्ता श्रीपुरुषोत्तम इत्यर्थः। अनेन भगवतोविधिशिवादिभ्यः परतमत्वं बोध्यते। तत्रैवेति। विष्णुपुराणे पं० अ०अ०। श्लोक ६६। विधिशिवादिपूज्यत्वमाह। ब्रह्माद्यैरिति। तत्रैव यम इति तृ० अं०। अ० ८। श्लोक १५। अहममरगणार्चितेनेति। धात्रा ईश्वरेण हिताहिते हितप्रवर्त्तने अहितनिवर्त्तने च। अत्राप्यमरगणार्चितेनेतिविशेषणेन चतुर्मुखादिपूज्यत्वोक्त्या विष्णुरेव

देवतानां गतिरिति ध्वनितम्। लोकहिताहिते, इत्यनेन च न वैष्णवानां प्रभुरिति-रफोरितम्। नियुक्तइत्युक्तया स्वस्य पारतन्त्र्यमुक्तं भवतीतिभावः। उक्तार्थं श्रीमुखवच-नेनापि द्रढयति। सर्वे नमस्यन्तीति। सिद्धानां, तपोमन्त्रादिसिद्धिप्राप्तानां सङ्घाः समूहाः नमस्यन्तीत्यर्थः।

कस्मादिति। हे महात्मन् ते तुभ्यं महर्षिसिद्धसङ्घाः कस्माच्चनमेरन्। नमस्कारं न कुर्युः। कथम्भूताय ते ब्रह्मणोहिरण्यगर्भस्यापि गरीयसे गुरुतमाय आदिकर्त्रे ब्रह्मणोऽपि जनकाय हे अनन्त त्रिविधपरिच्छेदशून्य, देवेश सर्वदेवाधीश, जगन्निवास सर्वचेतनाचेतनजगदाश्रय, इत्यर्थः। स्वस्तीति। महर्षिसङ्घा जगद्विनाशायनिमितानि वक्त्राण्यग्निज्योतिषिमहोल्कानीवोपलक्ष्य जगतः स्वस्तिभूयादित्युक्त्वा सर्वलोकरक्षणाय त्वां पुष्कलाभिर्मदर्थयुक्ताभिः स्तुतिभिर्भगवन्माहात्म्यप्रतिपादिकाभिर्वाग्भिः स्तुवन्तीत्यर्थः। श्रीवेदव्यासप्रमुखैर्निखिलमहर्षिभिश्चतुर्भिर्वेदवचनै रर्च्यत्वं श्रीकृष्णएवार्च्यते इति।

भाषानुवाद

विष्णु पुराण में नागपत्नियोंजी ने कहा कि हे देव हे देवेश तुमको जाना तुम से उत्तम दूसरा कोई नहीं है आपकी स्तुति करने में देवता गण भी समर्थ नहीं हैं आपका कारण कोई नहीं है तुम व्यापक हो। वहाँ पर श्रीकालियनाग ने कहा सब देवता नन्दन वन के दिव्य पुष्प और चन्दनादि के द्वारा आपकी पूजा करते हैं। मैं आपकी सेवा कैसे कर सकता हूँ विष्णु पुराण में धर्मराज ने कहा कि देवगण करके अर्चित जो श्रीहरि उन्होंने मेरे को लोको के हित और अहित विचार करने के लिये नियुक्त किया सब सिद्धो के संघ तुमको नमस्कार करते हैं। इससे सिद्ध हो चुका कि चतुर्मुख प्रभृति देवगण से पूज्य भगवान् है वह देवताओं की गति है,लोक के हित और अहित की निवृत्ति में मेरे को नियुक्त श्रीहरि ने किया इस कथन से यह सिद्ध हुआ कि मैं सर्वथा परतन्त्र हूँ। और जगत् सब चतुर्मुख से गुरुतर हो और आदि कर्ता हो अतएव स्वस्ति अर्थात् मङ्गल हो ऐसे उच्चारण करते हुये महर्षि और सिद्धों के समूह तुम्हारी स्तुति करते हैं। यह श्रीमद्भगवत गीता में श्रीअर्जुन का वचन है। राज धर्म में वैशम्पायन ने कहा कि श्रीवेदव्यास सहित सर्व महर्षि ऋगादि वचनों के द्वारा श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् का अर्चन करते हैं।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

सुपूजितः। उवाच देवमीशानमीशः स जगतोहरिरित्यादिस्मृतिभ्यश्च आदिना श्रीसनत्कुमारनारदकश्यपादिमुनीन्द्रादयो गृह्यन्ते। तत्र ब्रह्मा ओंनमो-

विश्वरूपाय विश्वस्थित्यन्तहेतवे। विश्वेश्वराय विश्वाय गोविन्दायनमो नमः। इत्यादि मन्त्रेभ्यः। अथ वैष्णवे सत्त्वादयो न सन्तीशे यत्र च प्राकृतागुणाः। सशुद्धः सर्वशुद्धेभ्यः पुमानाद्यः प्रसीदतु।

कुञ्चिका

वैशम्पायनवचनेन द्रढयति। राजधर्मेइति। उक्तार्थेश्रीकृष्णस्यवाक्यमुदाहरति। नारायणीय इति। उक्तवचनैः श्रीकृष्णस्य ब्रह्मशिवादिवन्दितपदत्वं समर्थितमेतावता प्रबन्धेनेतिभावः। ब्रह्मशिवादिवन्दितपदादित्यत्र यदादिपदमुपन्यस्तं तं व्याचष्टे। आदिनेति चतुर्मुखेन वन्दितो भगवानित्याह। तत्रब्रह्मेति। तेषु।

प्र ६ अं० अ० ६। श्लोक ४४

सत्त्वादय इति सत्त्वादिप्राकृतगुणशून्यत्वम् अतः सर्वभूतेभ्यः शुद्धइत्यर्थः।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

तत्रैव नमामः सर्वं सर्वेशमनन्तमजमव्ययम्, लोकधामधराधारमप्रकाशमभेदिनम्। यत्र सर्वं यतः सर्वमुत्पन्नं सत्पुरःसरम् सर्वभूतश्रयोदेवः परात्मापि यःपरः॥

नमामीति सर्वं सर्वरूपं सर्वेशं, सर्वेश्वरञ्च अव्ययमपक्षयादिविकाररहितम् लोकधामधराधरं लोकानां पृथिव्यादीनां धाम्नामण्डानां धराणां प्रभावतामिन्द्रादीनामाधारम्। इन्द्रादीनां प्रभावो यदाश्रय इत्यर्थः, अप्रकाशम् सर्वस्य न प्रकाशम्। नाहं प्रकाशः सर्वस्येति श्रीमुखवचनात्। अभेदिनम् भेदानर्हमित्यर्थः। प्र० अं० अ० ६ श्लोक ४० ॥

भाषानुवाद

श्रीनारायणीय आख्यान में श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् के वचन हैं कि चतुर्मुख समस्त ऋषि और देवताओं से पूजित सब जगत् ईश श्रीहरि ने श्रीशिवजी के प्रति कथन किया है। उपदर्शित श्रुति स्मृति वचनों के द्वारा यह सिद्ध हो चुका कि श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् ही सबों की गति है। शिवादि इस श्लोक में आदि पद से श्रीसनत्कुमार नारद कश्यप अदिति और इन्द्र आदिकों का ग्रहण हैं। ब्रह्मा का वचन यह है कि तुम विश्व रूप हो विश्व की उत्पत्ति स्थिति संहार के कारण विश्व के ईश्वर गोविन्द को नमस्कार है। विष्णु पुराण में श्रीब्रह्माजी का वचन है सत्त्वादय इति। प्रकृति के गुण रजोगुण तमोगुण ये ईश्वर में नहीं रहते हैं। अतः सर्वभूतों से शुद्ध श्रीहरि हैं।

कुंचिका

यत्र सर्वमिति अ० अं। अ० ६ श्लोक ४७॥ यत्रेति यच्छब्दानां स आद्य पुमान् प्रसीदत्वितितृतीयेनान्वयः यत् सर्वं विश्वमुत्पन्नं प्रादुर्भूतम् अनेन जगत्कारणत्वमुक्तं भवति पराणामक्षरादीनामपि यः परः पुरुषः तथाश्रुतिः इन्द्रियेभ्यः पराह्यर्था ह्यर्थेभ्यश्च परं मनः। मनसस्तु पराबुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान्परः। महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परइत्यर्थः।

भाषानुवाद

सब रूप सर्वेश्वर सर्व नियन्ता और जन्म नाश विकार शून्य श्रीहरि है। और पृथिवी धाम=सर्व ब्रह्माण्ड इन्द्रादि देवतागणों का आधार है। श्रीहरि का प्रकाश सबों को नहीं होता है अभेदिनम्=भेद के अनर्ह है श्रीहरि में जगत है। जगत् की उत्पत्ति का कारण सबों से उत्कृष्ट भगवान् हैं। योगिजन और मुमुक्षु उसको चिन्तन करते हैं उसको नमस्कार है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

योगिभिश्चिन्त्यते योऽसौ मुक्तिहेतुर्मुमुक्षुभिः। पुनस्तत्रैव नमोनमस्ते-ऽस्तु सहस्रमूर्ते सहस्रबाहो बहुवक्त्रपाद। नमोनमस्ते जगतः प्रवृत्तिविनाशसंस्थानकराऽप्रमेयः। तत्रैवासुरक्षिताः। आराधनाय लोकानां विष्णोरीशस्य यां गिरम्

कुञ्चिका

परः परस्मात् पुरुषात् परमात्मस्वरूपधृक् इति योगिभिरित्यस्य पूर्वार्द्धम्।

अस्यार्थः पर इति। तस्मात् परस्मादव्यक्तात् तत्प्रेरकात् कारणात्मनः पुरुषादपि यः परः यतः परमात्मैव स्वरूपधृक् मूर्तिधारी अतएव योगिभिश्चिन्त्यते योऽसाविति।

भाषानुवाद

भगवान् के हजार मूर्ति और हजार भुजा बहुत मुखचरणारविन्द है। और जिसके द्वारा जगत् की उत्पत्ति स्थिति संहार हो जाता है। विष्णु पुराण में कहा है कि जगत् के ईश्वर श्रीविष्णु भगवान् के आराधन के लिये जिस वाणी को मैं कथन करूँगा उस वाणी के द्वारा सब के आदिम भगवान् प्रसन्न हों।

वेदान्त-रत्न-मञ्जूषा

वक्ष्यामो भगवानाद्यस्तथाविष्णुः प्रसीदतु। यतो भूतान्यशेषाणि प्रसूतानि महात्मनः। यस्मिंश्च प्रलयं यान्ति कस्तंस्तोतुमधीश्वरः। पुनस्तत्रैव

यस्य प्रसादादहमच्युतस्य भूतः प्रजासृष्टिकरोऽन्तकारी क्रोधाच्चरुद्रः स्थितिहेतु-भूतो यस्माच्चमध्ये पुरुषः परस्तात् अथ हरिवंशे नृसिंह-चरित्रे, भगवन् वेद विश्वात्मा पुरुषः शाश्वतोध्रुवः । नमो वृषभध्वजाय इतिमन्त्रवर्णात् हरिवंशे वाणवन्धने-कृष्णकृष्णमहाबाहो जाने त्वां पुरुषोत्तमम् । लोकानां त्वं गतिः देव त्वत्प्रसूतमिदं जगत् । वन्देऽहं त्वां जगन्नाथ जगतामीश्वरं हरिम् ॥ तत्रैव कैलासयात्रायाम् । यत्तत्कारणमाहुस्त्वां साङ्ख्याः प्रकृतिसंज्ञकम् त्रिधाभूतं जगद्योनि प्रधानं कारणात्मकम् पुनस्तत्रैव । नमो भगवते तुभ्यं वासुदेवाय वेधसे यस्य भासा जगत्सर्वं भासते नित्यमच्युत अथ ।

कुंचिका

स्पष्टम् ।

भाषानुवाद

जिस भगवान् से सर्वभूतो की उत्पत्ति और प्रलय होता है उस भगवान को कौन स्तुति कर सकता है । जिस भगवान के अनुग्रह से मैं सृष्टि का कर्ता ब्रह्मा हुआ जिसके क्रोध से जगत् के संहार कर्ता श्रीमहादेवजी हुये श्रीहरि पुरुष रूप से जगत् का पालन करते हैं ।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

सनकादयोहरिवंशे, अस्तुवन् भक्तिनम्रास्तं सनकाद्या मुनीश्वरा जयदेव जगन्नाथ भूतभावन भावन । नताःस्म भूतादीनामादिदेवमजं जनित्रं सकलस्य जन्तोः । परावरेशं वरदं वरेण्यं नमोनमः सत्यपते जगत्पते । वैष्णवे च, जयेश्वराणां परमेश केशव प्रभो गदाशङ्खवरासिचक्रधृक् । प्रसूतिनाशस्थिति हेतुरीश्वरस्त्वमेव नान्यत् परमं च यत्पदम् । हरिवंशे नारदः । नमः कृष्णाय हरये वेधसे भूतधारिणे । देवदेव जगन्नाथ नमस्ते चक्रधारिणे ।

कुंचिका

स्पष्टम् ।

भाषानुवाद

हरिवंश में नरसिंह स्तोत्र में कहा है कि सांख्य और योग में तत्त्व अर्थ में परिनिष्ठावाली जो बुद्धि होती है उसको हे भगवन् आप जानते हो, क्योंकि आप सर्व के

आत्मा परिपूर्ण सदा एक रस निश्चल हो। श्रीहरि को शिव वृषभध्वज नमस्कार करते हैं। हरिवंश में बाणासुर बन्धन के प्रकरण में, हे कृष्ण! हे कृष्ण!! हे महाबाहो!!! तुमको मैं पुरुषोत्तम जानता हूँ, आप ही जगत् की उत्पत्ति और गति हो। आप ही इस जगत् के स्वामी और नियन्ता हो, मैं आप को वन्दन करता हूँ, कैलाशयात्रा में कहा कि जिस हरि को जगत् का कारण प्रकृति कहते हैं त्रिविध जगत् के अभिन्न निमित्तोपादान तुम ही हो। जगत् के कर्ता वासुदेव हैं, जिसके प्रकाश से जगत् प्रकाशित होता है। हे अच्युत! तुमको नमस्कार है। भक्तिपूर्वक श्रीसनकादि श्रीहरि की स्तुति करते हैं कि सर्व भूतों के आदिकारण जन्मादि विकार रहित और सबके जनक सबके ईश सबों को वरदाता जगत् और सत्य के पति हो, आपको नमस्कार है। विष्णु पुराण में, हे ईश हे केशव शङ्ख गदा खड्ग चक्रधारी हे ईश्वर जगत् की उत्पत्ति स्थिति नाश के कारण श्रीहरि हैं आपकी स्तुति हम सब करते हैं। श्रीहरिवंश में, श्रीनारदजी का वचन है दुःखों के हर्ता भक्तों के धारण कर्ता देवों के देव जगन्नाथ चक्रधारी श्रीकृष्णचन्द्र को नमस्कार है।

वेदान्तरत्नमंजूषा

नम ॐ ङ्कारस्वरूपाय त्रिरूपाय विष्णवे मोऽस्तु देव जगन्नाथ यो दृष्टो ब्रह्मवादिभिः यं प्राप्य न निवर्त्तन्ते योगिनो यतचेतसः। वैष्णवे। प्रह्लादः नमस्ते पुण्डरीकाक्ष नमस्ते पुरुषोत्तम नमोऽस्तु विष्णवे तस्मै नमस्तस्मै पुनः पुनः यत्र सर्वं यतः सर्वं यः सर्वः सर्वसंश्रयः। तत्रैव ध्रुवः भूतादीनां समस्तानां गन्धादीनां च शाश्वतः। बुद्ध्यादीनां प्रधानस्य पुरुषस्य च यः परः। तं ब्रह्मभूतमात्मानमशेषजगतः परम् प्रपद्ये शरणं शुद्धं त्वद्रूपं परमेश्वर तत्रैव प्रचेतसः।

कुञ्जिका

सर्वात्मत्वं सङ्क्षेपतः स्मरन् प्रणमति ओमिति यत्र सर्वं प्रलये तस्मै नमः यतः सर्वं सृष्टौ तस्मै नमः। यः सर्वं स्थितौ पुनः तस्मै नमः अतएव तस्य यः संश्रय आधार आत्मा तस्मै नमः इत्येवं नमस्यावस्थाभेदात् नमस्काराद्वृत्तिरित्यर्थः।

भाषानुवाद

ओंकार स्वरूप और वेदत्रयी रूप सर्व व्यापनशील हो, इस प्रकार ब्रह्मवादी आपको देखते हैं। जिस श्रीहरि को प्राप्त होय के फिर लौट के योगी संसार में नहीं

आते हैं,विष्णुपुराण में श्रीप्रल्हादजी का वचन है। हे पुण्डरीकाक्ष हे पुरुषोत्तम तुमको बार बार नमस्कार है सर्व जगत् के कारण और सबके आधार सर्व रूप आपको नमस्कार है, विष्णुपुराण में श्रीध्रुवजी का वचन है,पृथिवी आदि सकल महाभूतऔर गन्धादि और पुरुष प्रधान इनसे परे हो सकल जगत् के आत्मा हो। और ब्रह्मस्वरूप शुद्ध हो, ऐसे आपके स्वरूप को मैं शरणागत होता हूँ। विष्णु पुराणमें प्रचेताओं का वचन।

वेदान्तरत्नमंजूषा

नताःस्म सर्ववचसां प्रतिष्ठा यत्र शाश्वती । तमाद्यं तमशेषस्य जगतः परमं विभुम् तत्रैवादितिः । नमस्ते पुण्डरीकाक्ष भक्तानामभयङ्कर । प्रणेतर्मनसो बुद्धिरिन्द्रियाणां गुणात्मकः । हरिवंशे कश्यपः ओं नमो भगवते वासुदेवाय ओंप्रणवात्मने सपक्षग नमोऽस्तुते । वैष्णवे सोमः । पारं परं विष्णुमपारपारः परः परेभ्यः परमार्थरूपी स ब्रह्मपारः परपारभूतः परः परा णामपि पारपारः ।

कुंचिका

नता स्म इति । वि० अं० । १। अ० १४। श्लोक । २३ ।

जगद्विततया तंनत्वा चिन्मरूपतया ततः शुद्धरूपप्रमाणेन दृष्टो विष्णुः प्रचेतसाम् । तत्र प्रथमं जगत्कारणतया प्रणमन्ति, नताःस्मेत्यादि । वचसां यत्र प्रतिष्ठा सम्बन्धः । वाच्ये हि वचसां प्रतिष्ठा प्रवृत्तिनिमित्तमात्रं हि सर्वं वस्तुजातं वचसां नतु प्रधानतया वाच्यम् । यथा गुणजात्यादिकम् आद्यन्तं करोतीत्याद्यन्तम् । अतएव परमञ्च प्रभुञ्चेत्यर्थः । प्रणेत इति । प्रणेताकर्ता । गुणात्मकः । कल्याणगुणात्मकः । बुद्धेरिन्द्रियाणाञ्च प्रणेतृत्वं स्मर्यते । सपक्षगइति । पक्षेण सह गच्छतीतिसपक्षगः भक्तानां पक्षपातीत्यर्थः । यद्वा सपक्षग गरुडगामी ।

पार परमिति । पारं परं संसाराध्वनः । परं पारम् । अतः "सोऽध्वनः पारमाप्नोति यमध्वनः परमुशन्ति योगिनः" इतिश्रुतिपुराणाभ्याम् यद्वा परंपरया गुरुसम्प्रदायाविच्छेदेनोपदेश्यं रहस्यं वस्तु । यथाच्छान्दोग्ये । 'तद्वैतद्ब्रह्मा प्रजापतय उवाच प्रजापतिर्मनवे मनुः प्रजाभ्यः" इति । एवं परम्पराप्राप्तमिदं राजर्षयो विदुः इति । च । अपारपारः । पारं तीरकर्मसमाप्तावितिधातोः यद्वक्तुं नैवपार्यत इत्यादौ शक्त्यर्थे प्रयोगदर्शनाल्लक्षणया पारः शक्तिः । अपारपारः । अनन्तशक्तिरित्यर्थः । "परास्यशक्तिर्विविधैवश्रूयते इतिश्रुतेः यद्वा पारं यस्य नास्ति सोऽपारपारः, अपरिमितप्रमाण इति यन्निर्देशः । न ते विष्णोः जायमानो न जातो देवमहिम्नः परमं तमाप इति श्रुते. । अथवा अपार-

स्यासमाप्तस्यापूर्णस्य यज्ञादिकर्मणः पारः स्वकीर्तनस्मरणादिना पारयिता समापक-पूरको "वा विष्णुर्वै यज्ञस्य दुरिष्टं पाति" इत्यादि "विदुः कृष्णं ब्राह्मणास्तत्त्वतो ये तेषां राजन् सर्वयज्ञाः। समाप्तः सर्वं करोति निश्छिद्रं नामसङ्कीर्तनं तव" इत्यादि च। परः परेभ्यः कारणत्वनिरतिशयानन्दत्वादिना परेभ्यः ब्रह्मादिभ्यः परः परमार्थरूपी ब्रह्मा-दियत्नविनाशिविग्रहः अपितु सर्वशक्त्याश्रयपरमार्थदिव्यविग्रहः। परप्रयोजनानन्दस्वरूपो वा ब्रह्मपारः ब्रह्मणः प्रधानस्य पारः। अवसानभूमिः। आर्षोलिङ्व्यत्ययः यद्वा स ब्रह्मणः स वेदान् वैदिकान् पारयतीतिः स ब्रह्मपारः लयोरभेदः परपारभूतः। प्रधाना-पेक्षया परः समष्टिपुरुषः तस्य पारभूतः। प्रधानपुंसोरजयोः कारणम्। उभावेती लीयते परमात्मनि "इतिच दर्शनात्। यद्वा परेषां परस्परभिन्नानां वस्तूनां पारभूतः। असंकरकृन्मर्यादाभूतः। एष सेतुर्विधारणमितिश्रुतेः। परः पराणां परेभ्यो नित्यमुक्तेभ्यः नित्यमुक्तत्वजगद्योनित्वांशित्वादिभ्यः परः। पारपारः सर्वहेतुभूतः कालस्यापि पारः अवसानभूमिः। कालं स पचते इति यद्वा पुरकाणां व्योमादिविभुद्रव्यादीनां पारः पूरयिता पूपालनपूरणयोरितिधातोः। णिजन्ताद्घञ्चाथच्। तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वमिति। अथवा पालानां पालः रलयोरभेदः। एष हीदं। सर्वं गोपायतीति। नहि पालनसामर्थ्यमृते सर्वेश्वरता, हरेरित्यर्थः।

भाषानुवाद

विष्णु पुराण में प्रचेताओं के वचनों का सब वचनों का नित्य सम्बन्ध श्रीहरि में है और सर्व जगत् के आदि कारण सर्व के आदि सबके प्रभु और सर्व से परम श्रेष्ठ आप ही हो आपको नमस्कार है। विष्णु पु०अदितिजी का कथन हैं कि हे पुण्डरीकाक्ष हे भक्तों को अभय प्रदान करने वाले और मन बुद्धि इन्द्रियों के नियन्ता कल्याण गुणों का आश्रय श्रीहरि को नमस्कार है। हरिवंश में श्रीकश्यपजी का वचन प्रणव स्वरूप भक्त पक्ष पाती गरुड़गामी वा श्रीवासुदेव भगवान् को नमस्कार हैं। विष्णु पुराण में चन्द्रमा का वचन संसार मार्ग से पार श्रीहरि है और प्रकृति पुरुष से पर है जिसका पारावार नहीं हैं। अर्थात अनन्त शक्तिमान् है चतुर्मुखादि को से भी पर, उत्कृष्ट है परमार्थ स्वरूप श्रीहरि है। ब्रह्मपारः=चतुर्मुख के अवसान भूमि है। परपार भूत=। प्रधान की अपेक्षा से पर समष्टिपुरुष उसके पारभूत है अर्थात प्रकृति पुरुष के कारण है। परः परेभ्यः इति। नित्य मुक्तों से भी श्रीहरि पर है। पार पार इति। सर्व के कारण जीवकालादि उन्हों के भी अवसान भूमि श्रीहरि हैं।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

तत्रैवेन्द्रः । सकलभुवनसूतेर्मूर्त्तिरम्या तु सूक्ष्मा सकलविदितवेदैर्ज्ञायते यस्यनान्यैः । तमजमकृतमीशं शाश्वतं स्वेच्छयैनं । जगदुपकृतिमर्त्यं को विजेतुं समर्थः । तत्रैव पृथिवी । त्वामाराध्य परं ब्रह्म याता मुक्तिं मुमुक्षवः । वासुदेवमनाराध्य को मोक्षं समवाप्स्यति राजधर्मे । धर्मपुत्रः । नमस्ते पुण्डरीकाक्ष पुनः पुनरिन्दम । त्वमेकमाहुः पुरुषं त्वामाहुः सात्वतां पतिम् । योनित्वमस्य प्रलयश्चकृष्ण त्वमेव चेदं सृजसि विश्वमग्रे विश्वञ्चेदं त्वद्वशे विश्वयोने नमोऽस्तुते शार्ङ्गचक्रासिपाणे ॥ हरिवंशे दुर्वासाः ।

कुंचिका

त्वामाराध्येति । वि० पु० अं० अं० ४ श्लोक १८ दिवोकसामपि मुमुक्षुणामपि त्वमेव भजनीय इत्याह त्वामिति एवं परं सर्वेभ्य उत्कृष्टं ब्रह्मपुरुषोत्तममाराध्य,मुक्तिं प्राप्ताः व्यतिरेकेणाह वासुदेवमिति अनेन वासुदेवस्यैव मोक्षप्रदत्वमुक्तं भवतीत्यर्थः । जगदुत्पत्तिस्थितिलयकर्तृत्वं श्रीपुरुषोत्तमकृष्णस्यैवेत्याह योनित्वमिति ।

भाषानुवाद

विष्णुपुराण में इन्द्र की स्तुति है कि सकल भुवन की उत्पत्ति का कारण श्रीहरि का दिव्य मंगल विग्रह अति रमणीय सूक्ष्म है। उसको सकल वेदवेत्ता जानते हैं और कोई नहीं जान सकते हैं। जन्म विकार शून्य सर्व का ईश्वर सदा एक रस श्रीहरि अपनी इच्छा से लोगों के उपकारार्थ प्रकट होते हैं, उसको कोई भी पराजय नहीं कर सकता है। वहाँ पर पृथिवी का वचन परब्रह्म तुमको आराधन कर मुमुक्षु पुरुष मुक्ति को प्राप्त होते हैं। आपके आराधना के बिना किसी भी पुरुष की मुक्ति नहीं होती है। राजधर्म में श्रीयुधिष्ठिरजी का वचन यह है कि हे कमलनयन! बारम्बार आप शत्रुओं का नाश करते हो तुमको नमस्कार है। परम पुरुष और यादवों के पति आपको कहते हैं, जगत् की उत्पत्ति स्थिति प्रलय के कर्ता तुमही हो, हे विश्वयोने! हे धनुष चक्र खड्गधारी! यह सकल जगत् आपके आधीन है तुमको नमस्कार है। हरिवंश में दुर्वासाजी का वचन है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

वेदान्ते प्रथितं तेऽस्तत्त्वचेदं विचार्यते । ये च विज्ञानतृप्तास्तु योगिनो

वीतकल्मषाः पश्यन्ति हृत्सरोजे हि तवैवेदं वपुः प्रभो। वेदैर्यद्गीयते तेजो ब्रह्मेति प्रतिपाद्यते। तदेवेदं विजानेऽहं रूपमैश्वरमीश्वर। तत्रैव परशुरामः विष्णो कृष्ण हृषीकेश वासुदेव जनार्दन। जगदादि जगत्पूज्य जगदीश महेश्वर। कृष्ण सर्वस्य लोकस्य शृणु मे नैष्ठिकं वचः। तत्रैव देवी—जाने त्वां सर्वभूतानां स्रष्टारं पुरुषोत्तमम्। पद्मनाभं हृषीकेशं लोकानामादिसम्भवम् नाऽर्हसे देव हन्तुं वै बाणमप्रतिमं रणे। प्रयच्छ ह्यभयं बाणे जीवपुत्रत्व मेव चेति। मोक्ष धर्म्मे उशनाः। नमस्तस्मै भगवते देवाय प्रभविष्णवे। यस्य पृथ्वीतलं तात साकाशं वाहुगोचरे वैष्णवे पराशरः। अविकाराय शुद्धाय नित्याय परमात्मने। सदैकरूपरूपाय विष्णवे सर्वजिष्णवे राजधर्मे भीष्मः। नमस्ते भगवन्विष्णो लोकानां निधनोद्भव। त्वं हि कर्ता हृषीकेश संहर्त्ता चाऽपराजितः। विश्वकर्मन्नमस्तेस्तु विश्वात्मन् विश्वसम्भव। अपवर्गोऽसि भूतानां पञ्चानां परतः स्थित इति॥

कुञ्चिका

कारणत्वाविधानतः प्रसक्तं विकारित्वं निरस्यति अविकारायेति अनेनाचेतनाद्व्यावृत्तिः। न जायते म्रियत इति श्रुतेः। प्रत्यगात्मनोऽपि समानमविकारित्वमिति तद्व्यावृत्तिमाह शुद्धायेति। शुद्धिः क्लेशकर्मादिराहित्यम् अशुद्धास्तेसमस्तास्त्विति हि वक्ष्यति। ईदृशी शुद्धिर्मुक्तस्याप्यस्तीति तद्व्यावृत्तिमाह नित्यायेति। शुद्धत्वाकारेण नित्याय अविकारित्वशुद्धत्वनित्यशुद्धत्वादीनि नित्यसूरीणामपिसाधारणानीत्यत आह। परमात्मनइति। परो यस्मान्नास्ति सपरमः। अपराधीननियन्तृतया सर्वस्य व्यापनादात्मानित्यसूरयस्तेन परवन्तः।

अतोपदचतुष्टयेन प्रधानाद्यचेतनब्रह्मरुद्रादिभ्यो व्यावृत्तं परमस्वरूपं शोधितम्। अथज्ञानशक्त्यादिवदसाधारणं तद्वदेव सर्वं विलक्षणं स्वानुरूपं ज्योतिर्मयमादित्यवर्णं 'हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते विद्युतः पुरुषादधि" इति उपनिषत्सिद्धं स्वरूपमाह "सदैकरूपरूपायेति प्रथमोरूपशब्दः स्वभाववाची। द्वितीयरूपशब्दो विग्रहवाचकः। सर्वव्यापिलक्षणमैश्वरं गुणं व्यापयन्विशेष्यं निर्दिशति। विष्णवइति। चिदचिद्व्याप्त्या प्रसक्तं दोषं परिहरति सर्वजिष्णवइति अं० १। अ० २। ७। जयो हि परस्य स्ववशे स्थापनं तच्छीलयप्रत्ययेन व्यापिजयौस्वाभाविकाविविदर्शयतीत्यर्थः।

भाषानुवाद

वेदान्त में विस्तृत रूप से तेज का प्रतिपादन किया है। विचार करने से यह

निश्चित् होता है कि वह तेज श्रीहरि का ही है। जिन योगिजनों का पाप दूर होगया अतएव अनुभव जन्य ज्ञान से तृप्त हो गये हैं वे, योगिजन हृदय कमल में आपके दिव्य मंगलविग्रह को साक्षात देखते हैं। हे प्रभो! वेदों ने जिस तेज को गायन किया है और ब्रह्म स्वरूप का प्रतिपादन किया है वह रूप आपका ही है, हे ईश्वरेश्वर ऐसा मैं जानता हूँ। हरिवंश में श्रीपरशुरामजी का वचन है, हे विष्णो! हे कृष्ण! हे हृषीकेष! हे वासुदेव। हे जनार्दन! हे जगत के आदि! हे जगत्पूज्य! हे जगदीश! हे महेश्वर! हे श्रीकृष्ण! आप सर्वलोक के स्वामी हो, मेरे यथार्थ वचन को श्रवण कीजिये। हरिवंश में देवी का वचनहै, सर्वभूतो के रचयिता पुरुषोत्तम है, मैं इस प्रकार तुमको जानती हूँ जिसके नाभि कमल से चतुर्मुख उत्पन्न हुआ और इन्द्रियगण के नियन्ता सब लोकों के आदि कारण हो आप बाणासुर को मारने के योग्य नहीं हो, मेरे पुत्र को जीवनदान देकर अभय कीजिये। मोक्ष धर्म में शुक्राचार्य का वचन प्रभावशाली प्रकाश स्वरूप भगवान को नमस्कार है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

ननु नमस्ते शितिकण्ठाय नीलग्रीवाय वेधसे इत्यादिभि श्रीभगवता कृतस्यापि शिवस्तवस्य प्रसिद्धत्वात् कथं ब्रह्म शिवादिवन्दनीयः श्रीकृष्ण एवेति, नान्य इति चेन्न। एतस्याः शङ्कायास्तत्रैव शिवेनैव निराकृतत्वादेव तथाहि श्रीभगवति तपस्यति सति इन्द्रादयो देवाः सर्वे महर्षयश्च तेन संशयेन ग्रस्ताः सन्तस्तत्रगत्वा तपस्तप्यन्तं शिवार्चनादिकुर्वन्तं श्रीभगवन्तं दृष्ट्वा परम विस्मयं प्राप्ताः इत्याह वैशम्पायनस्तत्रैव। तत इन्द्र स्वयं तत्र आरुह्य गजमुत्तमम्।

कुञ्चिका

नमस्ते शितिकण्ठाये त्यादिवचनैः श्रीविष्णु कर्तृका स्तुतिः रुद्रस्य क्वचित् श्रूयते अतः शिवस्यैवपरत्वं वक्तव्यं तथा सति ब्रह्मशिवादिवन्दितत्वं भगवतो विरुद्धेतेति शङ्कते, नन्विति तादृशशङ्कानिरसनाय तत्रत्यामाख्यायिकां दर्शयति तथाहीत्यादिना

भाषानुवाद

श्रीपराशर के वचन वि० पु० परमात्मा शुद्ध नित्य और विकार रहित सदा एक रस व्यापनशील सर्व के जय करने वाले हैं। राजधर्म में श्रीभीष्म का वचन है हे भगवन्! हे विष्णो! जगत के कर्ता लोको की उत्पत्ति नाशकर्ता इन्द्रियों के नियामक शत्रु सब के संहार कर्ताओं को जय कर्ता विश्व के करने वाले विश्व के आत्मा तुमको

नमस्कार है, प्राकृत इन्द्रियों के विषय श्रीभगवान् नहीं हैं। श्रीहरि ही सब प्राणियों की मोक्ष हैं। यहाँ पर यह शङ्का उपस्थित होती है कि श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् ने श्रीमहादेवजी को शितिकण्ठ नील ग्रीव को नमस्कार इत्यादि स्तोत्र के द्वारा स्तुति करी है और पुत्रोत्पत्ति के लिये श्रीमहादेव का आराधन भी उन्होंने किया, यह कथा हरिवंश में कैलाश यात्रा प्रकरण में प्रसिद्ध है, इससे शिव परम उपास्य हैं कैसे आपने कहा कि कृष्ण के बिना और गति नहीं है। इस शंका का निवारण उस ही प्रकरण में श्रीमहादेवजी ने स्वयं किया है। वह यह है कि जब भगवान् तप करने लगे तब इन्द्रादि देवतागण और महर्षि गणों के हृदय में बड़ा संशय हुआ उसको दूर करने के लिये जहाँ पर भगवान् तप करते रहे वहाँ पर देवतागण गये और देखा कि श्रीशिव का आराधन श्रीहरि कर रहे हैं। यह कथन वैशम्पायन का राजा जन्मेजय के प्रति है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

द्रष्टुं सर्वेश्वरं विष्णुं तपस्यन्तं समाययौ। ततो यमस्तु भगवानारुह्य महिषं वरम् किन्नरैश्च स्वयंसाक्षादाययौनगमुत्तमम् प्रचेता हंसमारुह्य वारुणैश्च समन्वितः। श्वेतच्छत्रसमायुक्तः श्वेतव्यजनवीजितः। ययौ कैलाशशिखरं द्रष्टुं केशवमञ्जसा अन्येचापि तथा देवा आदित्या वसवस्तथा। रुद्राश्चैव तथा राजन् द्रष्टुं केशवमाययुः। सिद्धाश्च मुनयश्चैव गन्धर्वायक्षकिन्नराः। पर्वतोनारदश्चैव, तथान्ये मुनिसत्तमाः। विस्मयस्थितलोलाक्षाः सर्वे देवगणास्तथा। आश्चर्यं खलुपश्यध्वं न भूतं न भविष्यति। योगिध्येयः स्वयं कृष्णो यत्तप्यति गुरुः स्वयमिति। पुनश्च शिवागमनस्तवनादेः पश्चात्तेषां भगवद्विषयकासम्भावना विपरीतभावना बाहुल्ययोगं दृष्ट्वा श्रीभगवताऽन्यपूजनादेरयथार्थत्वम्" अन्यैश्च भगवत्पूजनादेर्याथात्म्यं दर्शयँस्तेषामसम्भावनादिनिवृत्तये प्रथमं भगवन्तं शिवः स्तौति। इत्याह वैशम्पायनः। इत्युक्त्वा पुनराहेदंयाथात्म्यं दर्शयन्निव। मुनीनां श्रोतुकामानां यथात्म्यं तत्र सत्तमः।

भाषानुवाद

ऐरावतहस्ति पर चढ़ के देवताओं का राजा इन्द्र तप में स्थित भगवान् को देखने के लिये कैलाश में आया। किन्नरगण सहित यमराज और वरुण आदित्य वसु प्रभृति देवगण श्रीकेशव भगवान् के दर्शन करने के लिये वहाँ पर उपस्थित हुये सिद्ध किन्नरगधर्व पर्वत मुनि श्रीदेवर्षि श्रीनारद और मुनि श्रेष्ठ कैलाश में श्रीहरि के दर्शनार्थ

आये ये सब विस्मय युक्त होके बोले कि यह बड़ा भारी आश्चर्य है कि जो पूर्व में न हुआ न होगा कि सब योगियों के ध्येय जगद्गुरु भगवान् तप करते हैं,पश्चात् श्रीशिवजी प्रगट हुये उन्हों की स्तुति श्रीहरि ने की उसको देख के जब देवतागणों के मन में असंभावना विपरीत भावना उत्पन्न हुई, तब उन्हों के विपरीत भाव को श्रीमहादेवजी ने जाना देवतागण और ऋषि मुनिगणों की विपरीत भावना को निवृत्ति करते हुये, श्रीमहादेवजी ने श्रीभगवान् की स्तुति करी। इस वार्ता को वैशम्पायन कहते हैं।

वेदान्तरत्नमंजूषा

अंजलिं संपुटं कृत्वा विष्णुमुद्दिश्य शङ्करः। उमया सार्द्धमीशानो याथात्म्यं वक्तुमैहत। हरेर्कुर्वति तत्रैवमंजलिं कुरुसत्तम। मुनयो देवगन्धर्वाः सिद्धाश्च सहकिन्नरैः। अंजलिं चक्रिरे विष्णौ देवदेवेश्वरे हरौ मयि अंजलिबद्धे एतैरप्यंजलि कृता। मया स्तूयमाने भगवति तेषां शंसयादिनिवृत्तिः स्वतएव भविष्यतीतिनिश्चित्य स्तौति महादेवो भगवतः पुरुषोत्तमत्वं प्रकाशयन् यत्तत्कारणमाहुस्तत्साङ्ख्याः प्रकृतिसंज्ञकमित्यारभ्य नमस्करोमि सर्वात्मन्नमस्तेऽस्तु सदा हरेइत्यन्तेन स्तोत्रेण। किंचैवमपि तेषामसम्भावनाद्यनिवृत्तिं दृष्ट्वा तन्निवृत्तये मुनीनुपदिष्टवान्। इत्युक्त्वा देवदेवेशं मुनीनाह पुनः शिवः। एवं जानीत हेविप्रा ये भक्ता द्रष्टुमागताः एतदेवपरं वस्तु नैतस्मात्परमस्ति वः। एतदेव विजानीध्वमेतद्वः परमं तपः। एतदेव सदा विप्रा ध्येयं सततमानसैः। एतद्वः परमं श्रेयः एतद्वः परमं धनम्। एतद्वो जन्मनः कृत्यमेतद्वस्तपसः फलम्।

भाषानुवाद

पार्वती के सहित श्रीमहादेवजी अपने दोनों करकमलों की अञ्जलि कर भगवान् को उद्देश कर भगवत्तत्त्व को यथार्थ प्रकाश करने की इच्छा करी। श्रीशङ्कर की अञ्जलि को देख के मुनि देव गन्धर्व सिद्ध किन्नर इनसबों ने भी अञ्जली करी। श्रीशङ्करजी का यह अभिप्राय रहा कि मैं जब श्रीहरि की स्तुति करूँगा तब इन्हों का संशय स्वतः निवृत्त हो जायेगा, यह निश्चय करके श्रीमहादेवजी ने श्रीभगवान् की स्तुति करी श्रीशङ्कर श्रीपुरुषोत्तम को प्रकाश करने लगे कि साङ्ख्याचार्य श्रीहरि को प्रकृति अर्थात् जगत्कारण कहते हैं। यहाँ से आरम्भ कर हे सर्वात्मन् मैं आपको नमस्कार करता हूँ इत्यन्त स्तोत्र के द्वारा श्रीमहादेवजी ने श्रीहरि की स्तुति करी। तब भी देवगण की असंभावना

की निवृत्ति नहीं हुई. उसकी निवृत्ति के लिये श्रीमहादेवजी ने मुनि गण को साक्षात् उपदेश किया, कि हे विप्रा जिस श्रीहरि के दर्शनार्थ आप सब आये हो वह परात पर वस्तु श्रीकृष्णचन्द्र है,इससे परे कोई वस्तु नहीं हैं। परम इसको ही तुम जानो यह तुम्हारा तप है हे मुनिगण एकाग्रमन होके अनवरत इन्हों का ध्यान करना चाहिये वह श्रीहरि तुम्हारा परम श्रेय और परमधन परम फल है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

एष वः पुण्यनिलय एष धर्मसनातनः। एष वो मोक्षदाता च एषमार्ग उदाहृतः। एतदेव प्रशंसन्ति विद्वांसो ब्रह्मवादिनः एष ब्रह्म विदां मार्गः कथितो वेदवादिभिः। एवमेव विजानीत नात्र कार्या विचारणेति अध्यायेन शिवमुखादेव श्रीभगवतो निरतिशयपरत्वश्रेयोरूपत्व तप आदिकर्मफलत्व पुण्याधिष्ठानत्व मोक्षप्रदातृत्व मोक्षसम्प्रदायप्रवर्तकत्वादियोगं श्रुत्वा नष्टसंशयविपर्य्यया बभूवुरित्याह वैशम्पायनः। एवमुक्ता स्ततः सर्वे मुनयः पुण्यशालिनः। यथावदुपगृह्णाना निरसन् संशयं नृप। एवमेवेति। तं विप्राः। प्राहुः प्राञ्जलयो हरम्। छिन्नो नः संशयः सर्वो गृहीतार्थः स ताहृशः। एतदर्थं समायाता वयमद्य तवालयम्। सङ्गमाद्युवयोः सर्वो नष्टो मोहो महानिह यथाह भगवान् रुद्रोयतामः सततं हरौ।

भाषानुवाद

श्रीहरि के स्थान सनातन धर्म और मोक्ष के दाता शास्त्र प्रमाण के द्वारा प्रति पाद्य हैं। विद्वान् ब्रह्मवादी श्रीहरि की प्रशंसा करते हैं, ब्रह्मवादियों ने श्रीहरि को ब्रह्म वेत्ताओं का मार्ग कथन किया, इन्हों को ही परम तत्त्व तुम जानो इसमें संशय नहीं करना इस प्रकार एक अध्याय के द्वारा श्रीमहादेवजी ने अपने मुखारविन्द से निरतिशय परत्व श्रीकृष्णचन्द्र का वर्णन किया है। उनको ही परश्रेय स्वरूप तप आदि को का फल और पुण्य का आश्रय मुक्ति के दाता मोक्षसम्प्रदाय के प्रवर्तक कहा है, भगवान का परतमत्व सुन के मुनिगण और देवताओं का संशय दूर हुआ, यह सम्वाद श्रीवैशंपायन ने राजा जन्मेजय से कहा कि इस प्रकार श्रीशिवजी के उपदेश को श्रवण कर सकल मुनिगण और देवताओं ने भगवत तत्त्व को यथार्थ ग्रहण कर संशय परित्याग किया, वे सब अञ्जलि कर श्रीशिवजी से कहने लगे कि अब हमारा संदेह निवृत्त

हुआ और भगवद्विषयक यथार्थ तत्त्व को जाना, इस ही प्रयोजन से आपके स्थान में हम सब आये थे, आपके सङ्ग से हमारा मोह नष्ट हुआ, आपने जो आज्ञा करी उसका हम सब पालन और भगवान् के विषय में यत्न करेंगे।

वेदान्तरत्नमंजूषा

इति ते मुनयः प्रीताः प्रणेमुः केशवं हरिमिति किञ्च तेषामसम्भावनादि निवृत्तावपि विष्णुरुद्रयोः साम्यबुद्धेस्तादवस्थ्यं ज्ञात्वा द्वितीयस्तोत्रेण श्रीभगवतो निरस्तसाम्यातिशयत्वं विश्वेशस्तं निराकरोति इत्याह वैशम्पायनः ततः स भगवान् रुद्रः सर्वान् विस्मापयन्निव स्तुत्या प्रचक्रमे स्तोतुं विष्णुं विश्वेश्वरं हरिम् अर्थ्याभिः श्रुतियुक्ताभिर्मुनीनां शृण्वतां तदा। नमो भगवते तुभ्यं वासुदेवाय धीमहि यस्य भासा जगत्सर्वं भासते नित्यमच्युत इत्यारभ्य भूयो भूयो नमस्तेऽस्तुपाहि लोकान् जनार्दन इत्यन्तेनस्तोत्रेण स्तोत्रफलकथनेनाप्युपदिष्टवान्। ये चेमं धारयिष्यन्ति स्तवं पापविमोचनम तेषां प्रीतः प्रसन्नात्मा पठनांश्रृण्वतां हरिः श्रेयो दास्यति धर्मीस्मा नात्र कार्या विचारणा ॥ अवश्यं मनसा ध्यातः केशवं भक्तवत्सलम्। श्रेयः प्राप्तुं यदिच्छन्तो भवन्तः संशितव्रता इति।

भाषानुवाद

मुनिगण सकल देवता प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण भगवान् को प्रणाम करने लगे। श्रीकृष्ण विषय में असंभावना विपरीत भावना नष्ट हो गई। परन्तु श्रीकृष्ण और मेरे में इन्हों की साम्य बुद्धि है ऐसा श्रीशिवजी ने अपने मन में विचार किया कि उन्हों की साम्य बुद्धि के दूर करने के लिये श्रीशिवजी ने द्वितीय स्तोत्र के द्वारा भगवान् श्रीकृष्ण-चन्द्र का अतिशय साम्य शून्य महात्म्य वर्णन किया, जिससे मुनि और देवताओं को श्रीकृष्णचन्द्र श्रीशिवजी में बराबर बुद्धि थी उसकी निवृत्ति करी, यह प्रसंग वैशंपायनजी कहते हैं कि उसके अनन्तर श्रीशिवजी सर्व देवता और मुनिगण को आश्चर्य कराते हुये सबों को श्रवण कराने के लिये भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र की पुन स्तुति का श्रीशिवजी ने आरम्भ किया। भगवान् वासुदेव को मैं नमस्कार करता हूँ, इन्हों का ही ध्यान मैं करता हूँ जिन्हों की भासा के द्वारा यह समस्त जगत् प्रकाशित होरहा है, इस श्लोक के द्वारा और अन्त में यह कहा कि बार बार आपको मैं नमस्कार करता हूँ पश्चात् स्तोत्र की फलस्तुति में यह उपदेश किया कि इस पाप मोचन स्तोत्र को धारण

जो करेगा उस पर भगवान् प्रसन्न होंगे श्रोता और पाठकों को मुक्ति की प्राप्ति होयगी। इसमें विचार नहीं करना यदि तुम अपना कल्याण चाहो तो भक्त वत्सल श्रीकृष्णचन्द्र जी का ध्यान कीजिये इस प्रकार श्रीशिवजी के बारंबार उपदेश से मुनियों का संशय नष्ट हुआ कृतार्थ हुये।

वेदान्त-रत्नमंजूषा

एवमुपदेशपौनःपुण्येन निःशेषनष्टसंशयादिकास्तेकृतार्था बभूवुरित्यह ततस्ते मुनयः सर्वे परांनिर्वृत्तिमाययुः। तमेव परमं तत्वं मत्वा नारायणं हरिम्। विस्मयं परमं गत्वा मेनिरे स्वकृतार्थतामिति। तस्मात् कैलासयात्राख्यानं श्रीभगवतो निरतिशयविषयकमेवेति बोध्यम्। किञ्च दानधर्मेऽपि श्रीकृष्णस्य साम्यातिशयशून्यत्वं शिवेनैव निर्णीतम्। ऋषीन् प्रति पितामहादेः पितरः शाश्वतः पुरुषो हरिः। कृष्णो जाम्बुनदाभासो व्यभ्रः सूर्य्यएवोदितः॥ श्रीवत्साङ्को हृषीकेशः सर्वदैवतपूजितः। ब्रह्मातस्योदरभव स्तथाहञ्च शिरोभवः। सर्वज्ञः सर्वसंश्लिष्टः सर्वगः सर्वतोमुखः। परमात्मा हृषीकेशः सर्वव्यापी महेश्वर न तस्मात् परमंभूतं त्रिषु लोकेसु किञ्चनेत्यादि। किञ्च नारायणीयेऽप्याख्यानेऽर्जुन।

कुंचिका

कैलासयात्राख्यानेन भगवतः श्रीपुरुषोत्तमस्य विधिशिवादिभ्यः परमतत्वं तेभ्योऽर्चनीयत्वं वन्दनीयत्वञ्च सिद्धमिति निगमयति तस्मादिति नारायणीयोपाख्यानेनाप्युक्तार्थं द्रढयति। किञ्चेति।

भाषानुवाद

यह कथा वैशम्पायन ने जनमेजय के प्रति कथन की, पश्चात् सब मुनिगण सब देवता परम आनन्द को प्राप्त हुये, और श्रीकृष्णचन्द्र को परमतत्व निश्चय कर अपने को कृतार्थ मानने लगे। इस कथा के द्वारा यह सिद्ध हुआ कि श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् निरतिशय, परतत्व और उन्हीं के सम अन्य नहीं है। और दान धर्म में भी श्रीकृष्णचन्द्र स्वयं भगवान् का साम्यातिशून्य ऐश्वर्य वर्णन शिवजी ने ऋषियों के प्रति किया है। वह यह है कि श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् ब्रह्मादि को का पिता सदा एकरस सदा पूर्ण और भक्तों के दुःख हर्ता सुवर्ण से अधिक देदीप्यमान कान्तिमान है। और

मेघ रहित आकाश में सूर्य के समान उदय जिनों का है। और श्रीवत्स का चिन्ह आपके वक्षस्थल में विराजमान है। इन्द्रियों के नियामक सब देवताओं के पूज्य श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् हैं जिनों के उदर से चतुर्मुख और मैं उनों के मस्तक से उत्पन्न हुआ। और सर्वज्ञ सर्व का आधार सर्वत्र विद्यमान सर्वत्र उन्हीं का मुखारविन्द है। और सर्वत्र व्यापक सबों से बड़े श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् हैं, उन्हीं से अधिक कोई न हुआ न होगा इत्यादि निरूपण दान धर्म में हैं। और नारायणीय उपाख्यान में श्रीअर्जुन के प्रश्न का समाधान श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् ने स्वयं किया है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

इममेव संशयं श्रीकृष्णं पृष्ट्वा तन्मुखेनैव निर्णयं कारयामास। तथाहि भवान् सर्वेश्वरः सर्वसेव्यो जगत्कारणभूतः। कस्माद्रुद्रमपूजयदिति पृष्टे श्रीकृष्ण उवाच। अहमात्माहि लोकानां विश्वानां पाण्डुनन्दन। तस्मादात्मानमेवाग्रे रुद्रं सम्पूजयाम्यहम्। यथहं नार्चयेएनमीशानं वरदं शिवम्, आत्मानं नार्चयेत् कश्चिदिति मे भावितात्मनः। मयाप्रमाणंहिकृतं लोकस्तदनुवर्त्तते। इति सञ्चिन्त्य मनसा पुराणं रुद्रमीश्वरं पुत्रार्थमाराधितवानहमात्मानमात्मना। नहि विष्णुः प्रणमति कस्मैचिद् विबुधाय च। ऋते आत्मानमेवेति ततोरुद्रं भजाम्यहम्। सब्रह्मकाः सरुद्राश्च सेन्द्रा देवा महर्षयः। अर्चयन्ति सुरश्रेष्ठं देवं नारायणं हरिम्। भविष्यतां वर्ततांच भूतानांचैव भारत। सर्वेषामग्रणीर्विष्णुः सेव्यः पूज्यश्च नित्यशः। इति। एतदुक्तं भवति रुद्रस्य पूजायामात्मानमेवाहमपूजयं नतु रुद्रम्। ममविष्णोर्विश्वात्मत्वात् शिवस्यापि विश्वान्तः पातित्वेन मदात्मकत्वाविशेषात् विश्वस्मिंश्च मदात्मीये व्याप्ये च मम व्यापकत्वात् लोकसंग्रहार्थं तत्र तत्र स्वात्मानमेव पूजयामि, तदेव व्यनक्ति ह्यन्वयव्यतिरेकाभ्यां श्रीविष्णुरात्मानम् ऋतेऽन्यं न प्रणमतीति व्यतिरेकः सब्रह्मकाः।

कुंचिका

उक्तार्थं स्पष्टयति एतदुक्तं भवतीत्यादिना यत् उक्तं तत्। एतद्भवतीत्यर्थः।

भाषानुवाद

अर्जुन का प्रश्न आप सर्व के कारण सर्वेश्वर सब जगत् के पूज्य हो, आपने श्रीरुद्र का आराधन क्यों किया, उसका उत्तर श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् ने दिया है कि

हे पाण्डव! मैं सब भूतों का आत्मा हूँ अतएव श्रीरुद्र का भी आत्मा मैं हूँ, रुद्र को पूजा प्रवृत्ति के लिये लोक संग्रहार्थ मैंने रुद्र का आराधन किया मेरे कर्त्तव्य को सब प्रमाण मानते हैं, इससे पुत्र के उद्देश से मैंने रुद्र पूजा की सकामी जनों का श्रीरुद्र पूजा में अधिकार है, मुमुक्षु पुरुषों का अधिकार नहीं इस वार्ता को प्रसिद्ध करने के लिये मैंने सकामियों का अनुकरण किया। और रुद्र की पूजा में मैंने अपनी पूजा करी रुद्र की नहीं क्योंकि रुद्र मेरा आत्मीय है। विष्णु भगवान् अपने बिना अन्य को नमस्कार नहीं करते हैं। और ब्रह्मा रुद्र और इन्द्र सहित सब देवता सब ऋषि भगवान् को आराधन और प्रणाम करते हैं। यह अन्वयव्यतिरेक द्वारा अतिशय साम्य शून्य ऐश्वर्य श्रीकृष्णचन्द्र भगवान का निरूपण किया श्रीभगवान् जो अन्य देव का आराधन करें तो देवताओं के अन्तर्यामी श्रीहरि है इसकी पूजा करते हैं अन्य देवता की नहीं करते हैं, और नर लीला मात्र मे अन्य पूजा लोक संग्रह के अर्थ हैं जैसे नारदादि महर्षि की पूजा है यह सिद्धान्त हैं।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

सरुद्राःसेन्द्राः सर्वर्षयश्च सर्वे देवाः श्रीविष्णुं प्रणमंति अर्चयन्ति,तस्य सर्व श्रेष्ठत्वेन, अतिशयसाम्यानर्हत्वेन च सर्वपूज्यत्वादित्यन्वयः । तस्माद्भगवतान्य-पूजनं लीलामात्रं लोकसंग्रहार्थत्वात् । नारदादिपूजावदिति सिद्धान्तः । ननु यद्येवं तर्हि लोकसङ्ग्रहार्थ मेव तदन्यभक्तैरपि अवश्यं करणीयतया प्राप्तमितिचेन्न श्रुतिस्मृतिनिषिद्धत्वात् । अथ योऽन्यां देवतामुपास्तेऽन्योऽसावन्योऽहमस्मि न स वेद यथा पशुः । यो वै स्वां देवतामतिजयति परस्यां वै देवतायै क्षयते न परां प्नोति पापीयान् भवति तमेवैकं विजानथ आत्मानमन्यावाचो विमुञ्चथ इत्यादिश्रुतिभ्यः ।

कुञ्चिका

भगवत्कर्तृकशिवपूजनं नरलीलामात्रं लोकसंग्रहार्थत्वादित्युपपादयन्नुपसं-हरति । तस्मादिति । यदि लोकसङ्ग्रहार्थमेव तत्र भगवतः प्रवृत्तिः तदाप्रपन्नानामपि तदर्थं शिवपूजनमवश्यमनुष्ठेयमिति प्राप्तमितिशङ्कते । नन्विति । अनन्यभक्तैर्नैत-दभिधेयंश्रुतिस्मृतिनिषिद्धत्वादितिपरिहरति । नेति ॥ अनन्यभक्तानां श्रीपुरुषोत्तम व्यतिरिक्तदेवतोपासननिषिद्धत्वमिति दर्शयितुं श्रुतिं पठति अथ योऽन्यामितिश्रुत्यर्थ-स्तूपरिष्टात्स्वयं वक्ष्यति ।

भाषानुवाद

यहाँ पर यह शंका होती है कि यदि लोक संग्रहार्थ श्रीभगवान् ने श्रीरुद्र की आराधना करी, तब अनन्य भक्तों को भी श्रीरुद्र का पूजन करना चाहिये, इस शङ्का का समाधान यह है, कि अनन्य भक्तों को अन्य देव का आराधन नहीं करना चाहिये क्योंकि वह श्रुति और स्मृति के द्वारा निषिद्ध हैं । अथयोऽन्या देवतेति इस श्रुति का अर्थ ग्रन्थकार ने स्वयं दिखलाया है वह यह है कि सर्वेश्वर शास्त्रैक प्रतिपाद्य जगत् कारण मोक्ष दाता श्रीपुरुषोत्तम से अन्य ब्रह्म रुद्र इन्द्र आदि देवताओं की उपासना इस प्रकार से करते हैं, ये ब्रह्म रुद्रादि देवता अन्य है ईश्वर इन्हों से भिन्न हैं मैं जीव भी देवताओं से पृथक् हूँ, इस भाव से जो उपासना करते हैं वह तत्व को नहीं जानते हैं, वह पुरुष पशु के समान हैं जो मनुष्य अपने इष्टदेव का आराधन नहीं करके अन्य देवताओं का आराधन करते है, वह परतत्व को प्राप्त नहीं होते प्रत्युत अत्यन्त पाप युक्त होते हैं, तुम एक भगवान् को ही जानो अन्य वाणी को छोड़िये यह श्रुति उक्त अर्थ में प्रमाण हैं । जब अन्य विषयक वाणी निषिद्ध है और यह जो अन्य देव विषयक ध्यान अर्चनादि निषिद्ध है यह तो कहना ही क्या है, यह कह कैमुत्य न्याय सूचनार्थ उक्ति श्रुति में वाक शब्द का प्रयोग किया है।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति तस्यतस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् । स तया श्रद्धया युक्तस्तस्याराधनमीहते । लभते च ततः कामान् मयैव विहितान् हितान् । अन्तवच्च फलं तेषां तद्भवत्यल्पमेधसाम्। देवान् देवयजो यान्ति मद्भक्ता यान्ति मामपीति भगवद्वचनात् तस्मात् ।

कुञ्चिका

उक्तार्थं श्रीमुखवचनेनापि द्रढयति । योयोइति । अन्यदेवताभक्तानां मध्ये यो यो भक्तः यां यां तनुं देवतामूर्तिं श्रद्धया अर्चितुमिच्छति तदर्थं प्रवर्त्तते तस्य तस्य कामिनो भक्तस्य तामेवदेवताविषयां श्रद्धां पूर्ववासनानुरूपामचलां द्रढं विदधामि साधयामि तत्रैव नियोजयामि, नतु स्वविषयां श्रद्धां कारयामीत्यर्थः । सतयेति स कामी भक्तस्तया मद्विहितयादेवताविषयया श्रद्धया युक्तस्तस्यादेवतातन्वाराधनमीहते करोति ततो देवतातन्वाः सकाशात्कामानभिलषितान् विषयान्पूर्वसङ्कल्पितान् लभते च मयैव-विहितानिति । सर्वकर्मफलद्रव्यदात्रा तत्तद्देवताऽन्तर्यामिणा मयैव विहितांस्तदनुरा-

धनानुसारं निर्मितान नहि देवतानां स्वातन्त्र्येण फलदाने शक्तिः। हिप्रसिद्धमेतच्छास्त्रे। कर्माध्यक्षः 'सर्वभूताधिवास' इति वेदे 'एकस्तरमस्य लोकस्य स्रष्टा संहारकस्तथा। अध्यक्षश्चानुमन्ता च गुणमायाविवर्जितः" लोकयात्रा प्रसिद्धयर्थं। सृष्टब्रह्मादिरूपिणे।

भाषानुवाद

उक्त अर्थ को श्रीमुख के वचन द्वारा भी प्रमाणित करते हैं। योय इति जो जो भक्त श्रद्धा पूर्वक अन्य देवता के अर्चन में प्रवृत्ति होते हैं। उन सकामी भक्तो की तत्तद्देव विषयक श्रद्धा को पूर्ववासना के अनुसार मैं दृढ करता हूँ? देवतान्तर का भक्त सकामी उस देवता का श्रद्धा से आराधन करता है, उसको फल की प्राप्ति मेरे द्वारा ही होती है। देवतान्तर भक्त मन्दप्रज्ञ है, उन्हों को जो फल प्राप्त होते हैं, वह फल कुछ काल मे नष्ट होजाते है। देवताओं के भक्त देवता को प्राप्त होते हैं मेरे भक्त मेरे को प्राप्त होते हैं। इससे सिद्ध हो चुका कि देवान्तर के आराधन से भगवान् का आराधन अत्यन्त श्रेष्ठ है।

वेदान्तरत्नमंजूषा

श्रीभारत में राजा जनक ने श्रीशुकदेवजी के प्रति कहा है कि श्रीगुरुदेव के सम्बन्ध के विना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है, श्रीगुरुदेव संसार समुद्र के पार कर्त्ता हैं। ज्ञान नौकास्थानापन्न है सर्व साधन की प्राप्ति श्रीगुरुदेव के सम्बन्ध के आधीन है अत एव समित्पाणि होकर पुरुष को श्रीगुरुदेव के शरण में जाना उचित है। आचार्य्य की उपासना देवता के समान करनी चाहिये, जैसे किसी पुरुष को चोरों ने गन्धार देश से पकड़ कर उसके नेत्रों में पट्टीबाँध के द्रव्य लूट के निर्जन वन में उस पुरुष को छोड़ दिया वह पुरुष बद्धनेत्र पूर्व उत्तर दिशामें टकर खाता हुआ फिरने लगा कदाचित् किसी दयालु पुरुष ने उस व्यक्ति को देख के दया से उसके नेत्रों [का बन्धन खोल दिया उसने कहा कि इस तरफ गन्धार देश है इस मार्ग से तू चला जा, आगे-आगे पूछता हुआ गन्धार देश में स्थित अपने गृह को पहुँच जायेगा। वह पुरुष बुद्धिमान जैसे ग्रामान्तर से ग्राम को पूछता हुआ अपने गन्धार देश को पहुँच गया, तैसे आचार्यवान पुरुष तत्त्व को जान सकता है। यह कथा उपनिषदों में विद्यमान है॥ अब श्रीगुरुदेव का लक्षण

दिखलाते हैं कि श्रोत्रिय, शास्त्रपारगामी ब्रह्मनेष्ठ-ब्रह्म के स्वरूप-गुणादिकों का साक्षात द्रष्टा तीन वर्णों में जिसका जन्म हो, मेरी शरणागत, नित्य नैमित्तिकधर्म, परायण मेरे आराधन में तत्पर, आत्मीय परकीय में समबुद्धि हो, उसको देशिक कहते हैं। वेद-शास्त्र सम्पन्न, विष्णुभक्त मदमात्सर्यहीन और मन्त्र का भक्त सदा मन्त्र के आश्रय सदाचार-निष्ठ गुरुभक्त मदमात्सर्यहीन और मन्त्र का ज्ञाता, मन्त्र का भक्त, सदा मन्त्र के आश्रय, सदाचारनिष्ठ, गुरुभक्तियुक्त, पुराणज्ञाता, इतने लक्षणसम्पन्न जो होय वही गुरु कहलाता हैं। ऐसे श्रीगुरु की शरण में जाना चाहिये।

वेदान्तरत्नमञ्जूषा

यथा पारं न गच्छति । ज्ञानहीनं गुरुं प्राप्य कुतो मोक्षमवाप्नुयात्, इत्यादिना। अथ शिष्य लक्षणम्-'तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः, 'परीक्ष्य लोकान् कर्मचितान् ब्राह्मणो निर्वेदमायात् "नास्त्यकृतः कृतेन, तस्मै स विद्वान उपसन्नाय सम्यक् प्रशान्तचित्ताय शमान्वितायेति" श्रुतिभ्यः आस्तिको धर्मशीलश्च शीलवान् वैष्णवः शुचिः। गम्भीरश्चतुरोवीरश्शिष्य-इत्यभिधीयते, इत्यादिस्मृतेः। तत्रादौ श्रीगुरुः शिष्यं जातिगुणादिना परीक्ष्य तस्मै गुरुपरम्परोपदेशपूर्वकं विद्यामुपदिशेत। शिक्षायाः परीक्षापूर्वकत्वंविधीयते श्रीव्यासेन। नापरीक्षितचा रत्ने विद्या देया कथञ्चन। यथाहि कनकं शुद्धं ताच्छेदनघर्षणैः। परीक्षेत तथा शिष्यानीक्षेत कुलगुणादिभिः, इति, मोक्षधर्मे। परम्परोपदेशश्च स आचार्यवंशो ज्ञेयो भवति। आचार्याणामसावसौ, 'येनाक्षरं परमं वेद सत्यं,'प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्मविद्यामित्यादिश्रुतेः। परम्परा-मुपदिशेत् गुरूणां परमो गुरुः। अनुकाङ्क्षन्—

कुंचिका

तद्विज्ञानार्थमिति। तस्य वेदान्तवेद्यस्य ब्रह्मणः स्वरूपगुणादिविषयकज्ञानार्थं साक्षात्कारानुभवार्थाय। स मुमुक्षुः। परिकल्पितस्वरूपव्यवच्छेदाय-समित्पाणिरिति। उपलक्षणमेतत् पूजोपकरणस्य, यथाशक्तिपूजोपकरणहस्त इत्यर्थः। परीक्ष्येति। लोकानां कर्मजन्यत्वेन हेतुना नश्वरत्वं व्यवस्थेत्यर्थः। निर्हेतुकोनिर्वेदोऽत्र विवक्षितः। अकृतः-नित्यः, कृतेन कर्मणा,तस्मै उक्ताधिकारिणे मुमुक्षवे। विद्वान सर्ववेदान्तार्थविद्, उपसन्नाय-मायादम्भादित्यागपूर्वकाचार्यानन्याश्रिताय, तत्र हेतुः प्रशान्तचित्ताय—प्रशान्तं वितलोकैषणाशून्यं चित्तं यस्य तस्मै,अत एव शमान्वितायेति। विक्षेपादिशून्याय कामादीनां विक्षेपहेतूनां नष्टत्वात् उक्तलक्षणाय शिष्याय ब्रह्मविद्यां श्रोवाच इत्यर्थः। स्मृतिप्रमाणेन शिष्यस्य लक्षणं निर्वक्ति—आस्तिक इत्यादिना।

भाषानुवाद

उक्तलक्षण सम्पन्नरहित गुरु की शरण जाने में दोष कहा कि भिन्नानावमिति, फूटी नाव में चढ़ने से जैसे पुरुष नदी के पार नहीं होसकता है, वैसे ज्ञानहीन गुरु की शरण को प्राप्त होके शिष्य मोक्ष को नहीं प्राप्त हो सकता है। अब शिष्य का लक्षण दिखलाते हैं। भगवान के स्वरूपादि विषयक ज्ञान के लिये श्रीगुरुदेव के समीप जाना चाहिये। जैसे इस लोक में कर्म से संचित फल का नाश होता है वैसे स्वर्गलोग प्राप्त करने के साधनधर्म जन्य फल का भी नाश होता है। अतएव कर्मजन्य, फल अनित्य है इस प्रकार परीक्षा कर ब्राह्मण को निर्वेद (संसार से वैराग्य) होना चाहिये, कृत कर्म से अकृत मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती है। अतएव शिष्य श्रीगुरुदेव की शरण जाय के गुरु से प्रार्थना करे तब सर्व वेदान्तार्थवेत्ता श्रीगुरुदेव माया आदि और विक्षेपादिकों से रहित सत् लक्षण सम्पन्न शिष्य को ब्रह्मविद्या का उपदेश करें, शिष्य आस्तिक धर्म शील वैष्णव सदाचारी गम्भीर और शुद्ध चतुर धैर्यवान होना चाहिये। प्रथम श्रीगुरुदेव शिष्य की जाति गुण स्वभावादिकों के द्वारा परीक्षा करें, उसके अनन्तर आचार्यपरम्परा पूर्वक विद्या का उपदेश करें। परीक्षा पूर्वक शिष्य करना चाहिये यह वेद व्यास का कथन है। जिसके चरित्र की परीक्षा नहीं की, उसको विद्या का उपदेश नहीं करें। जैसे स्वर्ण को ताप छेदन घर्षण के द्वारा परीक्षा कर शुद्ध कर लेते हैं, वैसे शिष्य की कुल गुणादिकों से परीक्षा करनी चाहिये। यह मोक्ष धर्म में कहा है। शिष्य को आचार्य परम्परा का उपदेश करना चाहिये।

वेदान्तरत्न मञ्जूषा

सदा शिष्यं गुरुर्औरसपुत्रवत्। विद्यां समाहितो भूत्वा प्रापयेदुपधिं विना। तथोपनिषदोविद्यां विश्वासज्ञानवर्द्धिनीम्। अन्यामाध्यात्मिकीं विद्यां शिष्यावस्थानुरूपत इति स्मरणाच्च। अथ नमस्कारादिपूर्वकमुक्तलक्षणाद् गुरोरुक्तलक्षणो मुमुक्षुः शास्त्रोक्तविधानेन शिक्षितां विद्यां गृह्णीयात्। नमस्कृत्य गुरुं दीर्घप्रणामैस्त्रिभिरादृतः। तत्पादौ गृह्य मूर्ध्निस्वे निधाय विधिना न्यितः। गृह्णीयान्मन्त्रराजं तं निधिकाङ्क्षीव निर्धनः। दत्वा तु दक्षिणां तस्मै यथाशक्ति यथाविधि, तमर्चयेद्यथाकालं पाद्यं चास्य उदाचरेदिति स्मृतेः। अथोक्तेषु कर्मज्ञानादिषु साधनेषु असमर्थस्य यथा भगवदुपसत्तिरुक्ता तथोपसत्तेरज्ञानामनुष्ठानमत्यन्तदुष्करं ज्ञात्वा तत्राप्यसमर्थस्य श्रीगुर्वाज्ञानुवृत्ति-

विधीयते। यस्य देवे परा भक्तिर्यथादेवे तथा गुरौ। तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः॥ आचार्यदेवो भवेत्यादिश्रुतिभिः।

कुँचिका

भक्तेरुपायानुष्ठानेऽसमर्थस्य पुंसः गुर्वाज्ञानुसारित्वं विधीयते अथोक्तेष्विति। उक्तार्थं प्रमाणेन द्रढयति—यस्येति। आचार्य्योपासनमिति। गुरुभक्तिसमायुक्तः पुराणज्ञो विशेषतः। एवं लक्षणसम्पन्नो गुरुरित्यभिधीयते, इति स्मृत्युक्तलक्षणसम्पन्न आचार्यो विवक्षितः मोक्षमार्गदर्शित्वात्। तस्योपासनं निर्मायकतया वाङ्मनःकायैः सेवनं शौचं बाह्याभ्यन्तरभेदात् द्विविधमित्यर्थः।

भाषानुवाद

पुत्र के समान श्रीगुरु शिष्य के हित की इच्छा करें, श्रीगुरुदेव शिष्य को विधि पूर्वक विद्या ग्रहण करावें। उपनिषत् सम्बन्धी विद्या विश्वास को बढ़ाने वाली और अध्यात्म विद्या शिष्य की अवस्था के अनुकूल ग्रहण करानी चाहिये। उक्त लक्षण सम्पन्न शिष्य प्रागदर्शितलक्षणसम्पन्न श्रीगुरुदेव के समीपजाय के नमस्कार पूर्वक शास्त्रोक्त विधि से विद्या को ग्रहण करे। नमस्कार कर दीर्घ प्रणाम करें, आदर सहित श्रीगुरुदेव के चरणारविन्द को मस्तक पर धारण करे, जैसे निर्धन जन निधि को आकांक्षा से ग्रहण करता है, तद्वत श्रीगुरुदेव के मुख से मन्त्रराज को ग्रहण करना चाहिये, यथाशक्ति विधि पूर्वक उन्हीं को दक्षिणा अर्पण करे, श्रीगुरुदेवजी का अर्चन करता रहै उन्हीं के चरणोदक को सदा ग्रहण करता रहै। अब गुरु आज्ञानुवृत्ति दिखलाते हैं। अथेति—पूर्वोक्त कर्म साधनों के आचरण करने में जो असमर्थ हो और भगवान की उपसत्ति के अङ्गों का भी अनुष्ठान नहीं कर सके उस पुरुष को श्रीगुरुदेव की आज्ञा का पालन करना उचित है। जिस पुरुष की पर देव श्रीपुरुषोत्तम में जैसी भक्ति है वैसी श्रीगुरुदेव में पराभक्ति हो उसको वेदान्त में उक्त अर्थों का प्रकाश होता है, आचार्य्य साक्षात् देवता है यह वचन उक्त अर्थ में प्रमाण है।

वेदान्तरत्न मंजूषा

आचार्य्योपासनं शौचमित्यादि, अन्येत्वेवमजानन्तः श्रुत्वाऽन्येभ्य उपासते। तेऽपि चातितरन्त्येव मृत्युं श्रुतिपरायणाः, इति भगवद्वचनाच्च गुर्वाज्ञानुवृत्तित्वं नाम देववच्छ्रीगुरोः शुश्रूषारो भूत्वा तदाज्ञानुसारित्वम्।

आत्मनः सर्वोपायानर्हतां मत्वा श्रीगुरुदेव एव ममोपायोपेयश्चेति व्यवसाय-दार्ढ्येन यथा बालः स्वहिताहितानभिज्ञो मातरमेव सर्वभावेनानुसरति तन्माता च तं सर्वापद्भ्यो रक्षति सर्वं योगक्षेमं वहति च तथैवास्य हिताहितं सर्वं त्यक्त्वा श्रीगुरुशुश्रूषारतो मुमुक्षुर्यदा भवेत् तदैव तस्य सर्वात्मना रक्षणं योग-क्षेमञ्च करुणावरुणालयः श्रीगुरुः स्वयमेव करोतीति स्तनन्धयशिशुरोग-निवृत्त्यर्थं तन्मात्रौषधभक्षणादिवदित्यर्थः। तस्यानुवृत्तिप्रकारश्च गुरुरेव परं ब्रह्म गुरुरेव परं धनम्। गुरुरेव परः कामो गुरुरेव परायणः। गुरुरेव परा विद्या गुरुरेव परा गतिः। अर्चनीयश्च वन्द्यश्च कीर्तनीयश्च सर्वदा। ध्यायेज्जपेन्नमेद् भक्त्या भजेदभ्यर्चयेन्मुदा। उपायोपेयभावेन तमेव शरणं व्रजेत्। शरीरंचासुविज्ञानं वासः कर्मगुणान्वसन्। गुर्वर्थं धारयेद्यस्तु स शिष्यो नेतरः स्मृत इतिजय दारुयानसंहितायाम्। किञ्च

टीका

अन्येत्विति अन्येतूक्तयोगादिसाधनेष्वनधिकृता एवमुक्तप्रकारेणात्मानमजानन्तो-ऽन्येभ्यस्तत्त्वदर्शिभ्यो गुरुभ्यः श्रुत्वा इत्थं तत्त्वं जानीतेत्युक्ताः सन्त उपासते श्रद्धाविश्वा-सेनाङ्गीकुर्वन्ति।

भाषानुवाद

आचार्य्य की उपासना करनी चाहिये। जो जन सांख्ययोग में दर्शित साधनों के अधिकारी नहीं हैं किन्तु श्रीगुरुदेव के मुखारविन्द से श्रवण कर श्रद्धा विश्वास पूर्वक श्रीहरि की उपासना करते हैं तो वे जन भी मृत्यु को तर जाते हैं। अब श्रीगुरु आज्ञा अनुवृत्ति के लक्षण कहते हैं कि देवता के समान श्रीगुरुदेव की शुश्रूषा परायण होयके उन्हीं की आज्ञा के अनुकूल आचरण करना। अपने को सब साधनों में असमर्थ निश्चय कर श्रीगुरुदेव ही मेरे साधन और धन रूप हैं ऐसा दृढ़ विश्वास से जैसे बालक अपने हित औ अहित को नहीं समझता है सर्व प्रकार से माताका ही अनु-सरण करता है अतएवबालककी माताभी बालककी सब आपदाओंसे रक्षाकरती है उसके योगक्षेम को वहन करती है, वैसे श्रीगुरु सेवकजन अपने हित और अहित का परित्याग कर श्रीगुरु शुश्रूषा परायण होता है उस जन की सर्व प्रकार से करुणासागर श्रीगुरु-

वे० र० मञ्जूषा :—श्रीगुरुविमुखं पुरुषं श्रीपुरुषोत्तमोऽपि त्यजतीति तत्रैवोक्तम्, अतोगुर्वनुवृत्तिःस्वात्मना कार्या। नारायणोऽपयाति गुरोः प्रच्युतस्य दुर्बुद्धेः। कमलं जलादपेतं शोषयतिरविर्न तोषयति॥ श्रीविष्णोः प्रतिमाकारे धातुबुद्धिं करोति वा। श्रीगुरौमानुषं भावमुभौ नरकपातिनौ॥ सामान्यतो विशेषाँश्च तस्मै धर्मानुपदेशः। आचिनोति स आचार्यस्तस्मै दुग्धेन कल्पितम्। मनु०॥ गु शब्दस्त्वन्धकारोऽयो रु शब्दस्तन्निरोधकः। अन्धकारविरोधित्वाद् गुरुरित्यभिधीयते।

कंचिका :—तेऽपिश्रुति परायणाः श्रद्धया श्रवणपरायणाः सन्तो मृत्युं संसारं तरन्तीत्यर्थः। उक्तार्थं दृष्टान्तेन स्पष्टयति यथा बाल इति :—

भाषानुवादः—गुरुदेव ही रक्षा एवं योगक्षेम करते हैं। जैसे दूध पीने वाले अबोध बालक के रोगादि दुःखों की निवृत्ति के लिये उसकी माता स्वयं औषध सेवन आदि उपाय करती है, वैसे ही श्रीगुरुदेव शिष्यकी रक्षा के लिये प्रयत्न करते हैं। अतः शिष्यको चाहिये कि सब अवलम्बों को छोड़ कर श्रीगुरुदेव पर ही निर्भर रहे, और निम्न प्रकार की अनुवृत्ति करे कि, परम ब्रह्म, तथा परम धन, और परम कामदेवता, परम गति, परम आश्रय एवं सर्व श्रेष्ठ विद्या ये सब कुछ श्रीगुरुदेव ही हैं। अतः अर्चन वन्दन, ध्यान एवं सदा श्रीगुरुदेव के ही नाम का संकीर्तन करता रहे। और भक्ति एवं प्रार्थना पूर्वक अनवरत श्रीगुरुदेव की ही सेवा करता रहे। अभीष्ट फल और उसकी प्राप्ति का उपाय भी श्रीगुरुदेव को ही समझ कर उन के शरणागत हो। जो साधक शरीर, बुद्धि, वस्त्र, कर्म, गुण, धन आदिक अपना सर्वस्व श्रीगुरुदेव के निमित्त ही धारण करता है वही शिष्य कहलाता है, अन्तर रखने वाला व्यक्ति शिष्य नहीं कहा जासकता, यहसब श्रीनारद पञ्चरात्रान्तर्गत जयदाख्यान संहिता में स्पष्ट वर्णन किया गया है। गुरु विमुख प्राणी को भगवान भी नहीं अपनाते— तात्पर्य यह है कि, जैसे समस्त वनस्पतियों के पोषण करने वाले सूर्यदेव, जल से बाहिर पड़े हुए कमल को पोषित-एवं प्रफुल्लित नहीं बनाते अपितु सुखा ही देते हैं वैसे ही भगवान भी गुरु विमुख प्राणी पर प्रेम नहीं करते अर्थात अपना सेवक भी कदाचित गुरु विमुख हो जाय तो उसको भी भगवान त्याग देते हैं। कारण, श्रीविष्णुभगवान की प्रतिमा में धातु बुद्धि करने वाला और श्रीगुरुदेव में मनुष्य बुद्धि रखने वाला ये दोनों ही नरक गामी होते हैं। अब मनु महाराज के बतलाये हुये— गुरु एवं आचार्य के लक्षण कहते हैं। शास्त्रोंमें से सामान्य और विशेष सभी अर्थों का संग्रह कर के शिष्य को ग्रहण करावे उसी को आचार्य कहते हैं। ऐसे आचार्य

वे० र० मञ्जूषा—येनैव गुरुणा यस्य न्यासविद्या प्रदीयते । तस्य वैकुण्ठ दुग्धाब्धिद्वारका सर्वं एव सः ॥ ऐहिकाऽमुष्मिकं सर्वं गुरुरष्टाक्षरप्रदः । इत्येवं ये न मन्यन्ते त्यक्तव्यास्ते मनीषिभिः ॥ एकाक्षरप्रदातारमाचार्यं योऽवमन्यते । शुनो योनिशतं प्राप्य चाण्डालेष्वभिजायते । इत्यादिभ्यः । एवं वृत्तस्य श्रीगुरु देवताकस्य सनाथस्य पुरुषस्यैहिकाऽमुष्मिकं सर्वं गुरुरेव करोति । श्रीगुर्वाज्ञा-पालकस्य कृत्यान्तरं नास्तीति भावः । तथाचाह वनपर्वणि सात्यकिः—श्रीबल देवं प्रति—ये नाथवन्तो हि भवन्तिलोके, ते नात्मकर्माणि समारभन्ते ।

कार्येषु तेषां प्रभवन्ति नाथाः शैव्यादया राम ! यथा ययातिरिति ।

(म० भा० व० प० अ० १२४ श्लोक २)

कंचिका: गुर्वाज्ञानुवृत्तस्य शिष्यस्य कृत्यान्तराभावं प्रमाणेन दृढयति, तथाचाहेत्यादिना ।

भावानुवादः— जिस श्रीगुरुदेव से शिष्य को न्यास (श्रीगोपाल अष्टादशाक्षर आदि मन्त्र और उसके जपादि विधान) विद्या प्राप्त हुई हो उस शिष्य के लिये वैकुण्ठ, क्षीर सागर, द्वारका आदि सम्पूर्ण तीर्थ वह श्रीगुरुदेव ही है। लोक और परलोक भी अष्टाक्षर आदि मन्त्र देने वाले गुरुदेव को मानना चाहिये। जो मन्त्र प्रदान करने वाले गुरुदेव में उपरोक्त भाव नहीं रखता, उस शिष्य के त्याग देने में कुछ भी दोष नहीं। जो पुरुष कल्याण कारी एक भी अक्षर प्रदान करने वाले आचार्य की अवज्ञा करता है वह सैकड़ों बार कुत्ते की योनि में जन्म लेकर आखिर चाण्डाल के घर जन्म लेता है। इत्यादि महाभारत और भागवत आदि पुराणों के अनेकों ही वाक्यों में श्रीगुरुदेव की महिमा का वर्णन मिलता है।

उपरोक्त प्रमाणों के अनुसार परम देवता मानकर जो पुरुष श्रीगुरुदेव की उपसना करता है उसके लोक और परलोक दोनों का सुधार श्रीगुरुदेव ही करते हैं, अतएव श्री गुरुदेव की आज्ञा को पालन करने वाले शिष्य को और किसी प्रयत्नकरनेकी आवश्यकता नहीं रहती,। यह आशय महाभारत के वनपर्व में श्रीबलदेवजी के प्रति सात्यकि ने प्रकट किया है, - अर्थात् हे श्रीबलराम ! संसार में जो पुरुष-भगवान् के आश्रित बन चुके वे सनाथ हैं अतः वे अपने लिये कुछ कर्म नहीं करते, अर्थात् कर्मों के बनने और बिगड़ने की चिन्ता नहीं करनी पड़ती, कारण,अपने आश्रितों के समस्त कार्य प्रभु ही सुधारते हैं। जैसे कि महाराजा ययाति के कार्यों को शैव्यादिकों ने बनाये थे।

वे० र० मंजूषा—
किञ्चगुर्वाज्ञानुवर्तनादेव सर्वेप्सितोपलब्धिमीरते आद्यपर्वणि गुरुशिष्याऽख्याने श्रीमगवता सूत्रकृता व्यासेनैव निपुणं विस्तरेणैव वर्णिता तत्रैव द्रष्टव्या। पापिष्ठः क्षत्रबन्धुश्च पुण्डरीकश्च पुण्यकृत्। आचार्यवत्तया मुक्तौ तस्मादाचार्यमाश्रयेत्। इत्यादि वाक्यान्यनुसंधेयानि। किञ्च-सर्वेषामप्युपायानांसात्विकया श्रद्धापूर्वकत्वात् श्रद्धया सर्वमनुष्ठेयम्। तथाचाम्नायते, श्रद्धया देयम्, अश्रद्धयानदेयम्, श्रद्धयाग्निः समिन्धते, इत्यादि। इमं स्तवमधीयानः श्रद्धाभक्तिसमन्वित, इति भीष्मोक्तेः। अश्रद्धया कृतस्यासुरभागित्वमप्युच्यते हरिवंशे, श्री वामनेन। अश्रोत्रियं श्राद्धमधीतमव्रतं मदक्षिणं यज्ञमनृत्विजा हुतम्। अश्रद्धया दत्तम संस्कृतं हविर्भगाः पडेते तव दैत्य सत्तम? इति। गीयतेचाश्रद्धया कृतस्य नैष्फल्यम्—अश्रद्धया हुतं दत्तं तपस्तप्तं कृतं च यत्। असदित्युच्यते पार्थ? न च तत्प्रेत्य नो इह। इति।

भाषानुवादः-सारांश यह है कि-श्रीगुरुदेव की आज्ञाके पालन करनेसे ही समस्त अभीष्टों की प्राप्ति हो जाती है, यह आशय-सूत्रकार भगवान श्रीव्यासदेव जी ने विस्तार पूर्वक महाभारत के आद्य पर्व में वर्णन किया है वहाँ पर ही देखना चाहिये।

पापिष्ठ क्षत्रबन्धु और पुण्यकर्मी पुण्डरीक ये दोनों ही आचार्य की कृपा से मुक्त हो गये, अतः आचार्य (गुरु) का अवलम्ब अवश्य लेना चहिये। इत्यादि वाक्यों का अनुसन्धान करना चाहिये।

सभी जततप कर्म ज्ञान आदि साधन श्रद्धा से करने पर ही सफल होते हैं। अतएव (गीता १७ वें अध्याय के अनुसार) साधक को सात्विकी श्रद्धा रखना परम आवश्यक है। दान श्रद्धासे देना चाहिये,श्रद्धा विना नहीं देना चाहिये। श्रद्धा से अग्निदेव अभिवृद्ध होता है। अर्थात शीघ्र फल देता है। इत्यादि अर्थ वाली श्रुतियाँ ही उपरोक्त कथन में प्रमाण हैं। भीष्मजी ने भी कहा है कि—श्रद्धा और भक्ति पूर्वक इस स्तोत्र को पढ़नेवाले को ही सुखादि की प्राप्ति हो सकती है।

अश्रद्धा (अविश्वास) से किये हुए देवता आराधन आदि पुण्य कर्मों से देवता सन्तुष्ट नहीं होते,इतनाही नहीं अपितु साधक की उस आराधनाको स्वीकार भी नहींकरते,कारण-वे कर्म असुरों के ही उपभोग में आते हैं, यह आशय श्रीहरिवंश में श्रीवामनभगवान ने प्रकट किया है।

हे दैत्यवर! श्रोत्रिय (वैदिक-ब्राह्मण) रहित श्राद्ध, व्रत रहित अध्ययन, विना दक्षिणा का यज्ञ,ऋत्विक् रहित,हवन विना श्रद्धा के दिया हुआ दान, और संस्कार रहित

वे० र० मंजूषा—"श्रद्धापूतं वदान्यस्य हतमश्रद्धयेतरत्" इत्यादि अन्यान्यप्य-नुसंधेयानि। अथ भक्ति योग माह—

मूल—"कृपाऽस्यदैन्यादि युजि प्रजायते, यया भवेत् प्रेमविशेषलक्षणा।
भक्तिर्द्वनन्याधिपतेर्महात्मनः, साचोत्तमासाधनरूपिकापरा ॥ ६ ॥

कूचिका :—कृपाऽस्येति—अस्य—निरतिशय-स्वाभाविक-कारुण्य-वात्सल्यक्षमा-सौहार्द सत्यप्रतिज्ञात्वादिगुणाब्धेः श्रीकृष्णस्य, कृपा दैन्यादियुजि पुंसि प्रजायते, इति योजना। उपाया नैव सिद्धयन्तीत्यापाया विविधास्तथा। इति यागर्वहानिस्तद्दैन्यं कार्पण्यमुच्यते ॥ इति वचनाद्दैन्यं कार्पण्यमादि यस्याऽसौ दैन्यादि षड्ङ्गा पूर्वोक्ता शरणागतिः—

भाषानुवाद : - हविद्रव्य छओं कर्मों में तुम्हारा ही भाग है।

श्रीभगवद्गीता में भी श्रद्धा बिना किये हुए कर्म को निष्फल बतलाया है—अर्थात् हे अर्जुन, श्रद्धा रहित किया हुआ हवन, दान, तप और पुण्य कर्म ये सब असत् कहलाते हैं, अर्थात् इन का फल न इस लोक में ही मिलता और न परलोक में ही मिलता।

दाता द्वारा दिया हुआ दान श्रद्धा से पवित्र अर्थात् सुन्दर फल दायक बन जाता है, और श्रद्धा बिना दिया हुआ विनष्ट हो जाता है इत्यादिवाक्य भी उपरोक्त कथन में प्रमाण समझने चाहियें।

अब—"कृपाऽस्य" इसऽश्लोक के द्वारा भक्ति योग का वर्णन करते हैं।

साधन रूपा और साध्यरूपा दोनों ही प्रकार की भक्ति भगवान् की कृपा होने पर ही बन सकती है, और निरतिशय करुणा, वात्सल्य, क्षमा, सौहार्द एवं सत्य प्रति-ज्ञता आदि स्वाभविक गुणों के समुद्र, आनन्दकन्द व्रजचन्द्र भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र, पूर्वोक्त गुर्वाज्ञानुवृत्ति, तथा शरणागति प्राप्त दीन जनों पर ही कृपा करते हैं। अर्थात्—दैन्य, गुरुदेव की आज्ञा का पालन आदि गुणों की प्राप्ति होने पर भगवत्कृपा और भगवत कृपा होने पर साधन भक्ति की प्राप्ति पश्चात् अनन्याधिपति परात्पर पर ब्रह्म श्रीसर्वेश्वर प्रभु की प्रेम विशेष रूपा उत्तमा भक्ति की प्राप्ति होती है, परमानन्द चाहने वाले साधकों का यही एक सर्वोच्च साध्य है।

यहाँ पर दैन्य शब्द का अर्थ—"उपाया नैव" इस प्रमाण से गर्व हानि रूप एवं शरणागति ही समझना चाहिये, अर्थात् जब तक प्राणी अपने हित के लिये गर्व पूर्वक अनेकों प्रयत्न करता रहता है किन्तु भगवान के अवलम्ब बिना वे सब निष्फल होते जाते हैं तब आखिर वह अपने अभिमान को छोड़ कर भगवान का आश्रय लेता है, उसी निरभिमानी शरणागत पर भगवान कृपा करते हैं।

वे० र०मञ्जूषा :—तत्सम्पन्ने अनन्यप्रपन्ने जने। पूर्वोक्तोपायेषु प्रपत्तेरेव परामर्शात्तस्याः प्राधान्योपायता सूचिता, प्रतिज्ञातञ्चैतत्स्वयमेव सत्यप्रतिज्ञेन भगवता—

तमेव शरणं गच्छ सर्व भावेन भारत ? तत्प्रसादात्परां शान्ति स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम् ॥ मामेव ये प्रपद्यन्ते माया मेतां तरन्तिते, इति।

कुञ्जिका :—पूर्वोक्तोपायेषु-कर्म ज्ञान भक्ति प्रपत्ति गुर्वाज्ञानुवृत्त्यात्मकेषु। नन्वेवंचेत्तर्हि मायावास्तत्प्रयोजकस्य नित्यत्वात्कस्यापि कदापि संसारनिवृत्तिर्नस्यात्कथं मोक्षाशेति चेत्तत्राह—तमेवेति - यः सर्वभूतानां धामको मायाया अपि नियन्ता वात्सल्यकारुण्यसौहार्दादि गुणपारवश्येन त्वत्संसारध्वमंगीकृत्य तद्धितंचिकीर्षुस्त्वत्प्रशासिता, तमेव सर्वभावेन-सर्वात्मना। शरणं गच्छ-तदुक्तं सर्वं निर्भीरुकत्वेन कुरुष्व तस्मान्मदुक्तप्रकारेण श्रद्धारूप्यं स्वधर्मं कुर्वन, तत्प्रसादात्-तस्य मम, अनुग्रहात परां शान्ति निरशेषाविद्यानिवृत्तिपूर्वकपरमानन्दरूपां भगवद्भावाप्तिं, शाश्वतं-प्रकृतिकाल-कर्म-सम्बन्ध शून्य-नित्यैकरसं, स्थानं परमपदं विष्णुपदादिशब्दाभिधेयं धाम प्राप्स्यसीत्यर्थः मामेवेति-मामेव-सर्वेश्वरं सर्वज्ञं सर्वशक्ति मायानियन्तारं प्रपद्यन्ते-स्वपुरुषार्थाभिमानं साधनान्तरं च विहाय साधनसाध्यरूपं निश्चित्य सर्वात्मना भजन्ते, आनुकूल्य संकल्पादि कार्पण्यतां षड्विधां शरणागतिं मयि कुर्वन्ति त एवैतां मम मायां तरन्ति वर्जयन्तीत्यर्थः ॥

भाषानुवादः—दैन्यादि-इस समासान्त पद का यह भाव है कि-दैन्य-गर्व हानि, जिसके आदिमें हो वही पूर्वोक्त छ अंगोंवाला शरणागति योग, दैन्यादि कहलाता है। अर्थात्—धन जन जाति कुल परिवार आदि समस्त हिताभासों का अभिमान छोड़कर, अनन्य भाव से करुणानिधि श्रीकृष्णचन्द्र की शरण में आने वाले शरणागति सम्पन्न अनन्य प्रपन्न जन पर ही प्रभु कृपा करते हैं

पूर्वोक्त कर्म, ज्ञान, भक्ति, गुर्वाज्ञानुवृत्ति आदि उपायों में से यहाँ दैन्य पद से प्रपत्ति का ही परामर्श किया गया है, अतः भगवत्प्राप्ति ही प्रधान उपाय है, यह सूचित होता है,सत्य प्रतिज्ञ श्रीनन्दनन्दनने भी ऐसी ही प्रतिज्ञा की है। अर्थात् हे अर्जुन ! तू सब प्रकार से उसी अन्तर्यामी प्रभु की शरण जाओ, उस की कृपा से परम शान्ति जनक भगवद्भावापत्ति रूप परमानन्द एवं नित्यधाम को प्राप्त होगा। (गी० अ० १८) जो अनन्य भाव से मेरी शरण में आते हैं वेही मेरी माया से मुक्त हो सकते हैं। (गी०अ० ७)

वे० र० मञ्जूषा—सत्यप्रतिज्ञत्वञ्च श्रीमुखेनैवोक्तं व० पर्वणि द्रौपदीप्रति—पतेद् द्यौर्हिमवान् शीर्य्येत् पृथिवी शकली भवेत् । शुष्येत्तोयनिधिः कृष्णे ? न मे मोघं वचोभवेत् । इति ।

वाल्मीकीयारण्यकाण्डे च :—

अप्यहं जीवितं जह्यां त्वां वा सीते सलक्ष्मणाम् । नतु प्रतिज्ञां संश्रुत्य, ब्राह्मणेभ्यो विशेषतः ॥ अनुक्तेनाऽपि वैदेहि ? प्रतिज्ञायाश्च किं पुनः । इति । सत्यप्रतिज्ञत्वादिगुणाश्रयत्वेऽपि असक्तस्य सर्वे गुणा अकिञ्चित्करा इत्याशङ्क्याव्यावृत्तये विशिनष्टि "अनन्याधिपते." इति अन्योऽधिपतिर्यस्यसोऽन्याधिपतिः, नान्याधिपतिरनन्याधिपतिरिति, तस्य ।

भ पानुवाद :- भगवान् सत्य प्रतिज्ञ हैं अर्थात अमिट आ ज्ञियों के आने पर भी वे अपनी प्रतिज्ञा को नहीं टलने देते, इस आशय को भगवान् ने स्वयं ही द्रौपदी के प्रति प्रकट किया है, महाभारत वन पर्व । हे! कृष्णे! आकाश चाहे गिर पड़े, हिमालय पर्वत चाहे विशीर्ण होजाय, पृथ्वी के चाहे टुकड़े टुकड़े होजायें समुद्र चाहे सूख जाँय, परन्तु मेरी प्रतिज्ञा झूंटी नहीं हो सकती ।

श्रीरामावतार में भी भगवान् ने श्रीजानकी जी के प्रति यही आशय प्रकट किया है, वाल्मीकी रामायण अरण्य काण्ड सर्ग १० श्लोक १६-२० । हे सीते ! मैं अपना जीवन को त्याग सकता हूँ एवं लक्ष्मण सहित तुमको भी त्याग सकता हूँ किन्तु किसी को वचन देकर उसका परित्याग नहीं कर सकता, उसमें भी ब्राह्मणों के लिये की हुई प्रतिज्ञा को तो किसी भी प्रकार से नहीं छोड़ सकता ।

हे जानकि! ऋषियों का पालन करना बिना प्रतिज्ञा किये हुए भी मेरा मुख्य कार्य है, फिर जिन ऋषियों को उनके कष्ट दूर करने की प्रतिज्ञा सुनायी है, उनके विषय में तो परिवर्तन की आशंका ही नहीं ।

सत्य प्रतिज्ञा आदि गुणों के होने पर भी यदि सामर्थ्य नहीं हो तो केवल सत्य प्रतिज्ञादि गुणों से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं हो सकता ? इस शंका को मिटाने के लिये ही श्री आचार्य पाद ने "अनन्याधिपति" यह विशेषण दिया है। भाव यह है कि भगवान् से बढ़कर अथवा उनके समान सामर्थ्य वाला संसार में कोई है ही नहीं, अतएव भगवान् ही समस्त सामर्थ्य वालों के अधिपति हैं, उनका कोई अधिपति नहीं ।

वे० र०मञ्जूषा :—तमीश्वराणां परमं महेश्वरं तं देवतानां परमञ्च दैवतम्। परं पतीनां परमं परस्ताद्विदाम देवं भुवनेशमीड्यम्॥ न तत्समोऽस्त्यभ्यधिकश्च दृश्यते। न तस्य कश्चित्पतिरस्ति लोके, नचेशिता नैव च तस्य लिंगम्। न तस्य कश्चिज्जनिता न चाधिपः स कारणं कारणाधिपाधिप" इति। त्वं ब्रह्म परमं धाम पवित्रं परमं भवान्। पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम्॥ आहुस्त्वामृषयः सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा। असितो देवलो व्यासः स्वयं चैव ब्रवीषि मे॥

कुंचिका :—अनन्याधिपतित्वं श्रीभगवतः श्रुतिमानेन व्यवस्थापयति "तमीश्वरेत्यादिना, श्रुतयस्तु प्राग् व्याख्याताः। परं ब्रह्मेति—तद्ब्रह्म परमं धाम, तद्धयेयं मोक्षकांक्षिणा। श्रुतिवाक्योदितं सूक्ष्मं तद्विष्णोः परमम्पदम्॥ 'पवित्राणां पवित्रं यः।' पवित्राणां हि गोविन्द! पवित्रं परमुच्यते। पुण्यानामपि पुण्योऽसौ मंगलानां च मङ्गलम्। इत्यादि शास्त्रे य उच्यते स एव भवान्।

यतः शाश्वतं (सर्वदैकरूपं) दिवि (परमे व्योम्नि) भवं (विद्यमानं) दिव्यम। आदिदेवं (स्वयं प्रशस्तं) देवानामादिकारणमितिवा, तथाऽजं (जन्म रहितं) विभुं (व्यापकं) त्वामाहुरित्युत्तरेणान्वयः।

एवं भूतं त्वां ऋषयः (सूक्ष्मार्थदर्शिनः) सर्वे मृग्वादय आहुस्तथा देवर्षिर्नारदः, असितो देवलश्च व्यासः (कृष्ण द्वैपायनः) स्वयं-त्वमेव च साक्षान्मे मह्यं ब्रवीषि।

भाषानुवादः—भगवान श्री नन्द नन्दन इन्द्र-ब्रह्मा-शंकर-आदिक ईश्वरों के भी परम शासक महान ईश्वर हैं, अतएव देवताओं के परम दिव्य देव हैं, एवञ्च अधि पतियों के भी परात्पर अधिदैव हैं, उन्ही जगदीश्वर प्रभु को हम स्तुति करने योग्य मानते हैं। जब कि उनके समान ही कोई नहीं दीखता तब उनसे अधिक सामर्थ्यवान और कौन हो सकता है।

संसार में उस पर ब्रह्म का कोई अधिपति एवं शासक और हेतु नहीं। उस सर्वेश्वर का कोई उत्पादक एवं नियन्ता नहीं है, कारण वह प्रभु ही समस्त जगत् का कारण एवं ईश्वरों का भी ईश्वर है।

भगवान की महिमा का साक्षात्कार कर के अर्जुन ने भी यही कहा है कि हे प्रभु! आप ही परम पवित्र धाम और परात्पर परब्रह्म हैं। ऋषिगण जिस अव्यय आदि देव सर्वव्यापी अनादि अनन्त दिव्य पुरुष की सदा सर्वदा चर्चा करते रहते हैं एवं देवर्षि नारद, असित, देवल व्यास, जिसके ध्यान में निमग्न रहते हैं, तथा आपने भी जिस परम तत्व का मुझको उपदेश किया है- वह सर्व ध्येय पुरुष आप ही हैं।

वे० र० मञ्जूषा—एव मेतद्यथाऽऽत्थ त्वमात्मानं परमेश्वर ! भूत भावन ! भूतेश ! देव देवजगत्पते ! न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्योलोकत्रयेऽप्यप्रतिम प्रभाव ! । यस्मात्क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः । अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः । मत्तपरतरं नान्यत्-किंचिदस्ति धनंजय ? । इत्यादि श्रुति-स्मृतिभ्यः । अतिशयसाम्यानर्ह-स्वरूप गुणादिकस्येति यावत् , अतएव महात्मन इति । महान् आत्मा स्वरूपं यस्येति यावत् , विश्वात्मत्वात् । अनेन सर्वजीवनिकायेङ्गित्ववेतृत्वमुक्तम् ।

कुञ्चिकाः -तथोक्तं भारते भीष्मपर्वणि "शृणुष्वेह महाराज !" इत्यादिना । पुरुषोत्तमत्वं विवृणोति चतुर्भिर्विशेषणैः । हे भूतभावन-भूतानि सर्वाणि भावयत्युत्पादयतीति । तथा हे भूतेश ! सर्वेषां भूतानां नियन्तः । हे देवदेव- देवानामादित्यादीनामपि प्रकाशक ? । हे जगत्पते-सर्वस्य जगतः पालक ! । एवम्भूतं त्वां प्रार्थयामीत्यभिप्रायः । न त्वत्सम-चिदचिदात्मके जगति त्वत्सदृशः सर्वज्ञसर्वशक्ति-सर्वैश्वर्यादि सद्गुणगणार्णवो भक्तकामपरिपूरकः कोऽप्यन्यो नास्ति, त्वत्तोऽधिकस्य तु का सम्भावना । यस्मादिति -क्षरं पुरुषभोग्यभूतं सर्वभूतात्मकं जडमतीतोऽहम् । अक्षरात्कूटस्थात्—

भाषानुवादः- हे परमेश्वर ! आपने जैसा अपना स्वरूप बतलाया है, सचमुच वैसे ही स्वरूपवान् आप हो । हे जगत् के उत्पादक ! चरा चर के नियन्ता, सूर्यादि देवों के भी प्रकाशक ! अखिल ब्रह्माण्ड नायक ! । हे अप्रतिम प्रभाव ! त्रिलोकी में आपकी समता करने वाला और कोई भी नहीं, जब समान ही नहीं तब आपसे अधिक तो और होगा ही कौन । इस आशय को स्वयं भगवान ने भी प्रकट किया है, हे अर्जुन ! मैं क्षर (त्रिगुणात्मिका प्रकृति) से अतीत (अलिप्त) और अक्षर (जीव समूह) से भी उत्तम हूँ, अतएव लोक (पुराण इतिहासादि शास्त्रों) में एवं वेद में पुरुषोत्तम नाम से प्रख्यात हूँ । हे अर्जुन ! संसार में मेरे से उत्तम और कोई भी वस्तु नहीं है । इत्यादि श्रुति स्मृतियों ने भगवान को अनन्याधिपति अर्थात-सर्वोपशासक बतलाया है । भगवान् के गुण साम्यातिशय रहित हैं इसीलिये श्रीनिम्बार्काचार्य पाद ने यहाँ पर—"महात्मनः" इस पद का प्रयोग किया है । अर्थात् भगवान विश्वव्यापी स्वरूप वान् हैं । विश्वव्यापी स्वरूप कहने से यह ध्वनित होता है कि भगवान सदा सर्वदा प्राणीमात्र के आन्तरिक भावों को जानते रहते हैं अतः उनको किसी से धोखा नहीं हो सकता,कारणवे उसीक्षण में यह जान लेते हैं कि यह शरणागत भक्त मुझ को निष्कपट भाव से भज रहा है और यह ठगभक्त केवल शरणागति का बहाना कर ठगना चाहता है ।

वे० र० मञ्जूषा—असौ मामू अमायया प्रपन्नो भजति, प्रपत्तिव्याजेन वा मां वञ्चयतीतिप्रत्यक्षं पश्यतीति भावः। यद्वा महाँश्चासावात्मा च तथा, तस्य महत्त्वञ्च औदार्यं क्षमा-वात्सल्य सौशील्यादिमहद्गुणाश्रयत्वम्। अनेन भक्ति—प्रपत्यङ्गानुष्ठानानर्हाणां तद्व्याजमात्रेण भजतां निरतिशयकारुण्यौदार्य्य क्षमादिगुणपरवशतया तेषां गुणदोषादीन् अनवकलय्य भक्तिप्रपत्तिफलप्रदा तृत्वमुक्तं भवति। किञ्च प्रपत्तियोगस्य संयोगपृथक्त्वन्यायेन स्वतन्त्रोपायत्वं भक्त्याद्युत्पादकत्वं चाविरुद्धम् तत्र स्वतन्त्रोपायत्वं पूर्वमेवोक्तम्।

कंचिका :- भोक्तुर्विज्ञानमयपुरुषादपि उत्तमः—उत्कृष्ट, तस्यापोशनशीलत्वात्, भोक्ता-भोग्यमितिश्रुतेः। अतोऽहं लोके वेदेच पुरुषोत्तमः प्रथितः प्र-यातोऽस्मि। अत्र लोक्यते-दृश्यते, वेदार्थोऽनेनेति लोकः—इतिहासपुराणादिर्विवक्षितः। तथा च वेदेतिहास पुराणादौ इत्यर्थः। स उत्तमः पुरुषः" इति वेदे। इतिहासे—महाभारते सहस्रनामस्तोत्रे "केशवः पुरुषोत्तमः" इति प्रसिद्धः। पुराणे तु "विश्वं यतश्चैतदविश्वहेतोर्नमोऽस्तु तस्मै पुरुषोत्तमाय" इति वैष्णवे। "पुराणपुरुषः प्रत्यक् चैतन्यः पुरुषोत्तमः" इति पाद्मे। नारद पञ्चरात्रे च-संसारसागर-निमग्नमनन्त ? दीनमुद्धर्तुमर्हसि हरे पुरुषोत्तमोऽसि" इत्यादिषु प्रथितोऽस्मि। मत्त इति—यतः सर्वजगद्योनीभूते-चेतनाचेतने मदाश्रये, तस्मान्मत्तः सर्वेश्वरात्परतरं-श्रेष्ठं जगत्कारणभूतं स्वतन्त्रं किञ्चिदपि वस्तु नास्ति, हे धनञ्जय !इत्यर्थः।

भाषानुवाद :- छल कपट आदि किसी भी भाव से भगवान को भजने वाले साधक की सद्गति ही होती है, इस आशय से कर्म धारय समास करके श्रीविवरण कार "महात्मा" पद का दूसरा अर्थ प्रदर्शित करते हैं। अर्थात् निरतिशय उदारता, क्षमा वात्सल्यभाव, सुशीलता, आदि महान गुणों के परमाश्रय होने से भगवान महात्मा पद के वाच्य हैं, अतः केवल भक्ति प्रपत्ति के बहाने (ढोंग) से भजनेवाले प्राणियों को भी भगवान् अपनी निरतिशयकरुणा, उदारता, क्षमा, आदि गुणों के अनुसार वास्तविक भक्ति प्रपत्तिसदृश ही फल प्रदान करते हैं। यह विशेषता एक श्री सर्वेश्वर प्रभु में ही है। जोकि शरण में आने पर अत्यन्त पात की को भी नहीं त्यागते। उपरोक्त प्रपत्ति योगभगवत्कृपा के आविर्भाव करने में एक स्वतन्त्र रूप से भी उपाय माना गया है और भक्ति आदि के प्रादुर्भाव में भी उपाय माना गया है। जैसे एक ही कर्म संयोग पृथक्त्व न्याय से गौणा-गौण दो फलों के उत्पादन में हेतु माना जाता है, वैसे ही इस प्रपत्ति योग को भी दो सिद्धियों के प्रति उपाय मानने में कोई विरोध नहीं आता।

वे० र० मञ्जूषा—भक्तिसाधनत्वञ्चेदानीमुच्यते ययेति, यया—प्रपत्त्युद्बोधितया भगवत्कृपया भक्तिर्भवेत्, इति सामान्योक्तिः,—

तल्लक्षणञ्च "निष्कामतया भगवत्सेवनम्। तथाच श्रुतिः "भक्तिरस्यभजनम्" इति। तदिहामुत्रोपाधि-नैराश्येनैवामुष्मिन् मनः कल्पनमिति। व्याख्याता चेयं नारदपञ्चरात्रे 'सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं तत्परत्वेन निर्मलम्। हृषीकेण हृषीकेशसेवनं भक्तिरुच्यते" इति। लिंगपुराणेऽपि "भज इत्येष वै धातुः सेवायां परिकीर्तितः। तस्मात्सेवा बुधैः प्रोक्ता भक्तिशब्देन भूयसी॥ भजनं भक्तिरित्युक्तं वाङ्मनः कायकर्मभिः" इति।

कुंचिकाः—संयोगपृथक्त्वन्यायेनेति—न्यायश्च श्रीजैमिनिना सूत्रितः "एकस्योभयत्वे संयोग-पृथक्त्वमिति। एकस्य-कर्मणः उभयत्वेऽनेकफलसम्बन्धे, संयोगः—उभयसम्बन्धबोध-कता वाक्यस्य तस्य पृथक्त्वं-भेदः इति सूत्रार्थः।

यथा "खादिरैर्जुहोति, खादिरैर्जुहुयादर्थकामः" इत्येकस्यैव खादिरकरणकस्य कर्मणः उभयपरत्वं तथा प्रकृतेऽपि प्रपत्तेः स्वतन्त्रोपायत्वं भक्त्याद्युत्पादकत्वञ्चाविरुद्धमित्यर्थः।

प्रपत्तेर्भक्तिसाधनत्वमाह भक्ति साधनत्वञ्चेति। तल्लक्षणञ्चेत्यस्य भक्तिलक्षणञ्चेत्यर्थः। उक्तार्थं श्रुतिस्मृतिप्रमाणेन साधयति-तथा च श्रुतिरित्यादिना। प्रसंगादिति—

भावानुवाद :- भगवत्कृपा के आविर्भाव में प्रपत्ति योग की स्वतन्त्र रूपेण साधनता पहिले ही कह दी गई है, अब 'यया भवेत्' इस द्वितीय पद से भक्ति के प्रति साधनता कहते हैं। यया शब्द का "प्रपत्तिद्वारा उद्बोधित भगवत्कृपा" अर्थ समझना चाहिये, जिससे कि भगवान् की भक्ति प्रादुर्भूत होती है। भगवत्कृपा होने से ही भक्ति होती है, यह सामान्य कथन है। इस प्रकार प्रपत्ति योग की भक्ति के प्रति परम्परया साधना बतला कर अब भक्ति के लक्षण प्रकट करते हैं।

किसी भी फल विशेष की कामना न रख कर भगवान् की सेवा करना ही इस श्रुति की व्याख्या श्री नारद पञ्चरात्र में इसी प्रकार से की है अर्थात् लौकिक और पारलौकिक-समस्त आशा तृष्णाओं को त्याग कर अनन्यचित्त से सर्व करणों (तन, मन धन) द्वारा भगवान् की सेवा करना ही भक्ति है। यही तात्पर्य लिंगपुराण में अभिव्यक्त हुआ है अर्थात् सेवार्थक भज धातु से भक्ति शब्द बनता है, अतः विद्वानों ने निष्काम विशेष भगवत्सेवा को ही भक्ति शब्द का अर्थ माना है। अब यहाँ प्रसंगानुसार उसी भक्ति के भेदों का निरूपण करते हैं। वह भक्ति दो प्रकार की है प्रथम साधन

वै०र०भक्त्या-प्रसंगाद्भक्तिविशेषा निरूप्यन्ते । सा च भक्तिर्द्विधा साधनरूपिका फलरूपा चेति । अनेक जन्माऽनुष्ठितपुण्यपुञ्जोत्पन्नायाः साधन जन्यत्वात् साधनरूपिकेति विवेकः । तथा च "जन्मान्तरसहस्रेषु तपोदानसमाधिभिः । नराणां क्षीणपापानां कृष्णे भक्तिः प्रजायते इति वचनात् ।

सा द्विविधा, वैदिकपौराणिकभेदात् ।' तत्र वैदिक नुष्ठान रूपा मधुविद्या शाण्डिल्यविद्या-सत्यविद्यादिरूपा । तत्र त्रैवर्णिकानामे धिकारस्तथोक्तमपशूद्राधिकरणे श्रीनिवासाचार्यचरणैः । पुराणोक्तरीत्या भगवद राधनपरता द्वितीया, तत्र शूद्रोऽप्यधिक्रियते, यथा प द्मे "सर्वेऽधिकारिणोह्यत्र हरिभक्तौ तथा नृप ? इति ।

कुञ्चिका:-स्मृतस्योपेक्षाऽनर्हत्वं प्रसंगसङ्गतिः । भक्ति विभजते सा चेति । साधनरूपाया भक्तेर्लक्षणमाह—अनेकेति । उक्तार्थं प्रमाणेन दृढयति-जन्मान्तर इति ।
साधनरूपाया भक्तेर्द्वैविध्यमाह—सा द्विवेति । द्वितीयेति पौराणिकीत्यर्थः । तत्र, पौराणिकभक्तौ, तत्र मानमाह-यथा पाद्मे इति । उक्तार्थं श्रीमुखवचनेन प्रमाणयति-तथा चेति । स्वे स्वे इति यथोदितवर्णाश्रमोदेशेन विहिते कर्मणि-अभिरतः—सम्यगनुष्ठानपरः नरः संसिद्धिं सम्यग् ज्ञानयोग्यतां लभते, स्वकर्मणि नितरां रतः श्रद्धयाऽनुष्ठानं कुर्वन येन प्रकारेण ज्ञाननिष्ठां लभते तत्प्रकारं शृण्वे । तमेवाह यत इति । सर्वज्ञात्सर्वशक्तेर्भग-

---

भाषानुवादः-रूपा और दूसरी फलरूपा है । इन दोनोंमें प्रथमाभक्ति वह है जोकि साधन जन्य होने से अनेकों जन्मजन्मान्तरों के पुण्यसमुदाय से आविर्भूत होती है और भगवत्कृपा से सम्प्राप्त होने वाली भक्ति फलरूपा कहलाती है. यह दोनों में विशेषता है ।

साधनरूपा भक्ति में "जन्मान्तर०" इत्यादि शास्त्रीय वचन ही प्रमाण हैं, अर्थात् सहस्रों जन्म जन्मान्तरों में किये हुए तप, दान, समाधि, आदि साधनों द्वारा पापों का क्षय होजाने पर प्राणियों के अन्तःकरण में श्रीनन्दनन्दन की भक्ति का अङ्कुर जमता है

वह साधनरूपा भक्ति दो प्रकार की है. १ ली वैदिकी और २ री पौराणिकी । मधुविद्या-शांडिल्यविद्या--सत्यविद्या आदिक जो वैदिक मंत्रो से सम्बन्धित हैं वह वैदिकी भक्ति कहलाती है उसमें द्विजाति वर्ण अर्थात्-ब्राह्मण-क्षत्रिय और वैश्य इन तीन वर्णों का ही अधिकार है, इस भाव का श्री श्रीनिवासाचार्य जी ने ब्रह्मसूत्र के अपशूद्राधिकरण में अच्छी भाँति स्पष्ट किया है ।

पुराणोक्त रीति के अनुसार भगवान की आराधना ही पौराणिकी भक्ति कहलाती है ।

वे.र.मञ्जू.पा—यद्वा परामक्तेः साधनभूता साधनरूपिका,यथा पाञ्चरात्रे-"सुरर्षे विहिता शास्त्रे हरिमुद्दिश्य या क्रिया सैव भक्तिरिति प्रोक्ता यया भक्तिः परा भवेत्"इति । तत्र सामान्यक्रियाऽभिधानात्सर्वेष्वधिक्रियन्ते । तथा च गीयते—स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः । स्वकर्मनिरतः सिद्धिं यथा विन्दति तच्छृणु । यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम् । स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः" इत्यादि ।

अत्र "स्वे स्वे" इति 'मानव'सामान्यपदप्रयोगादस्या अधिकारिणः सर्वसामान्यत्वं सूचितम् ।

कुंचिकाः-यतोः लोमूर्तानां ब्रह्मादिकीटान्तानां प्राणिनां प्रवृत्तिरुत्पत्तिश्चेष्टा वा भवति, येनैकेन सर्वमिदं जगत्ततं व्याप्तं स्वकर्मणा स्वाभाविकेन वैदिकेन लौकिकेनाऽपि । तमभ्यर्च्य, फलकर्तृः समर्पणेन पूजयित्वा मानवस्तत्प्रसादात् सिद्धिं तत्त्वज्ञाननिष्ठालक्षणां विन्दति-लभते इत्यर्थः ।

ऐकान्त भक्तिः परमप्रीत्यधीनेति तां प्रीतिं प्रार्थयते यैति । वादृशीप्रीतिविषयेषु तदासक्तानां, सा तादृशी प्रीतिर्मे हृदयान्मापसर्पतु-मापयातु, हृदये सदातिष्ठत्वित्यर्थः । यद्वा, हे माप ?-लक्ष्मीपते ! सा विषयप्रीतिस्त्वामनुस्मरतो मे हृदयात्सर्पतु

भा०—इसमें 'सर्वेऽधिकारिणः' इत्यादि पद्मपुराण एवं अन्यान्यशास्त्रीय प्रमाणानुसार चतुर्थ (शूद्र) वर्ण का भी अधिकार है । अथवा "सुरर्षे" इत्यादि नारद पञ्चरात्र के प्रमाणानुसार जो परा भक्ति के आविर्भाव में साधन है वही साधन भक्ति है चाहे वे वैदिकी क्रियायें हों और चाहे पौराणिकी हों । 'सुरर्षे' इस श्लोक का भी यही भाव है ।

अर्थात् हे नारद ! भगवान के निमित्त जिन जिन क्रियाओं का शास्त्रों में निर्देश मिलता है अत एव जिन क्रियाओं से परमात्मा में परम प्रेम प्रादुर्भूत होता है उसीको भक्ति जानो । यहाँ पर क्रिया सामान्य के कथन से इस साधन भक्ति में चारों वर्णों के प्राणियों का अधिकार है । इसी आशय को गीता में भगवान् ने स्वयं प्रकट किया है ।

अर्थात् जो मनुष्य अपने वर्ण के अनुसार स्वकर्म में संलग्न रहता है, वह तत्वज्ञाननिष्ठा (भक्ति) रूपी संसिद्धि को प्राप्त हो जाता है । हे अर्जुन ! स्ववर्णोचित कर्म करने वाला जन जिस प्रकार सिद्धि—(तत्वज्ञान निष्ठा-भक्ति) को प्राप्त होता है वह सब सुनो । जिस प्रभु से यह समस्त जगत् प्रसरित हुआ है और जिससे सभी भूतप्राणियों

वे० र०मञ्जूषा :—अथ कर्मयोगाद्यनुष्ठानरूपाज्ञापालनव्याजप्रसन्नेन भगवता दीयमाना स्वम्पदार्थविषयकात्मज्ञानोत्तरभाविनी भक्तिः फलरूपोच्यते । सैव च परा प्रेमलक्षणा चेत्यादिशब्देनाऽभिधीयते । रूपादिविषयिकेन्द्रिय-वृत्तिवदनवच्छिन्नस्वाभाविकभगवत्स्वरूपादि गुणविषयिका यावदात्मवृत्तिर्मनोवृत्तिः । "या प्रीतिरविवेकानां विषयेष्व न पायिनी । त्वामनुस्मरतः सा मे हृदयान्मापसर्पतु ॥" इति—सैवध्रुवास्मृतिरुच्यते-"आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः, सत्त्वशुद्धौ ध्रुवास्मृतिः । इति श्रुयते

सततं कीर्तयन्तो मां यतन्तश्च दृढव्रताः । नमस्यन्तश्च मां भक्त्या

कौञ्जिका :—निर्गच्छतु, तत्प्रीतौ सत्यां त्वदनुस्मरणायोगात इत्यर्थः । सैवेति-पराभक्तिरेवेत्यर्थः । तत्र मानं दर्शयति-आहार इति ।

तेषां भजन प्रकारमाह—सततमिति, अत्यर्थं मत्प्रियतया मत्स्वरूपगुणानामभिनिविष्टान्तःकरणा मद्गुणलीलाविशेषद्योतकनामानि स्मृत्वा पुलकितगात्राङ्गाः

भाषानुवाद :—की प्रवृत्तियां होती हैं, उसी प्रभु की अपने कर्मों द्वारा पूजा करके मनुष्य (ज्ञाननिष्ठा तथा भक्तिरूपा) संसिद्धि को प्राप्त होता है । यहाँ पर उक्त "स्वे स्वे" और 'मानव' इन दोनों सामान्य पदों के प्रयोग से भगवद्भक्तिमें मनुष्य मात्र का समानाधिकार सूचित होता है ।

अब पराभक्ति का वर्णन करते हैं—शास्त्रोक्त कर्मयोगादि का अनुष्ठान करना चाहिये "ऐसी भगवान् की" इस आज्ञा को पालन करने पर, आज्ञा पालन रूप छद्म से प्रसन्न श्रीसर्वेश्वर प्रभु से संप्राप्त—आत्मज्ञान (स्वरूप ज्ञान) के पश्चात् प्रादुर्भूत होने वाली भक्ति फलरूपा कहलाती है, उसीको पराभक्ति एवं प्रेमलक्षणा भक्ति भी कहते हैं. रूपादिविषयक इन्द्रियवृत्ति की भांति संतत सर्वदा आत्मस्थिति पर्यन्त स्थिर रहने वाली भगवान् के स्वरूप एवं गुण विषयिनी स्वाभाविक मनोवृत्ति" बस यही पराभक्ति के लक्षण है ।

भक्तराज श्रीप्रह्लाद जी ने भगवान से उक्त पराभक्ति प्राप्ति के लिये ही प्रार्थना की है—"या प्रीति०" इत्यादि वचन में—अर्थात् हे प्रभो ! अज्ञानियों के चित्तमें जैसे सांसारिक विषयों की अटूट प्रीति बनी रहती है, वैसे मेरे हृदय में आपकी अविच्छिन्न स्मृति बनी रहे । शास्त्र में इस वृत्ति को ध्रुवा स्मृति भी कही है ।

वे० र० मञ्जूषा—नित्ययुक्ता उपासते ! मच्चित्ता मद्गत प्राणा बोधयन्तः परस्परम् । कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति चेति भगवदुक्तेः । तस्या ज्ञानोत्तर भावित्वं स्वयं गीतं श्रीमुखेन—ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न कांक्षति । सैव श्रीभगवत्स्वरूपादिविषयकप्रत्यक्षानुभवहेतुरपीतित्रैवोच्यते "भक्त्या—

कुञ्चिकाः - हर्ष गद्गदकण्ठा माधव मुकुन्द मधुसूदन-कृष्ण वासुदेवेत्येवमादीनि नामानि स्तोत्रप्रबन्धाश्च, सततं - सर्वदा, कीर्तयन्तः । यतन्तश्च मत्प्रसादासाधरणकारण-भूतेषु मदर्चन-वन्दन-नर्तन-नमस्कार लीलानुकरणादिकर्मसु यतमानाः, भजनान्तरगत-विक्षेपमसहमानाः,-विक्षेपहेतून स्वसम्बन्धिनोऽप्युपेक्षमाणा इत्यर्थः । भक्त्या निरतिशय-प्रेम्णा नमस्यन्तश्च -पद्भ्यां दोर्भ्यांञ्च जानुभ्यामुरसा शिरसा दृशा। मनसा वचसा चेति प्रणामोऽष्टाङ्ग ईरितः । इत्युक्तप्रकारेणाष्टाङ्गैर्मन्मन्दिराजिरादिषु दण्डवत्प्रणामं कुर्वन्तो नित्ययुक्ताः क्षणमात्रमपि मद्वियोगमसहमाना मामुपासते मत्सेवनैकजीवना भवन्तीत्यर्थः ।

तेषां प्रेमवृद्धिपूर्वकभजनमेव विवृणोति—मच्चित्ता इति, मयि - भगवति वासुदेवे चित्तं येषां ते मच्चित्ताः । मद्गताः प्राणाश्चक्षुराद्दीन्द्रियाणि येषां ते,मद्रूपादिदर्शनार्थे कविष-यीभूता चक्षुरादिव्यापारा इत्यर्थः । मद्भजनार्थैकजीवना इति वा । स्वसमान विद्वद्गोष्ठी

भाषा०—यह ध्रुवास्मृति अन्तः करणके शुद्ध हुए विना नहीं हो सकती, और शुद्ध सात्त्विक आहार विना अन्तः करण शुद्ध नहीं हो सकता। यह आशय "आहारशुद्धौ०" इत्यादि स्मृतिवाक्यों में प्रकट किया गया है।

भगवान ने भी "सतं०" मच्चित्ता०" इत्यादि वचनों में पराभक्ति का उपरोक्त ही स्वरूप प्रकट किया है - अर्थात् दृढप्रतिज्ञ भक्त भक्तिपूर्वक कीर्तन प्रणत नमन आदि कर्मों के द्वारा सदा मेरे ही अन्दर लगे हुए, निरन्तर मेरी उपासना करते हैं। इस प्रकार से प्रेम प्रवाह में निमग्न उपासकों का चित्त और चक्षु आदि इन्द्रियाँ प्राण ये सब मुझ में ही लग जाते हैं, अत एव वे-समग्र विद्वानों में सुहृद्भावपूर्वक मद्विषयक ज्ञान को बढ़ाते हुए एवं न्यून बोधवालों को मेरे दिव्य गुण कर्मों की गाथा सुनातेहुए सदा सन्तुष्ट तथा आनन्दित बने रहते हैं।

— उपरोक्त परा भक्ति मेरेस्वरूप ज्ञान होने के पश्चात् ही आविर्भूत होती है, इस कथन में "ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा० गी० अ० १८ श्लो० वह भगवान का वचन ही प्रमाण है।

वे० र० मञ्जूषा—मामभिजानाति यावान् यश्चास्मि तत्त्वतः । ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम्" इति । प्रवेशोऽत्र-स्वस्य चेतनाचेतनात्मकविश्वस्य च ब्रह्मात्मकानुभवपूर्वकविश्वरूपे भगवति तच्छक्त्यात्मनाऽवस्थानम् । तत्त्वञ्च श्रीपार्थसारथिना दर्शितमर्जुनाय, तेन तथैवानुभूय विस्तरेणोक्तम्—"पश्यामि

परस्परमन्योऽन्यं युक्तिभिः श्रुतिस्मृत्यादिप्रमाणैश्च मामेव बोधयन्तः, जिगीषाधर्मा-न्मत्स्वरूपगुणज्ञापनेन सौहार्दं कुर्वन्त इत्यर्थः । स्व-यूनबोधेषु च मामेव कथयन्तः मत्कृपया मदीयान् मदीयान्यतिमानुषाण्यद्भुतानि कर्माणि च कथयन्तः सन्तस्तुष्यन्ति च रमन्ति च—। चकारोऽनन्यप्रयोजनेन श्रोतृपक्षेण तुष्यन्ति, अनुमोदन्ते च । श्रोतारश्च तदद्भुतगुणकर्मश्रवणेन रमन्ति—रमन्ते इत्यर्थः ।

ब्रह्मभूत इति-आविर्भूतानवच्छिन्न ज्ञानघनात्मस्वरूपानुभूतिरत एवप्रसन्नात्मा प्रसन्नत्वाच्च विषयनिरपेक्षप्रसादयुक्त आत्मा चित्तं यस्य स तथा । तत्र लिङ्गम्-न शोचतीति—किञ्चि-न्नष्टं वस्तु न शोचति, न वाऽप्राप्तं किंचित्काङ्क्षति, आत्मानुभवसन्तुष्टतया समलोष्टाऽश्म-काञ्चनदृष्टिरित्यर्थः अत एव सर्वेषु भूतेषु समः—स्वस्य स्तुति पूजाकर्तृषु निन्दाप्रकारकर्तृषु च मित्रारिभाववर्जितः । एवं ज्ञानं सिद्धिं प्राप्तो मद्भक्तिं लभते परां—मद्विषयां निरति-शयप्रीतिलक्षणां परामव्यभिचारिणीं मत्साक्षात्कारानुभावकारणभूतां भक्तिं लभत—इत्यर्थः ।

भक्तिरेवैनं बर्द्धयति, भक्तिरेवैनं दर्शयति, भक्तिवशः पुरुषो भक्तिरेव भूयसीति श्रुत्या भक्तेर्भगवत्स्वरूप-सौन्दर्य्यमाधुर्य्य-दर्शनकारणत्वं तद्वशीकरणत्वं चेत्याह "सैवेति" भक्तिरेवेत्यर्थः । तत्रैव श्रीमद्भगवद्गीतायाम्, भक्त्येति, तया भक्त्या, यावान् यादृश-

भावानुवाद—अर्थात्—आत्मस्वरूप का अनुभव हो जाने पर ज्ञानी का चित्त सदाप्रसन्न रहता है, फिर उसको बाह्य विषयों के उपभोग की वैसी आवश्यकता नहीं रहती, अतः उसको न किसी लौकिक वस्तु के नष्ट होने की चिन्ता ही होती और न किसी अप्राप्त वस्तु की आकांक्षा ही हो सकती । उस समय उसकी लोह और सुवर्ण में तथा अपनी निन्दा करने वाले या स्तुति करने वाले, प्रिय अप्रिय सब में ही एक समान दृष्टि बन जाती है, बस ऐसी ज्ञानसिद्धि होजाने के पश्चात् ही उस ज्ञानी को मेरी पराभक्ति प्राप्त होती है ।

परा भक्ति से ही भगवान् का साक्षात्कार हो सकता है । इस आशय को 'भक्त्यामा० इस गीता वाक्य से प्रमाणित करते हैं । भगवान् कहते हैं कि हे अर्जुन ! मेरे वास्तविक स्वरूप गुण-कर्म महिमा आदि भक्ति से ही जाने जा सकते हैं एवं भक्ति के बल से मेरे-

वे० र०मञ्जूषा :—देवांस्तव देव ! देहे सर्वांस्तथाभूतविशेषसंघान् । ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थमृषींश्च सर्वानुरगाँश्च दिव्यान् " इत्यादिना ।

एतदुक्तं भवति, विश्वरूपब्रह्मणः श्रीपुरुषोत्तमस्य विश्वात्मत्वेन विश्वजगतोऽधिकरणत्वात् विश्वं जगत्तत्रावतिष्ठते शक्त्यात्मना ।

कुञ्चिका गुणशक्तिविभूतिमानहं यत्र सच्चिदानन्दविग्रह सर्वज्ञः सर्वकारणं सर्वान्तर्यामी देशकालवस्तुपरिच्छेदशून्यः सर्वव्यापकोऽपि सर्वदोषाऽस्पृष्टः सकलचेतनभिन्नाभिन्नस्वभावस्तं मां तत्त्वतः—संशयविपर्ययराहित्येन, अभिजानाति—साक्षादनुभवति, तदनन्तरं मयि विशति इत्यर्थः । उक्तार्थं श्रीमुखवचनेन दृढयति—तत्त्वञ्च श्रीपार्थसारथीति । तत्त्वञ्च शक्त्यात्मनावस्थानम् ।

एतदुक्तमिति—यदुक्तं तदेतद्व्यतीत्यर्थः । उक्तार्थे मानमाह - विष्णुधर्मोत्तर इति । अपर इति—अष्टधा या प्रोक्ता प्रकृतिः सेयमपरा निकृष्टा जडत्वात्परार्थत्वच्च । इतस्त्वचेतनभूताया: प्रकृतेरन्यां विलक्षणां स्वरूपतः स्वभावतश्चात्यन्तविजातीयां परां, तस्यां

भाषानुवाद : - स्वरूप को यथार्थ जानने के अनन्तर भक्त मुझ में सम्प्रविष्ट होता है। शंका – जब भगवान सर्वाधार हैं तो भक्त अभक्त ज्ञानी अज्ञानी सभी उन्हीं के अन्दर स्थित हैं ही, फिर "ज्ञान होने पर ही भक्त मुझ में प्रवेश करता हैं" यह क्यों कहा ? समाधान: – यद्यपि सम्पूर्ण जगत सर्वाधार ईश्वर में ही स्थित है, तथापि समस्त जगत को ब्रह्मात्मक (ब्रह्म का अंश) मान कर उस विश्वरूप ईश्वर में शक्तिरूप से अपनी स्थिति मानना ही यहाँ के प्रवेश शब्द का अर्थ है। ज्ञान भक्ति रहित जीवों को ऐसा भान नहीं होता, अतः अज्ञानी जन पृथ्वी आदि भूतों को ही अपना आधार समझते हैं। भक्त अर्जुन को जब भगवान ने अपने स्वरूप का साक्षात्कार करा दिया तब "पश्यामि०" इत्यादि वचनों से अर्जुन ने उस अनुभव का ऐसा ही वर्णन किया है। हे दिव्य मङ्गल विग्रह प्रभो ! सम्पूर्ण देवों को तथा मूल समुदाय, एवं कमलासन ब्रह्मा, शंकर, सम्पूर्ण ऋषिजन, नाग आदि सभी दिव्य वस्तुओं को मैं आपके ही अन्दर देख रहा हूँ। गी० अ० श्लोक।

सारांश यह कि, सर्वव्यापी (ईश्वर विश्व के बाहर भीतर सर्वत्र स्थित है, अतः उसी विश्वाधार में विश्व की स्थिति और प्रवृत्ति हो रही है। कारण जड और चेतन परमात्मा की ही अपरा और परा शक्तियाँ हैं शक्तियाँ शक्तिमान् से कभी पृथक् नहीं रह-

वे० र० मञ्जूषाः—विष्णुधर्मोत्तरे—ब्रह्मा शम्भुस्तथैवार्कश्चन्द्रमाश्च शतक्रतुः। एवमाद्यास्तथैवाऽन्ये मुक्ता वैष्णवतेजसा । जगत्कार्यावसाने तु वियुज्यन्ते स्वतेजसा" इति। परापरात्मकशक्तिरूपत्वाच्च विश्वस्येति निर्विवादः। तथा च गीयते—"अपरेयमितस्त्वन्यां प्रकृतिं विद्धि मे पराम्। जीवभूतां महाबाहो! ययेदं धार्यते जगत्" इति। तथैव सर्वाधिकाररूपाश्शक्तयस्तस्यैव तत्र तिष्ठन्ति, सृष्टिसमये तत्तदधिकारार्हाणां ब्राह्मरौद्रादिपदारोहणयोग्यानां तत्तज्जगत्सृष्टृत्व-संहर्तृत्वादिशक्तिभिर्युनक्ति।

प्रलये च तान् विश्वाधिकारिणस्ताभिर्वियुनक्ति, परन्तु सर्वावस्थानस्य सर्वादिकत्वाविशेष एव, तथामुक्तानामपि विश्वरूपे भगवति तदात्मकतयावस्थान

कृष्णिकाः—भोक्तृतया प्रकृष्टां जीवभूतां चेतनां प्रकृतिं शक्तिं मे मदीयां, मदात्मिकां विद्धि, यया जीवभूतया चेतनया, क्षेत्रज्ञाख्ययाऽनादिकर्मवशात् अन्तः प्रविष्टया इदं शरीरादि रूपं क्षेत्रसंज्ञकं जड़जातं जगद्धार्य्यते। उभयोर्विष्णुशक्तित्वं विष्णुपुराणे स्पष्टमुक्तम्—"विष्णुशक्तिः परा प्रोक्ता क्षेत्र ज्ञाख्या तथाऽपरा" इति। इत्यर्थः। तस्य—ब्रह्मणः, तत्र-ब्रह्मणि।

ताभिः—शक्तिभिः, जुष्टमिति—यदा जीवो निमग्नास्वस्मात्, धारकत्वनियन्तृत्वा-शित्वादिना भिन्नं, स्वसाधनैः प्रीतं परमात्मानमखिल-जगदीशनलक्षणमस्य महिमानञ्च-

भाषानुवादः—सकर्ता, "यह आशय-'ब्रह्मा-शम्भु०" इस वाक्य से विष्णु धर्मोत्तर में स्पष्ट किया गया है। अर्थात् ब्रह्मा, शंकर, सूर्य, चन्द्रमा, इन्द्र आदि देव तथा और सभी मनुष्यादिक श्रीसर्वेश्वर के ही तेज से सम्बन्धित हैं, प्रलय के समय उनको परमात्मा स्वतेज से वियुक्त अर्थात् अपने अन्दर लीन कर लेते हैं अतः उनके प्रकाशादि कार्य स्थगित हो जाते हैं। जड़ चेतन दोनों परमात्मा की शक्ति हैं यह आशय अपरे०" इस गीता वाक्य में निर्विवाद सिद्ध किया गया। अर्थात् हे महाबाहो! पूर्वोक्त अष्टविध प्रकृति मेरी अपरा शक्ति है, और इससे भिन्न जीव समुदाय को मेरी परा प्रकृति जानो, जिसने कि तत्तत् शरीरादि रूप विश्व का धारण कर रक्खा है। इसी प्रकार अधिकार शक्तियाँ भी सर्वेश्वर की ही हैं, अतः सृष्टि की रचना और स्थिति के समय तत्तत् शक्तियों के योग्य ब्रह्मा रुद्र आदि को जगत्कर्तृत्व-संहारकर्तृत्व आदि शक्तियों से परमात्मा ही युक्त बनादेता है, और प्रलयके समय उन शक्तियों से वह परमात्मा ही वियुक्त कर देता है।

परन्तु सम्पूर्ण शक्तियों के मूल केन्द्रीभूत परमात्मा में वे सभी शक्तियाँ सदा सर्वदा

वे० र० मञ्जूषा—मविरुद्धम् ,स एव भगवद्भावापत्तिलक्षणमोक्षः सायुज्यशब्देनाऽप्युच्यते। नच स्वरूपैक्यं सायुज्यमिति वाच्यम्। भेदस्यापि श्रवणात्। "जुष्टं यदापश्यत्यन्यमीशं" 'तन्महिमानं वीतशोकः' पृथगात्मानं प्रेरितारञ्च मत्वा जुष्टस्ततस्तेनाऽमृतत्वमेति" इति भेदज्ञानान्मोक्षश्रवणान्मोक्षेऽपि भेद उक्तः "तन्महिमानमित्यनेन—

कुंचिका:-पश्यति,तदा वीतशोकोभवतीत्यर्थः। एतस्माद्वचनात्प्रतीयते भेदज्ञानान्मोक्षः इति। भेदज्ञानान्मोक्षस्य प्रतिपादकवाक्यमुदाहरति—'पृथगात्मानमिति'। यस्मात्पृथग् भिन्नं प्रेरितारं प्रेरणकर्तारमात्मानं-परमात्मानं, मत्वा-बुध्दा, तत एव जुष्टः—सेवां कुर्वन भक्तश्चेत्,—भेदज्ञानेनामृतत्व मोक्षमेति-प्राप्नोतीत्यर्थः। यः प्रत्यगात्मा, तस्य-ब्रह्मणः, महिमानं पश्यति,स तस्माद् भिन्न एवेत्याह—मोक्षेऽपि भेद उक्त इति।

भषानुवाद :- परन्तु सम्पूर्णशक्तियों के केन्द्रीभूत परमात्मा में वे सभी शक्तियां सर्वदा ही स्थित रहती हैं ईश्वर में अपनी शक्तियों के संयुक्त वियुक्त होने का कोई हेतु नहीं है। इसी प्रकार मुक्तजीवों की भी विश्वरूप भगवान् में ही तदंश रूप से स्थिति रहती है, इस कथन में कोई विरोध नहीं। वह भगवद्भावापत्ति स्वरूप मोक्ष ही सायुज्य शब्द से व्यवहृत होता है। मुक्ति काल में भी "जुष्टं०" एवं "पृथगात्मानं०" इत्यादि श्रुतियां जीव और ईश्वर का भेद बतला रही हैं अर्थात् जिस समय ज्ञानी पुरुष सर्वत्र ओत-प्रोत ईश्वर को अपने से भिन्न देखता है, एवं परमात्मा की महिमा का साक्षात्कार करता है तब वह समस्त शोकों से मुक्त हो जाता है। जब-साधक अपने प्रेरक प्रभु को अपने से पृथक (अधिक) मानता है, तब उसी भेद ज्ञान से परम अमृतत्व को प्राप्त होजाता है।

इस प्रकार श्रुतियों में भेद ज्ञान के द्वारा मुक्ति की प्राप्ति का वर्णन मिलता है, अत एव मुक्तावस्था में भी भेद अवश्य रहता है,। जो वादी ब्रह्म और जीव के स्वरूप की एकता को ही सायुज्य मानते हैं, उनका कथन ठीक नहीं, कारण तन्महिमा० इत्यादि श्रुतियां मुक्तावस्था में भी स्पष्ट रूप से जीव और परमात्मा के भेद का निरूपण करती हैं।

वे० र० मञ्जूषा—स्पष्टं चान्यत्र । निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति । व्याख्यातं श्रीमुखेनैतद्वाक्यं, मम साधर्म्यमागता इति । यथोदकं शुद्धे शुद्धमासिक्तं तादृगेव भवति एवं मुनेर्विजानत आत्मा भवति गौतमेति । आह श्रीपराशरः । निरस्तातिशयाह्लादसुखभावैकलक्षणा । भेषजं भगवत्प्राप्तिरेकान्तात्यन्तिकी मतेति ।

कुञ्चिका :— यथोदकमिति यथा शुद्धजले शुद्धजलं योजितं तत्सदृशमेव भवति न कथञ्चिद्विसदृशमेवमित्थं विजानतो मननशीलस्यात्माऽपि परमात्मज्ञानेन शुद्धः सन् विशुद्धेन परमात्मना समानो भवतीत्यर्थः । गौतमेति प्राच्यवैभवं सूचयन्सहर्षं सम्बोधयति । निरस्तेति । भगवत्प्राप्तिर्भेषजमित्यन्वयः, प्रकृतिसम्बन्धरूपरोगस्येतिशेषः । कीदृशीत्यपेक्ष्याह—निरस्तेति । निरस्तोऽतिशयाह्लादो यस्मात् तथाभूतेन सुखेन भावः स्थितिरेवैकं लक्षणं यस्याःसा । अत एवैकान्तात्यन्तिकी निरतिशयाचेत्यर्थः । अत्र प्राप्तिर्नाम द्वयाक्षरन्तु भवेन्मृत्युस्तथक्षरं ब्रह्म शाश्वतम् । ममेति च भवेन्मृत्युर्नममेतिच शाश्वतम् । निर्ममो निरहंकारः " इतिशास्त्रोक्तेनेदंकाराहङ्कारास्पदयोः क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोः स्वत्वममत्वभावनाशेन ' ममैवांशो जीवलोके 'अंशोनानाव्यपदेशादिति शास्त्रोक्तस्वाभाविकतदीयतासम्बन्धसाक्षात्कारपूर्वकं सुरसरित्प्रवाहवच्छ्रीभगवदनवच्छिन्नानुभूत्या स्थितिरित्यर्थः । नच

भाषानुवाद—इस श्रुति में भी साधर्म्य रूपी साम्य की प्राप्ति का कथन किया है जिससे भी मुक्तावस्था में भेद सिद्ध होता है, इसी श्रुति का व्याख्यान भगवान् ने 'मम साधर्म्यमागताः०" इस गीता वाक्य में किया है, और "यथोदकं शुद्धे शुद्धमासिक्तं०" इसश्रुति में युक्ति भी प्रकट की गई है-अर्थात् जैसे शुद्ध जलमें कुछ शुद्ध जल और मिलादिया जाय तो वह उसी के सदृश बन जाता है किन्तु अभिन्न नहीं कहा जा सकता—कारण यदि उन दोनों जलों की एकता मानलें तो फिर-उसका परिमाण बढ़ना नहीं चाहिये। हे गोतम उसी भांति ज्ञानी पुरुष को आत्मा की स्थिति जाननी चाहिये। महर्षि पराशर जी ने भी 'निरस्तातिशय०" इस वाक्य में भेद ही सिद्ध किया है। अर्थात् जिससे ऊँचा और कोई सुख नहीं है, ऐसे आह्लाद रूपी सुखभावस्वरूपा ऐकान्तिक और आत्यन्तिक भगवत्प्राप्ति ही संसार दावानल से बचाने वाली औषध है। यहाँ पर भगवान् और उनकी प्राप्ति एवं औषध और उसको सेवन करने वाला, ये सब विभिन्न-विभिन्न ही दिखलाये हैं।

वे० र० मञ्जूषा—किञ्च सायुज्यशब्दस्य स्वरूपैकत्वेऽभ्युपगते, एतासामेव देवतानां सायुज्यं सार्ष्टितां समानलोकतामाप्नोतीति श्रुतिविरोधापत्तेः। न हि युगपत् क्रमेण वा अनेकदेवतासायुज्यसिद्धिः। एकेनैक्यापत्तौ पुनरन्यैः कथमैक्यमापद्यते, ऐक्यापन्नस्य पुनर्भेदासंभवात्। न च ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवतीति साधारणश्रुतेरैक्यविधानश्रवणादिति वाच्यम्। ब्रह्मात्मकत्वेन तत्त्वोपदेशस्याविरुद्धत्वात्। तच्चोक्तं पूर्वमेव। अन्यथा ब्रह्मविदाप्नोति परमिति कर्मकर्तृव्यपदेशव्याकोपात्। अलं विस्तरेण। किञ्चोक्तलक्षणाया भक्तेः सत्सङ्गमूलत्वात्

कुञ्चिकाः - स्वरूपैकत्वं सायुज्यशब्दार्थः। 'एतासामेव देवतानां सायुज्यमिति श्रुते व्यांकोपापत्तेरित्याह - किञ्चेति। विरोधमेव विवृणोति - नहीत्यादिना। जीवब्रह्मणोरैक्यं मोक्षशब्दार्थो ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवतीतिश्रुतेरित्याशङ्क्य परिहरति नचेति।

भाषानुवाद :—यदि आग्रह वशात् सायुज्य शब्द का अर्थ स्वरूप की एकता ही माना जाय तो "एतासां देवतानां०" यह श्रुति असंगत होती है, क्यों कि अनेक देवताओं की एक साथ या क्रम से स्वरूपैक्य रूप सायुज्य की सिद्धि नहीं हो सकती, कारण जब किसी एक देवता की ब्रह्म के साथ एकता हो चुकी फिर उस देवता का और ब्रह्म का भेद तो हो नहीं सकता, ऐसी परिस्थिति में अन्य देवताओं की निरञ्जन (शुद्ध) ब्रह्म के साथ एकता कैसे हो सकेगी, क्योंकि पूर्व देवता के मिलने से वह ब्रह्म तो साञ्जन बन गया।

यदि यह कहो कि—"ब्रह्मविद्ब्रह्मैव०" इसश्रुति में ब्रह्मज्ञानी की ब्रह्म के साथ एकता ही सुनी जा रही है, यह भी ठीक नहीं, क्योंकि इस श्रुति में पड़े हुए एव' शब्द का अर्थ सादृश्य ही है, यह पहिले ही कह दिया गया है, अन्यथा "ब्रह्मविदाप्नोति०" इस श्रुति में ब्रह्मवित् यह कर्ता है और परम महत्पद कर्म वाचक है, किन्तु दोनों की एकता हो जाने के अनन्तर इस श्रुति में बतलाये हुए कर्मत्व और कर्तृत्व के व्यपदेश की संगति लगना कठिन है, अब यह प्रसङ्ग समाप्त किया जाता है।

उपरोक्त लक्षणों वाली भक्ति सत्सङ्ग किये बिना प्राप्त नहीं हो सकती, अतः मन का अवरोध न हो तब तक भक्ति की कामना वाले प्राणियों को नित्य कर्मों की भाँति सत्सङ्ग अवश्य करना चाहिये।

वै० र०भक्तृपा :—सत्सङ्गो नियतकर्मव्यावर्त्तनमनोनैश्चल्यम् आवश्यकतयोक्त-लक्षणभक्तीच्छुभिः कर्त्तव्यः। सतां लक्षणं च, भगवद्दिदृक्षातृणीकृतसर्वपुरुषार्थकत्वे सति भगवदाज्ञाविरुद्धाचारशून्यत्वं, तन्नियोगकैङ्कर्य्यपुरुषार्थपरत्वे सति अन्यपुरुषार्थेच्छाकालुष्याभावत्वं वा। यथा। पाद्मे-कार्तिकमाहात्म्ये। वरं देव मोक्षं न मोक्षावधिं वा न चान्यं वृणेऽहं वरेशादपीह। इदं ते वपुर्नाथ गोपालबालं सदा मे मनस्याविरास्तां किमन्यैः॥ ध्रुवेरात्मजौ बद्धमूर्त्यैव यद्वत् त्वया मोचितौ भक्तिभाजौ कृतौ च। तथा प्रेमभक्तिं स्वकां मे प्रयच्छ, न मोक्षे ग्रहो मेऽस्ति दामोदरेह। हयशीर्षीयनारायणव्यूहस्तवे-न'धर्मं काममर्थं वा मोक्षं वा वरदेश्वर। प्रार्थये तव पादाब्जे दास्यमेवाभिकामये॥ पुनस्तत्रैव। पुनः पुनर्वरान् दित्सुर्विष्णुर्मुक्तिं न याचितः। भक्तिरेव वृता येन प्रह्लादं तं नमाम्यहम्। वैष्णवेप्रह्लादः॥ कृतकृत्योऽस्मि भगवन् वरेणानेन यत् त्वयि। भवत्री

कुड्यिकाः—ब्रह्मात्मकत्व तन्नियम्यत्व तद्व्याप्यत्व तत्तन्त्रत्व पराधेयत्वादियोगेन ब्रह्मामिन्न-त्वमभिदधाति ब्रह्मविद ब्रह्मैव भवतीतिश्रुतिरित्याशयेन समाधत्ते-'ब्रह्मात्मकत्वेनेति। विपक्षे बाधकतर्कमाह-अन्यथेति। जीवब्रह्मणो स्वरूपत ऐक्यास्वीकार इत्यर्थः। उक्त-भक्तेर्मूलं दर्शयति-किञ्चेति। उक्तं सतां लक्षणं मानेन द्रढयति। यथापाद्म इति।

भाषानुवादः—सज्जन वही हैं जोकि भगवान् के साक्षात्कारकी इच्छा रखते हों, और तदितर सम्पूर्ण पुरुषार्थों को तृणवत् मानते हों, एवञ्च भगवान् की आज्ञारूपी शास्त्रीय मर्यादा से विरुद्ध आचरण न करते हों। अथवा ईश्वर—आज्ञानित कैंकर्य को ही पुरुषार्थ मान कर वित्तैषणा पुत्रैषणा आदि लौकिक पुरुषार्थों की इच्छा भी न रखते हों। पद्मपुराणीय कार्तिकमाहात्म्य में भी "वरं देव मोक्षं०" इत्यादि श्लोकों में साधु जनों के इसी प्रकार के लक्षण किये हैं अर्थात् हे देव ! मैं आपसे मुक्ति अथवा मोक्ष के समकक्ष और कोई दूसरा भी वर नहीं चाहता, किन्तु यही चाहता हूँ कि आपका यह बालगोपालविग्रह सदा मेरे मनो मन्दिर में क्रीड़ा करता रहे। जैसे ऊखल से बन्धी हुई आपकी मूर्तिने कुबेर के पुत्रों को वृक्ष योनि से मुक्त बना भक्तिभागी बना दिया था उसी भाँति मुझको अपनी प्रेम-भक्ति प्रदान कीजिये, हे दामोदर इसके अतिरिक्त मेरी मोक्ष में अभिरुचि नहीं है।

वे० र० मञ्जूषा—त्वत्प्रसादेन भक्तिरव्यभिचारिणी ॥ धर्मार्थकामैः किं तस्य मुक्तिस्तस्य करे स्थिता । समस्तजगतां मूले यस्य भक्तिः स्थिरा त्वयि ॥ तत्रैव बालकान् प्रति—'तस्मिन् प्रसन्ने किमिहास्त्यलभ्यं धर्मार्थकामैरलमल्पकास्ते । समाश्रिताद् ब्रह्मतरोरनन्तान्निःसंशयं यास्यथ वै महत्फलम् ' इत्युक्तिस्तु तेषां

कुञ्चिका:—धर्मार्थकाममोक्षेभ्यो विहाय दास्यभावस्यैवाधिक्यविधायकं वाक्यमुदाहरति—हयशीर्षायेति । तत्रैवेति हयशीर्षायनारायणव्यूहस्तवे । मुक्त्यपेक्षया भक्तेरेवाधिक्यमाह—पुनः पुनरिति । ततः किमत आह—तस्मिन्निति । तस्मिन् प्रसन्ने प्रीते सति न किञ्चिदुर्लभं तथापि तुच्छत्वात्त्रिवर्गो न प्रार्थ्यः । सर्वत्र सन्निहितात् ब्रह्मकल्पमोक्षफललाभो निःसंशय इत्यर्थः । अत्र त्रिवर्गप्राप्तिर्हेयत्वात्परित्याज्यापि मोक्षफलप्राप्तिस्त्वभिमता । श्रीप्रह्लादस्य कथं भगवत्सेवनस्याधिक्यमित्याशङ्कां निरसितुमाह—इत्युक्तिस्तु तेषां प्रवर्त्तनार्थिकेति । बालकानां यथा श्री भगवति प्रवृत्तिः स्यात्तदर्थं महत्फलोक्तिः, नतु श्रीप्रह्लादस्यापेक्षिता मुक्तिरित्यर्थः । विपक्षे बाधकतर्कमाह—अन्यथेति ।

भाषानुवाद—हयशीर्षाय नारायण व्यूह के स्तव में भी 'न धर्मं काममर्थं वा०" इन श्लोकों से भी सज्जनों के उपरोक्त ही लक्षण बतलाये हैं, अर्थात हे वरदेश्वर ! मैं धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारों को नहीं चाहता। केवल आपके चरण-कमलों की सेवा ही मांगता हूँ।

श्रीविष्णु भगवान प्रह्लाद को बार-बार वरदेना चाहते थे किन्तु उसने और कुछ भी न लेकर केवल हरिभक्ति की ही याचना की।

विष्णुपुराण में "कृतकृत्योऽस्मि भगवन्०" इन श्लोकों से प्रह्लाद जी ने स्वयं भी यही आशय प्रकट किया है, कि हे भगवन मैं इसी वर से कृतकृत्य होगया जोकि आपकी कृपा से मुझको आपकी अव्यभिचारिणी भक्ति प्राप्त हुई है। क्योंकि धर्म-अर्थ और काम इनकी तो बात ही क्या है, मुक्ति भी उस पुरुष की मुट्ठी में है, जिसके चित्तमें कि समस्त विश्व के मूल स्वरूप आपकी भक्ति हो। विष्णु पुराण में—'तस्मिन प्रसन्ने०" इस श्लोक से प्रह्लाद जी ने बालकों से जो फल की चर्चा की है, कि हे शिशुजनों ! भगवान् के प्रसन्न हो जाने पर फिर कोई भी वस्तु अलभ्य नहीं रहती, अतः यदि तुमने अनन्त-ब्रह्म वृक्ष का आश्रय लेलिया है तो अवश्य ही बड़े भारी फल को पाओगे। यह कथन केवल भगवद्भक्ति में प्रवृत्त करने के ही लिये समझना, अपनी इच्छा सूचक नहीं, अन्यथा पूर्वोक्त वाक्यों के साथ विरोध आयेगा।

वे० र० मञ्जूषा—प्रवर्त्तनार्थिका, न स्वेच्छाविषयिकेति बोध्यम् । अन्यथा पूर्वापरवाक्यविरोधापत्तेः ॥ पञ्चरात्रे च-धर्मार्थकाममोक्षेषु नेच्छा मम कदाचन । त्वत्पादपङ्कजस्याधो जीवितं दीयतां मम । मोक्षं सालोक्यसामीप्यं शार्ङ्गधर न धराधर । इच्छामीह महाभाग कारुण्यं तव सुव्रतेत्यादि । एतादृशानामेकान्तभक्तानां दर्शनादिनैव पुरुषार्थसिद्धिः, किं पुनर्दीर्घकालसंगत्येति कैमुत्यन्यायमाह-शास्त्रं तेषां दौर्लभ्यं द्योतयद् । यस्यानुभवपर्यन्ता बुद्धिस्तत्त्वे प्रतिष्ठिता । तद्दृष्टिगोचराः सर्वे मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः ॥ पौष्करे-दुर्लभा भगवद्भोगभाविनो भुवि मानवाः । तदर्शनात् तदालापात् सुलभं शाश्वतं पदमिति ॥ नैतदाश्चर्यमत्र शङ्कनीयम् , तत्र पुरुषोत्तमस्य सदैव सान्निध्यश्रवणात् । सन्धिं च यागं सन्धत्ते ब्रह्मणोदशो रमते तस्मिन् नु जीर्णो शयाने नैनं जहात्यहःसु

कुञ्जिका:—पूर्वापरेति । एवं सर्वेषु भूतेषु भक्तिरव्यभिचारिणी । कर्त्तव्या पण्डितैर्ज्ञात्वा सर्वभूतमयोहरिः ।

कृतकृत्योस्मि भगवन् वरेणानेन सद्यपि । भवित्री त्वत्प्रसादेन भक्तिरव्यभिचारिणी । यदि श्रीप्रह्लादस्यापेक्षिता मुक्तिः स्यात्तदैतेषां वाक्यानां विरोधः प्रसज्येत,तेषु वाक्येषु तस्य भक्तिरेवाभिमता । तस्माद्बालानां प्रलोभनायैवैषापेक्षितित्यर्थः । पाञ्चरात्रप्रमाणेनाप्युक्तार्थं द्रढयति—पाञ्चरात्रेति ।

भाषानुवाद :—श्री नारदपाञ्चरात्र में-"धर्मार्थं काम मोक्षेषु०" इन श्लोकों से यही भाव प्रदर्शित किया गया है कि हे धराधर ! मेरी धर्म अर्थ काम और मोक्ष इन सबों में कभी भी इच्छा नहीं, मुझको तो केवल यही वर दीजिये, जिससे कि मेरा जीवन आपके चरण कमलों में ही रहे । हे सुव्रत मैं सालोक्य और सामीप्य मुक्ति भी नहीं चाहता बस केवल आपकी एक कृपा दृष्टि चाहता हूँ । ऐसे निष्काम भक्तों के दर्शन से भी मोक्षमिल सकता है, फिर यदि कुछ अधिक समय तक उनका संग हो जाय, तब तो कहना ही क्या ?

ऐसे ऐसे महात्माओं का मिलना दुर्लभ है, इस आशय को द्योतित करते हुए "यस्यानुभवपर्य्यन्ता०" इत्यादि वाक्यों से शास्त्र में कैमुत्य न्याय प्रकट किया गया है कि—जिस महापुरुष ने भगवान का साक्षात्कार कर लिया और उसकी बुद्धि परमात्म तत्त्व में स्थिर होगई, उस पुरुष की दृष्टि के सामने यदि महान् पापी भी आजावें तो वे भी समस्त पापों से मुक्त हो जाते हैं।

वे० र० मञ्जूषा :—पूर्वेष्विति तैत्तिरीयाः । प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः । न त्यजेयं कथञ्चन । यन्ममत्वेन गोविन्दे ये नरा न्यस्तचेतसः । विषयत्यागिनस्तेषां विज्ञेयं च तदन्तिक इति । नारायणेति यस्याऽस्ये वर्त्तते नाममङ्गलम् । नारायणस्तमन्वास्ते वत्सं गौरिव वत्सलेति स्मृतयश्चेति । च्यवननहुषसंवादे च । संभाषो दर्शनं स्पर्शः कीर्तनं स्मरणं तथा । पावनानि किलैतानि साधूनामिति शुश्रुमः । सेव्याः श्रेयोर्थिभिः सन्तः पुण्यतीर्थफलोपमाः । क्षणोपासनयोगोऽपि न तेषां निष्फलो भवेत् । साधूनां दर्शनं पुण्यं तीर्थभूता हि साधवः । कालेन फलते तीर्थं सद्यः साधुसमागम इति । सद्भिरेव सहासीत सद्भिः कुर्वीत सङ्गमम् । सद्भिर्विवादं मैत्रीं च नासद्भिः किञ्चिदाचरेदिति । अहन्यहनि धर्मस्य योनिः साधुसमागमः । मोहजालस्य योनिर्हि मूढैः सह समागम इत्याद्यनुसन्धेयाः ।

भाषानुवाद :—गीता में भगवान् ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि हे अर्जुन ज्ञानी भक्त मुझको अत्यन्त प्रिय है, और मैं उसको प्रिय हूँ । मैं अपने भक्तको कभी भी नहीं त्यागता । जो सांसारिक विषयों को त्यागकर गोविन्द मय हो श्रीसर्वेश्वर प्रभु को अपना चित्त समर्पण कर देते हैं, भगवान को उनके अत्यन्त सन्निकट जानना चाहिये ।

जिसके मुखसे "नारायण-नारायण" यह मांगलिक नाम उच्चरित होता है भगवान् उस भक्त के पीछे-पीछे ऐसे चलते हैं जैसे कि सद्योजात बछड़े के पीछे-पीछे गौ चलती हो ।

च्यवन ऋषि और नहुष के सम्वाद में कहा गया है कि—साधुओं के साथ सम्भाषण, उनके दर्शन एवं संस्पर्श कीर्तन और स्मरण ये सब साधक को पुनीत बनाने वाले हैं । यह हम सुनते आये हैं, अतः जो अपना कल्याण चाहें उनको चाहिये कि वे पवित्र तीर्थों के फलों के समान फल देने वाले सन्तों की तन, मन, धनसे सेवा करें, क्योंकि उनकी एक क्षणभर की हुई उपासना भी निष्फल नहीं जाती । साधुजन तीर्थ स्वरूप हैं, अतः उनके दर्शनों से बड़ा पुण्यफल प्राप्त होता है, कारण तीर्थ सेवन का फल तो समयान्तर से प्राप्त होता है और साधु समागम का फल शीघ्र ही मिलजाता है ।

इसलिये—साधुओं के संग ही बैठना चाहिये और उन्हीं के साथ संगम और मित्रता करनी चाहिये, यदि विवाद करना हो तो वह भी साधुओं के ही साथ करना चाहिये, असाधुओं के साथ समागमादिक कुछ भी न करे । क्योंकि प्रतिदिन किया हुआ साधुओं का समागम धर्मोन्नति का हेतु है, और मूर्खों का समागम मोह जाल का हेतु है । इन वाक्यों को सदा याद रखना चाहिये ।

किञ्चोक्तलक्षणा भागवता भगवतोऽप्याधिक्येन सेवनीयाः। "मम मद्भक्तभक्तेषु प्रीतिरभ्यधिका भवेत्। तस्मान्मद्भक्तभक्ताश्च पूजनीया विशेषतः" इति भगवदुक्तेः। "तस्माद्विष्णुप्रसादाय वैष्णवान् परितोषयेत्। प्रसादसुमुखो विष्णुस्तेनैव स्यान्न संशयः" इति व्यासवचनात्। 'सिद्धिर्भवति वा नेति संशयोऽच्युतसेविनाम्। न संशयस्तु तद्भक्तपरिचर्य्यारतात्मनाम्॥ केवलं भगवत्पादसेवया निर्मलं मनः। न जायते तथा नित्यंतद्भक्तचरणार्चना दति' शाण्डिल्यस्मृतेश्च। किञ्च, अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा शान्तिरार्जवम्। आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः॥ इन्द्रियार्थेषु वैराग्यमनहंकार एव च। जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम्॥ असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्रदारगृहादिषु। नित्यं च समचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु॥

कुञ्जिका :-पूर्वोक्तमुमुक्षूणां तज्ज्ञानयोग्यतोत्पादनाय साधनान्याह -अमानित्वमित्यादिपञ्चभिः। यत्किञ्चिद्गुणवत्तयापूज्यजनेष्वपि स्वपूज्यत्वबुद्धिर्मानस्तद्वत्त्वं मानित्वंतद्रहितत्वममानित्वम्। अदम्भित्वम्। धर्मित्वख्यापनायाविधिवद्धर्मेऽशानुष्ठानं दम्भस्तद्वत्त्वे दाम्भिकत्वं तद्रहितत्वम्। (अहिंसा) वाङ्मनःकायैः परपीडावर्जनम्। (शान्तिः) परैरपकृतेऽपि निर्विकारचित्ततया तदपराधोपेक्षा। (आर्जवम्) वाङ्मनःकायानां समत्वमकौटिल्यमितियावत् (आचार्योपासनम्) श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्। आचार्यो वेदसम्पन्नो विष्णुभक्तो विमत्सरः। मन्त्रज्ञो मन्त्रभक्तश्च सदा मन्त्राश्रयः शुचिः

भाषानुवादः-इतना ही नहीं अपितु पूर्वोक्त लक्षणों वाले महात्माओं की भगवान् से भी किसी अंश में अधिक सेवा करनी चाहिये। भगवान ने "मम मद्भक्त०" इस श्लोक में स्वयं कहा है कि भक्तों की सेवा करने वालों में मेरी प्रीति अधिक होवे अतः उनकी सेवा विशेष करनी चाहिये। व्यास जी ने भी यही कहा है कि विष्णु भगवान को प्रसन्न करने के लिये वैष्णवों को सन्तुष्ट बनावे, क्योंकि वैष्णवों के सन्तुष्ट होने से ही परमात्मा प्रसन्न होते हैं इसमें कुछ भी संदेह नहीं। शाण्डिल्य स्मृति में कहा है कि-- कदाचित् भगवत् सेवा के फल में संदिग्धता हो सकती है परन्तु भगवान् के भक्तों की सेवा के फल में किसी प्रकार का सन्देह नहीं रहता। क्योंकि, केवल भगवान् के चरणों की सेवा से मन वैसा निर्मल नहीं बन सकता जैसा कि भगवद्भक्तों की नित्य चरण सेवा करनेसे होसकता है, और जैसे भगवद्भक्तों का संगम आवश्यक है वैसे ही भगवान् के कहे हुए अमानित्व

कुक्षिकाः गुरुभक्तिसमायुक्तः पुराणज्ञो विशेषतः। एवं लक्षणसम्पन्नो 'गुरु' रित्यभिधीयते, इति श्रुतिस्मृत्युक्तलक्षणआचार्योविवक्षित, मोक्षमार्गदर्शित्वात्। तस्योपासनं निर्मायिकतया वाङ्मनःकायैः सेवनं, शौचं-बाह्याभ्यन्तरभेदाद्द्विविधम् बाह्यं मृज्जलादिना कायेन्द्रियशुद्धिः। आभ्यन्तरम्-मनोमलरागादीनां विवेकेनापनयनम्। (स्थैर्यम्) परमार्थोपाये प्रवृत्तस्य विघ्नबाहुल्ये प्राप्तेऽपि उद्वेगाभावेन तदपरित्यज्यावस्थानम्। (आत्मविनिग्रहः) देहेन्द्रियसङ्घस्य शास्त्रविरुद्धात्प्रवृत्तेर्निवर्तनम् इत्यर्थः।

इन्द्रियार्थेषिति। (इन्द्रियार्थेषु) शब्दादिविषयेषु दोषदृष्ट्युत्पादनेन रागराहित्यं वैराग्यम्। अनहङ्कारः-अभिजनजातिक्रियाभिरात्मन उत्कृष्टत्वाभिमानो गर्वाऽहंकारस्तद्राहित्यम् (जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम्) प्राक्तनशरीरवत्त्वे जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखादिरूपदोषाणामवर्जनीयत्वात्तदनुदर्शनं पुनः पुनरनुसन्धानम्। "न ह वा शरीरस्य सतः प्रियाप्रिययोरपहतिरस्ति, अशरीरं वा वसन्तं 'प्रियाप्रिये न स्पृशत" इतिश्रुतेरित्यर्थः।

असक्तिरिति। ममेदमितिप्रीत्यतिशयः सक्तिस्तद्राहित्यमसक्तिः। अनात्मनि तत्सम्बन्धिन्यात्माभिमानोऽभिष्वङ्गस्तद्राहित्यमनभिष्वङ्गः। असक्त्यनभिष्वङ्गयोर्विषयमाह—पुत्रदारगृहादिष्विति। आदिना वित्तपशुभृत्यप्रभृतिसम्बन्धिग्रहणं, सर्वत्र स्नेहवर्जनमित्यर्थः। इष्टानिष्टयोरुपपत्तिषु नित्यं सर्वदा समचित्तत्वं हर्षविषादाभाव—इत्यर्थः। मयीति। मयि भगवति वासुदेवे सर्वेश्वरे, अनन्ययोगेन न सतोऽन्यो देवादिरुपास्यः फलं वाञ्छतीत्यनन्यसम्बन्धेन यः।

भक्तिः सेवनात्मिका या ह्यान्तःकरणवृत्तिः। अव्यभिचारिणी केनचित्कालान्तरेण पुरुषान्तरेण वा प्रतिहर्तुमशक्या, इष्टेत्यर्थः। तथा विविक्ते भगवदाराधनविरोधिजनसङ्गवर्जितो देशस्तत्सेवनशीलत्वं विविक्तदेशसेवित्वम्। जनानां भगवद्भक्तिज्ञानहीनानां विषयप्रवणानां संसदि समाजे अरतिः प्रीत्यभावः असङ्गतिरित्यर्थः। सतां सङ्गतिस्तु कर्त्तव्येति। अध्यात्मेति। आत्मानमधिकृत्य प्रवृत्तं ज्ञानमध्यात्मज्ञानमनात्मविवेकोमयाथा-

---

भा०—आदि साधन नियमों का भी पालनकरना अत्यावश्यक है। वे इस प्रकार हैं, अमानिता अदम्भिता, अहिंसा, शांति, सरलता, आचार्यों की सेवा, पवित्रता बुद्धि का निश्चलता मन का अवरोध, विषयों में अरुचि, अहंकार का न होना, संसार में जन्म, मरण, बुढापा, रोग आदि दुःख रूपी दोषों का सर्वदा देखना, और स्त्री पुत्र घर आदिक में निर्ममता, प्रिय अप्रिय की उपस्थिति होने पर समान चित्त रहना,

वे० र० मञ्जूषा—मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी । विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनसंसदि ॥ अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम् । एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथेति ॥ एतेषां सर्वसाधनोपयिकत्वात् पूर्वोक्तलक्षणमुमुक्षुणाऽभ्युपगन्तव्योऽमानित्वादिरिति ॥ ६ ॥

इति श्रीभगवत्पुरुषोत्तमाचार्य्यविरचितायां वेदान्तरत्नमञ्जूषायां
सिद्धान्तविवृतौ साधनसंग्रहाधारो नाम
तृतीयकोष्ठिका समाप्ता ॥ ३ ॥

कुष्ठिका—ज्ञानमित्यर्थः । तस्मिन्नित्यत्वं तथैव सदा निष्ठत्वं, तत्त्वज्ञानस्यार्थः प्रयोजनं निःशेषाविद्यावृत्तिपूर्वकं निरतिशयानन्दभगवद्भावापत्तिलक्षणोयोमोक्षस्तस्यदर्शनमालोचनम् । एतदमानित्वादिविषयकं ज्ञानं ज्ञायतेतत्त्वमनेनेतिज्ञानमितिप्रोक्तम् । अतोऽन्यथा उक्तादस्मादिपरीतं यन्मानदम्भादिमत्त्वं तदज्ञानमितिप्रोक्तं ज्ञानविरोधिभूतं मुमुक्षुणा यत्नेन त्याज्यमित्यर्थः ।

भाषानुवा :—मुझमें अनन्ययोगपूर्वक अव्यभिचारिणी भक्ति रखना अर्थात्—जैसे स्त्री अपने पति के अतिरिक्त किसी पुरुष में पति भाव करलेती है तब वह व्यभिचारिणी कहलाती है, और एक पति को ही अपना सर्वस्व सेव्य समझती है तब पतिव्रता अव्यभिचारिणी कहलाती है. उसी प्रकार मेरा भक्त यदि मुझसे अतिरिक्त किसी देव विशेष की भक्ति करने लगे तो वह व्यभिचारी भक्त कहलाता है, और जो मुझमें ही रत रहै, उस भक्त की भक्ति का नाम अव्यभिचारिणी भक्ति है। एकान्त देश में रहना जन समुदाय में विशेष प्रेम न रखना, नित्यप्रति अध्यात्मविद्या का अभ्यास करना, तत्त्व ज्ञान का विचार ये सब ज्ञान के साधन हैं इनसे विपरीत मान, दम्भ आदि सभी अज्ञान के साधन हैं। ये सभी साधनाओं में उपयोगी हैं अतः मुमुक्षु को चाहिये कि इन अमानिता आदि को अवश्य अपनावे।

तृतीयकोष्ठिकाया भाषाटीका समाप्ता।

वे० र० मञ्जूषा—एवं तावत् पूर्वस्मिन् प्रकरणे साधनकदम्बः संग्रहेण निरूपितः। इदानीमत्र फलविवक्षया सर्वशास्त्रार्थं संगृह्णन् पञ्चप्रतिपादितमर्थं सङ्ग्रहेण संस्मारयति, अल्पबुद्धीनामुपकारार्थं भगवान् ग्रन्थकारः।

उपास्यरूपं तदुपासकस्य च, कृपाफलं भक्तिरसस्ततः परम्।
विरोधिनो रूपमथैतदाप्तेर्ज्ञेया इमेऽर्था अपि पञ्च साधुभिः॥ १०॥

उपास्यरूपमित्यादि। इमे पञ्चाप्यर्थाः साधुभिर्ज्ञेया इत्यन्वयः। तत्रोपास्यस्य भगवतःश्रीपुरुषोत्तमस्य रूपं स्वाभाविकाचिन्त्यानन्तापरिसङ्ख्येययावदात्मवृत्ति सर्वज्ञादि-वात्सल्य कारुण्यसौशील्यादि-कल्याणगुणाश्रयत्वं सर्वशरण्यत्वं जगज्जन्मादिकारणत्वं शास्त्रयोनित्वं मोक्षप्रदातृत्वं मुक्तप्राप्यत्वं सर्वोपास्यत्वं

कुञ्जिका:—प्रागुक्तार्थं मनुताग्रिमश्लोकमवतारयति—एवं तावदिति। श्लोकं योजयति—इम इत्यादिना। सार्वज्ञ्यादिवात्सल्यादीनामर्थः। प्रागुक्तदर्शितः।

भाषानुवादः—इस प्रकार पूर्व प्रकरण में साधन कदम्ब संक्षिप्त रूप से कहा गया है, अब यहाँ फल की विवक्षा होने से सम्पूर्ण शास्त्रीय अर्थ को थोड़े में ही संचित करते हुए अल्प बुद्धि वालों के उपकारार्थ भगवान ग्रन्थकार श्रीआद्याचार्य पूर्वोक्तियों का संक्षिप्त रूपसे "उपास्यरूप" इस श्लोक के द्वारा स्मरण कराते हैं।

साधुजनों को इस श्लोक में कही हुई पाँचों वस्तुओं को जान लेना परम आवश्यक है। उनमें से उपास्यदेव भगवान श्रीपुरुषोत्तम "स्वाभाविक अचिन्त्य, अपरिसंख्येययावदात्मवृत्ति सार्वज्ञ्यादि, वात्सल्य, कारुण्य, सौशील्य, आदिक अनन्त कल्याणरूप गुणों के आश्रय हैं, एवं शरणागतों को अभय देने वाले, इस विचित्र जगत की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय करनेवाले, केवल शास्त्र के द्वारा ही जानने योग्य, मोक्ष प्रदान करने वाले, मुक्तों की प्राप्ति के स्थान, समस्त भक्तों के एक उपास्य, और समस्त जगत् के नियन्ता अत एव विश्वात्मा तथा अतिशयसाम्यशून्य महिमारूप ऐश्वर्य्य वाले, एवञ्च अनन्त प्रशस्य प्रकाशरूप निरतिशय मृदुता किशोरता, सुन्दरता आदि दिव्य गुणों का स्थान और योगियों के ध्यान करने योग्य दिव्य मङ्गल विग्रह वाले हैं, यह सब वर्णन "स्वभावतोऽपास्त" इस चतुर्थ श्लोक की व्याख्यामें करदिया गया। यह पाँचों ज्ञेय वस्तुओं में मुख्य ज्ञेय वस्तु है॥ १॥

वे० र० मञ्जूषा—सर्वनियन्तृत्वं विश्वात्मत्वम् अतिशयसाम्यनर्हमहिमैश्वर्य्यत्वम् अनन्तानवद्यप्रकाशात्मकनिरतिशयमार्दवयौवनसौन्दर्यादिदिव्यगुणनिलय-योगिध्येयदिव्यमङ्गलविग्रहवत्त्वञ्चेति स्वभावतोऽपास्तसमस्तदोषमित्यादिना प्रतिपादितम् ॥ १ ॥ तदुपासकस्येति। तस्य भगवत उपासको यो जीवात्मकदम्बस्तस्य,रूपमितिशेषः। देहेन्द्रियमनःप्राणधीभ्यो विलक्षणत्वंज्ञानस्वरूपत्वे सति ज्ञानाश्रयत्वं, श्रीभगवदायत्तस्वरूपस्थितिप्रवृत्तिकत्वं, प्रतिदेहाभिन्नमणुपरिमाणकत्वं भगवत्प्रपन्नत्वादि तदप्युक्तम् ज्ञानस्वरूपमित्यादिना ॥ २ ॥ कृपाफलमिति भगवत्कृपायाः फलं मोक्षलक्षणं सर्वकर्मध्वंसाभावपूर्वकसमस्तनिःशेषाविद्यानिवृत्त्यात्मकपरिपूर्णं यावदात्मभाविब्रह्मस्वरूपादिविषयकानुभूतिसन्ततिर्मुक्तिरिति तदेवभगवद्भावापत्तिसायुज्यसाम्यादिशब्दैरभिधीयते। आह चैवं श्रीपराशरः—'निरस्तातिशयाह्लादसुखभावैकलक्षणा। भेषजं भगवत्प्राप्तिरेकान्तात्यन्तिकी मतेति।' परं ज्योतिरुपसम्पद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते इति श्रुतेः ॥ ३ ॥ भक्तिरस इति भक्तेःरसः प्रेमानन्दः,फलरूपा भक्तिरिति यावत्।

भाषानुवाद-दूसरी जानने योग्य वस्तु पूर्वोक्त लक्षणों वाले भगवान के उपासक स्वरूप है-जोकि देह, इन्द्रिय, मन, प्राण बुद्धि इन सब जड पदार्थों से विलक्षण और ज्ञानस्वरूप एवं ज्ञान का आश्रय, भगवान् के अधीन, अपनी स्वरूप, स्थिति, प्रवृत्ति, रखने वाला, प्रत्येक देह में भिन्न-भिन्न, अणु परिमाण तथा भगवत्प्रपन्न—का आश्रय है। यह भी "ज्ञानस्वरूप" इस प्रथम श्लोक की व्याख्या में वर्णन कर दिया गया है ॥ २ ॥

तीसरी वस्तु भगवान की कृपा का फल है जोकि मोक्ष रूप है शास्त्र में इस वस्तु का ऐसा लक्षण किया है कि —' सम्पूर्ण कर्मों के ध्वंसरूप अभाव पूर्वक समस्त अविद्याओं की अच्छी भांति निवृत्ति हो जाने पर, जब तक आत्मा रहे तब तक परिपूर्ण रूप से परमात्मा के स्वरूप गुण लीला आदि विषयों की अनुभव-धारा ही मुक्ति है। इसी को भगवद्भावापत्ति तथा सायुज्य साम्य आदि शब्दों से भी कहा है, ।

यही आशय श्रीपराशर ऋषि ने प्रकट किया है, कि—जिस आह्लाद से बढ़ कर जगत में और दूसरा सुख न हो, ऐसे लक्षण वाली भगवत्प्राप्ति ही सर्वथा के लिये संसार दुःख से छुड़ाने वाली निश्चित महौषधि है।

वे० र० मञ्जूषाः—तथा पाञ्चरात्रे—मनोगतिरविच्छिन्ना हरिप्रेमपरिप्लुता ! अभिसन्धिविनिर्मुक्ता भक्तिर्विष्णुवशं करीति ।. यदा भक्तिरसः, भक्त्या रस्यतेऽनुभूयते इति श्रीभगवत्साक्षात्कारानुभवो भक्तिरेनांदर्शयति भक्तिवशः पुरुषो भक्तिरेवभूयसीति श्रुतेः । भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेव विधोऽर्जुन इति गीताच्च । उपलक्षणञ्चैतत् , सर्वोपायानां भक्तिप्रपत्त्यादिरूपाणामिति यावत् । अनेन भगवद्भावापत्तिलक्षणमोक्षप्राप्तिक्रमो विवक्षितः । तथाहि प्रथमं जायमाने पुंसि भगवत्कृपाकटाक्षास्ततो जन्मनैव सात्त्विको भूत्वा मुहुर्मुहुः स्यात् । तथा च नारायणीये—जायमानं हि पुरुषं पश्येन्मधुसूदनः । सात्त्विकः स तु विज्ञेयः स वै मोक्षार्थचिन्तकः । पश्यत्येनं जायमानं ब्रह्मारुद्रोऽथवापुनः । रजसा तमसा चैव मानसं समभिप्लुतमिति ॥

कुञ्चिकाः—निरस्तेति श्लोकार्थः प्रागुदर्शितः । परं ज्योतिरिति श्रुत्यर्थस्तु परं चेतनाज्जीवाद् चेतनात्च पदार्थाद्विलक्षणं ज्योतिः स्वावभासकमंशिस्वरूपं जीवः, उप समीपे सम्यक्-प्राप्य गाढान्धकारावृतं चक्षुर्यथा स्वासाधारणं वस्त्राभरणादिविषयं प्रकाशकं कमलभ्रमानं सत् सदैव तमसावावृतं भास्करमुपसम्पद्य स्वेन स्वासाधारणेन स्वविषयप्रकाशकत्वाद्यच्छिन्नेन रूपेण निष्पद्यते । तथादेहेन्द्रियादिविलक्षणेन स्वानन्दसम्पन्नेन ज्ञानस्वरूपेण निष्पद्यत इति ।

तत्कथं पाञ्चरात्रप्रमाणेन द्रढयति – पाञ्चरात्रेति । प्रकारान्तरेण व्याख्यानान्तरमाह यद्वेति । उपलक्षणं नाम स्वबोधकत्वेसति स्वेतरबोधकत्वम् । 'एतत्' भक्तिरस इति । सर्वेषां साधनानां भगवत्प्रसाद एव हेतुरित्यर्थः । भगवत्कृपातः क्रमेण मुक्तिरित्याह अनेनेति । कृपाफलमिति प्रदर्शनेन । प्राक्रमं दर्शयति—तथा हीत्यादिना ।

भाषानुवादः—श्रुति ने भी यही तात्पर्य्य प्रकट किया है – कि—परम ज्योति को सम्पादन करने पर अपने वास्तविक रूप से सम्पन्न बनता है ।

चौथी जानने योग्य वस्तु भक्ति का प्रेमानन्दरूप रस अर्थात् फलरूपा भक्ति है । नारद पाञ्चरात्र में कहा है कि, भगवान के प्रेम में सनी हुई, अभिसन्धि रहित—निरन्तर रहने वाली मन की गति ही विष्णु भगवान् को वशीभूत करने वाली भक्ति भगवती है ।

अथवा भक्तिरस का यह भी आशय हो सकता है, कि भक्ति के ही द्वारा जिसका रस प्राप्त हो, वह भगवान् का साक्षात्कार रूप अनुभव भी भक्तिरस कहा जाता है,

वे० र० मञ्जूषा—मुमुक्षायां च सत्यां तत्साधने यतते । ततः कर्मज्ञानादिसाधनेनाप्याराधितः पुरुषोत्तमः प्रसीदति । परभक्तिपरज्ञानयोरेकतरं व्याजीकृत्य आत्मानं दर्शयति तस्मै मुमुक्षवे । ततः श्रीभगवत्साक्षात्कारानुभवेन तद्भावापन्नो भवतीत संक्षेपः । ज्ञानभक्तिमतामेव भगवत्प्रेष्ठत्वेन तत्प्रसादजन्यसाक्षात्कारेण मोक्षभागित्वमिति भावः । तथा च गीयते भगवता—तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त-एकभक्तिर्विशिष्यते । प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः ॥ ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् । सर्वारम्भपरित्यागी यो मद्भक्तः स मे प्रिय इति ॥ शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान् मे प्रियो नर इत्यादि ॥ यस्य देवे परा भक्तिरिति

कुञ्जिका:- भगवदवलोकितः पुमान सात्त्विकगुणसम्पन्नो भूत्वा ततः मुमुक्षुर्भवति मोक्षसाधने यतमानस्तेनाराधितः भगवान वासुदेवः प्रसन्नः परभक्तिपरज्ञानयोरन्यतरं व्याजीकृत्य स्वसाक्षात्कारमनुभावयति तस्मै निरुक्ताधिकारिणे । ततः स श्रीपुरुषोत्तमस्वरूप-लीलामाधुर्यसौन्दर्यानुभवेन तद्भावापन्नो भवति । अमुमर्थं मानेन दर्शयति—यथा च नारायणीयेति ॥ ज्ञानिभक्तयोरेव वासुदेव प्रेष्ठत्वेनाधिक्यं श्रीमुखवचनेन व्यवस्थापयति—तथा चेत्यादिना ॥

भाषानुवाद:- क्योंकि श्रुति भगवती कहती है कि—भक्ति ही परमात्मा का दर्शन कराती है, कारण, प्रभु भक्ति के वश में हैं, अत एव भक्ति ही प्रशंसनीय है ।

स्वयं भगवान ने भी कहाहै कि हे अर्जुन ! मैं अनन्य भक्ति से ही ज्ञात हो सकता हूँ । इस कथन में कर्म, ज्ञान भक्ति प्रपत्ति इन सभी उपायों का उपलक्षण-रूपेण संग्रह मान लेना चाहिये ।

यह सब भगवद्भावापत्तिरूप मुक्ति के प्राप्ति का क्रम कहा गया है- वह यह है कि जायमान पुरुषपर सर्वप्रथम यदि आनन्दकन्द श्रीनन्दनन्दन की कृपा का कटाक्ष गिर जाय तो वह पुरुष सात्त्विक बन कर मुमुक्षु बनजाता है । यह कथन नारायण उपनिषत् में परिपुष्ट किया गया है कि जन्म समय जिस पुरुष पर मधुसूदन की दृष्टि पड़ती है वह सात्त्विक बन मोक्षार्थ का चिन्तन करता है और ब्रह्मा या रुद्र की दृष्टि गिरने पर क्रमशः रजोगुणी एवं तमोगुणी चित्तवाला बनता है ।

मुमुक्षा होने पर ही मुक्ति के साधनों में प्रवृत्त होता है, फिर कर्म ज्ञान आदि साधनों से आराधना करने पर पुरुषोत्तम भगवान् प्रसन्न होते है, पराभक्ति एवं पर ज्ञान इन दोनों मे

श्रुतेः । स एव भगवत्प्रसादविषयः । कुर्वतस्ते प्रसन्नोऽहं भक्तिमव्यभिचारिणीमिति स्मरणात् । तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत । तत्प्रसादात् परां

कुञ्चिका :—तेषामिति । तेषां चतुर्विधानां मध्ये ज्ञानी तत्त्वज्ञानवान्विशिष्यते सर्वोत्कृष्टो भवतीत्यर्थः । कुतः । यतो नित्यमुक्तः मयि भगवति सदाऽविच्छेदेनावेशितचेताः ।

एकभक्तिरिति । देवतान्तरसाधनान्तरफलान्तरसम्बन्धान्तरनिरासेन सर्वदेवसाधनफलसम्बन्धरूपएकस्मिन भगवति मय्येवमद्विषयिकैव भक्तिरर्चनवन्दनकीर्त्तनध्यानादिभजनं यस्य सः । हि यस्माज्ज्ञानिनोऽहमत्यर्थं प्रियः , अनवधिकप्रीतिविषय इत्यर्थः । सर्वारम्भ इति । स्तुतिनिन्दाप्रयुक्तयोर्मानावमानयोस्तत्कल्पितयोर्मित्रारिपक्षयोरात्मनस्तत्स्पर्शाभावात समचित्तः सर्वानैहिकामुष्मिकानर्थानारम्भान् क्रियाकलापान्परित्यक्तुं शीलमस्येतिसर्वारम्भपरित्यागी य एवम्भूतः स गुणातीत उच्यत इत्यर्थः । शुभाशुभेति । शुभाशुभसाधनकर्म त्यक्तुं शीलमस्य तथा एवम्भूतो यो भक्तिमान्स मे प्रियः ॥ १० ॥

भाषानुवाद—से किसी एक के बहाने से ही मुमुक्षु को भगवान अपना साक्षात्कार कराते हैं, और जब भगवान का साक्षात्कार हो जाता है तब वह भगवद्भावापन्न अर्थात मुक्त बनजाता है,यह मुक्तिका संक्षिप्त क्रम है । सारांश यह है कि भगवान के प्रिय होनेसे ज्ञानी भक्तों को ही भगवत्कृपा से उनके साक्षात्कार द्वारा मुक्ति प्राप्त हो सकती है ।

गीता में कई स्थलों में भगवान ने इस आशय को अभिव्यक्त किया है कि 'सर्व प्रकार के भक्तों में से जो सदा मुझमें लवलीन रहने वाला अनन्य ज्ञानी भक्त है वही प्रशंसनीय है । ज्ञानी भक्त को मैं अत्यन्त प्रिय हूँ और मेरे को वह अत्यन्त प्रिय है । ज्ञानी भक्त तो मेरी आत्मा ही है । मेरी भक्ति के अतिरिक्त सम्पूर्ण आरम्भों को त्याग देने वाला मेरा भक्त मुझको अत्यन्त प्रिय है । जो पुरुष सम्पूर्ण शुभाशुभ को छोड़ कर मेरी भक्ति करता है वही मेरा प्रिय है , इत्यादि ॥ २ ॥

'जिसकी परमात्मा में परा भक्ति हो उसी को भगवत्सम्बन्धी गाथा कहनी चाहिये" यह श्वेताश्वतर श्रुति भी उपरोक्त गीता वाक्यों काही समर्थन करती है । अत एव भक्त ही भगवान की कृपा का पात्र समझना चाहिये । स्मृतियों में भगवान की स्पष्ट उक्ति है कि "मेरी अव्यभिचारिणी भक्ति करनेवाले ! तुझपर मैं प्रसन्न हूँ । हे भारत ! सर्व प्रकार से उसी अन्तर्यामी प्रभु की शरण जाओ ।

बे० र० मञ्जूषा—शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतमिति ॥ सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः । मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययमिति ॥ यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः, तस्यैष आत्मा वृणुते तनुं स्वाम् ॥ तमक्रतुं पश्यति वीतशोको धातुः प्रसादान्महिमानमात्मनः ॥ भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्तेसर्वसंशयाः । क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ॥ यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम् । तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय निरञ्जनः परमं साम्यमुपैतीति श्रुतिस्मृतिभ्यः । एतच्च श्रीनिवासाचार्य्यवर्यैः श्रीवेदान्तपारिजातसौरभभाष्ये निगदभाषितं, नात्र विस्तार्य्यते ॥ ४ ॥ अथैतदाप्तेर्विरोधिनो रूपमिति । एतस्य श्रीरमाकान्तस्य भगवतः प्राप्तेर्विरोधिनो रूपं, विरोधिद्विविधम् । सामान्यविशेषभेदात् । तत्र विशेषा उच्यन्ते । आत्मस्वरूपान्यथाभावदार्ढ्यहेतुत्वात् ॥

कुञ्जिकाः—यमेवैष इति । एष परमात्मा यमुपासकं वृणुते तेन लभ्यस्तेन वरणीयेन प्राप्य इति । प्रीतिरूपापन्नभगवदुपासनस्य भगवत्प्राप्तिद्वारा भगवत्प्राप्तिहेतुत्वम् ।

तस्यैष इति । तादृशस्योपासकस्यैष आत्मा स्वात्मानं प्रकाशयति स्वानुभवमुत्पादयतीत्यर्थः । तमक्रतुमिति । तं तादृशं परमात्मानम् । अक्रतुः काम्यकर्मादिरहितो धातुः धारकस्य परमात्मनः प्रसादादात्मनो महिमानं महत्त्वसम्पादकं स्वसार्वज्ञ्यादिगुणाविर्भावहेतुभूतं परमात्मानं यदा पश्यति, तदा वीतशोको भवतीत्यर्थः । भिद्यत इति । हृदयस्यान्तःकरणस्य हृत्स्थानमयत इति व्युत्पत्त्या हृदयशब्देन जीवस्य वा ग्रन्थयः रागद्वेषादयः । ब्रह्मज्ञानेन सार्वज्ञ्ये सिद्धे सर्वविपक्षकाः संशया नश्यन्ति । अस्य च प्रारब्धव्यतिरिक्तानि पूर्वार्जनेकभवार्जितानि कर्माणि च नश्यन्ति । नाशो नाम कर्मणां फलजननशक्तिविनाशः ।

भाषानुवादः—उसी प्रभु की प्रसन्नता से परम शान्ति और अविनाशी पद को प्राप्त हो जाओगे । यदि मेरे आश्रित होकर सदा सब प्रकार के कर्मों को भी करता रहै तो भी मेरी कृपा से अविकारी अविनाशी पद को प्राप्त होजाता है ।

इसी प्रकार कठोपनिषत् आदि की श्रुतियों में भी भगवत्कृपा को ही भगवत्प्राप्ति का हेतु बतलाया है । जिसको प्रभु चाहते हैं, उसी को भगवान् का साक्षात्कार होता है क्योंकि भगवान् अपने भक्त को ही अपना अलौकिक स्वरूप दिखाते हैं । परमात्मा की प्रसन्नता से ही ईश्वर की असंदिग्ध महिमा का साक्षात्कार होता है जिससे कि समस्त

वे० र० मञ्जूषाः—तत्र तावत् स्वस्वरूपज्ञाने विरोधिनो ह्यात्माज्ञानद्वारा भगवत्प्राप्तिप्रतिबन्धको देहेन्द्रियमनोबुद्धिजनितस्वाऽऽत्माऽध्यवसायः। भगवन्तं गुरुं चर्ते ह्यात्मनोऽन्यपारतन्त्र्याभिमानः। आत्मनो भगवदीयत्वेऽसंभावनादि। श्रुतिस्मृत्यात्मकभगवदीयाज्ञोपेक्षा। अन्यदेवतार्चनवन्दननमस्कारादि। असत्कथास्वाभिलाषा। आत्मस्वातन्त्र्यभावनम्। अहङ्कारममकारभावदार्ढ्यं चेत्येवमादयः। तथाच 'असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसा वृताः। ताँस्ते प्रेत्याऽभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः॥ नचेदवेदीन्महती विनष्टिरित्यादिश्रुतेः'।

कुञ्चिकाः—परे ऽवरे यस्मात्स परावरः। सर्वोत्कृष्टा अपि ब्रह्मादयो यस्मान्निकृष्टा इत्यर्थः यदेति। यस्मिन् काले पश्यो ब्रह्मदर्शी रुक्मवर्णं देदीप्यमानम्। मङ्गलविग्रहयुक्तं जगदीशितारं तत्कर्तारं ब्रह्मयोनिं चतुर्मुखस्य कारणं पुरुषशब्दनिर्दिष्टं वासुदेवं पश्यति तदा पुण्यपापे निरस्य निरस्तप्रकृतिलोपः सन् ब्रह्मणा परमं साधर्म्यमुपैतीत्यर्थः।

भाषानुवादः शोक दूर होजाते हैं। जब परमात्म-तत्व का साक्षात्कार होजाता है तब हृदय की समस्त ग्रंथियाँ खुल जाती हैं, और सब प्रकार के सन्देह निवृत्त हो जाते हैं, कर्म वासना क्षीण हो जाती है। जब साधक सुवर्णस्वरूप ब्रह्मयोनि कर्ता पुरुष ईश्वर का साक्षात्कार कर लेता है तब समस्त पाप पुण्यों के बन्धनों से रहित एवं निष्कल्मषहो भगवद्भावापन्न रूप परम समत्व को प्राप्त हो जाता है।

यह विषय श्रीवेदान्तपारिजातसौरभ के भाष्य (वेदान्त कौस्तुभ) मे श्री श्रीनिवासाचार्य जी ने अच्छी प्रकार से वर्णन किया है, अतः यहाँ संक्षिप्तरूप से ही लिखा गया है।

ज्ञ वीं जान ने योग्य वस्तु "भगवत्प्राप्ति के विरोधी का रूप है।' विरोधी दो प्रकार के होते हैं, पहिला सामान्य और दूसरा अविशेष। इन दोनों में से आत्मस्वरूप के विरुद्ध भाव की दृढ़ता का हेतु होने से प्रथम विशेषविरोधीभाव दिखाये जाते हैं।

जैसे कि—

देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि आदि अनात्मवस्तुओं में आत्मभाव का निश्चय रखना। अपने को भगवान और गुरुदेव के अतिरिक्त अन्यव्यक्तियों के भी अधीन समझना। मैं भगवान का सेवक हूँ इस प्रकार की भावना में असम्भावना रखना। भगवान् की

वे० र० मञ्जूषाः—'योऽन्यथा सन्तमात्मानमन्यथा प्रतिपद्यते। किं तेन न कृतं पापं चौरेणात्मापहारिणा' इत्यादिस्मृतेश्च ॥ १ ॥ किञ्च भगवति देवतान्तर-साम्यभावः। ब्रह्मादिदेवतान्तरवर्गे परत्वबुद्धिः। श्रीभगवदवतारेषु मानुष्यतिर्यक्त्वादिभावः। भगवदर्चाविग्रहेषु श्रीशालिग्रामादिषु पाषाणत्वादि-

---

वृत्तिका—श्री श्रीकान्तपदाम्भोजं न वा वृन्दारवन्दितम्। गुरुं च ज्ञाततत्त्वार्थं मोहान्धत्व-पनुत्तये ॥ १ ॥ कुञ्जपामगतैः पूर्वं गुरुवर्यैर्विनिर्मिता। चतुर्थकोष्ठकेऽपूर्णा वृत्तिका पूर्यतेमया ॥ २ ॥

ननु अवान्तरधर्मप्रकारकजिज्ञासाविशेष्यकशाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति सामान्य-धर्मप्रकारकज्ञानस्य कारणत्वेन प्रथमं सामान्यावरोधिस्वरूपे प्रदर्शनीये विशेषविरोधि-स्वरूपं किमित्युपन्यस्यते, इति चेदत्र समाधत्ते—आत्मस्वरूपेति। आत्मस्वरूप यान्यथा भावदार्ढ्यं = अतथात्वेन प्रतीतिदृढतार्थं हेतुत्वात्, विशेष विरोधनामिते शेषः। तदिति। 'विरोधिनः' इत्यस्य 'इत्येवमादयः' इत्येतेनान्वयः। आत्मेति आत्मज्ञानेति पाठेतु आत्मज्ञान द्वारा जायमाना या भगवत्प्राप्तिस्तस्याः प्रतिबन्धक इत्यर्थः। अत्र सापेक्षत्वेऽपि गम-कत्वात्समासः। सापेक्षत्वं च विशेषणस्य विशेष्यांशे निरूपकांशत्वम्। तच्च सम्बन्ध-विषयकोत्थिताकांक्षाप्रयोजकत्वम्।

आज्ञारूप श्रुति स्मृतियों के वचनों की उपेक्षा करना। भगवान के अतिरिक्त क्षुद्रदेवों की पूजा एवं नमनादि किया करना, कुत्सित ग्रन्थों के पढ़ने में रुचि होना, अपने को सब प्रकार स्वतन्त्र मानना, अहंता और ममता की जड़ को जमाना। ये भावनायें अपने स्वरूप ज्ञान की विरोधिनी हैं एवं अपने ज्ञान के द्वारा भगवत्प्राप्ति में प्रतिबन्धिका हैं। ईशावास्योपनिषत् में कहा है कि—अज्ञान अर्थात् अनित्य में नित्यत्व और नित्य में अनित्यत्व भाव रखने वाले आत्मघाती मनुष्य इन लोकों को छोड़कर उन्हीं अन्धकार-मय नरकादि लोकों में जाते हैं। केनोपनिषत् में भी कहा गया है कि यदि मनुष्य योनिप्राप्त होने पर भी आत्मज्ञान नहीं हो तो यह महान् हानि जानना चाहिये।

इसी प्रकार स्मृतियाँ कहती हैं कि—उस आत्मघाती चोर ने कौनसा पाप नहीं किया, जो कि नित्य वस्तु में अनित्यता की दृढ भावना रखता है। जैसे उपरोक्त विरोधी भाव स्वस्वरूप ज्ञान के विरोधी हैं, वैसे—निम्न लिखित भाव भगवत्स्वरूप को तिरोधान करने के कारण भगवत्प्राप्ति के प्रतिबन्धक हैं।

वे० र० मञ्जूषाः—शस्त्राचेतनत्वादिभावः। भगवदीयमन्त्रादौ शब्दसामान्यभावः भगवदीयगाथायां लौकिकाख्यानसादृश्यकल्पना। अनन्तानवद्यस्वाभाविकाचिन्त्यप्रभावदात्मभाविकन्याय्यगुणाकरे परब्रह्मणि श्रीवासुदेवे निर्गुणत्वमायिकगुणवत्त्वादिभावना चेत्यादयो भगवत्स्वरूपतिरोधानेनन तत्प्राप्तिप्रतिबन्धकाः। 'यो वै स्वां देवतामतिय जति परस्वार्थं च्यवतेन परां प्राप्नोति पापीयान् भवति तेनैवैकं विजानथ आत्मनमन्या वाचो विमुञ्चथ' इत्यादिश्रुतेः।

कुञ्जिकाः—नात्मस्वात्माध्यवसायस्य दुष्परिहारं श्रुति-स्मृतिमूलेनोपन्यस्यति-तथाचेति। न चेदिति। न चेत् = यदि, अवेदीत् आत्मानमिति शेषः। तर्हि महती विनष्टिः = हानिः अभूदिति शेषः॥ अत्र विशेषविरोधिस्वरूपनिर्णये पञ्चतयी विभा प्रदर्शिष्यते। तत्र प्रथमां सप्रमाणमुक्ता द्वितीयामाह—किञ्चेति। भगवति देवतान्तरस्य साम्यप्रकल्पनमपि भगवत्प्राप्तिविरोधीत्यर्थः। उक्तं च—यो मोहाद्विष्णुमन्येन हीनदेवेन दुर्मतिः। सायारणं-सकृद्ब्रूते सोऽन्त्यो नान्त्यजोऽन्त्यजः, इति।

भाषानुवाद—जैसे कि भगवान को भी दूसरे देवताओं के समान समझना। ब्रह्मादिक देवों में ही परमात्मबुद्धि रखना। भगवान के अवतरित विग्रहों में मनुष्य, पशुआदि भावना रखना। शालिग्रामादि अर्चाविग्रहों में पत्थर एवं लोह आदि धातु भाव तथा असमर्थता और अचेतना की भावना रखना, भगवन्मन्त्रों को साधारण शब्द मानना, भगवत्कथा को लौकिक कहानियाँ समझना। स्वाभाविक अचिन्त्य-प्रभावो प्रशंसनीय अनन्त सद्गुणों के समुद्र परब्रह्म श्री नन्दनन्दन में निर्गुणत्व एवं मायिकगुणवत्ता की कल्पना करना।

श्रुति कहती है कि जो प्राणी अपने उपास्य परब्रह्म को छोड़कर दूसरे २ देवों का यज्ञ करता है, वह च्युत एवं पापिष्ठ होजाता है, अतः परम गति को प्राप्त नहीं कर सकता इसलिए एक ही परमात्मदेव की आराधना करनी चाहिए, अन्य सभी बाग्जालों का परित्याग करदेना चाहिये।

प्रजापति स्मृति में भी कहा गया है कि—हृदय में ही रहनेवाले सर्वेश्वर प्रभु श्रीनारायण को छोड़कर जो मनुष्य परमात्मबुद्धि से दूसरे देव की अर्चा करता है वह पापभागी है। महाभारत के सप्तर्षि सम्वाद में भी यही कहा है कि—तीनों लोकों उत्पत्ति स्थितिलय करनेवाले एवं समस्त जगत को सर्व भांति विशेषतया अच्छी प्र

वे० र० मञ्जूषाः—प्रजापतिस्मृतौ—नारायणं परित्यज्य हृदिस्थं प्रभुमीश्वरम्। योऽन्यमर्चयते देवं परबुद्धया स पापभाक्॥ भारते च सप्तर्षिसंवादे—विष्णुं ब्रह्मण्यदेवेशं देवदेवं जनार्दनम्। त्रैलोक्यस्थितिसंहारसृष्टिहेतुं निरञ्जनम्। आधातारं विधातारं सन्धातारं जगद्गुरुम्। विहाय स भजत्यन्यं विषस्तैन्यं करोति य इत्यादि। अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्। परं भाव मजानन्तो ममाव्ययमनुत्तमम्। मोघाशा मोघकर्माणो मोघज्ञाना विचेतसः।

कुचिकाः - कल्याणगुणान्विशिनष्टि - अनन्तेति। अनन्ताः, अनवद्याः = निर्दोषाः, स्वाभाविका नतु कल्पिताः यावदात्मभाविनः सकलात्मभाविनश्चये कल्याणगुणास्तेषामाकरे। परब्रह्मणि = सर्वजगदभिन्ननिमित्तोपादानभूते ब्रह्मणि॥ उक्तार्थे श्रुतिं प्रमाणयति- 'यो वै, इति। स्वामात्मरूपम्। अद्वियजति = यजनमतिक्रामति। परस्यायै च्यवते = देवतान्तरस्य परत्वबुद्धयापूजनेप्रवर्तते स परामात्मस्वरूपम् देवतां प्राप्नोति अतः पापीयान् भवति। तेन तमेवैकमात्मानं विजानथ। अन्या वाचः देवतान्तरकथाः विमुञ्चथ इतिश्रुत्यर्थः। तृतीयां विधामवतारयति—किञ्चेति।

गुरुभक्तेरिति। गुरुभक्तिरेव सर्वविधभगवत्प्राप्त्युपायोद्गमः 'यत्र २ गुरुभक्तिस्तत्र २ उपायाः, इत्यव्यभिचरितव्याप्तेः उक्तार्थे श्रुतिं प्रमाणयतियस्येति। तथा 'स्वर्गोधनं वा धान्यं वा विद्या पुत्राः सुखानि च। गुरुवृत्त्यनुरोधेन न किञ्चिदपि दुर्लभमिति वाल्मीकीये ऽयोध्याकाण्डे जानकीप्रति रामवाक्यम् सविशेषं गुरोर्महिमानं पुष्णाति।

चतुर्थी विधामवतारयति—किञ्चेति।

भाषानुवादः—धारण करने वाले निरञ्जन, जगद्गुरु, ब्रह्मण्यदेवेश देव देव जनार्दन श्रीविष्णुभगवान को छोड़ कर जो मनुष्य अन्य ही किसी को भजता है वह अपने हित की दृष्टि से विष चोरी करता है।

गीता में भी भगवान को न भजने वालों की निन्दा की गई है,कि मेरे अव्यय और अनुत्तम परमभाव को न जानने वाले मूर्ख ही मेरे मानवीय विग्रह की अवज्ञा करते हैं।

निष्फल आशा और कर्मों वाले अतिअल्पज्ञ मूर्ख,मोहने वाली राक्षसी एवं आसुरी प्रकृति का आश्रय लेते हैं।

वे० र० मञ्जूषाः—राक्षसीमासुरीं चैव प्रकृतिं मोहनीं श्रिता इति । यो विष्णोः प्रतिमाकारे लोहबुद्धिं करोति वा । यो गुरौ मानुषं भावमुभौ नरकपातिनाविति स्मृतेः, न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते । परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च । यः सर्वज्ञः सर्ववित् । अनन्तकल्याणगुणात्मकोऽसावित्यादि प्रमाणानि क्रमेणात्रानुसन्धेयानि ॥ २ ॥ किञ्च, स्वदोषबाहुल्यानुसन्धानेन भगवति भारपातभिया तत्प्रपत्त्याद्युपायेलाघवकल्पना । प्रपत्तव्ये विश्वासाभावः । साधनान्तरनिष्ठा । मन्त्रान्तरपरिग्रहः । श्रीभगवन्मन्त्रजपपूजादिलक्षणकैङ्कर्य्यात्कामान्तराभिलाषा । भगवदाज्ञापालनरूपस्वधर्माचारलक्षणपरिचर्य्यायां स्वपुरुषार्थसाधनत्वाभिमानः । श्रीभगवद्रूपे बहिर्यामिणि गुरौ मर्त्यबुद्धिः । तत्रैव गौरवखिलत्वादश्रीपायहानिद्वारा तत्प्राप्तिप्रतिबन्धकाः । उपायनाशहेतुत्वात् । एतेषां च श्रीगुरौ गौरवविश्वासाद्यभावमूलककृतघ्नताहेतुकत्वात् सर्वेषां गुरुभक्ति

भाषानुवाद स्मृतियों में कहा है कि—जो मनुष्य भगवान् कीमूर्तिमें लोहबुद्धि और जो गुरुदेव में मनुष्यभाव रखता है, वे दोनों घोर नरक में गिरते हैं ।

श्रीसर्वेश्वर प्रभु ही परात्पर परब्रह्म हैं, इस विषय में क्रमशः निम्न लिखित प्रमाण जानना । परमात्मा से अधिक अथवा उसके समान संसार में दूसरा कोई नहीं । भगवान की ज्ञान, बल, क्रिया, रूप अनन्त स्वाभाविक पराशक्ति सुनी जाती हैं । जो सामान्य एवं विशेष रूप से सब कुछ जानता है । वह परमात्मा अनन्त कल्याणकारी गुणों वाला है ।। गीता, तथा श्वेताश्वतर आदि उपनिषत्) उपरोक्त दोनों प्रकार के विरोधी भावों से रहित भगवान् के भक्त को भी चाहिये कि वह—अपने अपराधों की अधिकता की चिन्ता से भगवान पर विशेष भार पड़ने की आशङ्का कर भगवत्प्रपत्ति, आदि उपायों की लघुता की शंका उत्पन्न न करें, एवं भगवान् में अविश्वास, दूसरे साधनों में निष्ठा, वैष्णवमन्त्र ग्रहण कर दूसरे मन्त्र का परिग्रह, भगवान के मन्त्र जप तथा पूजा आदि सेवा के द्वारा क्षुद्र फलों की कामना करना, भगवान् की आज्ञा पालनरूप अपने अपने धर्मों के आचरणों में-अपना पौरुष मानना, भगवद्रूप बहिर्यामी श्रीगुरुदेव में मनुष्य बुद्धि, इत्यादि भावनायें कदापि न करे, क्योंकि इनमें से जो अपने पापों की अधिकता एवं भगवत्सेवा को विनश्वर समझना आदि भावनायें हैं, वे साधना को नष्ट करने वाली हैं । अतः साधना को निष्फल बनाकर वे भगवत्प्राप्ति में

नाशान्नाशः । गुरुभक्तेरुपायस्य च व्याप्तेरव्यभिचारश्रवणात् । यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ । तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मन इत्यादि-सावधारणश्रुतेः । तस्माद्गुरौ नान्यथाभाव आरोरवीयः । तथा च गुरुरेव परं ब्रह्म गुरुरेव परा गतिः । स हि विद्यां जनयति तच्छ्रेष्ठं जन्म तस्मै न द्रुह्येत्कदाचनेति श्रुतेः । एकाक्षरप्रदातारमाचार्य्यं योऽवमन्यते । शुनो योनिशतं प्राप्य चाण्डालेषु प्रजायते । यो विष्णोः प्रतिमाकारे लोहबुद्धिं करोति वा । यो गुरौ मानुषं भावमुभौ नरकपातिनावित्यादिस्मृतेश्च ॥ ३ ॥ किञ्चधर्मादिवर्गे पुरुषार्थबुद्धया तत्प्राप्तीप्सा, भगवत्परिचर्य्यादिक्रियानुष्ठाने स्वस्वातन्त्र्यभावना ।

बाधाडाल देती हैं । एवं श्रीगुरुदेव में गौरव (सर्वेश्वरत्वबुद्धि) और विश्वास रखना चाहिये , यदि किसी शिष्य के चित्त में गुरुदेव का गौरव और विश्वास न हो तो उसको कृतघ्न कहते हैं , अतएव उपरोक्त गुरुदेव में मानवबुद्धि आदिक प्रतिबन्धकों से गुरु-भक्ति का नाश होता है और उससे साधक का नाश-अर्थात अधोगति होती है . कारण गुरुदेव के उपदेश से ही हरिभक्ति का अंकुर जमता है उसके बिना नहीं जमता । क्योंकि गुरु भक्ति और भगवत्प्राप्ति के उपायों का सहचारी भाव है. अतएव शास्त्र कहता है कि जिसकी जैसी परमात्मा में भक्ति हो वैसी ही गुरुदेव मे हो । उसी साधक को महत्पुरुष भगवत्प्राप्ति के उपाय बतलाते हैं. अतः साधक को उचित है—गुरु को ही परागति और परब्रह्म समझे , क्योंकि गुरु ही ज्ञान का उत्पादन कराते हैं और साधक के जन्म को सार्थक बनाते हैं , इसलिये गुरु से कभी भी द्रोह न करे , और गुरु के विषय में कभी किसी प्रकार की विपरीत भावना भी न करे ।

एक अक्षर का भी बोध कराने वाले आचार्य का यदि शिष्य अपमान करे तो वह सौ जन्मों तक कुत्ते की योनि में रह कर चाण्डाल योनि में जन्म धारण करता है । विष्णु भगवान की प्रतिमा में लोहबुद्धि, और गुरु में मनुष्यबुद्धि . इन दोनों भावनाओं को जो रखते हैं वे घोर नरक में गिरते हैं ।

वे० र० मञ्जूषा—यथेष्टाचारेण शास्त्रविरुद्धतयाद्धतया प्रवृत्तिश्चेत्येते फलविरोधितया भगवत्प्राप्तिप्रतिबन्धकाः। अन्नं पान धनं वस्त्रमायुरैश्वर्य्यमास्पदम्। आरार्थपि न याचेत पूजकः पुरुषोत्तमम्। नाप्रसन्नो ददम्येतद् यचितोऽपि दिने दिने। अयाचितोऽपि तत्सर्वं प्रसन्नो विदधाम्यहम्। याचितोऽपि सदा भक्तैर्नाहितं कारयेद्धरिः। बालमग्नौ पतन्तं तु माता किं न निवारयेत्। तत्पादभक्तिज्ञानाभ्यां फलमन्यत्कदाचन। न याचेत पुरुषो विष्णुं याचनान्नश्यति ध्रुवम्। अहममरगणार्चितेन धात्रा यम इति लोकहिताहिते नियुक्तः। हरिगुरुवशगोऽस्मि न स्वतन्त्रः प्रभवति संयमने ममापि विष्णुः। वेदोक्तं ये परित्यज्य धर्ममन्यं प्रकुर्वते। तत्सर्वं तव दैत्येन्द्र मत्प्रसादाद् भविष्यति। यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः। न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्। तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्य्याकार्य्यव्यवस्थितौ। ज्ञात्वाशास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसीत्यादिवचनेभ्यः॥ ४॥

भाषानुवाद—इसी प्रकार संक्षिप्त रूपेण – धर्मादि वर्ग में पुरुषार्थ बुद्धि रख कर उनके प्राप्त करने की अभिलाषा, भगवत्प्राप्ति के साधन सेवा आदि क्रियाओं के अनुष्ठान में अपनी स्वतन्त्रता की भावना, शास्त्र से विपरीत मन मानी चेष्टा, ये तीनों फल (मुक्ति) के विरोधी, एवं भगवत्प्राप्ति के प्रतिबन्धक हैं। इसलिये खान, पान, धन, वस्त्र, आयु ऐश्वर्य आदि की याचना भगवान् से आपत्ति काल में भी भक्त न करे। भगवान् कहते हैं—यदि मेरी प्रसन्नता न हो तो प्रतिदिन याचना कर ने पर भी मैं कुछ नहीं देता, किन्तु मैं प्रसन्न हो जाऊँ तो बिना ही याचना के सब कुछ देदेता हूँ।

वस्तुतः ठीक है—माता अग्नि में गिरते हुए बच्चे को क्या नहीं बचाती है ? वैसे ही भगवान् भी क्या अपने भक्तों को दुःख से मुक्त नहीं बनाते ? अवश्य सम्हालते हैं। परन्तु सर्वदा भक्तों की (अनुचित) याचना पर भी वे भक्त का अहित नहीं करते। अतः भक्तों का कर्त्तव्य है—वे भक्ति और ज्ञान के बदले भगवान् से कुछ भी न मांगें, क्योंकि याचना करने से साधना अवश्य निष्फल होजाती है। यम भी, भगवान् के भक्तों का शासन नहीं कर सकता, वह स्वयं कहता है—देवगण प्रपूजित विधाता ने लोगों के हिताहित मुझको यम पद पर नियुक्त किया है, परन्तु मैं भी स्वतन्त्र नहीं हूँ। सदा भगवान् और गुरुदेव के वशीभूत रहा हूँ क्योंकि—मेरे भी विष्णु भगवान् नियन्ता हैं।

वे० र० मञ्जूषा—किञ्च देहादौ बहुकालावस्थानेच्छा, श्रीभगवतो भागवतानां चाभिजात्याद्यभिमानेन बुद्धिपूर्वकावज्ञाद्यपराधाचरणं ह्यसतां सङ्गतिश्च सद्यः साक्षात् प्रतिबन्धका निरयप्राप्तिहेतवो महता प्रयत्नेन वर्जनीयाः। नाभिनन्देत-मरणं नाभिनन्देत जीवितम्। कालमेव प्रतिचेत निर्देशं भृतको यथा। प्रायशः पापकारित्वान्मृत्योरुद्विजते जनः। कृतकृत्याः प्रतीक्षन्ते मृत्युं प्रियमिवातिथि-मिति व्यासोक्तेः। न च मां योऽभ्यसूयति इति गीतायाम्। हरिवंशे श्रीवामनो बलिं प्रति, पुण्यं मद्द्वेषिणां यच्च मद्भक्तद्वेषिणां तथा। कथासु मम दैत्येश! कथ्यमानासु तत्र वै। अशृण्वन् यो नरो गच्छेत तस्य संवत्सरार्जितम्। यत्नेन

भाषानुवाद :—हे दैत्येन्द्र! जो वेदोक्त धर्म छोड़ कर विपरीत कार्य—करता है वह सभी प्राणी समूह मेरी कृपा से तेरा अनुयायी होगा। जो शास्त्र विधि छोड़ कर कामादि कृत्यों में रत रहता है, वह किसी भी सिद्धि सुख तथा परागति को प्राप्त नहीं हो सकता। और शास्त्र के कहे हुए विधानों को जान कर ही कर्म करना चाहिये।

इसी प्रकार—देहादिकों में बहुत समय तक स्थित रहने की इच्छा और भगवान् और भगवद्भक्तों में जाति के उच्चत्व नीचत्व के अभिमान से जान बूझ कर अवज्ञा आदिक अपराध, असाधुओं की संगति, ये दोनों विरोधी भावनायें भगवत्प्राप्ति में साक्षात् एवं तत्काल ही बाधा डालती हैं, अतः इनसे बड़े प्रयत्न पूर्वक बचे रहना चाहिये।

भक्त को चाहिये—सुखमय दीर्घ जीवन का और दुःखावस्था में मरण की प्राप्ति का अभिनन्दन न करे, अपितु जैसे सेवक केवल निर्देश (अपनी मजदूरी वेतन) की ही प्रतिक्षा रखता है वैसे भक्त केवल काल (भगवत्-सेवा के समय) की ही प्रतीक्षा करता रहे क्योंकि प्रायः पापी पुरुष ही मृत्यु को आया हुआ जान कर उद्विग्न होता है। कृतकृत्य सज्जन तो प्रिय अतिथिके सदृश मृत्युका भी स्वागतही करते हैं। यह व्यास जी का कथन है। गीता में भी भगवान् ने कहा है—हे अर्जुन! जो मैंने तुझको ज्ञान दिया है यह मेरी निन्दा करने वाले को कभी नहीं सुनाना।

हरिवंश पुराण में भी वामन भगवान् ने बलि राजा के प्रति कहा है—

हे दैत्येन्द्र? जहाँ पर मेरी कथा हो रही हो वहाँ से यदि उस कथा का श्रवण न कर मेरे या मेरे भक्तों के विद्वेषी चले जाँय और किसी पुण्य कार्य का बड़े यत्न से करना आरम्भ करें और उससे उनका एक वर्ष तक जो पुण्य संचित हो वह पुण्य तुम्हें प्राप्त

महता तात तत्पुण्यं ते भविष्यतीति ॥ वनपर्वणि दुर्वासाः शिष्यान् प्राह-कृपा पापेन राजर्षेरपराधः कृतो महान् । मास्मानधाक्षुर्दृष्ट्यैव पाण्डवाः क्रुरचक्षुषा ॥ स्मृत्वाऽनुभावं राजर्षेरम्बरीषस्य धीमतः । बिभेमि सुतरां विप्रा हरिपादाश्रयाज्जनात् ॥ पाण्डवाश्च महात्मानः सर्वे धर्मपरायणाः । सदाचारस्ता नित्यं वासुदेव परायणाः ॥ क्रुद्धास्ते निर्दहेयुर्वै तूलराशिमिवानलः । तत एतान्दृष्ट्वैव शिष्याः शीघ्रं पलायतेति ॥ वैष्णवे प्रह्लादः—मयि दोषाऽनुबन्धोऽभूत्तस्तावद्धते तव । मत्पितुस्तत्कृतं पापं देव तस्य विनश्यतु ॥ त्वयि भक्तिमतो द्वेषादघं तत्सम्भवं च यत् । त्वत्प्रसादात् प्रभो सर्वं तेन मुच्येत मे पितेति ॥ नेदं विद्वानिदं विद्वान् समुद्दिशेच्च सह भुञ्जीत नाऽसत्यमाविशेदिति बहवृचां समाम्नायः ।

कुञ्चिका—अन्यं धर्मं यथेष्टाचार प्राप्तम् ॥ पञ्चमीं विद्यामवतारयति—किं चेति ॥ निर्वेशं वेतनम ।

मास्मेति । अस्मान् मा धाक्षुः भस्मसात्कार्षुः । चक्षुषा । आत्मसात्यप गदम ।

हो । अर्थात भगवान के भक्त तथा भागवत कथा के विद्वेषियों के किये हुए पुण्य कर्मों से भी आसुरी गति प्राप्त होती है ।

भारत के वनपर्व में दुर्वासा ऋषि ने भी अपने शिष्यों के प्रति कहा है :—

हे विप्रो ! मैंने राजर्षि युधिष्ठिर का बुरा ही बड़ा भारी अपराध किया है कहीं पाण्डव अपनी क्रूरदृष्टि से हम सबों को भस्म न कर डालें । बुद्धिमान् राजर्षि अम्बरीष के प्रभाव को स्मरण कर हे विप्रो मैं निरन्तर भगवद्भक्तों से डरता रहता हूँ सदाचार रत धर्म परायण—स्वाभाविक भगवद्भक्त सभी पाण्डव कदाचित क्रुद्ध हो जायें और अग्नि जैसे रुई के ढेर को जला देता है वैसे हम सबों को वहीं भस्म न करदेवें इस लिये पाण्डवों से बिनाही मिले चुपचाप सब के सब दौड़ चलिये ।

विष्णु पुराण में प्रह्लाद ने कहा है :—हे देव ! आपकी स्तुति करने के लिये उद्यत होने पर मेरे में जो मेरे पिता की दोष बुद्धि हुई, उससे जो कुछ उसका पाप बना, वह सब पाप नष्ट हो जावे । एवं आप में प्रीति रखने वाले भक्तों के द्वेष से जो उसका पाप हुआ है अथवा उस पाप के द्वारा जो कुछ पाप हुआ हो उन सभी पापों से मेरा पिता मुक्त हो जावे ।

कात्यायनसंहितायाम्—वरं हुतवहज्वाभिः सङ्गतस्यान्तर्व्यवस्थितिः । न शौरिचिन्ता-विमुखजनसंवासवैशसम् । विष्णुरहस्ये—आलिङ्गनं वरं मन्ये व्यालव्याघ्रज-लौकसाम् । न सङ्गः शल्ययुक्तानां नानादेवोपसेविनाम् । अन्यत्रापि—शवान् पाशुपतान् स्पृष्ट्वा लोकायतिकनास्तिकान् । अकर्मस्थान् द्विजान् शूद्रान् सवासा-जलमाविशेत् । शाण्डिल्यस्मृतौ च—मूढैः पापरतैः क्रूरैः सदागमपराङ्मुखैः॥ संबन्धं नाचरेद् भक्तो नश्यते तस्तु संगतात् ॥ पितृगीतासु च—मा जनिष्ट स नो वंशे जातो वा तापिनश्यताम् । आजन्ममरणं यस्य वासुदेवो न दैवतमिति ॥ विष्णुपुराणे च—नृणां जरामरणभीत्यवतां वृथैव मोघाशिनामखिलशौचबहिष्कृ-तानाम् । तोयप्रदानपितृपिण्डनिगकृतानां संभाषणादपि नरा नरकं प्रयान्ति । पाषण्डिनो विकर्मस्थान् वैडालव्रतिकान् शठान् । हैतुकान् बकवृत्तींश्च वाङ्-मात्रेणापि नार्चयेत् । धर्मध्वजी सदा लुब्धश्छाद्मिको लोकदाम्भिकः । वैडाल-

वैरासंवासम् । लौकायतिका बौद्धविशेषाः ॥ नैष्कृतिकः प्रायश्चित्ती ।

ऋग्वेदीय कात्यायन संहितामें कहा है—ज्ञानी पुरुष को चाहिये कि वह भगवान् और भगवद्भक्तों के महत्त्व को न जाननेवालों अथवा उनमें श्रद्धा न रखने वालों को आत्मज्ञान की शिक्षा न देवे, एवं उनके साथ खान पान तथा एक स्थान में निवास न करे। धधकती हुई ज्वाला के पींजरे में रहना अच्छा है, किन्तु श्याम सुन्दर श्रीकृष्ण-चन्द्र की भक्ति से विमुख, दुर्जनों के साथ निवास करना अच्छा नहीं।

विष्णु रहस्य में लिखा है—'सर्प-सिंह-मगर, आदि हिंसक जन्तुओंका आलिंगन भी उतना बुरा नहीं जितना कि श्रीसर्वेश्वर की सेवा से वञ्चित रहने वाले, अनेक राजस तामस, देवों की सेवा करने वाले शल्ययुक्त पुरुषों का संग बुरा है।

और भी कहा है कि—शैव-पाशुपत एवं नास्तिक लौकायतिक, अकर्मोद्भिज और शूद्रों का स्पर्श न करे, कदाचित् स्पर्श होजाय तो उसे सवस्त्र स्नान करना चाहिये। शाण्डिल्य स्मृति में कहा है—पापकर्म रतमूर्ख, एवं क्रूर तथा सदा शास्त्र से विमुख-रहनेवाले पुरुषों से भक्त कोई सम्बन्ध न जोड़े, क्योंकि उनके साथ सम्बन्ध जोड़ते ही भक्ति भगवती विदा हो जाती है।

पितृ गीता में कहा गया है—जिसकी जन्म से लगा कर मृत्यु तक भी भगवान में

व्रतिको ज्ञेयो हिंस्रः सर्वातिवञ्चकः । अधोदृष्टिर्नैष्कृतिकः स्वार्थसाधनतत्परः ।
शठो मिथ्यासाधनतत्परः शठो मिथ्याविनीतश्च बकवृत्तिचरो द्विज इति ।
मूर्खाश्च पण्डितम्मन्या अधर्मा धार्मिका इव । धर्मयुक्तान् प्रबाधन्ते साधून्
लिङ्गमाश्रिता इति शाण्डिल्यवचनादित्याद्यन्यदपि शास्त्रमत्रानुसंधेयम् ॥

भक्ति न हो ऐसा पुत्र वंश में पैदा न होवे, यदि उत्पन्न भी होजाय तो शीघ्र मर जावे तो
अच्छा है।

विष्णु पुराण में कहा है—वृथा ही अन्न को नष्ट करने वाले, जरा मरण आदि
दुःखों से दुःखित होने पर भी अपनी मूढ़ता को न छोड़ने वाले, पितरों को पिण्डोदक
देने वाले और जिनका कोई एक कार्य भी पवित्रता युक्त न हो उन मनुष्यों से सम्भाषण
करने से भी नरक की प्राप्ति होती है।

एवञ्च पाषण्डी, विपरीत कार्य करने वाले पराये धन को हड़पने वाले शठ बगुले
के सदृश स्वार्थी प्राणियों का वाणी से भी सम्मान नहीं करना चाहिये। सदा धर्म की
ओट में ढोंग फैलाने वाले, लोभी छली, ठग, को "वैडाल व्रतिक" जानना जो कि सब को
ठगने वाला हिंसक हो, और हे द्विज! नीची दृष्टि रखने वाले तथा निष्कर्मी रहते हुए
अपने स्वार्थ को सिद्ध करने में तत्पर, झूंठ मूठ ही नम्रता रखने वाले शठ को बकवृत्ति
चर कहते हैं।

शाण्डिल्य स्मृति में कहा है कि—जो मूर्ख होने पर भी अपने को पण्डित समझने वाले
एवं अधर्माचरण करते हुये भी अपने को धार्मिकों के समान सूचित करने वाले साधुओं
की वेशभूषा को धारण करने वाले दुर्जन धार्मिक सज्जनों को बाधा पहुचाते हैं।

इसी प्रकार भगवत्प्राप्ति के प्रतिबन्धकों का वर्णन करने वाले और भी बहुत
शास्त्रीय वाक्य हैं।

अब भगवत्प्राप्ति के सामान्य प्रति बन्धक कहते हैं, जिनमें से पहिला तो मर्यादा
का उल्लंघन करना है। श्रुति और स्मृतियाँ भगवान की ही आज्ञा है, अतः उनकी आज्ञा
का पालन न करना भगवत्प्राप्ति का प्रथक बाधक है। दूसरा अपने धर्म का त्याग
तृतीय, दूसरे दूसरे वर्णों के धर्मों का आचरण करना भगवत्प्राप्ति का बाधक है।
निम्न लिखित गीता आदि धर्म ग्रन्थों के वाक्य, इनके समर्थक हैं। यहाँ उद्धृत किये
हैं। जैसे कि अपने अपने वर्णोचित निर्धारित कर्मों का छोड़ना उचित नहीं यदि

अथ सामन्याभूता उच्यन्ते । तत्र मर्यादोल्लङ्घनं, श्रुतिस्मृती ममैवाज्ञे इति। स्वोचितधर्मत्यागो , वर्णान्तरोचितधर्माचारश्च । नियतस्य तु संन्यासः कर्मणा नोपपद्यते । मोहात् तस्य परित्यागस्तामसः परिकीर्तितः ॥ ऋग्यजुःसामसंज्ञं यं त्रयी वर्णावृतिर्द्विज । एतामुज्झति यो मोहात् स नग्नः पतती स्मृतः ॥ ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थस्तथाऽऽश्रमी । परिव्राट् च चतुर्थोऽत्रपञ्चमो नोपपद्यते ॥ संध्याहीनोऽशुचिर्नित्यमनर्हः सर्वकर्मसु । यदन्यत् कुरुते कर्म न तस्य फलभाग् भवेत् । नास्तिक्यपरमाश्चैव केचिद्धर्मविलोपकाः । भविष्यन्ति नरा मूढा मन्दाः पण्डितमानिनः ॥ वर्णाश्रमाचारवता पुरुषेण परः पुमान् । विष्णुराराध्यते पन्था नान्यत् तत्तोषकारणम् ॥ वेदोक्तं ये परित्यज्य धर्ममन्यं प्रकुर्वते । तत्सर्वं तव दैत्येन्द्र मत्प्रसादाद् भविष्यतीत्यादिवाक्येभ्योऽन्वयव्यतिरेकगर्भितेभ्यः । कृतघ्नत्वं तथाह मनुः—गोघ्ने चैव सुरापे च चौरे भग्नव्रते तथा । निष्कृतिर्विहिता

मोह से उनको त्यागता है तो वह तामस त्याग कहलाता है ।

ऋग्, यजु और साम इन तीनों वेदों में कही हुई वृत्ति ही तीनों वर्णों की वृत्ति है, यदि उस वृत्ति को कोई मूढता के कारण त्याग दे तो वह नग्न एवं पातकी कहाता है। ब्रह्मचारी गृहस्थ, वानप्रस्थ संन्यास ये चार ही आश्रम है, इनके अतिरिक्त पांचवाँ और कोई आश्रम नहीं। जो सन्ध्य नहीं करता वह अपवित्र एवं किसी भी वैदिक कार्य के करने योग्य नहीं माना जाता, क्योंकि वह जो कुछ कर्म करता है उसको उस कर्म का फल नहीं मिल सकता। धर्म का लोप (व्यतिक्रम) करने वाले मनुष्य मूर्ख और मन्द मति हैं तेपर पण्डितपनेका अभिमान रखने वाले ही परम नास्तिक कहावेंगे। वर्ण और आश्रमी मितधर्मा चरण करने वाले पुरुष पर ही परम पुरुष विष्णु भगवान प्रसन्न हो सकते हैं, क्यों कि इसके अतिरिक्त उनको प्रसन्न करने का दूसरा कोई सुन्दर मार्ग नहीं। वेदोक्त धर्म को छोड़ कर जो और और धर्मों का आचरण करतेहैं, हेदैत्येन्द्र ? मेरी कृपा से वह सम्पूर्ण तुम्हें प्राप्त होगा। उपरोक्त अन्वय रूप और व्यतिरेक रूप वाक्यों से मर्यादाउल्लंघन,-स्वधर्म त्याग, और परधर्माचरण इन तीनों की प्रतिबन्धकता कही गई है।

चौथा प्रतिबन्धक 'कृतघ्नत्व है। मनुस्मृति में कृतघ्नता को बड़ा भारी पाप बतलाया है—कि गौहत्या, मदिरापान, चौरी, व्रतभंगता, आदि पापों का विद्वानों ने

सद्भिः कृतघ्ने नास्ति निष्कृतिः। सत्कृताश्च कृतार्थाश्च मित्राणां न भवन्ति ये। तान् मृतानपि क्रव्याद्भिः कृतघ्नान नोपभुञ्जते॥ इत्यादि।

मानुष्यं लब्ध्वा तस्य निरर्थकं शूकरास्थिवच्चाशनम्।

प्रायश्चित बतलाया है परन्तु कृतघ्नता का प्रायश्चित नहीं बतलाया कारण जिन हितैषी मित्रों ने सत्कार पूर्ण, आवश्यकीय कार्यों में तन मन से सहयोग प्रदान किया, उनमित्रों के प्रति जो कृतघ्न व्यक्ति प्रत्युपकार की चेष्टा नहीं करते एवं आपत्ति आदि किसी सहायोपयोगी समय में सहाय प्रदान नहीं करते, उन कृतघ्न व्यक्तियों का कहीं पर भी आदर नहीं, न जीवित अवस्था में उन्हें कोई अपनाता और न मृत्युके पश्चात् लोकान्तर में उनका कोई आदर करता – यहाँ तक कि उनके मृत शरीर को मांसाहारी हिंसक जन्तु गिद्ध कौआ आदि भी नहीं अपनाते, अर्थात् उनके मांस को मांसाहारी पशुपक्षी भी त्याज्य समझते हैं। अत एव कृतघ्नता से बचने के लिये सावधान होकर प्रयत्न क ते रहना चाहिये।•

•सारांश यह है कि कृतघ्नता एक ऐसा प्रति बन्धक है कि जिसके रहने पर अन्याऽन्य कितने ही प्रतिबन्धक उद्भूत हो बैठते हैं। कृतघ्नता का साधारण अर्थ है— 'किये हुए उपकार को भुलादेना।' उसके दो भेद माने जासकते हैं—एक मुख्य कृतघ्नता और दूसरी गौण कृतघ्नता।' जो जड़ चेतनादि के किये हुए उपकारों को भुलादेते हैं. यह गौण अर्थात् लौकिक कृतघ्नता है और जो परम पिता परमेश्वर के उपकारों को भुला देते हैं वह मुख्य कृतघ्नता कही जाती है, क्योंकि गर्भावस्था एवं बाल्यावस्था आदि संकटापन्न अवस्थाओं में जिस दयासिन्धु प्रभुने अनुपम दया करके रक्षा की, उस प्रभु के उपकारों को भुलादेना कितना बड़ा अपराध है? यदि उस सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् प्रभु का साधारण जीव कुछ प्रत्युपकार नहीं कर सकें तो उपकारों की स्मृति के साथ २ उस प्रभु के नाम मात्र का तो स्मरण करते रहें सम्भव है लौकिक कृतघ्नता का कहीं पर कुछ प्रायश्चित मिलभी जाय परन्तु ईश्वर के उपकारों की विस्मृतिरूप मुख्य कृतघ्नता का प्रायश्चित मिलना असम्भव है।

इसी मुख्य कृतघ्नता का विराट रूप से यहाँ वर्णन किया जाता है—करुणा पूर्वक प्रभु के दिये हुए मनुष्य जन्म को प्राप्त करके भी जो मनुष्य प्रभु का स्मरण नहीं करता उसका जन्म निरर्थक एवं शूकर आदि नीच योनियों के समान आत्मा को अधोगति में ही पहुंचाने वाला है।

मानुष्यं प्राप्य लोकेऽस्मिन् मूको वा बधिरोपि वा। नापक्रामति संसारात् स खलु ब्रह्महा भवेत्। वाराहे च लब्ध्वाऽत्र मानुषं देहं पञ्चभूतसमन्वितम्। मामेव न प्रपद्यन्ते ततो दुःखतरं नु किम्। नारसिं हे च। शुभमिदमुपलभ्य मानुषत्वं सुकृतशतेन पृथेन्द्रियार्थहेतोः। रचयति कुरुते न मोक्षमार्गं स दहति चन्दनमाशु भस्महेतोरिति। स्ववीर्य्यविकरणं च। यथा स्ववान्तमश्नाति श्वावै नित्यं स्वभृतये। एवं ते वान्तमश्नन्ति स्ववीर्य्यस्योपसेवनादिति सनत्सुजातवचनात् तच्च द्विविधं बाह्याभ्यन्तरभेदात्। बाह्यं परस्त्रीगमनादि। कृष्णाजिनपरिग्रहो रेतसश्चैव विक्रयी। गजच्छायानु भोक्ता च न भूयः पुरुषो भवेदित्यादि। द्वितीयं विद्यादिगुणविक्रयणम्

मनुष्य जन्म मिलने पर जो भगवन्नामों का उच्चारण नहीं करता, वह मूक है एवं जो भगवत्कथा को श्रवण नहीं करता, उसको बहिरा समझना। जो मनुष्य संसार से मुक्त होने की चेष्टा नहीं करता वह ब्रह्मघाती कहाता है। वाराह पुराण में कहा है कि लोक में पाँच भूतों वाला मानवीय शरीर प्राप्त हो जाने पर भी जो मेरी शरण में नहीं आता उसके अतिरिक्त और दुःख क्या होगा।

नृसिंहपुराण में लिखा है—सैकड़ों सुकृतों से इस सुन्दर मनुष्य शरीर को प्राप्त कर के भी जो मनुष्य इन्द्रियों के उपभोगों के लिये ही प्रयत्न करता है और मुक्ति मार्ग की ओर नहीं झुकता, वह उस मनुष्य के समान है जो कि भस्म की प्राप्ति के लिये चन्दन को जलाता हो।

पाँचवाँ प्रतिबन्धक 'स्ववीर्य विकरण' है—जैसे कुत्ता अपनी अभिवृद्धि के लिये अपनी वान्त को चाटता है। वैसे ही अपने वीर्य का उप सेचन करने वाले को भी अपनी वान्त का चाटने वाला ही समझना चाहिये।

वह 'स्ववीर्यविकरण' बाह्य और आभ्यन्तर भेद से दो प्रकार का है, जिनमें

पंडितैरर्थकार्पण्यात् पण्यस्त्रीभिरिव स्वयम्। आत्मा संस्कृत्य संस्कृत्य परोपस्करीकृत इत्यादिस्मृतेः। विद्याबलेन जिगीषया ब्राह्मणाद्यपमानम्। वादेन ब्राह्मणं जित्वा हृष्टो भवति योद्विजः। श्मशाने पादपः स स्याद् गृध्रकङ्कनिषेवितः। गुरुं हुंकृत्य तुंकृत्य विप्रं निर्जित्य वादतः। अरण्ये निर्जले स्थाने स भवेद् ब्रह्मराक्षस इति। भगवदाराधनात् प्राग्भक्षणपानादि। योमोहादथवाऽऽलस्यादकृत्वा देवताचनम्। भुङ्क्ते स याति नरकान् शूकरेष्वभिजायते। संन्यासादिविधि विहाय वैराग्यहीनैः पुरुषद्वेषादिहेतुना मातृपितृपरित्यागः। सुतं मातरं वापि तथा दत्तभयं सुतम्। त्यजेच्च तरुणीं भार्यां तं विद्याद्ब्रह्मघातकम्। किंच, विद्यास्तेयी गुरुद्रोही वेदेश्वरविदूषकः। एते महापापानः सद्यो

परस्त्री गमनादि बाह्य कहाता है, शास्त्र कहता है कि—कृष्ण मृग छाला धारी यदि कोई नैष्ठिक ब्रह्मचारी वीर्य का विक्रय करे और गज छाया रूप स्त्रियों का उपभोग करे, वह फिर मानव शरीर को प्राप्त नहीं हो सकता। 'विद्या आदि गुणों का विक्रय करना' दूसरा स्वकीय विक्रयण है—जैसे अपने शरीर को वेश्या शृंगारित बना पर पुरुषों को देती है वैसे दरिद्र पीडित, अपनी वेदादि विद्या को पैसे लेकर दूसरों को विक्रय करते हैं। इत्यादि स्मृतियों में वर्णन किया गया है।

६—छटा प्रतिबन्धक—विद्याबल के द्वारा विजय की इच्छा से ब्राह्मणादि का अपमान करना है। शास्त्रमें कहाहै कि—जो विजयवाद के द्वारा ब्राह्मण को जीतकर प्रमुदित होता है। वह गृद्ध आदि मांसाहारी जंतुओं के बैठने के लिये श्मशान भूमि में वृक्ष रूप से उत्पन्न होता है। जो हुं तुं आदि कुत्सित शब्द कह कर ब्राह्मण गुरु को वाद से जीतता है, वह निर्जल वनस्थान में जाकर ब्रह्मराक्षस बनता है।

७—सातवाँ 'भगवत्सेवा से पहिले ही खान पान कर लेना' भी भगवत्प्राप्ति का प्रतिबन्धक है। जो मोह से अथवा आलस्य से देव पूजा किये बिना ही भोजन कर लेता है वह नरकों में गिरता है, फिर शूकर योनि को प्राप्त होता है।

८—विराग न होने पर भी किसी द्वेषादि के कारण से संन्यास विधि के विरुद्ध माता पिता का परित्याग करना। शास्त्र में कहा है—जो माता, पिता, पुत्र तथा तरुण स्त्री को त्यागताहै उसको ब्रह्मघाती जानना चाहिये। विद्याकी चोरी एवं गुरुसे द्रोहकरने वाले तथा वेद एवं ईश्वरकी निन्दा करनेवाले महापापी कहातेहैं, उनको शीघ्रही दण्ड देना

दण्ड्या इति श्रुतिः। परद्रोहेष्वभिध्यानं मनसाऽनिष्टचिन्तनम्। वितथाभिनिवेशश्च त्रिविधं मानसं स्मृतम्। पारुष्यमनृतं चैवपैशुन्यं चैव सर्वशः। अनिबद्धप्रलापश्च वाङ्मयं स्याच्चतुर्विधम्। अदत्तानामुपादानं हिंसा चैवाविधानतः। परदारोपसेवा च शारीरं त्रिविधं स्मृतम्। इत्यादीन्यन्यान्यप्यूहनीयानि विरोधिरूपाणि। तानि च प्रपञ्चचिन्तामणौ स्मृतानि आसुरी संपच्च। तथा च गीयते, द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च दैवो विस्तरशः प्रोक्तआसुरं पार्थ मेशृणु। प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च जना न विदुरासुराः। न शौचं नापि चाऽऽचारो न सत्यं तेषु विद्यते। असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम्। अपरस्परसंभूतं किमन्यत् कामहैतुकम्। एतां दृष्टिमवष्टभ्य नष्टात्मानोऽल्पबुद्धयः। प्रभवन्त्युग्रकर्माणः क्षयाय जगतोऽहिताः। काममाश्रित्य दुष्पूरं दम्भमानमदान्विताः। मोहाद् गृहीत्वाऽसद्ग्राहान् प्रवर्तन्तेऽशुचिव्रताः। चिन्तामपरिमेयाँ रचप्रलयान्तामुपाश्रिताः। कामोपभोगपरमा एतावदिति निश्चिताः। आशापाशशतैर्बद्धाः कामक्रोधपरायणाः। ईहन्ते कामभोगार्थमन्यायेनार्थसञ्चयान्। इदमद्य मया लब्धमिमं प्राप्स्ये मनोरथम्। इदमस्तीदमपि मे भविष्यति पुनर्धनम्। असौमया हतः शत्रुर्हनिष्ये चापरानपि। ईश्वरोऽहमहं भोगी सिद्धोऽहं बलवान् सुखी। आढ्योऽभिजनवानस्मि कोऽन्योऽस्ति सदृशोमया।

चाहिये। इसी प्रकार—दूसरों से द्रोह करने का ध्यान, उनके अनिष्ट होने का मन में विचार करना, तथा झूँट (बिनाई-कारण) क्रोध करना ये तीनों, मानसिक, और कठोर असत्य तथा असम्बन्धित प्रलाप ये वाचिक, तथा मालिक के बिना ही दिये किसी की वस्तुका उठालेना और वैदिक विधिके विपरीत हिंसा करना, एवं पर स्त्री गमन, ये तीनों कायिक कर्म इत्यादि इनके अतिरिक्त और भी जो भगवत्प्राप्ति के विरोधी कर्म हैं वे सब प्रपञ्चचिन्तामणि में कहे गये हैं।

उपरोक्त विरोधियों के समान एक आसुरी सम्पत् भी महान विरोधी है, भगवान ने गीता में कहा है हे पार्थ! इस लोक में दो प्रकार के भूतों के भाव हैं, एक आसुर और दूसरा दैव। जिन में दैव तो विस्तार पूर्वक हमने नवमाध्याय में कह दिया है अब आसुर भाव को सुनो। जो प्रवृत्ति और निवृत्तिके रहस्य को नहीं जानते उनमें सत्य पवित्रता और सदाचारता नहीं रहती। जो जगत् को ईश्वर कृत नहीं मानते और वेदादि शास्त्रों को असत्य मानते हैं, एवं धर्माधर्मरूप व्यवस्था को प्रतिष्ठा रहित मानते हैं तथा

यन्ते दास्यामि मोदिष्य इत्यज्ञानविमोहिताः अनेकचित्तविभ्रान्ता मोहजाल-समावृताः । प्रसक्ताः कामभोगेषु पतन्ति नरकेऽशुचौ । आत्मसंभाविताःस्तब्धा धनमानमदान्विताः । यजन्ते नामयज्ञैस्ते दम्भेनाविधिपूर्वकम् । अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं च संश्रिताः । मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषन्तोऽभ्यसूयकाः । तानहं द्विषतः क्रूरान् संसारेषु नराधमान् । क्षिपाम्यजस्रमशुभानासुरीष्वेव योनिषु । आसुरीं योनिमापन्ना मूढा जन्मनि जन्मनि । मामप्राप्यैव कौन्तेय ततो यान्त्यधमां गतिम् । त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः ।

स्त्री पुरुष रूपी मिथुन के संयोग से ही उत्पत्ति मानकर परमात्मा को कर्त्ता नहीं मानते ऐसे नास्तिक विचार वाले मूढचित्त, अल्प बुद्धि, उग्र (हिंसारूप) कर्म करने वाले अहित कारी जगत् के क्षय के लिये होते हैं, जोकि अपार अभिलाषा और पाखण्ड मान तथा मद से युक्त और मोह से असत् आग्रहों (दुराग्रहों) को ग्रहण कर अपवित्र वस्तुओं को खाते हुए प्रवृत्त होते हैं। वे प्रलय पर्यन्त की अपरिमित चिन्ता को करते हुए कामों के उपभोगों को ही निश्चित फल मानते हैं, सैकड़ों आशाओं के पाशों से बंधेहुए, काम क्रोध के स्थान रूप वे कामों के भोग के लिये अन्याय से धन को एकत्रित करना चाहते हैं। वे सदा यही जल्पना करते रहते हैं, कि आज मैंने इतना धन प्राप्त कर लिया है, इतने धन को फिर प्राप्त करूंगा, इतना धन हो चुका और इतना फिर हो जायेगा।

इस शत्रु को आज मैं ने मारदिया, और दूसरे शत्रुओं को भी मारदूंगा। मैं समर्थ-भोगी सिद्ध, बलवान, एवं सुखी धनवान-कुटुम्बवान हूँ। मेरे सदृश और कोई नहीं है। यज्ञ करूंगा, दान दूंगा, जिससे बड़ाई होने पर प्रमुदित होऊंगा। ऐसे अनेक प्रकार की चित्त विभ्रान्तियों वाले मोह रूपी जाल से आवृत्त,कामादि के भोगों में ही रत रहने वाले प्राणी घोर नरक में गिरते हैं। क्यों कि अपने आपकोही बड़ाई करने वाले अतएव कार्यवत् विनम्रता रहित वे धन और मानके मदमें वे होश रहने वाले मूर्ख, ढोंग से विधिविरुद्ध यज्ञों से मेरा यजन करते हैं। और अहङ्कार, बल, घमण्ड, काम, क्रोध इनके वशीभूत हो, उनकी और दूसरे सभी प्राणियों की देहों में स्थित मुझ अन्त र्यामी से द्वेष रखते हुए मेरी निन्दा करते हैं। उन क्रूर नराधम,मेरे द्वेषियों को मैं निरन्तर आसुरी योनियों में ही उनकी वासनानुसार पैदा करता हूं। मेरी शरण में न आने से वे मूर्ख प्रत्येक जन्म में आसुरी योनि को प्राप्त होते हुए अधम गति को प्राप्त होते हैं।

नाशनः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत् । एतैर्विमुक्तः कौन्तेय ! तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः । आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिमित्यादिना । अत्र च, दैवीसंपद्विमोक्षाय निबन्धायाऽऽसुरी मता इति फलसहितं संपद्द्वयमुपक्रम्य, दैवीं संपदमनूद्यासुरीं सम्पदमभिजातानामासुराणां, प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च जना न विदुरासुरा इत्यादिना लक्षणं निरूप्य, ईहन्ते कामभोगार्थमन्यायेनार्थसंचयानित्यादिना तेषां प्रवृत्तिं चोक्त्वा, तानहं द्विषतः क्रूरान् संसारेषु नराधमानित्यादिना नित्यसंसृतिरूपामधोगतिं तत्फलं च विधाय तस्मादेतत्त्रयं त्यजेदिति तत्त्यमूलकत्वादासुरभावस्य तत्त्यागो विधीयते श्रीमुखेनैव । **अथ च एतैर्विमुक्तः कौन्तेय इत्यनेन व्यतिरेकतया तदेव दृढीकृत्यं तत्त्यागस्य श्रेयोऽर्थिनोऽधिकारित्वोपयोगिकत्वमुक्तं भवति । तस्मादत्यन्तश्रेयोविरोधित्वा-**

काम, क्रोध और लोभ ये तीनों आत्मा के नाशक, नरक द्वार हैं, अतः इनतीनों को त्याग देना चाहिये । जो मनुष्य इनतीनों नरक द्वारों से मुक्त हो आत्म कल्याण के लिये प्रयत्न करता है वह परम गति को प्राप्त कर सकता है ।

उपरोक्त सन्दर्भ के मूल गीता वाक्यों में "दैवी सम्पद्विमोक्षाय०" इस वाक्य से फल सहित दोनों सम्पदाओं का उपक्रम कर दैवी सम्पद् का अनुवाद किया गया है, फिर "प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च०" इत्यादि वाक्यों में आसुरी सम्पद् के अन्तर्गत प्राणियों के लक्षण बतला कर "ईहन्ते काम भोगार्थं०" इत्यादि वाक्यों से उनकी प्रवृत्ति दिखाई गई ।

'तानहं द्विषतः' इन शब्दों से आसुरी सम्पद् वालों की नित्य संसृति रूप अधोगति और उसका फल वर्णन किया गया है । 'तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्०' इस कथन से आसुरी भाव को काम, क्रोध, लोभ मूलक कहकर उनतीनों के त्याग करने की भगवान् ने आज्ञा प्रदान की है । फिर 'एतैर्विमुक्त०' इस वाक्य से व्यतिरेकि व्याप्ति के द्वारा उसी कथन को दृढ़ बना काम क्रोधादि के त्याग की, कल्याण कामना वाले पुरुष की अधिकारिता सिद्धि होने के लिये उपयोगिता बतलाई है । इसलिये परम पुरुषार्थ का अत्यन्त विरोधी होने के कारण कल्याणेप्सु मुमुक्षुओं को चाहिये कि—वे काम, क्रोध आदि का प्रयत्न पूर्वक त्याग करें गीताके इससोलहवें अध्याय का यही तात्पर्य है । प्रपत्ति के छः अङ्गों में से एक जो 'प्रतिकूल का त्याग' रूपी अंग है । वह भी उपरोक्त आसुरी सम्पत के वर्णन पर व्याख्यान होजाता है ।

च्छद्भिर्योषिभिर्मुमुक्षुभिः प्रयत्नेन त्याज्येति षोडशाध्यायस्याभिप्रायः । अनेनैव प्रतिकूलस्य वर्जनमिति प्रपत्तेरङ्गं व्याख्यातं भवति ॥

अथ विरागो निरूप्यते । स च द्विविधः, सहेतुकोनिर्हेतुकश्चेति । तत्र स्वीयरागविषयीभूतानां निरतिशयप्रेष्ठत्वेनाभिमतानां पुत्रकलत्र वित्तैश्वर्य्यादिपदार्थानां वियोगेन तद्विपरीतत्वेनाभिमतानां दरिद्राणां लाभेन च हेतुना जातः सहेतुकः । स चाविवेकपूर्वकत्वाद् व्यभिचारयुक्तोऽपायशङ्काग्रस्तः । यदि श्रीभगवतो निर्हेतुकाऽपरिमितकरुणासागरस्य रमाकान्तस्य कृपाकटाक्षसहकृतश्चेत् तर्हि भगवत्परिपूर्णकृपापात्राणाम्- अनन्याश्रितयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।। तेषामेकान्तिनः श्रेष्ठा ये चैवानन्यदेवताः अहमेव गतिस्तेषां निराशीः कर्मकारिणामित्यादिश्रीमुखोक्तलक्षणसंपन्नानां महाभागवतानां ज्ञानवैराग्य-

---

अब विराग का निरूप किया जाता है । विराग दो प्रकार का होता है, जिनमें से पहिला सहेतुक और द्वतीय निर्हेतुक । जिस मनुष्य के—अपने परम प्रेमी स्नेहास्पद पुत्र, स्त्री, धन ऐश्वर्य्य आदि पदार्थों का वियोग होने पर एवं उनसे विरुद्ध दरिद्रता आदि कीप्राप्ति होने पर 'विराग उद्भूत होता है, वह विराग सहेतुक कहाता है । वह वैराग्य अज्ञान पूर्वक होने से व्यभिचार तथा विनष्ट होने की शंकाओं से ग्रसित रहता है । हां कदाचित् निर्हेतुक-अपरिमित करुणा के समुद्र रमानाथ भगवान् की कृपा के कटाक्ष सहित वह विराग उद्भूत हो तो वह भगवत्प्राप्ति का साधक बन सकता है । जोकि भगवान् के पूर्ण कृपा पात्रों के चित्त में होता है । भगवान् कहते हैं कि जो भक्त अनन्य भाव से मेराचिन्तन करते हुए मेरी उपासना करते हैं उनमें भी एकान्ती भक्त श्रेष्ठ हैं । जोकि कभी भी अन्य देव की आशा नहीं रखते उन निष्काम कर्म करने वालोंकीगति एक, मैं ही हूँ ।'

इत्यादि भगवान के कहे हुए लक्षणों वाले , ज्ञान और वैराग्य से भूषित,भक्ति सिन्धु में मन को डुबाये हुए महाभागवतों का संग होजाने से उनकी कृपा का पात्र बन, वह शास्त्रीय मार्ग में प्रवृत्त होता है और उसी मार्गानुसार भगवान् का भजन करता हुआ भगवद्भक्ति की परिपुष्टता होने के लिये बारम्बार प्रयत्न करता है । और तदनुकूल ही आचरण करताहै । कदाचित् तदनुकूल आचरण नहींकरे तो अनिश्चित स्वभाव होनेके कारण यदि थोड़ासा भी कुसंग हो जाय तो फिर उस के गिरने की सम्भावना हो जाती है ।

भूषितानां भक्तिसागरनिमग्नमनस्कानां जातसंगस्तत्कृपाविषयो भूत्वा शास्त्रीयमार्गे प्रवृत्तस्तेन मार्गेणभगवन्तं भजँस्तदाद्यर्थं भूयो भूयो यतते, यतते, अनुतिष्ठते च तदानुकूल्यम् । अन्यथानैकान्तस्वभावत्वादसत्सङ्गेन भ्रश्यते मार्गात । द्वितीयस्तुजन्मान्तरसहस्रार्जितपुण्यपुञ्जस्यमनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद् यतति सिद्धये इति भगवद्वचनान्मनुष्याणां कोटिष्वपि कस्यचिदेकस्य जन्मसमये श्रीपुरुषोत्तमस्यकटाक्षावलोकितस्य पुरुषत्वे चाविस्तरमात्मा स हि विज्ञानेन संपन्नतमो विज्ञातं च वदति विज्ञातं पश्यति श्रुस्तनं लोकालोकौ मर्त्येनाऽमृतत्वमीप्सत्येव सम्पन्नोऽथेतरेषां पशूनामशनायापिपासा एषाभिज्ञान मिति ता एता देवताः सृष्टा अस्मिन् महत्यर्णवे प्रापतँस्तमशनायापिपासाभ्या-

---

दूसरा निर्हेतुक विराग वह है जोकि—"हजारों मनुष्यों में से कोई एक सिद्धि के लिये प्रयत्न करता है।" इस गीतोक्त भागवद्वाक्य के अनुसार, करोड़ों मनुष्यों में से किसी एक ही पुरुष जिसके कि हजारों जन्मों के पुण्यों का सञ्चय है और जन्म समय भगवान् के कृपा कटाक्षों द्वारा अवलोकित है, ऐसा मानव जन्म प्राप्त होना दुर्लभ है, कारण ऐसे पुरुषत्व से व्याप्त होकर प्रकट होने वाला आत्मा ही विज्ञान सम्पन्न हो सकता है। और वही पुरुष विज्ञात वस्तु का कथन तथा दर्शन करता है, उपरोक्त पुरुषत्व रहित प्रार्थी प्रायः पशु कहाते हैं जिनको कि केवल भूख प्यास का ही ज्ञान रहता है। (इस विषय में निम्न लिखित यह एक वैदिक आख्यायिका है) संसार सिन्धु में पशुको प्राप्त हो कर देवताओं ने भूख प्यास निवृत्ति के लिये उसका अर्जन किया और बोले कि तुम हमारे आश्रय को जानो जिसमें स्थित होकर हम अन्नादि का भक्षण करते हैं। तब वह उनके लिये गौ लाया तो देवताओं ने कहा कि इससे हमारी पूर्ति नहीं हो सकती, तब वह घोड़ा लाया फिर भी उनने कहा कि इससे भी हमारी पूर्ति नहीं हो सकती, तब वह एक पुरुष लाया जिसको देख देवता प्रसन्न होकर बोले—कि हमारा अहोभाग्य है, जोकि पुरुष प्राप्त हुआ, क्यों कि पुरुष ही जगत् में सुकृत (फलरूप) है इस सन्दर्भ का सार यही है—कि देवताओं को भी मनुष्य अत्यन्त प्रिय है। यह तो मनुष्य शरीर की उत्तमता द्योतक, श्रुति प्रमाण, हुआ। स्मृतियों में भी इसी प्रकार मनुष्य शरीर की उत्कृष्टता बतलाई है—हे सत्तम ? हजारों जन्म जन्मान्तरों के पुण्य का संचय होने से संसारमें कभी एकबार मानव शरीर मिलता है। देवता भी उन प्राणियोंके यश का गान करते हैं जो कि स्वर्ग और अपवर्ग स्थान के मार्ग को बताने वाले इस भूलोक में

मन्वबार्जत्ता एनमब्रुवन्नायतनं नः प्रजानीहि यस्मिन् प्रतिष्ठिताऽन्नमदामेति। ताभ्यो गामानयत्ता अब्रुवन्नवै नोऽयमलमिति। ताभ्योऽश्वमानयत्ता अब्रुवन्न वै नोऽयमलमिति। ताभ्यः पुरुषमानयत्ता अब्रुवन् सुकृतं बतेति। पुरुषो वा व सुकृतिमिति। अत्र जन्मसहस्राणां सहस्रैरपि सत्तम। कदाचिल्लभते जन्तुर्मानुष्यं पुण्यसञ्चयात्। गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे। स्वर्गापवर्गास्पदमार्गभूते भवन्ति भूयः पुरुषाः सुरत्वात्। कर्माण्यसंकल्पिततत्फलानि संन्यस्य विष्णौ परमात्मभूते। अवाप्य तां कर्ममहीमनन्ते

बारम्बार मानव शरीर धारण करते हैं। क्योंकि—इस भूमि में जन्म लेकर मनुष्य स्वकृत कर्म और उनके फलों को परात्पर ब्रह्म अनन्त श्रीविष्णु भगवान के अर्पण कर निष्कल्मष बन विष्णु लोक को प्राप्त हो जाते हैं। ऐसे वेदशास्त्र प्रशंसित मनुष्य शरीर धारी पुरुष के—भगवान की विस्मृति (दूरी) न सहन होने के कारण बचपन से ही प्रवृत्ति मार्ग (गृहस्थ आदि धर्मों) में ग्लानि बुद्धि हो जाती है, अतः वह सदा भगवत्कथा का श्रवण तथा सज्जनों का संग करता रहता है जिससे कि उसको कर्म फलों की दुखरूपता का ज्ञान हो जाता है, अर्थात् भगवद्भक्ति रहित कर्म सुख रूपी नहीं अपितु दुःखरूप ही है। और वह पुरुष अपने तथा दूसरे जीवों के विद्यमान शरीर समूह में सम्प्राप्त दुःखों का अनुभव कर एवं कर्म वशीभूत जीवों के दुःख रूप जन्म मरणादि संसृति चक्र की गति को जानने पर उसका शरीर और मन कम्पित हो जाता है। ऐसे लक्षणों वाले पुरुष के चित्त में जो विराग उद्भूत होता है वह विराग निर्हेतुक वैराग्य विवेक जन्य होने के कारण मोक्ष के उपयोगी एवं अव्यभिचरित स्वभाव (आत्मस्थिति पर्यन्त रहने वाला है।

प्राणियों को कष्ट प्रद 'दुःख' दो प्रकार के होते हैं पहिला अवस्था रूप और दूसरा ताप रूप। जिन में से पहिला दुःख जिस प्रकार अनुभव किया जाता है उसका प्रकार बताते हैं—प्रथम तो पिता के मूत्र मार्ग से निकल कर माता की योनि में प्रविष्ट होना फिर गर्भ में दिनों के क्रमसे, कलल बुद्बुद, पिण्ड, काठिन्य आदि अवस्थाओं में प्राप्त होना। फिर क्रम से अंग उपअंग इन्द्रिय आदि का योग, और पश्चात् चेतनोभव (चेतनता)। उसके अनन्तर अपने अपने कर्मों के भेदानुसार एवं माता पिता के रज वीर्य की विषमता से होने वाले स्त्री पुरुष नपुंसक, इन भावों की प्राप्ति और शिर नीचे, पैर ऊपर को किये हुए तथा जरायु (जेर) में लिपटे हुए मलमूत्र के स्थान में विष्ठा

तमालयं ते स्वमलाः प्रयान्तीत्यादिश्रुतिस्मृतिश्चाध्यतमं मानुष्यं प्राप्तस्य पुंसो विवेपासहिष्णुतयाशैशवादेव प्रवृत्तौ ग्लानिबुद्धेः श्रवणादिपरायणस्य सत्प्रसङ्ग लब्धकथाश्रवणतः कर्मफलातां दुःखात्मनां श्रुत्वा वर्तमानशरीरेऽपि प्राग्वानि-दुःखानि स्वस्य परेषां च भूयो भूयो जगति कर्मवशीभूतानां चेत्रज्ञानां जन्म-मरणादिरूपचक्रभ्रमणात्मकं दुःखमनुभूय जातवेपथुशरीरमनस्कस्य मुमुक्षोर्जा-यमानो विरागो निर्हेतुकः। स च विवेकजन्यत्वान्मोक्षोपयिकोऽव्यभिचरित-स्वभावः। तत्र दुखं तावद् द्विविधम्—अवस्थारूपं, तापात्मकं चेति। आद्यं च प्रथमं हि पितृपुत्रद्वारान्निःसृत्य मातृयोनिप्रवेशः। ततो गर्भेऽनुदिनंकलल-बुद्बुदपिण्डकाठिन्यादिव्यवस्थापत्तिः। ततः क्रमेणावयवेन्द्रियादियोगस्तत-

और कृमियों के संग वास करना। फिर जन्म के समय योनि द्वार को प्राप्त हो जैसे किसी यन्त्र विशेष से पीड़ित फोड़े में से कृमि (कीड़ा) निकल कर गिरता है वैसे ही अत्यन्त दुःखित होने के कारण मूर्च्छित समान हो पृथ्वी पर गिरना। फिर क्रम से बाल कुमार आदि अवस्थाओं को अनुभव करते हुए मरना।

यदि पुण्यकर्मकियेहुए हों तो उसपुण्यके फल सुखको भोगकर धूमादि मार्गसे लौटकर अन्न आदि के रूप से प्रकट होता है, और यदि पाप कर्म किये हों तो मात्सर्य्य, असूया आदि दुःखों को भोग कर उसी धूम मार्ग से अन्न में आमिलता है फिर आटा,-भक्षण, आदि अवस्थाओं में उत्पन्न होने वाले क्लेशों को भोगता हुआ उसी प्रकार माता पिता के रज वीर्य में मिलकर बारम्बार माता के गर्भ में प्रवेश होता है। बस इसी आने जाने को शास्त्र में संसार चक्र कहा है।

यदि अत्यन्त दुष्कर्मी हो, तो वह नरक भोग, कर श्वान, शूकर, सर्प, वृक्ष आदि योनियों को प्राप्त होता है और उन योनियों में आने वाले अपार दुःखों को भोगता रहता है। यह सब गर्भोपनिषत् में स्पष्ट कहा गया है।

दूसरा तापरूप दुःख-अध्यात्म, अधिभूत, अधिदैव, इन भेदों से तीन प्रकार का है। उनमें आध्यात्मिक दुःख भी दो प्रकार का है। पहिला शारीरिक और दूसरा मानसिक। शिर नेत्र आदि इन्द्रियों के रोग तथा ज्वर आदि शरीर के रोग, शारीरिक दुःख कहाते हैं। और काम, क्रोध, भय, द्वेष, मोह विषाद, शोक, असूया, अपमान, ईर्षा आदि मनो विकारों को मानसिक दुःख कहते हैं।

श्वेतनीभावः । ततः स्वकर्मवैगुण्ये मातृपितृरजोरेतोवैषम्यनिरूपितस्त्रीपुरुषषण्ढभावापत्तिरर्वाक्शिरा ऊर्द्धपाज्जरायुवेष्टितो भूत्वा मलमूत्रागारेविण्कृमिभिः सह वासः । प्रसवसमये योनिद्वारं प्राप्य यन्त्रेण पीड्यमान इव मूर्च्छितः पूतिवृक्षात् कृमिवन्महता दुःखेन महीपतनम् । ततश्च कौमाराद्यवस्थानुभवपूर्वकमरणम् । यदि धार्मिकश्चेत्तर्हि स्वर्गं गत्वा स्वपुण्यार्जितं विषयसुखं, पापार्जितं मात्सर्यासूयादिदुःखं चानुभूय धूममार्गेण पुनरावृत्य व्रीह्यादिभावापत्तिः । ततः पेषणपाकभक्षणाद्यवस्थोद्भवक्लेशानुभवपूर्वकं पुनः पितृरेतोभावापत्तिर्भूयो भूय उक्तप्रकारेण मातृगर्भप्रवेशादि । तदेव संसारचक्रभ्रमणं शास्त्रमुखेनोच्यते । दुष्कर्मा चेन्नरकादिप्राप्तिः श्वशूकरसरीसृपस्थावरादियोनिप्राप्तिस्तद्दुःखानुभूतिश्चेति गर्भोपनिषदि निपुणं प्रोक्तम् ॥

शीत, उष्ण, वायु वर्षा, पानी, बिजली आदि से होने वाला दुःख आधिभौतिक कहाता है और मृग, पक्षी, मनुष्य, राक्षस, सर्पादि से होने वाला दुःख आधिभौतिक कहाता है।

पूर्वोक्त वैराग्य के प्रकारान्तर से दो प्रभेद और भी माने जाते हैं—पहिला जिज्ञासा से होने वाला और दूसरा शीघ्र ही उद्भूत होने वाला इनमें से पहिले (जिज्ञासोद्भवः) का सौभरि ऋषि ने वर्णन किया है कि देखो मैंने विरक्तता छोड़कर पाणिग्रहण किया, पुत्र उत्पन्न हो गये, उन को घरों में चलते देखा। फिर यौवन अवस्था युक्त देखे और विवाह कर पुत्र-वधूओं से युक्त भी देख लिये, एवं उनकी सन्तति भी देखली, किन्तु इतने होने पर भी उनके पुत्रों के भी पुत्रों को देखने की मेरी अभिलाषा हो रही है। यदि उनके भी सन्तानों को देख लूंगा तो फिर कोई दूसरा मनोरथ उत्पन्न हो बैठेगा। यदि वह भी पूर्ण होगया तो फिर और किसी तीसरे मनोरथ प्रकट होने कौन रोक सकता है। इत्यादि अपने मानसिक भावों के वर्णन का आरम्भ कर, फिर कहा है कि जैसे काम क्रोधादि दोषों से मुक्त होकर भगवान को भजने वाला पुरुष फिर मानवीय दुःखों से दुःखित नहीं होता है। वैसे ही मैं भी सर्व जगत् के पिता, अचिन्त्य स्वरूप अणु से भी सूक्ष्म अतएव प्रत्यक्षादि प्रमाणों से अगम्य ईश्वरोंके भी ईश्वर, उज्वल श्यामस्वरूप श्रीविष्णु भगवान को भजूंगा और तपश्चर्या द्वारा उनकी आराधना करूंगा। इत्यादि शब्दों में वर्णन किया हुआ यह वैराग्य जिज्ञासोद्भव कहाता है, कारण पुत्र पौत्रादि समस्त के त्यागने की इच्छा से यह वैराग्य प्रकट हुआ है, अतः 'जिज्ञासोद्भव' यह

अथ द्वितीयं त्रिधा—आध्यात्मिकमाधिदैविकमाधिभौतिकं चेति। तत्राद्यं द्विविधं शारीरकमानसभेदात्। तत्र शिरोऽक्षिरोगज्वरादिकम्। शारीरकं कामक्रोधभयद्वेषलोभमोहविषादशोकाऽसूयावमानेर्ष्यादिजन्यं च मानसम्। शीतोष्णवातवर्षाजलविद्युदादिसमुद्भवमाधिदैविकम्। मृगपक्षिमनुष्य-राक्षससर्पादिजन्यमाधिभौतिकमिति विवेकः। पुनश्च प्रकारान्तरेण विरागो द्विधा, जिहासोद्भवः सद्योजातश्च। आद्यः सौभरिणा प्रोक्ताः। पञ्चां गता यौवनिनश्च जाता दारैश्च संयोगगताः प्रसूता। दृष्टाः सुतास्तत्तनयप्रसूतिं द्रष्टुं पुनर्वाञ्छति मेऽन्तरात्मा। द्रक्ष्यामि तेषामपि चेत् प्रसूतिं मनोरथो मे भविता ततोऽन्यः। पूर्णोऽपितत्राप्यपरस्य जन्म निवार्यते केन मनोरथस्येत्या-

---

इसकी संज्ञा हुई। दूसरा—जैसे राजा ययाति के चित्त में शीघ्र वैराग्य उद्भूत हुआ था। वैसे प्रकट होने वाला विराग सद्यो जात कहाता है। जैसे राजा ययाति ने कहा है कि—विषयों के उपभोगों से विषय कामना शान्त नहीं होती, अपितु जैसे घृत की आहुति देते ही अग्नि प्रज्वलित होता है। वैसे ही यह विषयों की अभिलाषा भी उनके उपभोगों से अधिकतर बढ़ती है। जिस तृष्णा का मर्त्यों से त्याग नहीं हो सकता, और शरीरों के जीर्ण होने पर भी जो जीर्ण नहीं होती, उस तृष्णा को त्यागने वाला बुद्धिमान् ही सुखी हो सकता। शरीरों के जीर्ण होने पर भी धन और जीने की आशा जीर्ण नहीं होती। यद्यपि विषयों में आसक्त चित्त हो मैंने बराबर एक हजार वर्ष विषयों के उपभोग में ही व्यतीत कर दिये, किन्तु फिर भी इन विषयों में मेरी तृष्णा प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है। इस लिये अब इस तृष्णा को छोड़कर परब्रह्म में चित्त को लगाऊँगा और सुख दुःखादिक द्वंद्वों से रहित बन तथा अहंता ममता छोड़कर वन उपवनों में मृगों के साथ फिरता हुआ भगवान् का स्मरण करूँगा। इत्यादि।

प्रश्न—यहाँ यह सन्देह होता है कि—उपरोक्त निर्हेतुक सहेतुक आदि साधन उपयोगी वैराग्य और साधन के अङ्ग स्वरूप भगवद्भागवतों के प्रतिकूल आचरणों का करना इत्यादि का कलियुग प्रभाव से दूषित आज कल के मनुष्यों से बनना दुष्कर है, ऐसी परिस्थिति में जब कि भगवत्प्राप्ति के कोई साधन नहीं बन सकें तो फिर कलि-युगीय प्राणियों का कल्याण कैसे हो सकेगा।

उत्तर—ये भगवत्प्राप्ति के साधन, मलीन अन्तः करणों वाले पुरुषों के लिये अवश्य ही दुष्कर हैं तथापि यथा शक्ति श्रद्धादि भावों के साथ जो कोई भगवान् का

रम्य। यथा हि भूयः परिहीनदोषो जनस्य दुःखैर्मवितो न दुःखी। सर्वस्य धातारमचिन्त्यरूपमकारणीयां समतिप्रमाणम्। सितासितं चेश्वरमीश्वराणामाराधयिष्ये तपसैव विष्णुमित्यन्तेन। द्वितीयो ययातिवत् सद्योजायमानः। तथा तेनैव गीतम्। न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति। हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्द्धते। या दुस्त्यजा दुर्मतिभिर्या न जीर्यति जीर्यतः। तां तृष्णां संत्यजन् प्राज्ञः सुखेनैवाभिपूर्यते। जीर्यन्ति जीर्यतः केशा दन्ता जीर्यन्ति जीर्यतः। धनाशा जीविताशा च जीर्यतोऽपि न जीर्यति। पूर्णं वर्षसहस्रं मे विषयासक्तचेतसः। तथाऽप्यनुदिनं तृष्णा ममैतेष्वनुजायते। तस्मादहं त्वयि त्वाभ्यां रक्षणायाधाय मानसम्। निर्द्वन्द्वो निर्ममो भूत्वा चरिष्यामि मृगैः सहेत्यादिना। ननु वैराग्यादीनां साधनौघिकानां प्रतिकूलवर्जनादीनां साधनाङ्गरूपाणां च दुष्करत्वात् कलिदूषितानामधमानां सर्वसाधनयोगाभावेन कथं श्रेय इति चेत्। सत्यम्। साधनानामत्यन्तदुष्करत्वेऽपि तद्भजनेन यथाशक्ति श्रद्धादिमत्तया भजतां निजाऽसाधारणस्वाभाविकाचिन्त्यकारुण्याद् दुराचारिणामप्यात्मानन्यसाधनानां स्वयमेवोक्तगुणावश्येनानुगृह्णात्येव श्रीपुरुषोत्तमोदीनानुकम्पिस्वभावादेव। अयं भावः। न तावत् साधनानां स्वस्वफलदाने स्वातन्त्र्यम्, अपि तु भगवदायत्तप्रवृत्तिकत्वेनैव सर्वेषामपि साधनानां भगवदनुग्रहसापेक्षत्वश्रवणात्। श्रृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः। नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन। यमेवैष

भजन करते हैं, वे चाहे दुराचारी एवं साधन रहित भी क्यों न हों, भगवान अपनी असाधारण स्वाभाविक अचिन्त्य करुणामयी वृत्ति से उन साधना रहित पुरुषों को भी अनुगृहीत कर ही लेते हैं जो कि प्रभु की शरण में हो जाते हैं। कारण श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का शरणागतों को अपनाने का स्वभाव ही है।

तात्पर्य यह है कि—वैराग्यादिक जितने भी साधन हैं वे अपने अपने फलों को प्रदान करने के लिये स्वतन्त्र नहीं, अपितु—भगवान् की कृपाके अनुसार फल देते हैं क्योंकि शास्त्र में सुना जाता है कि समस्त साधन भगवान् के अनुग्रह की अपेक्षा रखते हैं। जैसे कठोपनिषत् आदि में कहा गया है कि—श्रवण मनन करने वालों में भी बहुत से

वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैषआत्मा वृणुते तनुं स्वामित्यन्वयव्यतिरेकश्रुतिभ्यः ।

किञ्च । न हि भगवतो ह्यनन्यभक्तानां पापादिकर्मनिराकरणस्य भारत्वे नाशक्यत्वम् । अनन्ताविचिन्त्यस्वाभाविक्यावद्दात्मवृत्तिसर्वशक्तियोगात् । परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चेति श्रुतेः । ब्रह्मा स्वयम्भूश्चतुराननो वा रुद्रस्त्रिनेत्रस्त्रिपुरान्तको वा । इन्द्रो महेन्द्रः सुरनायको वा त्रातुं न शक्ता युधि रामवध्यम् । पृथिव्यां राक्षसान् सर्वान् पिशाचांश्च स दानवान् । अङ्गुल्यग्रेण तान् हन्यामिच्छन् हरिगणेश्वर इत्यन्वयव्यतिरेक

साधक उस श्रीसर्वेश्वर प्रभु का साक्षात्कार नहीं कर पाते । यह आत्मा प्रवचन (कथा-भाषण आदि) से अथवा मेधा (प्रशंसनीय धारणा शक्ति) तथा अधिकाधिक श्रवण आदिकों से भी प्राप्य नहीं । किन्तु जिस प्राणी पर भगवान स्वयं कृपा करते हैं उसीको अपनी दिव्य अलौकिक सर्व सद्गुणमयी मनोहर मूर्ति की झांकी कराते हैं । इत्यादि ।

भगवान् अनन्त, अविचिन्त्य, स्वाभाविक सर्वदा रहने वाली सम्पूर्ण शक्तियों से सम्पन्न है, श्रुति कहती हैं कि—इस परमात्मा की अनेक प्रकार की पराशक्तियाँ सुनी जाती हैं । जैसे ज्ञानरूप, बलरूप एवं क्रियारूप इत्यादि सभी शक्तियां स्वाभाविकी हैं । अतएव सर्वविध समर्थ होने के कारण श्रीसर्वेश्वर प्रभु अपने अनन्य भक्तों के भारी से भारी पाप कर्मों का भी सहज ही में निराकरण कर सकते हैं । उनके लिये कोई भी कार्य अशक्य नहीं है । वे जिसको नष्ट करना चाहें, उसको कोई भी नहीं बचा सकता ।

वाल्मीकीय रामायण में लिखा है कि—स्वयम्भू चतुरानन ब्रह्मा और त्रिनयन-त्रिपुर हर रुद्र (शंकर) एवं देवताओं का स्वामी महेश इन्द्र, ये सब भी उस प्राणी को नहीं बचा सकते जिसको कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र नष्ट करना चाहते हों । पृथ्वीपर जितने भी राक्षस एवं दानवों के सहित पिशाच आदि हैं उन सबको यदि मैं मारना चाहूँ तो एक अंगुली के अग्रभाग मात्र से मार सकता हूं । इत्यादिक अन्वय रूपी और व्यतिरेक रूपी वाक्यों से यह सिद्ध होता है कि भगवान समस्त असुरों को क्षणमात्र में मार सकते हैं, एवं वे जिसको मारना चाहें उसकी कोई भी रक्षा नहीं कर सकता । जैसे प्रतापी असुरों को नष्ट करने में भी भगवान को कोई प्रयत्न विशेष की आवश्यकता नहीं पड़ती वैसे ही असुर रूपी काम क्रोधादिक मानसिक भावों को भी

वचनात् । कामक्रोधादीनामप्यासुरत्वाविशेषात् तद्धनने को वा प्रयास इति भावः । तस्मादनन्यशरणानां स्वीयानां केनापि बलिष्ठेन कर्मणा दुराचारित्वेऽपि निरतिशयकारुण्यक्षमावात्सल्यादिगुणवशीकृतो गोविन्दस्तद्गुणानां पोषणार्थं मातृपितृमित्रपत्यादिवत् सर्वापराधकदम्बं सोढ्वा तान् वृणोत्येव । सर्वं सम्बन्धयोगात् । त्वमेव माता च पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव । त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव त्वमेव सर्वं मम देवदेव । पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः प्रियः प्रियायार्हसि देवसोढुमित्यादिवचनात् । दुराचारानुग्राह्यत्वं स्वयमेव गीतम् । अपि चेत् सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् । साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः । क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं

विनष्ट करने में उन्हें कोई प्रयास नहीं करना पड़ता है । अतः अपने अनन्य शरणागत भक्तों में यदि किसी बलिष्ठ पाप कर्म से दुराचारता आ भी जाय तो भी निरति शय करुणा, क्षमा, वात्सल्य आदि गुणों के वश भगवान् श्री सर्वेश्वर अपने उन गुणों की पुष्टी के लिये, माता, पिता मित्र, पति आदि के समान स्वभक्तों के सम्पूर्ण अपराधों के समूहों को सहन कर उनको अपना ही लेते हैं । क्यों कि हे प्रभो ! मेरे तो तुम ही माता पिता और बन्धु, सखा, एवं द्रव्य तथा विद्या हो । हे देव ! मेरे तो आप ही सबकुछ हो । हे प्रभो जैसे पिता पुत्र के, मित्र अपने मित्र के तथा प्रिय अपनी प्रिया के अपराधों को सहन करलेते हैं वैसे ही मेरे भी अपराध आपको सहन करना चाहिये । इन वाक्यों में भगवान को सर्व सम्बन्धी कहा है । दुराचारियों पर भी अनुग्रह करने को स्वयं भगवान् ने प्रतिज्ञा की है—कि यदि दुराचारीभी अनन्यभावसे मेरा भजनकरता हो तो उसको साधु ही मानना चाहिये, कारण उसने यह शुभ निश्चय करलिया है कि प्रभु भजन से ही मेरा कल्याण है । हे कौन्तेय मेरा भक्त कभी विनष्टता (अधोगति) को प्राप्त नहीं होता वह शीघ्र ही धर्मात्मा बनकर वास्तविक शान्ति को प्राप्त कर लेता है, यह तुम निश्चय जानो । यहाँ उपरोक्त भाव वाले गीता के श्लोकों में आये हुए 'अपिचेत्' शब्द का अर्थ सम्भावना है । अर्थात् अनन्य भक्तों में दुराचारता का होना ही असम्भव है ।

दुराचार शब्द के दो अर्थ हैं एक तो यह कि—वैदिकाचार विरोधी, किसी जन्मान्तर के बलीव पाप कर्म से अन्त्यज आदि योनियों में उद्भूत होने वाले शरीर को

निगच्छति । कौन्तेय प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति । आस्यार्थः । अपि-चेदिति । अपि, अनन्यभक्तानां दुराचारत्वासम्भव एवेति सम्भावनापरोऽयम्— अपिचेच्छब्दः । चेद्यदि केन चिज्जन्मान्तरीयेण बलीयसा कर्मणा वैदिकाचार विरोधिनाऽन्त्यजादिसमुद्भवं शरीरं प्राप्तिं उत्तमाधिकारार्हकुलजन्माऽपि दुःस-ङ्गदिबलिष्ठकर्मणा भगवदीयापचारात्मकपापेन सत्सम्प्रदायोक्ताचारप्रतिबन्धक-केन वर्णाश्रमादिधर्मात्पातितो वा दुराचारशब्दवाच्यः । उभयथापि सम्प्राप्त-वैदिकाचारानर्ह इति यावत् । न तु उत्तमाधिकारार्होऽपि यथेष्टाचारेण वर्तमा-नोऽत्र विवक्षितः । तस्यासुरकोटिसन्निविष्टत्वात् । यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः । न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिमिति निषेधस्मरणात् । तथाप्यनन्यभाग् मां भजते इति । अन्यसाधनान्यप्रयोजनान्यसम्बन्धशून्यः ।

प्राप्त होना । दूसरा यह है कि—उत्तम अधिकारों के योग्य कुल में जन्म धारण कर फिर भी भगवान के अपचार रूपी पाप, जो कि सत्सम्प्रदायोचित आचार में प्रतिबन्धकता है ऐसे किसी बलिष्ठ दुःसंगादि-कर्म से वर्ण और आश्रम आदि धर्म से पतित होजाना ।

उक्त दोनों ही प्रकार के अर्थों का तात्पर्य—'सम्प्राप्त वैदिक आचारों की अयोग्यता के द्योतन करने में है । किन्तु उत्तम अधिकारों के योग्य पुरुष को यथेष्ट आच-रण करने में दुराचार शब्द का तात्पर्य नहीं माना जासकता, कारण जो शास्त्र विधि को त्याग कर यथेष्ट आचरण करता है वह सिद्ध, सुख, एवं परम गति को प्राप्त नहीं हो सकता ।' इत्यादि वाक्यों में उत्तम अधिकारों के योग्य व्यक्ति का यथेष्ट आचरण करना निषेध किया गया है । यदि वह यथेष्ट आचरण करे तो उसे असुर ही समझना चाहिये ।

भगवान कहते हैं कि—उपरोक्त नीचकुलीन शरीर प्राप्त, अथवा वर्णाश्रमादि धर्मों से च्युत, इन दोनों लक्षणों वाली दुराचरता युक्त होते हुए भी वह अनन्य भाव से अर्थात् मेरे से अतिरिक्त दूसरा कोई साधन एवं प्रयोजन, तथा सम्बन्ध न मान कर मेरे को भजता है इस कारण से वह साधु ही है ।

क्योंकि वह मेरी आज्ञाओं के अनुसार मेरे को भजता है । वे आज्ञायें तथा प्रतिज्ञायें, निम्नलिखित प्रकार से विभिन्न-विभिन्न गीता आदि शास्त्रों में व्यक्त हुई हैं । जैसे कि मेरे ही में मनलगाओ, मेरी ही भक्ति तथा मेरा ही भजन और मेरे को ही

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु । मामेकं शरणं व्रज । तेषामहं समुद्धर्त्तामृत्युसंसारसागरात् । ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते । तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः । नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता । अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते । तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् । मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे । मामुपेत्य तु कौन्तेय पुनर्जन्म न विद्यते । ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः । मद्भक्त एतद् विज्ञाय मद्भावायोपपद्यते । यो मद्भक्तः स मे प्रियः ।

इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विता इति मदुक्तप्रकारेण सर्वं साधनं सर्वयोगक्षेमकर्तारं मुक्तप्राप्यं तद्भोग्यं सर्वसम्बन्धाश्रयं मुमुक्षुध्येयं मां निश्चित्य सर्वात्मना भजते सेवते स साधुरेव मन्तव्यः । एकान्तभक्त एव व्यवसितव्यः । तेषामेकान्तिनः श्रेष्ठा ये चैवानन्यदेवताः । अहमेव गतिस्तेषामिति भगवदुक्तयैकान्तिलक्षणसंपन्नत्वात् । तत्र हेतुमाह । सम्यग्व्यवसितो हि

नमस्कार करो । एक मेरी ही शरण में आकर मेरा भजन करो । उन भक्तों का मैं मृत्यु रूपी संसार सागर से उद्धार करता हूँ । उन भक्तों को मैं बुद्धि योग प्रदान करता हूँ । जिससे कि वे मेरे को प्राप्त हो जाते हैं । अन्तर्यामी रूप से सबके भीतर रहने वाला मैं, प्रकाशरूपी ज्ञान दीपक से उन भक्तों पर अनुकम्पा करने के लिये उनके अज्ञान से उत्पन्न होने वाले अन्धकार को विनष्ट कर देता हूँ । जो उन अनन्य भाव से चिन्तन करते हुए मेरी उपासना करते हैं, एवं निन्तर, मेरे में लगे हुए रहते हैं उन भक्तों के योग और क्षेम का मैं ही निर्वाह करता हूँ । तू मेरा प्रिय है अतः मेरे को प्राप्त होगा, यह तू सत्य जान । हे कौन्तेय ! मेरे को प्राप्त हो कर फिर जन्म मरण के दुःख का अनुभव नहीं करता । जीव लोक में यह सब जीव समूह मेरा ही सनातन अंश है । मेरा भक्त इस प्रकार जानकर मेरे भाव(साम्य) के लिये उद्यत होता है । जो मेरा भक्त है वही मुझको प्रिय है । ज्ञानी भक्त इस प्रकार से जान कर श्रद्धाभाव पूर्वक मेरा भजन करते हैं ।

भगवान् कहते हैं कि—ऐसे मेरे कथनानुसार मेरे को ही सभीप्रकार के साधन तथा सम्पूर्ण योगक्षेमों के कर्ता, मुक्त प्राप्य तथा मुक्तों द्वारा भोग्य रूप, सम्पूर्ण सम्बन्ध का आश्रय, और मुमुक्षुओं का ध्येय जान कर सब प्रकार से मेरा भजन पूजन जो

स इति । यतः स सम्यग्व्यवसाययुक्तः । एतदुक्तं भवति । सर्वमुमुक्षुध्येयो जगज्जन्मादिहेतुर्वेदैकप्रमाणगम्यो वेदप्रतिपाद्यो मुक्तप्राप्यो भगवाञ्छ्रीपुरुषोत्तमो रमानिवासो मदुपायोपेयसंबन्धरूपो,नान्यः कश्चित् साध्यसाधनसंबन्धवत्त्वेन मया समाश्रयणीयोऽस्ति । यद्यपि मम पापरूपकर्मणा वैदिकाधिकारयोग्यता नाभूत् , प्रत्युताधःपाताऽर्हो ह्यभवं, तथापि तेन निरतिशयदयाकारुण्यवितित्वा त्सल्यादिगुणवरुणालयेन भगवता स्वाऽसाधारणगुणपारवश्यान्निर्हेतुककारुण्येनैव स्वानन्यभजनार्हं मानुषभावं प्रापयित्वा स्वनियम्यभूतैर्मदीयात्मशरीरेन्द्रियादिभिरात्मानं भाजयित्वा स्वदीनानुकम्पितस्वभावप्रसिद्धये मां स्वानन्यभक्ततया रूपापयति । तस्मात्तदुपकृतिं शिरसि निधाय स एवापारकारुण्यसिन्धुः सर्वात्मना मया भजनीय इति । किञ्च सर्वेषां साधनानां देवादीनां च

करता है, उसको साधु कहना ही चाहिये । एवञ्च ऐसे भक्तों में भी, जो मेरे अतिरिक्त किसी को भी अपना पूजनीय देव नहीं समझते वे एकान्ती भक्त ही श्रेष्ठ हैं, जिनके कि सब ओर से एक मैं ही अवलम्ब हूँ ।

भगवान् के इस कथन के अनुसार लक्षण होने से ऐकान्ती भक्त ही भगवान् में अनन्यता की निश्चित धारणा रख सकता है । भगवान को भजने वाला दुराचारी भी साधु ही है—इस कथन में भक्त के अनन्य भाव को प्रदर्शित करने वाली भगवद्विषयिणी निश्चित धारणा ही कारण है । यहाँ " सम्यग्व्यवसितो हि सः " इस वाक्य का तात्पर्य यह है—उस भक्त को ऐसी धारणा होजाती है कि, सभी मुमुक्षुओं द्वारा ध्यान करने योग्य, जगत की उत्पत्ति एवं स्थिति, तथा प्रलय करने वाला, वेद के द्वारा प्रतिपादित होने वाला, मुक्तों द्वारा संप्राप्य, भगवान श्री पुरुषोत्तम, रमानाथ ही मेरा उपाय तथा उपेय सम्बन्ध रूपी वस्तु है, अतः साध्य साधन सम्बन्धवत्ता रूप से और दूसरा कोई मेरा अवलम्ब नहीं है । यद्यपि मेरे किसी पापरूपी कर्म से वैदिक कर्मों का अधिकारी मैं नहीं हो सका अपितु अधः पतन के योग्य बन गया हूँ, तथापि, निरतिशय दया कारुण्य, तितिक्षा, वात्सल्य आदि गुणों के सागर उसी श्रीसर्वेश्वर ने अपने असाधारण गुणों के स्वभावानुसार निर्हेतुका करुणादृष्टि से अपनी अनन्यभक्ति करने के योग्य मेरे को मनुष्य जन्म प्रदान कर, स्वनियम्य रूपी शरीर इन्द्रिय आदिकों से आत्मा को भिन्न रूपेण प्रदर्शित किया है, एवं दीनों पर अनुग्रह करने वाले अपने स्वभाव की प्रसिद्धि के

लोके विघ्नकर्तृतया प्रसिद्धानां मदुपेक्षितत्वात् ते कोपितःसंतो यदि भगवत्प्राप्तिप्रतिबन्धकीभूतान् विघ्नान् करिष्यन्ति,कामं कुर्वन्तु सर्वाचिन्त्यशक्तयाश्रयेण विश्वात्मना सर्वान्तर्यामिणैव सर्वविघ्ननिवृत्तिपूर्वकं स्वप्राप्तिः कारयिष्यते एव। मदीयप्रबलपापकर्मवशाद् यदि कञ्चित्कालमुपेक्षते चेत् , का क्षतिः। कालान्तरे मेरुतुल्यं मत्कर्म स्वप्राप्तिप्रतिबन्धकीभूतं परमाणुवत् कृत्वाऽवश्यमनुग्रहीष्यत्येवेति व्यवसाययुक्त इत्यर्थः। अनेन विश्वासात्मकेन दृढनिश्चयेन क्षिप्रमेव धर्मात्मा भवति। महाभागवतलक्षणसंपन्नो भवति। ततःशश्वच्छान्तिं

लिये मेरे को अपना अनन्य भक्त बना लिया है। अतः उसी इष्टदेव के इस उपकार को मस्तक पर रखकर सब प्रकार से उसी प्रभु का भजन करना मेरा परम कर्तव्य है। एक तो इस प्रकार का निश्चय 'सम्यग्व्यवसाय' है।' और दूसरा यह भी है कि—भगवद्भक्ति के अतिरिक्त संसार में जितने भी साधन हैं एवं भगवान् के अतिरिक्त जितनी भी देवतायें हैं, वे सब विनाशीफल देने वाले हैं और उनमें अनेकों प्रकार की अड़चनें हैं। इसलिये हरि-भक्त उनकी उपेक्षा कर देते हैं, जिससे वे देवता भगवद्भक्त पर रुष्ट रहते हैं, अतः भक्तों की साधना में बाधा डाल कर भगवत्प्राप्ति के प्रतिबन्धक विघ्नों का उत्पादन कर देती हैं, उस समय अनन्य भक्त ऐसी दृढ़ता रखता है कि, वे देव चाहे जितने विघ्न डालें, मेरे इष्ट देव श्रीसर्वेश्वर अनन्त अचिन्त्य शक्तिवान्, विश्वरूप, सर्वभूतों के अन्तर्यामी हैं, अतः वेही सम्पूर्ण विघ्नों का निराकरण कर अपने चरणोंमें अवश्य ही आश्रय देंगे।

यदि मेरे किसी प्रबल पाप कर्म के कारण इष्ट देव कदाचित् कुछ काल तक मेरी उपेक्षा भी कर दें तो भी कोई हानि नहीं, कारण, कुछ समय के अनन्तर, भगवत्प्राप्ति के प्रतिबन्धक रूप मेरे इस मेरु तुल्य कर्म को भी वे ही प्रभु परमाणु के समान अदृश्य बना देंगे और अवश्य ही मेरे ऊपर अनुग्रह करेंगे। बस इसी विश्वास रूपी दृढ़ निश्चय से वह (वैदिक कर्मों के अवश्य कहाने वाला) भक्त शीघ्र ही धर्मात्मा बन जाता है, अर्थात् महा भागवतों के लक्षण उसमें आ जाते हैं। फिर तो वह वास्तविक शान्ति अर्थात् भगवद्भावापन्न रूप मुक्ति को प्राप्त हो ही जाता है।

इस कथन को "मेरा भक्त मेरे भाव को प्राप्त होने योग्य है। बहुत से मेरे भक्त मेरे साधर्म्य को प्राप्त होगये हैं।"

भगवान् कहते हैं कि हे कौन्तेय! मेरे अनन्य भक्त के नाश (अधःपात होने)

मद्भावापत्तिलक्षणां मुक्तिं प्राप्नोति। मद्भावायोपपद्यते। मम साधर्म्यमागता इति भगवद्वचनात्। न तस्य कदापि नाशशङ्का कार्येत्याह। हे कौन्तेय त्वं प्रतिजानीहि। किं प्रतिजानीयामित्यपेक्षायामाह। न मे भक्तः प्रणश्यतीति। मम कारुण्यवात्सल्यसौहार्दक्षमादीनानुकम्पासौशील्यसर्वशरण्यत्वाद्यनन्तकल्याणगुणगणसागरस्य सत्यसंकल्पस्य निरतिशयसौन्दर्यमाधुर्यादिमूर्त्तेर्ज्ञानैश्वर्यादिषाड्गुण्यनिधेः श्रीपुरुषोत्तमस्य श्रीदामविप्रमित्रस्य गोपजननयनोत्सवस्य पार्थसारथेर्भगवतो माधवस्य भक्तोदुराचारसङ्गोऽनन्यशरणः सर्वसाधनहीनोऽपि न प्रणश्यति। आत्मनोऽनन्यत्वान्न श्रश्यते। यदि तु क्रमेण मुच्यते एवेति। तथैवोक्तं श्रीसात्वते। दुराचारोऽपि सर्वाशी कृतघ्नो नास्तिकः पुरा। समाश्रयेदादिदेवं श्रद्धया शरणं हि यः। निर्दोषं विद्धि तं जन्तुं प्रभावात् परमात्मनः। वैष्णवधर्मे च। अपि पापेष्वभिरता मद्भक्ताः

की कभी भी शंका नहीं करनी चाहिये। कारण तुम यह निश्चय मानलो कि—मेरे अनन्य भक्त का कदापि नाश (अध:-पतन) नहीं होता।

(मन्जू बाकार यहाँ भगवान के इसी उपरोक्त भाव वाले वाक्य का सोपपत्तिक विस्तृत अर्थ दिखाते हैं।)

अर्थात्—हे अर्जुन! कारुण्य, वात्सल्य, सौहार्द, क्षमा, दीनों पर अनुकम्पा, सौशील्य सर्व शरण्यत्व, इत्यादिक अनन्त कल्याण कारी गुणगणों के समुद्र, सत्य संकल्प निरतिशय सौंदर्य, माधुर्य गुणमयी मूर्ति, ज्ञान—ऐश्वर्य आदि छहों गुणों की निधि, श्रीदामा, सुदामा आदिका परममित्र, गोपीजनों के नयनों का उत्सव बढ़ाने वाले पार्थ (तुम्हारे) सारथी मुझ श्रीपुरुषोत्तम, माधवका भक्त पूर्वोक्त दुराचारता युक्त तथा साधन रहित होने पर भी नष्ट नहीं होता, क्यों कि मेरा भक्त मेरे से अनन्य (अभिन्न) है, अतः वह कभी भी नष्ट नहीं होता, अपितु क्रमानुसार सांसारिक दुःखों से मुक्त हो होता है।

सात्वततन्त्र में कहा है कि—यदि पहिले कोई दुराचारी, कृतघ्न, शुद्धाशुद्ध सभी पदार्थों का भक्षण करने वाला एवं नास्तिक भी हो, और पश्चात् किसी सुकृत के उदय से आदि देव श्रीसर्वेश्वर के आश्रय होजाय तो उनके प्रभाव से उस प्राणी को सब प्रकार के दोषों रहित समझना चाहिये।

पाण्डुनन्दन । मुच्यन्ते पातकैः सर्वैः पद्मपत्रमिवाम्भसा । मेरुमन्दरमात्रोऽपि राशिः पापस्य कर्मणः । केशवं वैद्यमासाद्य दुर्व्याधिरिव नश्यति । नारसिंहे च । भगवति हरावनन्यचेताः भृशमलिनोऽपि विराजते मनुष्यः । न हि शशकलुप-च्छविः कदाचित्तिमिरपराभवतामुपैति चन्द्रः । पुण्डरीकाख्याने च । अश्वमेध-शतैरिष्ट्वा वाजपेयशतैरपि । न प्राप्नुवन्ति सुगतिं नारायणपराङ्मुखाः । ये नृशंसा दुरात्मानः पापाचाररतास्तथा । तेऽपि यान्ति परं धाम नारायणपदा-श्रया इत्यन्वयव्यतिरेकवचनात् । या वै साधनसंपत्तिः पुरुषार्थचतुष्टये । तया विना तदाप्नोति नरो नारायणाश्रय इत्याद्यन्योऽपि वाक्यकदम्बोऽत्रानुसन्धेयः ॥

वैष्णव धर्म में भी यही कहा गया है कि— हे पाण्डु नन्दन ! पापों में रत रहने वाले जन भी यदि मेरी भक्ति करने लगें तो वे सम्पूर्ण पापोंसे निर्लिप्त बनजाते हैं। जैसे कि जल में रहते हुए भी कमल जल से लिप्त नहीं होता। क्यों कि मेरु पर्वत के समान भी पापो का ढेर, केशव भगवान की ओर झुकते ही विनष्ट हो जाता है जैसे कि अच्छे वैद्य को प्राप्त होने पर दुर्व्याधि (भयंकर रोग) शान्त हो जाती है।

नृसिंहपुराण में भी यही आशय अभिव्यक्त किया गया है—जैसे शशांक चन्द्रमा कभी भी अन्धकार से पराजित नहीं होता वैसे ही मलीन वृत्तिवाला पुरुष भी यदि भगवान् में चित्त लगादे तो वह उस मलीनता से लिप्त नहीं हो सकता अपितु स्वच्छ ही बन जाता है।

पुण्डरीक आख्यान में कहा है कि—भगवान से विमुख रहने वाले जीव यदि सैकड़ों अश्वमेध और वाजपेय यज्ञों से भी यजन करें तो भी उस गति को प्राप्त नहीं हो सकते। किन्तु जो नृशंस (क्रूर) दुष्ट आत्मा एवं अहर्निशि पाप कर्मों में रत रहने वाले भी यदि परम पुरुष नारायण के चरण कमलों के आश्रित बनजायें तो वे अक्षय परम धाम को प्राप्त हो सकते हैं। इन अन्वय और व्यतिरेकि व्याप्ति रूपी दोनों वाक्यों में भगवान् की शरणागति ग्रहण करने से ही पुरुषार्थ प्राप्ति होना निश्चित कहागया है।

यदि नारायण के आश्रित हो जाय तो वह प्राणी उस साधन सम्पत्ति के विना भी भगवान् को प्राप्त हो सकता है, जोकि चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति के लिये आवश्यक मानी गई है, इत्यादि भावों वाले और भी बहुत से शास्त्रीय वाक्यों का यहां अनुसन्धान करलेना चाहिये।

मन्दानामुपकाराय तुष्टये तत्त्वदर्शिनाम् ।
श्रीकृष्णप्रीतयेऽयं मे कृतो वेदान्त संग्रहः ॥ १ ॥

प्रसीदतु रमाकान्तो गोपी जनमनोहरः ।
करोतु जगतां श्रेयो मङ्गलायतनो हरिः ॥ २ ॥

यः श्रीनिवासोऽखिलवेदवेद्यो न यत्स्वरूपं प्रविशन्ति तर्काः ।
यो ध्यानयोगेन विशुद्धसत्त्वैर्दृष्टो मुकुन्दोऽप्युपयामि तं गुरुम् ॥ ३ ॥

हरिः ॐ तत्सदिति श्रीभगवत्पुरुषोत्तमाचार्यैर्विरचितायां
वेदान्तरत्नमञ्जूषायां सिद्धान्तरत्नविवृत्तौ फलादि
रत्न संग्रहोनाम तुरीयः कोष्ठ ॥ ४ ॥

समाप्तोऽयं वेदान्तरत्न मञ्जूषाख्यो ग्रन्थः ।

वेदान्त शास्त्र में प्रवेश करने के इच्छुकवाले साधारण बुद्धिवाले जीवों के उपकारार्थ एवं तत्त्वदर्शि महानुभावों के सन्तोषार्थ भगवान सर्वेश्वर श्रीकृष्णचन्द्र की प्रसन्नता के लिये यह वेदान्त संग्रह किया गया है ।

इस संग्रह से मंगलमूर्ति रमाकान्त श्रीगोपीजनवल्लभ भगवान प्रसन्न हो और लोकों को कल्याण प्रदान करें ।

जो सम्पूर्ण वेदों के द्वारा ही जानने योग्य है, अतएव केवल तर्कों से जिसका स्वरूप नहीं जाना जा सकता, एवं जिसका विशुद्ध चित्तवाले महात्माओं ने ध्यान योग के द्वारा साक्षात्कार किया है, उस मुकुन्दरूप श्री श्रीनिवास का जिन श्रीगुरुदेव ने साक्षात्कार किया है मैं उन गुरु चरणों (श्रीनिम्बार्काचार्य श्रीविश्वाचार्यचरणों) के आश्रित हूँ ।

ॐ तत्सदिति श्री विद्याभूषण सांख्यतीर्थ श्री व्रजवल्लभ शरण वेदान्ताचार्य विरचिता द्वितीय तृतीय चतुर्थ कोष्ठिकायां श्रीवेदान्तरत्न मञ्जूषायां-दीपिका प्रकाश, नामक भाषाटीका समाप्ता ।